Dr. C.V. Raman University
Kargi Road, Kota, BILASPUR, (C. G.),
Ph. : +07753-253801, +07753-253872
E-mail : info@cvru.ac.in | Website : www.cvru.ac.in

Advance Accounting

Institute of **Open** and **Distance Education**

Faculty of Commerce

Advance Accounting

2MCOM2

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur
A STATUTORY UNIVERSITY UNDER SECTION 2(F) OF THE UGC ACT

2MCOM2

एडवांस अकाउंटिंग

2MCOM2, Advance Accounting

Edition: March 2024

Compiled, reviewed and edited by Subject Expert team of University

1. Dr. Vivek Bajpai

(Professor, Dr. C. V. Raman University)

2. Dr. Preeti Shukla

(Associate Professor, Dr. C. V. Raman University)

3. Anshul Shrivastava

(Assistant Professor , Dr. C. V. Raman University)

Warning:

All rights reserved, No part of this publication may be reproduced or transmitted or utilized or stored in any form or by any means now known or hereinafter invented, electronic, digital or mechanical, including photocopying, scanning, recording or by any information storage or retrieval system, without prior written permission from the publisher.

Published by:

Dr. C.V. Raman University

Kargi Road, Kota, Bilaspur, (C. G.),

Ph. +07753-253801, 07753-253872

E-mail: info@cvru.ac.in

Website: www.cvru.ac.in

याय पृष्ठ क्रमांक

समायोजन सहित अन्तिम खाते 01
(Final Accounts with Adjustment)

बैंक समाधान एवं विवरण 62
(Bank Reconcilation Statement)

3. अशुद्धियों का सुधार 78
(Rectification of Errors)

4. अलाभकारी संस्थाओं के लेखे 100
(Accounting for Nonprofit Organisation)

5. अपूर्ण अभिलेखों संबंधी लेखे 142
(Accounts Related with Incomplete Records)

6. बीमा दावे के लेखे 191
(Accounting for Insurance Claim)

7. विनियोग लेखे 224
(Investment Accounts)

8. जहाजी यात्रा लेखे 265
(Voyage Accounts)

9. दिवालिया लेखे 283
(Insolvency Accounts)

10. साझेदारी फर्म का विघटन, दिवालिया सहित 347
(Dissolution of Partnership Firm with Insolvency)

11. फर्म का एकीकरण 399
(Amalgamation of Firm)

●●●

अध्याय–1 समायोजन सहित अंतिम खाते
(FINAL ACCOUNTS WITH ADJUSTMENT)

NOTES

इकाई की रूपरेखा

1.0 उद्देश्य

1.1 प्रस्तावना

1.2 प्रमुख समायोजन

 1.2.1 अन्तिम स्कन्ध

 1.2.2 अदत्त व्यय

 1.2.3 पूर्वदत्त व्यय

 1.2.4 उपार्जित आय

 1.2.5 अनुपार्जित आय

 1.2.6 मूल्य ह्रास

1.3 अशोध्य ऋण तथा अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान

1.4 देनदारों तथा लेनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान

1.5 पूँजी एवं आहरण पर ब्याज

1.6 ऋण पर ब्याज

1.7 विनियोगों पर ब्याज

1.8 अशुद्धियों के सुधार हेतु समायोजन

1.9 आकस्मिक हानियाँ

1.10 प्रबन्धक को देय कमीशन

1.11 प्रावधान और संचितियाँ

1.12 क्रियात्मक प्रश्न

1.13 सारांश प्रश्न

1.14 शब्दावली

1.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के उपरान्त आप इस योग्य हो सकेंगे -

1. समायोजन से आशयक एवं आवश्यकता को समझा सकेंगे।
2. समायोजनों को करते हुए अन्तिम खाते तैयार कर सकेंगे।
3. लेखांकन की अशुद्धियों को अंतिम खाते तैयार करते समय सुधार सकेंगे।

1.1 प्रस्तावना

लेखांकन कार्य में समुचित सावधानी के उपरान्त भी अन्तिम खाते बनाते समय यह पता चलता है कि कुछ व्यवहार लिखने से या तो रह गये है अथवा इनका लेखा त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण किया गया है। 'लागत एवं

आय के मिलान की अवधारणा' को दृष्टिगत रखते हुए अदत्त, पूर्वदत्त, उपार्जित अथवा अनुपार्जित व्यवहारों के संबंध में भी समायोजन करना आवश्यक होता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सम्पत्तियाँ एवं दायित्व सही मूल्य पर दिखाये जायें, इस हेतु ह्रास तथा अन्य प्रावधान करने होते हैं। इन सब क्रियाओं को करने के लिए अन्तिम खाते बनाने से पूर्व समायोजन करने आवश्यक हो जाते है, ताकि किसी अवधि की आय का सही निर्धारण किया जा सके तथा चिट्ठा व्यवसाय की स्थिति का सही एवं उचित चित्र प्रस्तुत करे।

NOTES

1.2 प्रमुख समायोजन (Important Adjustments)

हम अन्तिम खाते तैयार करने की विधि का अध्ययन कर चुके है। अब हम प्रमुख समायोजन तथा समायोजनों को करते हुए अन्तिम खाते तैयार करने की विधि का अध्ययन करेंगे :

(1) अन्तिम स्कन्ध (Closing Stock)

वर्ष के अन्त में जो माल बिना बिका शेष रह जाता है, अन्तिम स्कन्ध कहलाता है। अन्तिम स्कन्ध का मूल्यांकन लागत मूल्य या बाजार मूल्य दोनों में जो भी कम हो, पर किया जाता है। तत्पश्चात् अन्तिम स्कन्ध को पुस्तकों में लिखने के लिए निम्नलिखित समायोजन प्रविष्टि की जाती है :

Stock a/c	Dr.	स्कन्ध खाता	डे
To Trading a/c		व्यापार खाता से	
(Closing Stock recorded into books)		(अन्तिम स्कन्ध पुस्तकों में सम्मिलित किया गया)	

अन्तिम खाते बनाते समय अन्तिम स्कन्ध व्यापार खाते के क्रेडिट पक्ष में तथा चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है।

(2) अदत्त व्यय (Outstanding Expenses)

ऐसे व्यय जो देय तो हो गये है किन्तु जिनका अभी भुगतान नहीं किया गया है, अदत्त व्यय कहलाते है। ये वे व्यय होते हैं जो वर्तमान लेखांकन अवधि से संबंधित होते हैं, जिनके बदले मिलने वाली सेवा प्राप्त हो चुकी होती है, जिनका भुगतान देय तो हो गया होता है किन्तु अभी किया नही गया होता। मान लीजिए, एक व्यापारी अपने कर्मचारियों को प्रति माह 2,000 रु. वेतन देता है तथा प्रत्येक माह के वेतन का भुगतान अगले माह के प्रथम सप्ताह में किया जाता है। 31 दिसम्बर को जब वह खाते बन्द करेगा तो खातो मे जनवरी से नवम्बर अर्थात् 11 माह के वेतन का लेखा तो कर लिया गया होगा क्योंकि उसका भुगतान वास्तव मे हो गया है। दिसम्बर माह का वेतन देय तो हो गया है किन्तु उसका भुगतान चूँकि 31 दिसम्बर तक नहीं किया गया है (भुगतान अगले वर्ष जनवरी में किया जायेगा) अतः उसका लेखा पुस्तकों मे नहीं किया गया होगा।

समायोजन प्रविष्टि (Adjustment Entry) - इन व्ययो का समायोजन करने हेतु सबंधित व्यय खाते को डेबिट तथा अदत्त खाते क्रेडिट कर देते है। उपर्युक्त उदाहरण मे प्रविष्टि निम्नानुसार होगी

			रुपये	रुपये	
31 दिसम्बर	वेतन खाता	डे	2,000		व्यय मे वृद्धि, अतः डेबिट
	अदत्त वेतन खाते से			2,000	देयता मे वृद्धि, अतः क्रेडिट
	(अदत्त वेतन का समायोजन)				

प्रभाव - अदत्त व्ययो के समायोजन का प्रभाव यह होता है कि सबंधित व्यय की राशि में वृद्धि होकर लाभ घट जाता है तथा देयता में वृद्धि हो जाती है। अदत्त व्यय खाता एक **व्यक्तिगत खाता** होता है क्योंकि यह उस व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है जिसे व्यय का भुगतान किया जाना होता है।

विलोप प्रविष्टि - अगले वर्ष के प्रथम दिन पूर्व वर्ष में की गई समायोजन प्रविष्टि की विलोम प्रविष्टि कर दी जायेगी, अर्थात

NOTES

		रुपये	रुपये
1 जनवरी	अदत्त वेतन खाता ......डे. वेतन खाते से (अदत्त वेतन को वेतन खाते में हस्तांतरित किया गया)	2,000	2,000

विलोम प्रविष्टि इसलिए की जाती है क्योंकि गत वर्ष यद्यपि वेतन चुकाया नहीं गया था फिर भी हमने ा खाता डेबिट कर दिया था। जनवरी में जब यह वेतन चुकाया जायेगा, वेतन खाता पुनः डेबिट होगा। इस म प्रविष्टि के माध्यम से वेतन खाता क्रेडिट हो जाता है। अतः चुकाये जाने पर वेतन खाता डेबिट करने प्रभाव समाप्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त विलोम प्रविष्टि से अदत्त वेतन खाता भी बन्द हो जाता है, क्योंकि ता समाप्त हो जाती है।

) पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenses)

ये व्यय ऐसे व्यय होते है जिनका भुगतान तो कर दिया गया होता है किन्तु जो अभी देय नहीं हुए होते है अर्थात् उनके बदले जो लाभ या सेवाएँ प्राप्त होनी होती है वे या तो अभी प्राप्त नहीं हुई है अथवा उनकी अवधि वर्तमान लेखा-अवधि की समाप्ति तक पूर्णतः समाप्त नही हुई है। ऐसे व्यय पूर्वदत्त (Pre-paid) या असमाप्त (Unexpired expenses) कहलाते है।

उदाहरण - मान लीजिए हमने 1 जनवरी, 2006 को एक भवन 1,000 रु. मासिक किराये पर लिया। मकान मालिक ने हमसे दो वर्ष का किराया 1 जनवरी को अग्रिम ले लिया। इस उदाहरण में हमने 1 जनवरी को 24,000 रु. किराया दिया अर्थात् किराया खाता 24,000 रु. से डेबिट किया गया। चूँकि इसमें एक वर्ष का किराया 2007 वर्ष का है अतः यह 12,000 रु. अग्रिम किराया है।

समायोजन प्रविष्टि (Adjustment Entry) - इस समायोजन को करने का उद्देश्य एक ओर चुकाये गये व्यय को उस सीमा तक कम करना होता है जिस सीमा तक वह आगामी लेखा अवधि से संबंधित है तथा दूसरी र चूँकि आगामी अवधि में व्यय के बदले लाभ या सेवा प्राप्त करना है, अतः एक देनदारी उत्पन्न करना होता उपर्युक्त उदाहरण में समायोजन प्रविष्टि अग्रवत् की जायेगी।

		रुपये	रुपये	
दिसम्बर	पूर्वदत्त किराया खाता ......डे. किराया खाता से (पूर्वदत्त किराये का समायोजन)	12,000	12,000	देनदारी में वृद्धि, अतः डेबिट व्यय में वृद्धि, अतः क्रेडिट

पूर्वदत्त व्यय खाता एक **व्यक्तिगत खाता** होता है क्योंकि यह उस व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है ससे हमें लाभ या सेवा प्राप्त करनी होती है।

प्रभाव - उपर्युक्त समायोजन के परिणामस्वरूप लाभ/हानि खाते में डेबिट किराया कम हो जाएगा, अतः भ बढ़ जायेगा, तथा चिट्ठे में परिसम्पत्ति में वृद्धि होगी।

विलोम प्रविष्टि - अगली लेखा अवधि के प्रारम्भ में विलोम प्रविष्टि निम्नानुसार की जायेगी -

		रुपये	रुपये
1 जनवरी	किराया खाता डे. पूर्वदत्त किराया खाते से (पूर्वदत्त किराया किराये खाते में हस्तांतरित किया गया	12,000	12,000

प्रभाव - इस प्रविष्टि से पूर्वदत्त किराया खाता बन्द हो जायेगा तथा किराये की राशि वर्तमान वर्ष से संबंधित होने के कारण किराये खाते को डेबिट हो जायेगा।

NOTES

(4) उपार्जित आय (Accrued Income)

यह वह आय होती है जो हमने अर्जित तो कर ली है (अर्थात् इस आय के बदले सेवाएँ दी जा चुकी हैं) किन्तु जो अभी प्राप्त नहीं हुई है।

यह आय चूँकि अभी प्राप्त नही हुई है अतः इसका कोई लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया होगा किन्तु चूँकि इस आय का संबंध वर्तमान लेखा-अवधि से है अतः इसे वर्तमान वर्ष की आय में जोड़ा जाना चाहिए। चूँकि यह आय अभी प्राप्त होनी है, अतः चिट्ठे में इसे परिसम्पत्ति के रूप में लिया जाना चाहिए।

उदाहरण - मान लीजिए 'क' के पास जे. सी. मिल्स के 10,000 रु. के 10 प्रतिशत ऋण-पत्र है जिन पर ब्याज प्रतिवर्ष 30 जून तथा 31 दिसम्बर को देय होता है। किन्तु उसका भुगतान अगले माह के प्रथम सप्ताह में किया जाना है। इस स्थिति में 30 जून को देय 6 माह का ब्याज 500 रु. तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्राप्त हो गया होगा, किन्तु 31 दिसम्बर को स्थिति यह होगी कि 6 माह का ब्याज अर्जित तो कर लिया होगा किन्तु उसका भुगतान अगले वर्ष प्राप्त होगा। अर्थात् 31 दिसम्बर को जब 'क' के खाते बन्द होंगे तो 500 रु. उपार्जित ब्याज होगा।

समायोजन प्रविष्टि (Adjustment Entry)

समायोजन करने के दो उद्देश्य होते है - (i) चूँकि आय अर्जित कर ली गई है अतः इस वर्ष की आय में वृद्धि करना, तथा (ii) चूँकि आय अगले वर्ष प्राप्त होगी, अतः देनदारी उत्पन्न करना। अतः उपर्युक्त उदाहरण में समायोजन प्रविष्टि निम्नानुसार की जावेगी :

		रुपये	रुपये	
31 दिसम्बर	उपार्जित ब्याज खाता ......डे.	500		देनदारी में वृद्धि, अतः डेबिट
	ब्याज खाता से		500	आय में वृद्धि, अतः क्रेडिट
	(उपार्जित ब्याज का समायोजन)			

इस प्रकार उपार्जित आय के संबंध में समायोजन करने के लिए उपार्जित आय खाता डेबिट तथा संबंधित आय खाता क्रेडिट किया जाता है। उपार्जित आय खाता व्यक्तिगत खाता होता है क्योंकि यह उस व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है जिससे हमें आय प्राप्त करनी होती है।

प्रभाव - उपर्युक्त समायोजन से आय बढ़ जाने से लाभ बढ़ेगा तथा सम्पत्तियों में भी वृद्धि हो जायेगी।

विलोम प्रविष्टि - अगली लेखा-अवधि के प्रारम्भ में निम्नलिखित विलोम प्रविष्टि की जायेगी

		रुपये	रुपये
1 जनवरी	ब्याज खाता ......डे.	500	
	उपार्जित ब्याज खाते से		500
	(उपार्जित ब्याज को ब्याज खाते मे सम्मिलित किया गया)		

(5) अनुपार्जित आय (Unearned Income)

अनुपार्जित या अग्रिम प्राप्त आय वह आय होती है जो अभी अर्जित नही की गई है किन्तु जो प्राप्त हो गई है। चूंकि ये आय वर्तमान लेखा-अवधि से संबंधित नही होती, अतः इन्हे वर्तमान वर्ष की आय मे सम्मिलित नही किया जाना चाहिए।

उदाहरण - मान लीजिए 'क' ने अपना मकान 1 जुलाई को 1,000 रु. मासिक किराए पर उठाया। मकान किराए पर देते समय उसने 1 वर्ष का किराया प्राप्त कर लिया। इस उदाहरण मे 31 दिसम्बर को जब 'क' अपनी पुस्तके बन्द करेगा तो स्थिति यह होगी कि उसकी पुस्तकों मे किराया खाता (1,000 × 12) = 12,000 रु. मे क्रेडिट होगा। वस्तु-स्थिति यह है कि जुलाई से 31 दिसम्बर तक 6 माह का (1,000 × 6) = 6,000 रु. किराया ही उसकी इस वर्ष की आय होनी चाहिए तथा शेष 6,000 रु. अगली लेखा-अवधि से संबंधित आय है, जो वर्तमान लेखा-अवधि में अग्रिम प्राप्त हो गई है।

समायोजन प्रविष्टि (Adjustment Entry)

अनुपार्जित आय के लिए समायोजन करने के दो उद्देश्य होते है - (i) चूंकि आय अगले वर्ष से संबंधित

है अतः प्राप्त आय कम करना, (2) चूँकि अग्रिम प्राप्त आय के बदले सेवाएं दी जानी होती है, अतः देयता उत्पन्न करना। उपर्युक्त उदाहरण में समायोजन प्रविष्टि निम्नानुसार होगी :

		रुपये	रुपये	
31 दिसम्बर	किराया खाता ......डे.	6,000		आय में कमी, अतः डेबिट
	अनुपार्जित किराया खाता से		6,000	लेनदारी में वृद्धि, अतः क्रेडिट
	(अनुपार्जित किराए का समायोजन)			

इस प्रकार अनुपार्जित आय का समायोजन करने हेतु **संबंधित आय खाता डेबिट तथा अनुपार्जित आय खाता क्रेडिट किया जाता है।**

उल्लेखनीय है कि अनुपार्जित किराया खाता एक **व्यक्तिगत खाता** है, क्योंकि यह उस व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है जिसे हमसे अग्रिम भुगतान के बदले सेवाएँ प्राप्त करनी हैं अर्थात् वह हमारा लेनदार होता है। अनुपार्जित किराया लाभ-हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाए गए किराये में घटाया जाकर चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाया जायेगा।

प्रभाव - उपर्युक्त समायोजन में आय कम हो जाने से लाभ कम हो जायेगा तथा देयता में वृद्धि हो जाएगी।

विलोम प्रविष्टि - अगली लेखा-अवधि के प्रारम्भ में अग्रलिखित विलोम प्रविष्टि की जाएगी।

		रुपये	रुपये
1 जनवरी	अनुपार्जित किराया खाता ...डे.	6,000	
	किराया खाते से		6,000
	(अनुपार्जित किराया, किराया खाते में हस्तांतरित)		

इस प्रविष्टि से अनुपार्जित किराया खाता बन्द हो जाएगा तथा चूँकि यह प्राप्ति वर्तमान लेखा-अवधि संबंधित है, अतः किराया खाता क्रेडिट हो जाएगा।

(6) मूल्य ह्रास (Depreciation)

प्रयोग के कारण अथवा समय व्यतीत हो जाने के कारण किसी सम्पत्ति के मूल्य में होने वाली कमी ह्रास या अवक्षयण कहलाती है। इस हानि को लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाता है। चिट्ठे में ह्रास की राशि संबंधित सम्पत्ति के मूल्य में घटायी जाती है। सम्पत्तियों पर ह्रास की गणना एक निश्चित वार्षिक दर से की जाती है। जो सम्पत्तियाँ गत वर्ष से प्राप्त हुई हैं उन पर सम्पूर्ण वर्ष का तथा जो बीच मे प्राप्त की गई हों उन पर उतने समय का ह्रास लगाया जाना चाहिए जितने समय वे उस वर्ष प्रयोग में लायी गयी है। यदि कोई सम्पत्ति लेखा-अवधि के बीच मे ही बेच दी जाती है तो उस पर भी उतनी ही अवधि का ह्रास लगाया जाता है जितने समय वह प्रयोग में लायी गई। उल्लेखनीय है कि किसी सम्पत्ति के बेचने पर होने वाला लाभ या हानि भी लाभ-हानि खाते में सम्मिलित की जाती है। कभी-कभी ह्रास की दर न देकर लेखा-अवधि के प्रारम्भ तथा अंत में सम्पत्ति का मूल्य दे दिया जाता है, इनका अन्तर ह्रास होता है। जैसे 1 जनवरी को मशीन का मूल्य 10,000 रु. तथा 31 दिसम्बर को उसका मूल्य 9,500 रु. हो तो ह्रास 500 रु. होगा।

प्रविष्टि - ह्रास के संबंध में निम्नलिखित प्रविष्टि की जाती है

31 दिसम्बर	ह्रास खाता ...डे.	ह्रास हानि है, अतः डेबिट
	सम्पत्ति खाते से	सम्पत्ति के मूल्य में कमी, अतः क्रेडिट
	(ह्रास ... दर से अपलिखित किया गया)	

Illustration 1

श्री राकेश के निम्नलिखित तलपट से 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष का व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा उक्त तिथि को उसका चिट्ठा बनाइए

NOTES

	डेबिट (रुपये)	क्रेडिट (रुपये)
हस्तस्थ रोकड़ (Cash in Hand)	800	-------
बैंकस्थ	1,200	-------
मजदूरी (Wages)	2,000	-------
विक्रय (Sales)	-------	50,000
भवन (Buildings)	21,200	--------
प्राप्य बिल (B/R)	4,000	-------
प्रारम्भिक रहतिया (Opening Stock)	8,400	-------
लेनदार (Creditors)	--------	4,000
क्रय (Purchases)	33,000	-------
विक्रय (Sales Return)	600	------
वेतन (Salaries)	3,200	------
देनदार (Debtors)	8,600	------
टैक्स तथा बीमा (Taxes and Insurance)	2,200	------
अशोध्य ऋण (Bad Debts)	600	-------
क्रय पर भाड़ा (Freight on Purchases)	480	--------
पूंजी (Capital)	----------	32,000
कमीशन (Commission)	--------	280
	86,280	86,280

निम्नलिखित समायोजन भी कीजिए - अन्तिम रहतिया (Closing Stock) 9,000 रु., वेतन के 320 रु. तथा मजदूरी के 200 रु. देना बाकी (Outstanding) है, बीमा के 90 रु. पूर्वदत्त (Prepaid) है तथा कमीशन के 129 रु. शेष (Accrued) है, तथा भवन पर 4 % वार्षिक मूल्य ह्रास (Depreciation) लगाइये। समायोजनों की जर्नल प्रविष्टियाँ भी दीजिए।

Solution : भवन पर ह्रास $\left(\frac{21,200 \times 4}{100}\right)$ = Rs.848

Journal Entries

		Rs.	Rs.
31-12-07	Stock a/c To Trading a/c (Closing stock recorded)"	Dr.	9,000 9,000
"	Salary a/c Wages a/c To Outstanding Salary a/c To Outstanding Wages a/c (Adjustments for outstanding Salary and Wages)	Dr Dr	320 200 320 200
"	Prepaid Insurance a/c To Insurance a/c (Adjustment for prepaid Insurance)	Dr	90 90
"	Accrued Commission a/c To Commission a/c (Adjustments for accrued Commission)	Dr.	120 120
"	Depreciation a/c To Building a/c (Depreciation charged on Building)	Dr.	848 848

Trading and Profit and Loss Account
For the year ended 31st December, 2007

		Rs.			Rs.
To Opening Stock		8,400	By Sales	50,000	
To Purchases		33,000	Less : Returns	600	49,400
To Carriage		480			
To Wages	2,000		By Closing Stock		9,000
Add : Outstanding	200	2,200			
To Gross Profit c/d		14,320			
		58,400			58,400
To Sarlaries	3,200		By Gross Profit b/d		14,320
Add : Outstanding	320	3,520	By Commission	280	
			Add : Accrued	120	400
To Taxes and Insurance	2,200				
Less : Prepaid	90	2,110			
To Bad Debts		600			
To Depreciation on Building		848			
To Net Profit transferred to Capital a/c		7,642			
		14,720			14,720

Balance Sheet
As On 31 December, 2007

Liabilities		Rs.	Assets		Rs.
Sundry Creditors		4,000	Cash in Hand		800
Outstanding Salary		320	Cash at Bank		1,000
Outstanding Wages		200	Bills Receivables		4,000
Capital	32,000		Debtors		8,600
Add : Net Profit	7,642	39,642	Building	21,200	
			Less : Depreciation	848	20,352
			Prepaid Insurance		90
			Accrued Commission		120
			Closing Stock		9000
		44,162			44,162

NOTES

1.3 अशोध्य ऋण तथा अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान (Bad Debts and Provision for Bad and Doubtful Debts)

अशोध्य ऋण (Bad Debts) –

जिन देनदारों से भुगतान देने की सम्भावना नहीं रहती, अर्थात् जो ऋण वसूली योग्य नहीं होते, उन्हें हम अप्राप्य, अशोध्य या डूबत ऋण (Bad Debts) कहते हैं। अशोध्य ऋण व्यापार के लिए हानि है। अतः अन्तिम खाते बनाते समय यह आवश्यक होता है कि - (i) इस हानि को लाभ-हानि खाते में अपलिखित कर दिया जाए, तथा (ii) इन्हें चिट्ठे में देनदारों में से घटा दिया जाय। इस हेतु निम्नलिखित प्रविष्टि की जाती है :

31 दिसम्बर	अशोध्य ऋण खाता देनदारों के खाते से (अशोध्य ऋण अपलिखित किए गए)	डे	हानि है, अतः डेबिट देनदारों में कमी, अतः क्रेडिट

NOTES

अशोध्य ऋण लाभ-हानि खाते के डेबिट पक्ष में दिखाए जाएँगे तथा चिट्ठे में देनदार अप्राप्य ऋण घटा कर दिखाए जायेंगे।

अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान (Provision for Bad and Doubtful Debts)— प्रत्येक व्यापारी यह जानता है कि उसके सभी देनदार देय-राशि का पूरा भुगतान नहीं कर सकेंगे, कुछ न कुछ राशि अवश्य अशोध्य हो जायेगी। इस प्रकार अशोध्य या डूबत ऋण व्यापार के लिए एक संभावित हानि होती है। लेखांकन का यह सिद्धान्त है कि **किसी लेखा-अवधि की आय निर्धारित करने से पूर्व समस्त सम्भावित हानियों की व्यवस्था कर ली जानी चाहिए।** अत : अन्तिम खाते बनाते समय व्यापारी अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए भी प्रावधान कर लेता है।

अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान बनाने से संबंधित लेखांकन प्रक्रिया का अध्ययन हम निम्नलिखित स्थितियों में करेंगे:

(1) जब पहले से कोई प्रावधान न हो।

(2) जब अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान मौजूद हो :

(3) जब पहले से उपलब्ध प्रावधान वर्ष के अन्त में रखे जाने वाले प्रावधान से अधिक हों।

(1) **जब पहले से कोई प्रावधान न हो** - यदि व्यापारी ने पहले से अशोध्य ऋणों के लिए कोई प्रावधान नहीं कर रखा है (अर्थात् उसके तलपट में अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान शीर्षक के अन्तर्गत कोई शेष नहीं है) तो वह निम्नानुसार प्रावधान बनाएगा:

वह अपने पिछले अनुभव के आधार पर यह अनुमान लगा लेगा कि सामान्यत: उसके कितने प्रतिशत देनदार अशोध्य हो जाते हैं, तथा वर्ष के अन्त में उसके कितने देनदार हों उन पर उस प्रतिशत के बराबर प्रावधान कर लेगा। मान लीजिए, व्यापारी का अनुमान है कि उसके 5 प्रतिशत देनदार अशोध्य हो जाते हैं तथा वर्ष के अंत में उसके देनदार 10,000 रु. के हैं तो उसे $\left(\frac{10,000 \times 5}{100}\right) = 500$ रु. का प्रावधान बनाना चाहिए। इस हेतु समायोजन प्रविष्टि निम्नानुसार होगी :

लाभ-हानि खाता	डे.	हानि है, अत: डेबिट
अशोध्य एवं संदिग्ध ऋण प्रावधान से		देयता में वृद्धि, अत: क्रेडिट

(2) **जब अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान पहले से मौजूद हों** - इस स्थिति में अग्रलिखित तथ्य महत्वपूर्ण है :

(i) जब अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान किया गया होता है, अर्थात् जब तलपट के क्रेडिट पक्ष में अशोध्य ऋण प्रावधान खाते का शेष दिखाया गया होता है तो अशोध्य ऋण (Bad Debts) की हानि लाभ-हानि खाते में चार्ज न की जाकर प्रावधान से चार्ज की जाती है। इस हेतु प्रविष्टियाँ निम्नानुसार की जाती हैं :

अशोध्य ऋण खाता	डे.	हानि है, अत: डेबिट
देनदार खाते से		देनदारों (परिसम्पत्ति) में कमी, अत: क्रेडिट
(अशोध्य ऋण अपलिखित किया गया)		
अशोध्य ऋण प्रावधान खाता	डे.	प्रावधान (देयता) में कमी, अत: डेबिट
अशोध्य ऋण खाते से		अशोध्य ऋण, प्रावधान से चार्ज किया गया, अत: क्रेडिट
(अशोध्य ऋण की हानि प्रावधान से चार्ज की गई)		

(ii) जब प्रश्न में यह कहा जाता है कि अशोध्य ऋण प्रावधान एक निर्दिष्ट राशि के बराबर होना चाहिए, तो इसका अर्थ यह नहीं होता कि उतनी राशि संबंधित वर्ष के लाभ-हानि खाते में डेबिट की जाए वरन् इसका अर्थ यह होता है कि वर्ष के अंत में प्रावधान खाते का शेष उक्त राशि के बराबर होना चाहिए।

उदाहरण - मान लीजिए तलपट के क्रेडिट पक्ष में 1,000 रु. का अशोध्य ऋण प्रावधान (अर्थात् वर्तमान वर्ष के प्रारम्भ में प्रावधान खाते का शेष) तथा डेबिट पक्ष में 200 रु. के अशोध्य ऋण तथा 12,000 रु. के

देनदार दिखाए गये हैं, समायोजन के अन्तर्गत यह कहा गया है कि अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर 10 प्रतिशत प्रावधान कीजिए। इसका अर्थ यह है कि वर्ष के अंत में अशोध्य ऋण प्रावधान खाते में $\left(\frac{12,000 \times 10}{100}\right) = 1,200$ रु. का शेष होना चाहिए।

(iii) वर्ष के अंत मे प्रावधान खाते मे निर्दिष्ट शेष लाने के लिए कितनी राशि लाभ-हानि खाते में चार्ज की जाए, इसका निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है :

(क) प्रावधान खाते के आरम्भिक शेष में से वर्ष में हुए अशोध्य ऋणों को अपलिखित कर यह ज्ञात कर लीजिए कि प्रावधान खाते में अब कितना शेष बचता है। उपर्युक्त उदाहरण में प्रावधान खाते के आरम्भिक शेष 1,000 रु. में से 200 रु. के अशोध्य ऋण अपलिखित करके 800 रु. शेष बचता है।

(ख) यदि प्रावधान की शेष राशि वर्ष के अंत में रखे जाने वाले प्रावधान से कम है तो अन्तर की राशि इस वर्ष के लाभ-हानि खाते से चार्ज कर ली जाएगी। उपर्युक्त उदाहरण में वर्ष के अंत में हम 1,200 रु. का प्रावधान रखना चाहते है जबकि हमारे पास उपलब्ध शेष 800 रु. है, अतः 400 रु. इस वर्ष लाभ-हानि खाते से चार्ज करने होंगे।

(ग) यदि प्रश्न में यह दिया गया हो कि एक निर्दिष्ट राशि या देनदारों पर एक निर्दिष्ट प्रतिशत के बराबर राशि अशोध्य ऋण प्रावधान में वृद्धि करो तो इसका अर्थ यह होता है कि उक्त राशि इस वर्ष के लाभ-हानि खाते से चार्ज करके प्रावधान में ले जाना है।

		रु.
उदाहरण -	1-1-07 को अशोध्य ऋण प्रावधान	1,000
	अशोध्य ऋण	200
	31-12-07 को देनदार	10,000

समायोजन - देनदारों पर 5 प्रतिशत के बराबर राशि अशोध्य ऋण प्रावधान में ले जाइए।

इस उदाहरण में $\left(\frac{10,000 \times 5}{100}\right) = 500$ रु. लाभ-हानि खाते को डेबिट कर प्रावधान खाते में ले जाये जाएँगे। 31-12-07 को प्रावधान निम्नानुसार होगा

	रु
1-1-07 को प्रावधान	1,000
(–) अशोध्य ऋण	200
	800
(+) 2007 वर्ष में प्रावधान में वृद्धि	500
31-12-07 को अशोध्य ऋण प्रावधान	1,300

(iv) उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि अशोध्य ऋण तथा वर्ष के अंत में वांछित प्रावधान की राशि के योग में से प्रावधान खाते के प्रारम्भिक शेष को घटाकर लाभ-हानि खाते को चार्ज की जाने वाली राशि ज्ञात की जा सकती है, अर्थात्

लाभ-हानि खाते में डेबिट को जाने वाली राशि

	रु
अशोध्य ऋण	.
(+) वर्ष के अंत में वांछित प्रावधान	..
(–) वर्ष के प्रारम्भ में उपलब्ध प्रावधान	
इस वर्ष के लाभ-हानि खाते को डेबिट की जाने वाली राशि	

NOTES

(3) **जब प्रावधान खाते में उपलब्ध शेष, वर्ष के अन्त में वांछित प्रावधान से अधिक हो -** यह संभव हो सकता है कि किसी वर्ष के आरम्भिक अशोध्य ऋण प्रावधान में से उस वर्ष के अशोध्य ऋणों की राशि अपलिखित करने के बाद शेष राशि, वर्ष के अन्त में रखे जाने वाले प्रावधान से अधिक हो। इस स्थिति में इस वर्ष कोई राशि लाभ-हानि खाते से चार्ज करने का प्रश्न ही नहीं उठेगा। इसके विपरीत, हमें उपलब्ध प्रावधान और कम करना होगा जिसके लिए प्रविष्टि निम्नानुसार की जाएगी :

अशोध्य ऋण प्रावधान खाता	डे.	प्रावधान कम किया - देयता में कमी, अतः डेबिट
लाभ-हानि खाते से		प्रावधान कम करना लाभ है, अतः लाभ-हानि खाता क्रेडिट
(अशोध्य ऋण प्रावधान कम किया गया)		

अशोध्य ऋणों की वसूली - यह हो सकता है कि किसी ऋण को अशोध्य मानकर अपलिखित कर दिया गया हो किन्तु बाद में वह ऋण वसूल हो जाये। इस स्थिति में प्राप्त राशि से अशोध्य ऋण प्रावधान खाता क्रेडिट किया जाता है। प्रविष्टि निम्नानुसार की जाती है :

रोकड़ खाता	डे.	रोकड़ आई, परिसम्पत्ति मे वृद्धि, अतः डेबिट
अशोध्य ऋण प्रावधान खाता से		प्रावधान (देयता) में वृद्धि, अतः क्रेडिट
(अशोध्य ऋण वसूल हुआ)		

यदि अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान न हो तो अशोध्य ऋणों की वसूली लाभ-हानि खाते में निम्नानुसार क्रेडिट की जाती है :

रोकड़ खाता	डे.	उल्लेखनीय है कि अशोध्य ऋण प्राप्त होने पर
अशोध्य ऋण वसूली खाता से (अशोध्य ऋण वसूल हुआ)		देनदार का खाता क्रेडिट नहीं होता, क्योंकि देनदार का खाता अशोध्य ऋण अपलिखित करते समय बन्द किया जा चुका होता है।
अशोध्य ऋण वसूली खाता	डे.	अशोध्य ऋणों की वसूली लाभ है, अतः इसे लाभ-हानि खाते में
लाभ-हानि खाता से		क्रेडिट करते हैं।
(अशोध्य ऋणों की वसूली लाभ-हानि खाते में ले जाई गई)		

खाते तैयार करना (Preparation of Accounts)

अशोध्य ऋण प्रावधान से संबंधित खाते निम्नानुसार तैयार किये जाते है :

(i) अशोध्य ऋण प्रावधान खाते का आरम्भिक शेष प्रावधान खाते के क्रेडिट पक्ष मे दिखाया जाता है।

(ii) वर्ष में अपलिखित किये गये अशोध्य ऋण, अशोध्य ऋण खाते में डेबिट किए जाते है।

(iii) अशोध्य ऋणों को प्रावधान खाते में निम्नानुसार प्रविष्टि कर चार्ज किया जाता है :

		रुपये	रुपये
अशोध्य ऋण प्रावधान खाता	डे.		
अशोध्य ऋण खाते से			
(अशोध्य ऋण प्रावधान में हस्तांतरित)			

(iv) जितनी राशि लाभ-हानि खाते को इस वर्ष चार्ज करना हो उसके लिए निम्नानुसार प्रविष्टि की जाती है :

		रुपये	रुपये
लाभ-हानि खाता	डे.		
अशोध्य ऋण प्रावधान खाते से			
(अशोध्य ऋणों के लिये प्रावधान किया गया)			

(v) अब अशोध्य ऋण प्रावधान खाते का शेष निकाल लिया जाता है। इस खाते में उतना अन्तिम शेष होगा जितना प्रावधान हम वर्ष के अन्त में रखना चाहते हैं। इस राशि को चिट्ठे में देनदारों में से घटाया जाएगा।

Illustration 2 :

31 दिसम्बर, 2007 को मनमोहन के देनदार 2,000 रु. के थे। वर्ष के प्रारम्भ में उसके अशोध्य ऋण संचिति में 400 रु. का क्रेडिट शेष था तथा वर्ष में 200 रु. अशोध्य ऋण अपलिखित किए गए। यह तय किया गया कि अशोध्य ऋण संचिति में इस वर्ष 300 रु. की वृद्धि करना है।

अशोध्य ऋण संचिति खाता बनाइए तथा उक्त समायोजनों को लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठे में दिखाइए।

Solution :

टिप्पणी : वर्ष के प्रारम्भ में अशोध्य ऋण संचिति 400 रु. की थी, 200 रु. अशोध्य ऋण अपलिखित करने पर 200 रु. शेष बचते है। इस वर्ष 300 रु. वृद्धि करने पर वर्ष के अंत में 500 रु. संचिति होगी।

अशोध्य ऋण संचिति

		रुपये			रुपये
31-12-07	अशोध्य ऋण	200	1-1-07	शेष आ./ला.	400
31-12-07	शेष आ./ले	500	31-12-07	लाभ-हानि खाता	300
		700			700
			1-1-08	शेष आ./ला.	500

लाभ-हानि खाता

		रुपये		रुपये
अशोध्य ऋण संचिति				
अशोध्य ऋण	200			
(+) 31-12-07की संचिति	500			
	700			
(-) 1-1-07 को संचिति	400	300		

चिट्ठा

31-12-2007 को

	रुपये			रुपये
		देनदार	2,000	
		(-) अशोध्य ऋण संचिति	500	1,500

Illustration 3 :

एक व्यापारी के तलपट में 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए निम्नलिखित शेष थे :

	रुपये
देनदार	2,000
अशोध्य ऋण संचिति (1-1-07)	1,000
अशोध्य ऋण	400

व्यापारी चाहता है कि अंतिम खाते बनाते समय देनदारों पर 10% अशोध्य ऋण संचिति रखी जाये। अशोध्य ऋण संचिति खाता बनाइये तथा लाभ-हानि खाते एवं चिट्ठे में उक्त व्यवहारों को दर्शाइये।

NOTES

Solution

अशोध्य ऋण संचिति खाता

		रुपये			रुपये
31-12-07	अशोध्य ऋण	400	1-1-07	शेष आ./ला.	1,000
31-12-07	लाभ-हानि खाता	400			
31-12-07	शेष आ./ले.	200			
		1,000			1,000
			1-1-08	शेष आ./ ला.	200

लाभ-हानि खाता

	रुपये			रुपये
		अशोध्य ऋण संचिति		
		1-1-07 को संचिति	1,000	
		(–) अशोध्य ऋण	400	
			600	
		(–) 31-12-07 को संचिति	200	400

चिट्ठा

31-12-2007 को

	रुपये			रुपये
		देनदार	2,000	
		(–) अशोध्य ऋण	200	
		संचिति @ 10%		1,800

1.4 देनदारों तथा लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान (Provision for Discount on Debtors and Creditors)

देनदारों पर बट्टा (Discount on Debtors)

जो देनदार निर्धारित समय से पूर्व भुगतान कर देते है, उन्हें बट्टा, उपहार या कटौती (Discount) दी जाती है। दिया गया बट्टा हानि होती है, अतः इसे लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाता है।

समायोजन प्रविष्टियाँ (Adjustment Entries) – इस संबंध में निम्नानुसार प्रविष्टियाँ की जाती है :

रोकड़ खाता	डे.	प्राप्त राशि		रोकड़ आई, अतः डेबिट
बट्टा खाता	डे.	दिया गया बट्टा		बट्टा हानि है, अतः डेबिट
देनदार खाता से (..... से भुगतान मिला ... रु बट्टा दिया)			देनदार से प्राप्य कुल राशि	देनदार से भुगतान मिला, देनदारी (परिसम्पत्ति) में कमी, अतः क्रेडिट
लाभ-हानि खाता	डे	बट्टा की राशि		हानि है, अतः लाभ-हानि खाता डेबिट, बट्टा खाता का डेबिट
बट्टा खाता से (बट्टा लाभ-हानि खाते में ले जाया गया)			बट्टे की राशि	शेष लाभ-हानि खाते में ले जाया गया।

बट्टा लाभ-हानि खाते के डेबिट पक्ष में दिखाया जायेगा तथा चिट्ठे में देनदारों की राशि में से सकल राशि (प्राप्त भुगतान + बट्टा) घटाकर दिखाई जायेगी।

देनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान (Provision for Discount on Debtors)

किसी वर्ष के देनदारों को अगले वर्ष दी जाने वाली कटौती या बट्टे का भार उसी वर्ष के लाभ-हानि खाते पर पड़े, न कि उस वर्ष पर जिस वर्ष बट्टा दिया जाता है। इस हेतु उस वर्ष के अंतिम खाते बनाते समय देनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान किया जा सकता है। यह प्रावधान ठीक वैसे ही बनाया जाता है जैसे अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान बनाया जाता है।

इस संबंध में प्रक्रिया निम्नानुसार है -

(i) प्रत्येक वर्ष के (Good) देनदारों अर्थात् देनदारों में से अशोध्य ऋण तथा अशोध्य ऋणों के लिए किये गए प्रावधान को घटाने के बाद शेष बचने वाले देनदारों पर एक निश्चित प्रतिशत से बट्टे के लिए प्रावधान किया जाता है। ये राशियाँ इसलिए घटाई जाती हैं क्योंकि बट्टा केवल उन्हीं देनदारों को दिया जायेगा जो अच्छे है अर्थात् जो भुगतान करेंगे। अशोध्य तथा संदिग्ध देनदारों से भुगतान प्राप्त नहीं होगा, अतः इन्हे बट्टा देने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ii) दिया गया बट्टा अब लाभ-हानि खाते को डेबिट न करते हुए, बट्टे के लिए प्रावधान खाते मे डेबिट होगा।

(iii) किसी वर्ष लाभ-हानि खाते से कितनी राशि चार्ज करके इस प्रावधान में ले जाई जाए, इसका निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा :

	रुपये
दिया गया बट्टा (Discount Allowed)	....
(+) वर्ष के अंत मे वांछित बट्टा प्रावधान	....
	....
(-) वर्ष के प्रारम्भ मे उपलब्ध बट्टा प्रावधान	....
लाभ-हानि खाते को डेबिट राशि (Amount Debited to Profit & Loss A/c)	....

समायोजन प्रविष्टियाँ - देनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान के संबंध मे निम्नलिखित समायोजन प्रविष्टियाँ की जाती है :

दिया गया बट्टा प्रावधान से चार्ज करने के लिए	देनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान खाता डे. बट्टा खाते से (देनदारों को दिया गया बट्टा प्रावधान से चार्ज किया गया)	प्रावधान कम हुआ, देयता मे कमी अतः डेबिट बट्टा की राशि प्रावधान मे ले जाई गई, अतः क्रेडिट
प्रावधान बनाने के लिए	लाभ-हानि खाता डे देनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान खाते मे (प्रावधान की राशि लाभ-हानि खाते से चार्ज की गई)	बट्टे के लिए प्रावधान हानि है, अतः लाभ-हानि खाते को डेबिट प्रावधान बढा, देयता मे वृद्धि, अतः क्रेडिट
यदि प्रावधान कम करना हो	देनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान खाता डे लाभ-हानि खाते से (बट्टे के लिए प्रावधान कम किया गया)	प्रावधान मे कमी (देयता मे कमी) अतः डेबिट बट्टे के लिए प्रावधान कम करना लाभ है, अतः लाभ-हानि खाता क्रेडिट

NOTES

लेनदारों पर बट्टा (Discount on Creditors)

जैसे हम अपने देनदारों को बट्टा देते हैं वैसे ही हमारे लेनदार हमें बट्टा दे सकते हैं। जब हम अपने लेनदारों से भुगतान करते समय बट्टा प्राप्त करते हैं तो यह हमारे लिए लाभ होता है जिसे हम लाभ-हानि खाते में क्रेडिट करते हैं। इस संबंध में निम्नलिखित प्रविष्टियाँ की जाती हैं :

लेनदार खाता डे. रोकड़ खाता से प्राप्य बट्टा खाता से (लेनदारों को भुगतान किया ..... रु. बट्टा मिला)	लेनदार की कुल राशि	दी गई रोकड़ प्राप्त बट्टा	देयता में कमी, अतः डेबिट रोकड़ गई, अतः क्रेडिट बट्टा मिला, अतः क्रेडिट
प्राप्त बट्टा खाता डे. लाभ-हानि खाता से (बट्टा लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित)	बट्टे की राशि	बट्टे की राशि	बट्टा लाभ है, अतः लाभ-हानि खाते में क्रेडिट

लेनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान (Provision for Discount on Creditors)

प्राप्त बट्टा उस वर्ष की आय में सम्मिलित हो जिस वर्ष के लेनदार हैं, न कि उस वर्ष जिस वर्ष वह बट्टा वास्तव में मिला है, इस हेतु लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान निम्नानुसार बनाया जा सकता है :

(i) लेनदारों पर निर्दिष्ट दर से प्रावधान बनाया जाता है। इस हेतु प्रावधान खाता डेबिट तथा लाभ-हानि खाता क्रेडिट किया जाता है।

(ii) प्राप्त बट्टा लाभ-हानि खाते में क्रेडिट न करते हुए, लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान खाते में क्रेडिट किया जाता है।

समायोजन प्रविष्टियाँ (Adjustment Entries) - लेनदारों पर प्राप्त बट्टे से संबंधित प्रविष्टियाँ निम्नानुसार की जाती हैं:

प्राप्त बट्टा प्रावधान में ले जाने के लिए गया	प्राप्त बट्टा खाता डे. लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान खाते से (प्राप्त बट्टा प्रावधान में ले जाया गया)	प्राप्त बट्टा खाते का क्रे. शेष प्रावधान में ले जाया गया अतः डेबिट किया प्रावधान (परिसम्पत्ति) में कमी, अतः क्रेडिट
प्रावधान बनाने के लिए	लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान खाता डे. लाभ-हानि खाते से (लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान कम किया गया)	प्रावधान (परिसम्पत्ति) में वृद्धि, अतः डेबिट प्राप्त बट्टा लाभ है अतः इस हेतु लाभ-हानि खाते में क्रेडिट
यदि प्रावधान कम करना हो	लाभ-हानि खाता डे लेनदारों पर बट्टा प्रावधान खाते से (लेनदारों पर बट्टे के लिए प्रावधान कम किया गया)	प्राप्त बट्टे में कमी हानि, अतः डेबिट प्रावधान (परिसम्पत्ति) में कमी अतः क्रेडिट

Illustration : 4 एक व्यापारी के 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष के तलपट के कुछ शेष निम्नानुसार है

	रुपये
देनदार	5,100
लेनदार	2,000
अशोध्य ऋण संचिति (1-1-07)	1,000
अशोध्य ऋण	800

अन्तिम खाते बनाते समय व्यापारी निम्नलिखित समायोजन करना चाहता है :

(क) 100 रु. अशोध्य ऋण और अपलिखित किये जाएँ।

(ख) देनदारों पर 5% अशोध्य ऋण संचिति तथा 2% बट्टे के लिए कटौती संचिति की जाए।

(ग) लेनदारों पर 3% कटौती के लिए संचिति बनाई जाए।

इन समायोजनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठे में संबंधित मदो को दिखाइये तथा अशोध्य ऋण संचिति खाता बनाइए।

Solution :

रोजनामचा प्रविष्टियाँ

		रुपये	रुपये
अशोध्य ऋण खाता डे. देनदारो के खाते से (अशोध्य ऋण अपलिखित किए गए)	Bad Debts a/c Dr. To Debtors a/c (Bad Debts written off)	100	100
अशोध्य ऋण संचिति डे. अशोध्य ऋण खाते से (अशोध्य ऋणों की राशि संचिति को हस्तांतरित)	Bad Debts Reserve a/c Dr. To Bad Debts a/c (Bad Debts transferred to Reserve for Bad Debts a/c)	900	900
लाभ-हानि खाता डे. अशोध्य ऋण संचिति से (संचय बनाया गया)	Profit & Loss a/c Dr. To Bad Debts Reserve a/c (Reserve created)	150	150
लाभ-हानि खाता डे. देनदारों पर कटौती सचय से On Discount a/c (देनदारों पर 2% कटौती के लिए संचय किया गया)	Profit & Loss a/c Dr. To Reserve for Discount (Reserve for Discount on Debtors @ 2% created)	95 95	
लेनदारों पर कटौती सचय डे. लाभ-हानि खाता से (लेनदारों पर 3% कटौती के लिए संचय किया गया)	Reserve for Discount on Creditors a/c Dr. To Proft & loss a/c (Reserve for Discount on Creditors @ 3% created)	60	60

लाभ-हानि खाता

		रुपये		रुपये
अशोध्य ऋण संचिति			लेनदारों पर कटौती संचिति	60
अशोध्य ऋण	900			
(+) 31-12-07 को संचिति	250			
	1,150			
(−) 1-1-07 को संचिति	1,000	150		
देनदारों पर कटौती संचिति		95		

NOTES

चिट्ठा

		रुपये			रुपये
लेनदार	2,000		देनदार	5,100	
(–) कटौती संचिति @ 3%	60	1,940	(–) अशोध्य ऋण	100	
				5,000	
			(–) अशोध्य ऋण संचिति @ 5%	250	
					4,750
			(–) कटौती संचिति @ 2%	95	4,655

अशोध्य ऋण संचिति खाता

		रुपये			रुपये
31-1-07	अशोध्य ऋण	900	1-1-07	शेष आ./ला.	1,000
31-12-07	शेष आ./ले.	250	31-12-07	लाभ-हानि खाता	150
		1,150			1,150
				शेष आ./ला.	250

1.5 पूँजी पर ब्याज (Interest on Capitals)

व्यापार के स्वामी द्वारा लगाई गई पूँजी पर ब्याज दिया जा सकता है। यह ब्याज पूँजी के उपयोग का मूल्य होता है अतः यह एक आगम व्यय है जिसे लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाता है। चूँकि यह ब्याज स्वामी को देय होता है, अतः चिट्ठे में इसे पूँजी खाते मे जोड़ देते हैं।

ब्याज की गणना पूँजी खाते के आरम्भिक शेष पर निर्दिष्ट प्रतिशत से की जाती है। यदि वर्ष के बीच में अतिरिक्त पूँजी लगाई गई हो तो उस पर केवल शेष अवधि का ही ब्याज लगाया जाता है।

समायोजन प्रविष्टियाँ (Adjustment Entries)

पूँजी पर ब्याज खाता पूँजी खाते से (पूँजी पर ... प्रतिशत दर से ब्याज दिया गया)	डे.	आगम व्यय, अतः डेबिट ब्याज स्वामी को देना है, देयता में वृद्धि, अतः क्रेडिट
लाभ-हानि खाता पूँजी पर ब्याज खाते से (पूँजी पर ब्याज लाभ-हानि खाते में ले जाया गया)	डे.	ब्याज व्यय है, अतः लाभ-हानि खाता डेबिट ब्याज खाता का डेबिट शेष लाभ-हानि खाते में ले जाया गया, अतः क्रेडिट

आहरण पर ब्याज (Interest on Drawings)

व्यापारी द्वारा व्यापार में किए जाने वाले आहरणों पर ब्याज चार्ज किया जाता है जो व्यापार के लिए आय होती है जिसे लाभ-हानि खाते में क्रेडिट करते है इस राशि को चिट्ठे में आहरण में जोड़ कर पूँजी में से घटाते है।

समायोजन प्रविष्टियाँ (Adjustment Entries)

आहरण खाता आहरण पर ब्याज खाता से (आहरण पर ... प्रतिशत ब्याज लगाया गया)	डे.	स्वामी देनदार है, अतः डेबिट ब्याज आय है, अतः क्रेडिट

आहरण पर ब्याज खाता लाभ-हानि खाता से (आहरण पर ब्याज लाभ-हानि खाते में ले जाया गया)	डे.	आहरण पर ब्याज खाते का शेष लाभ-हानि खाते में क्रेडिट किया गया

1.6 ऋण पर ब्याज (Interest on Loan)

कभी-कभी तलपट के क्रेडिट पक्ष में ऋण खाते का शेष दिया गया होता है। यदि ऋण के साथ ब्याज का प्रतिशत भी दिया गया हो, जैसे "10 प्रतिशत ऋण 5,000 रु." तो यह देख लेना चाहिए कि इस ऋण पर सम्पूर्ण लेखा अवधि का ब्याज चुका दिया गया है या नहीं। जैसे इस उदाहरण में 5,000 रु. के ऋण पर 10 प्रतिशत की दर से एक वर्ष का ब्याज 500 रु. चुकाया गया होना चाहिए। यदि तलपट में 500 रु. ब्याज दिया गया है तो इसका अर्थ यह है कि ब्याज चुका दिया गया है। इस स्थिति में ब्याज के संबंध में किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं है। ब्याज लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाएगा तथा ऋण चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाया जाएगा। किन्तु यदि मान लीजिए, तलपट में 375 रु. ब्याज दिखाया गया है तो इसका अर्थ है कि यह ब्याज केवल 9 माह का है, अर्थात् (500 – 375) = 125 रु. 3 माह का ब्याज अभी अदत्त है।

इस अदत्त ब्याज हेतु समायोजन किया जाना चाहिए, भले ही ऐसा करने हेतु प्रश्न में निर्देशित किया गया हो या नहीं।

अदत्त व्ययों हेतु समायोजन प्रविष्टियाँ पूर्व में समझाई जा चुकी हैं। लाभ-हानि खाते में अदत्त ब्याज दिये गये ब्याज में जोड़कर तथा चिट्ठे के दायित्व पक्ष में देयता के रूप में दिखाया जायेगा।

विनियोगों पर ब्याज (Interest on Investments)

विनियोग व्यापारी की सम्पत्ति होती है तथा इन पर ब्याज आय होती है जिसे लाभ-हानि खाते में क्रेडिट करते हैं। यदि विनियोगों के साथ ब्याज का प्रतिशत दिया गया हो (जैसे 8 प्रतिशत टाटा ऋण-पत्र) तो यह देख लेना चाहिए कि सम्पूर्ण लेखा-अवधि का ब्याज प्राप्त कर लिया गया है अथवा नहीं। यदि तलपट में ब्याज प्राप्त हुआ न दिखाया गया हो अथवा ब्याज सम्पूर्ण अवधि का न हो तो शेष राशि को उपार्जित ब्याज (Accrued Interest) मानकर पूर्व वर्णित रीति से उपार्जित ब्याज हेतु समायोजन किया जाना चाहिए। उपार्जित ब्याज लाभ-हानि खाते में प्राप्त ब्याज में जोड़कर, चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाना चाहिए।

Illustration 5 :

जैन ट्रेडर्स की पुस्तकों से 31 दिसम्बर, 2007 को निम्न तलपट तैयार किया गया

	डेबिट (रुपये)	क्रेडिट (रुपये)
फर्नीचर (Furniture)	640	
मोटर-कार (Motor Car)	6,000	
भवन (Buildings)	7,500	
पूँजी (Capital)		12,500
अशोध्य ऋण (Bad and Doubtful Debts)	175	300
देनदार तथा लेनदार (Debtors & Creditors)	4,000	2,400
स्कन्ध (Stock) 1-1-07	3,460	....
क्रय तथा विक्रय (Purchase and Sales)	5,475	15,450
बैंक अधिविकर्ष (Bank Overdraft)		2,850
वापसी (Returns)	200	125
विज्ञापन (Advertisement)	450	
ब्याज (Interest)	118	
कमीशन (Commission)		375
हस्तस्थ रोकड़ (Cash in Hand)	650	
कर एवं बीमा (Tax & Insurance)	350	
मोटर-कार व्यय (Motor Car Expenses)	900	

सामान्य व्यय (General Exp.)	782	
वेतन (Salaries)	3,300	
	34,000	34,000

NOTES

31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभालाभ खाता तथा उस तिथि को चिट्ठा निम्नलिखित समायोजनों को दृष्टिगत रखते हुए बनाइये :

(i) वेतन 11 माह का चुकाया गया है।

(ii) 100 रु. बीमा का पूर्वदत्त है।

(iii) भवन पर 5 % तथा मोटर-कार पर 10 % ह्रास काटना है।

(iv) अशोध्य ऋण 100 रु. और लिखिए तथा संदिग्ध ऋण संचिति को देनदारों के 5% से बढ़ाइए।

(v) 31 दिसम्बर, 2007 को स्कन्ध का मूल्य 3,250 रु. आँका गया।

Solution : टिप्पणियाँ

(1) 3,300 रु 11 माह का वेतन है, अतः 1 माह का अदत्त वेतन $\left(\frac{3,300}{11}\right) = 300$ रु.।

(2) 4,000 रु के देनदारों से 100 रु. अशोध्य ऋण अपलिखित करके शेष 3,900 रु. के देनदारों की 5% राशि अर्थात् $\left(\frac{3,900 \times 5}{100}\right) = 195$ रु. इस वर्ष के लाभ-हानि खाते मे डेबिट करके संचिति में ले जाना है।

31-12-07 को संचिति :	रु.
1-1-07 को संचिति	300
(–) अशोध्य ऋण (175 + 100)	275
	25
(+) संचिति में 2007 वर्ष मे क्रेडिट	195
31-12-07 को संचिति	220

(3) अशोध्य ऋण लाभ-हानि खाते में डेबिट न किये जाकर संचिति में डेबिट होगे।

Trading and Profit & Loss Account

For the year ended 31st December, 2007

		Rs.			Rs.
To Opening Stock		3,460	By Sales	15,450	
To Purchase	5,475		Less : Returns	200	15,250
Less : Returns	125	5,350	By Closing Stock		3,250
To Gross Profit		9,690			
		18,500			18,500
To Advertisement		450	By Gross Profit		9,690
To Interest		118	By Commission		375
To Taxes & Insurance	350				
Less : Prepaid	100	250			
To General Expenses		782			
To Motor Car Expenses		900			
To Salaries	3,300				
Add : Outstanding	300	3,600			

To Provision for Doubtful Debts	195		
To Depreciation :			
Building	375		
Motor Car	600		
To Net Profit	2,795		
	10,065		10,065

Balance Sheet

As on 31st December, 2007

Liabilities		Rs.	Assets		Rs.
Creditors		2,400	Furniture		640
Bank Overdraft		2,850	Motor-Car	6,000	
Outstanding Salary		300	Less : Depreciation	600	5,400
Capital	12,500				
Add : Net Profit	2,795	15,295	Building	7,500	
			Less : Depreciation	375	7,125
			Debtors	4,000	
			Less : Bad Debts	100	
				3,900	
			Less : Provision for		
			Doubtful Debts	220	3,680
			Cash in Hand		650
			Prepaid Insurance		100
			Closing Stock		3,250
		20,845			20,845

NOTES

1.8 अशुद्धियों के सुधार हेतु समायोजन (Adjustments of Rectification of Errors)

लेखाकन कार्य में यदि कोई अशुद्धियाँ या त्रुटियाँ हो गई हो, तो उनका सुधार भी अंतिम खाते तैयार करते समय किया जा सकता है।

इस प्रकार की कुछ प्रमुख त्रुटियों के समायोजन की विधि का अब हम अध्ययन करेंगे

(1) **किसी व्यवहार का लेखा न किया जाना** (Not recording certain transactions) - यदि किसी व्यवहार का लेखा करने से रह गया हो, तो उसका लेखा जैसे किया जाना चाहिए था, अब समायोजन के अन्तर्गत कर उसकी प्रविष्टि लाभ-हानि खाते तथा चिट्ठे मे कर देना चाहिए। कुछ उदाहरण निम्नानुसार है

(क) ग्राहक द्वारा लौटाया गया माल स्टॉक में ले लिया गया किन्तु उसका लेखा नहीं किया गया (Goods returned by Customer included in Stock but not recorded) - इस स्थिति मे विक्रय वापसी की प्रविष्टि की जानी चाहिए, अर्थात्

	विक्रय वापसी खाता डे देनदार खाते से (विक्रय-वापसी का लेखा किया गया)	माल वापस आया, अत: डेबिट देनदारो मे कमी, अत: क्रेडिट कमी, अत: क्रेडिट

व्यापार खाते (Trading a/c) में इसे विक्रय-वापसी में सम्मिलित कर विक्रय में से घटा दिया जायेगा तथा चिट्ठे में देनदार कम कर दिए जावेंगे।

NOTES

(ख) विक्रय या वापसी (Sale or Return) **के आधार पर ग्राहक को भेजा गया माल** - कभी-कभी ग्राहक को माल इस शर्त पर भेजा जाता है कि यदि ग्राहक माल पसन्द करे तो रख ले, यदि उसे पसन्द न हो तो एक निर्धारित समयावधि में वापस लौटा दे। इसे " Goods Sent on Approval " भी कहते हैं। स्वीकृति पर भेजे गए माल का लेखा सामान्य बिक्री की भाँति ही किया जाता है, अर्थात् ग्राहक का खाता डेबिट कर विक्रय खाता क्रेडिट करते हैं। **यदि ग्राहक की स्वीकृति आ जाती है तो किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि माल बिक गया जिसका लेखा पहले ही किया जा चुका है।**

स्वीकृति पर भेजा गया माल यदि वापस कर दिया जाता है तो विक्रय-वापसी का लेखा कर दिया जाता है, अर्थात्:

	विक्रय-वापसी खाता	डे.	स्टॉक में वृद्धि, अतः डेबिट
	देनदार खाते से		देनदारों में कमी, अतः क्रेडिट
	(स्वीकृति पर भेजा गया माल वापस आया)		

किन्तु यह हो सकता है कि ग्राहक ने न तो अपनी स्वीकृति ही भेजी हो और न ही माल वापस लौटाया हो तथा माल वापस लौटाने की अवधि अभी समाप्त न हुई हो। इस स्थिति में निम्नानुसार समायोजन आवश्यक होंगे :

(i) चूँकि स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है अतः इसे न तो बिक्री में सम्मिलित किया जाना चाहिए तथा न ही क्रेता को देनदारों में। अतः निम्नानुसार प्रविष्टि की जानी चाहिए :

	विक्रय खाता	डे.	विक्रय में कमी, अतः डेबिट
	देनदार खाते से		देनदारों में कमी, अतः क्रेडिट
	(स्वीकृति पर भेजे माल का समायोजन)		

(ii) चूँकि यह माल व्यापारी की सम्पत्ति है जो ग्राहक के पास है अतः इसे माल के लागत मूल्य (अर्थात् विक्रय मूल्य में से लाभ घटा कर) पर निम्नानुसार प्रविष्टि की जाएगी :

	ग्राहक के पास स्टॉक खाता	डे.	स्टॉक (परिसम्पत्ति) में वृद्धि, अतः डेबिट
	व्यापार खाते से		स्टॉक व्यापार खाते में, अतः क्रेडिट
	(ग्राहक के पास माल का समायोजन)		

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि :

(i) स्वीकृति पर भेजे गए माल के बीजक मूल्य से **व्यापार खाते में बिक्री** तथा चिट्ठे में **देनदार कम** कर दिए जावेंगे।

(ii) माल को **लागत मूल्य** पर ग्राहक के पास स्टॉक मान कर **व्यापार खाते के क्रेडिट पक्ष में** तथा **चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष** में दिखाया जायेगा।

(ग) व्यापारी द्वारा निजी उपयोग के लिए निकाला गया माल (Goods taken away for personal use), **दान में दिया गया माल** (Goods given away as Charity) **अथवा मुफ्त नमूनों के रूप में बाँटा गया माल** (Goods distributted as free samples) - चूँकि यह माल बेचा नहीं गया है अतः इसे 'बेचे गए माल की लागत' में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए। इस हेतु समायोजन निम्नानुसार किये जाने चाहिए

(i) निजी उपयोग में लाए गए माल को, व्यापार खाते में क्रय में से घटा कर, चिट्ठे में आहरण के रूप में दिखाकर पूँजी में से घटाइए।

(ii) दान में दिया गया माल क्रय में से घटा कर, लाभ-हानि खाते में दान खाते में सम्मिलित कर डेबिट कीजिए।

(iii) मुफ्त नमूनों के रूप में बाँटा गया माल, **क्रय में से घटा कर**, लाभ-हानि खाते में विज्ञापन के रूप में डेबिट करें।

(घ) क्रय जिसका लेखा नहीं किया गया (Purchases not recorded) - मान लीजिए 5,000 रु. का माल क्रय किया गया। माल प्राप्त करके स्टॉक में ले लिया गया। किन्तु उसका लेखा नहीं किया गया। इस स्थिति में माल क्रय करने की जो प्रविष्टि होनी चाहिए थी वह अब कर दी जाएगी, अर्थात् :

		रुपये	रुपये	
	क्रय खाता डे.	5,000		माल आया परिसम्पत्ति में वृद्धि, अतः डेबिट
	लेनदार खाते से		5,000	दायित्व में वृद्धि, अतः क्रेडिट
	(क्रय का लेखा किया गया)			

इस समायोजन के अन्तर्गत **व्यापारिक खाते में क्रय** तथा **चिट्ठे में लेनदार बढ़ा दिये जायेंगे।**

(ङ) बट्टे पर भुनाए गए बिल के अनादरण का लेखा न होना (Dishonour of discounted Bill not recorded)- बट्टे पर भुनाए गए बिल के दातव्य तिथि पर अनादृत कर दिए जाने पर जो प्रविष्टि की जानी चाहिए वह कर दी जाएगी, अर्थात् :

	स्वीकर्ता (देनदार) खाता डे.	स्वीकर्ता देनदार है, अतः डेबिट
	बैंक खाते से	बैंक जिससे बिल भुनाया गया था, लेनदार है,
	(बट्टे पर भुनाया गया बिल अनादृत हुआ)	अतः क्रेडिट

उक्त समायोजन से अस्वीकृत बिल की राशि से देनदार बढ़ जायेंगे तथा बैंक खाते का शेष कम हो जायेगा।

(2) **गत वर्ष अंतिम स्कन्ध का मूल्यांकन गलत किया गया** (Wrong Valuation of last year's Closing Stock)- यदि अंतिम खाते बनाते समय यह विदित हो कि गत वर्ष अंतिम स्कन्ध का मूल्यांकन कम या अधिक किया गया था तो इसका सुधार निम्नानुसार किया जाना चाहिए:

(i) चूँकि गत वर्ष का अंतिम स्टॉक इस वर्ष का आरम्भिक स्कन्ध होता है अतः इस वर्ष के आरम्भिक स्कन्ध में आवश्यक सुधार कर दें अर्थात् यदि स्कन्ध का मूल्यांकन कम हुआ हो तो बढ़ा दें अथवा यदि अधिक हुआ हो तो कम कर दें।

(ii) गत वर्ष अंतिम स्कन्ध के गलत मूल्यांकन ने गत वर्ष के लाभ-हानि को प्रभावित किया होगा। चूँकि लाभ-हानि पूँजी खाते में जोड़ी-घटाई जाती है अतः इसका समायोजन पूँजी खाते में निम्नानुसार करें।

(क) यदि स्कन्ध का मूल्यांकन अधिक हुआ हो तो लाभ बढ़ा होगा, अतः पूँजी कम कर दें।

(ख) यदि मूल्यांकन कम हुआ हो तो लाभ कम हुआ होगा, अतः पूँजी बढ़ा दें।

(3) **सैद्धान्तिक त्रुटियाँ** (Errors of Principle) - इस प्रकार के समायोजनों के कुछ उदाहरण निम्नानुसार है

(क) पूँजीगत व्यय को आगम व्यय मान लेना (Treating Capital Expenses as Revenue Expenses) - मान लीजिए एक नई मशीन की प्रतिस्थापना पर 500 रु. मजदूरी के व्यय किए गए जिसे मजदूरी खाते में डेबिट कर दिया गया। त्रुटि यह है कि ये व्यय मशीनरी खाते को डेबिट होने चाहिए थे, न कि मजदूरी खाते को। समायोजन प्रविष्टि निम्नानुसार होगी

		रुपये	रुपये	
	मशीनरी खाता डे	500		सम्पत्ति में वृद्धि, अतः डेबिट
	मजदूरी खाते से		500	मजदूरी खाता गलत डेबिट हो गया था, अतः क्रेडिट
	(मशीन लगाने की मजदूरी को मजदूरी खाते में डेबिट करने की त्रुटि का सुधार)			

इस समायोजन के अन्तर्गत व्यापारिक खाते में मजदूरी कम कर दी जाएगी तथा चिट्ठे में मशीनरी का मूल्य बढ़ा दिया जाएगा।

NOTES

(ख) आगम व्यय को पूँजीगत मान लेना (Treating Revenue Expenses as Capital Expenses) - मान लीजिए, फर्नीचर की सामान्य मरम्मत कर व्यय 200 रु. जो मरम्मत खाते को डेबिट होने चाहिए थे, गलती से फर्नीचर खाते को डेबिट कर दिए गए। समायोजन प्रविष्टि निम्नानुसार की जायेगी :

		रुपये	रुपये	
	मरम्मत खाता डे. फर्नीचर खाते से (मरम्मत की राशि फर्नीचर खाते में डेबिट करने की त्रुटि का सुधार)	1,000	 1,000	मरम्मत व्यय है, अतः डेबिट फर्नीचर खाता गलत डेबिट हो गया था, अतः क्रेडिट

उक्त समायोजन से **लाभ-हानि खाते में मरम्मत की राशि बढ़ जाएगी तथा चिट्ठे में फर्नीचर कम हो जायेगा।**

(ग) व्यक्तिगत व्ययों को व्यापारिक व्यय मान लेना (Treating Personal Expenses as Business Expenses)- व्यक्तिगत व्यय 'आहरण खाते' को डेबिट किये जाने चाहिए, न कि व्यापारिक लाभ-हानि खाते को। मान लीजिए, व्यापार की मोटर का उपयोग व्यापारी अपने निजी कार्यों के लिए भी करता है। वर्ष में मोटर पर कुल व्यय 3,000 रु. हुए जिसका 1/3 भाग उसके निजी उपयोग से संबंधित है। इस स्थिति में समस्त मोटर व्यय (3,000 रु.) जो लाभ-हानि खाते को डेबिट किए गये हैं, में से 1,000 रु. आहरण खाते में ले जाए जाना चाहिए। प्रविष्टि निम्नानुसार होगी:

		रुपये	रुपये	
	आहरण खाता डे. मोटर व्यय खाता से (निजी उपयोग के मोटर व्यय आहरण में सम्मिलित किए गए)	1,000 1,000		व्यापारी देनदार है, अतः डेबिट मोटर व्यय खाता अधिक डेबिट हो गया था, अतः क्रेडिट

उक्त समायोजन से **लाभ-हानि खाते में मोटर व्यय कम हो जायेगे** तथा **चिट्ठे में आहरण की राशि बढ़ जायेगी।**

(घ) व्यापारिक व्यय को व्यक्तिगत व्यय मान लेना (Treating Business Expenses as Personal Expenses) - मान लीजिए, व्यापारी ने व्यापार के बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए 200 रु. निकाले जिसे भूल से उसके व्यक्तिगत खाते में लिख दिया गया। समायोजन निम्नानुसार किया जाएगा:

		रुपये	रुपये	
	बिजली व्यय खाता डे. आहरण खाते से (बिजली व्यय व्यक्तिगत खाते में लिख देने की त्रुटि का सुधार)	200	 200	व्यय है, अतः डेबिट आहरण खाता गलत डेबिट हो गया था, अतः क्रेडिट

उक्त समायोजन के अन्तर्गत **बिजली व्यय लाभ-हानि खाते में डेबिट** कर दिये जायेंगे तथा **चिट्ठे में आहरण कम कर दिया जाएगा।**

Illustration : 6 31 दिसम्बर, 2007 को अग्रलिखित शेष रामेन्द्र की पुस्तकों से लिए गए हैं-

	रुपये	रुपये
आहरण (Drawings)	3,000	.....
देनदार (Debtors)	20,100	.....
ऋण पर ब्याज (Interest on Loan)	300	....
रोकड़ (Cash)	2,050	......
स्टॉक (Stock) (1-1-07)	6,839	.....
मोटर गाड़ी (Motor)	10,000	....
बैंक (Bank)	3,555	......
भूमि व भवन (Land & Building)	12,000	......
अशोध्य ऋण (Bad Debts)	525	....
क्रय (Purchases)	66,458	....
विक्रय-वापसी (Sales Return)	7,821	..
क्रय पर भाड़ा (Freight on Purchases)	2,929	......
विक्रय पर भाड़ा (Freight on Sales)	2,404	....
स्थापना व्यय (Establishment Expenses)	9,097	......
कर तथा बीमा (Taxes & Insurance)	2,891	....
विज्ञापन व्यय (Advertisement)	3,264	.....
सामान्य व्यय (General Charges)	3,489	....
प्राप्य बिल (B/R)	6,882	....
पूँजी खाता (Capital)	....	28,000
लेनदार (Creditors)	....	10,401
बन्धक पर ऋण (Loan on Mortage)	......	9,500
अशोध्य ऋण संचिति (Bad Debts Reserve)	....	710
विक्रय (Sales)	......	1,10,243
प्राप्त बट्टा (Discount received)	.	540
देयबिल (B/P)	.....	2,614
प्राप्त किराया (Rent received)	......	250
क्रय वापसी (Purchase Returns)	....	1,346
	1,63,604	1,63,604

निम्नलिखित समायोजनों के पश्चात् 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष का व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा उक्त तिथि को चिट्ठा बनाइए -

(i) भूमि एवं भवन पर 2½ % व मोटर गाड़ियों पर 20 % ह्रास लगाइए। (ii) ऋण पर 6% वार्षिक दर से 6 माह का ब्याज नहीं दिया गया है। (iii) 500 रु. लागत का माल 30 सितम्बर, 2007 को एक ग्राहक को विक्रय या वापसी शर्त पर 600 रु. कीमत पर भेजा गया और उसका लेखा वास्तविक बिक्री के रूप में कर दिया गया। (iv) 750 रु. वेतन तथा 350 रु. स्थानीय कर अदत्त है। (v) बीमा 150 रु. पूर्वदत्त है (vi) विविध देनदारों पर 5 % डूबत ऋण आयोजन करना है। (vii) 31 दिसम्बर, 2007 को रहतिया 6,250 रु. का है।

Solution :

टिप्पणियाँ - (i) ऋण पर 6 माह का अदत्त ब्याज $\left(\frac{9,500 \times 6 \times 6}{100 \times 12}\right) = 285$ रु.।

(ii) 600 रु. मूल्य का माल विक्रय या वापसी शर्त पर भेजा गया। माल अभी बिका नहीं है, अतः इसे बिक्री तथा देनदारों में से घटाएं। देनदार अब 19,500 रु. के रह जाएँगे। 500 रु. लागत का माल स्टॉक के रूप में व्यापार खाते के क्रेडिट पक्ष तथा चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाएगा।

NOTES

NOTES

Trading and Profit & Loss Account
For the year ended 31st December, 2007

		Rs.			Rs.
To Opening Stock		6,839	By Sales	1,10,243	
To Purchase	66,458		Less : Returns	7,821	
Less : Returns	1,346	65,112		1,02,422	
To Carriage		2,929	Less : Sale on Approval	600	1,01,822
To Gross Profit a/c		33,692			
			By Stock with Customer		500
			By Closing Stock		6,250
		1,08,572			1,08,572
To Taxes & Insurance	2,891		By Gross Profit b/d		33,692
Add : Outstanding Tax	350		By Discount Received		540
	3,241		By Rent Received		250
	डेबिट (रुपये)	क्रेडिट (रुपये)
रहतिया (1 जुलाई, 2006)	2,300	
क्रय	10,000	
विक्रय वापसी	200	
विविध लेनदार	3,410	
अशोध्य ऋण	300	
प्राप्य बिल	1,000	
मशीनें	4,400	
वेतन	600	
मजदूरी	4,500	
भाड़ा (क्रय पर)	130	

NOTES

भाड़ा (विक्रय पर)	120	
किराया	450	
मरम्मत	200	
आहरण	600	
रोकड़	1,000	
पूँजी		8,360
विक्रय		15,650
विविध लेनदार		1,700
देयबिल		3,200
क्रय वापसी		100
	29,010	29,010

30 जून, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक खाता व लाभ-हानि खाता तथा इसी तिथि पर आर्थिक चिट्ठा निम्न समायोजनों के साथ बनाइये-

(क) 30 जून, 2007 को अन्तिम रहतिया का मूल्य 4,000 रु. था।

(ख) मशीनों पर 10% मूल्य ह्रास करना है।

(ग) अदत्त व्यय - वेतन 100 रु. और किराया 100 रु.।

(घ) पूँजी पर ब्याज की व्यवस्था 5% की दर से करनी है।

[**Ans.** सकल लाभ 2,620 रु. शुद्ध लाभ 92 रु. तथा आर्थिक चिट्ठे का योग 13,370 रु. ।]

Q. 2. 31 दिसम्बर, 2007 को सुरेश चन्द्र का तलपट नीचे दिया गया है। इसके आधार पर इनका व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा तैयार कीजिए।

	नाम (Debit) रुपये	जमा (Credit) रुपये
पूँजी (Capital)		9,000
आहरण (Drawings)	500	
कलों तथा यन्त्र (Machinery & Tools)	4,500	
विविध लेनदार (Sundry Creditors)		1,500
क्रय (Purchases)	9,900	
मजदूरी (Wages)	4,500	
नगद (Cash)	1,200	
बिक्री (Sales)		15,800
मरम्मत (Repairs)	100	
रहतिया (Stock) 1-1-07	2,200	
किराया (Rent)	480	
ईंधन व्यय (Fuel Expenses)	720	
देय बिल (Bills Payable)		2,590
अप्राप्य ऋण (Bed Debts)	250	
ढुलाई (Carriage)	140	
वेतन (Salary)	800	
विविध देनदार (Sundry Debtors)	3,600	
	28,890	28,890

निम्नलिखित समायोजना भी कीजिए -

(1) 31 दिसम्बर, 2007 को अन्तिम रहतिया 390 रु. था।

(2) कलों तथा यन्त्रों पर 10 प्रतिशत मूल्य ह्रास करना है।

(3) पूँजी पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज देना है।

(4) मरम्मत पर 1,000 रु. देना बाकी है।

[**Ans.** - सकल हानि 1,270 रु., शुद्ध हानि 4,800 रु. चिट्ठे का योग 9,240 रु.।]

Q. 3. 31 दिसम्बर, 2007 को ब्राऊन की पुस्तकों में निम्न बाकियाँ थीं -

	डेबिट रुपए		क्रेडिट रुपए
रहतिया (1 जनवरी 2007)	4,000	पूँजी	15,000
क्रय	17,000	विक्रय	24,500
विक्रय-वापसी	160	विविध लेनदार	2,500
विविध देनदार	3,500		
भवन	4,500		
मशीनें	3,500		
फर्नीचर	1,700		
प्राप्य बिल	2,500		
वेतन	1,500		
मजदूरी	900	कमीशन	150
टैक्स	300	क्रय-वापसी	250
बीमा	200		
सामान्य व्यय	500		
गाड़ी भाड़ा (क्रय पर)	400		
अशोध्य ऋण	400		
रेल-भाड़ा	300		
बट्टा	140		
रोकड़ हाथ में	600		
रोकड़ बैंक में	300		
	42,400		42,400

31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक खाता व लाभ-हानि तथा इसी तिथि पर आर्थिक चिट्ठा निम्न समायोजनाओं के साथ बनाइए -

(क) 31 दिसम्बर, 2007 को अन्तिम रहतिया का मूल्य 8,000 रु. था।

(ख) मशीनों पर 10% तथा भवन पर 5% मूल्य ह्रास करना है।

(ग) अदत्त व्यय - वेतन 100 रु. तथा मजदूरी 100 रु.।

(घ) विविध देनदारों पर 5% अशोध्य तथा संदिग्ध ऋण के लिए सचय करना है।

[**Ans.** - Gross Profit Rs. 9,890; Net Profit 6,150; Total of B/S Rs. 23,850]

Q. 4. श्री मुकेश के निम्नलिखित तलपट से 30 जून, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक खाता, लाभ-हानि खाता तथा इसी तिथि को आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए -

	नाम (Debit) रुपये		**जमा** (Credit) रुपये
रोकड़ हाथ में (Cash in Hand)	2,500	पूंजी (Capital)	61,500
देनदार (Debtors)	20,000	विक्रय (Sales)	1,25,000

क्रय (Purchases)	50,000	लेनदार (Creditors)	25,000
स्टॉक आरम्भ में (Opening Stock)	75,000	विनियोग से आय	250
भवन (Building)	40,000	अशोध्य ऋण संचिति	
आन्तरिक ढुलाई (Carriage Inward)	250	(Reserve for Bad Debts)	1,250
विनियोग (Investment)	5,000	बैंक अधिविकर्ष (Bank Overdraft)	2,500
भाड़ा एवं कर (Rent and Tax)	500		
विज्ञापन (Advertisement)	125		
निर्गत वाहन व्यय (Carriage Outward)	100		
फिक्चर्स एण्ड फिटिंग्स (Fixture & Fittings)	1,000		
अशोध्य ऋण (Bad Debts)	900		
ख्याति (Goodwill)	20,000		
ब्याज (Interest)	125		
	2,15,500		2,15,500

अन्तिम खाते बनाने से पूर्व निम्न समायोजनाएँ आवश्यक हैं -

(1) अन्तिम रहतिये का मूल्य 50,000 रु. था।

(2) भाड़ा और कर के 100 रु. अदत्त हैं।

(3) विज्ञापन के 50 रु. पूर्वदत्त है।

(4) भवन और फिक्चर्स व फिटिंग्स पर 5 % की दर से ह्रास लगाना है।

(5) देनदारों पर 5 % की दर से अशोध्य ऋण संचिति कीजिए।

(6) पूँजी पर 5 % वार्षिक ब्याज लगाइए।

[**Ans.** - सकल लाभ 49,750 रु., शुद्ध लाभ 43,325 रु., चिट्ठे का योग 1,35,500 रु.]

Q. 5. From the following Trial Balance of Shri S. P. Jajoo, prepare Trading, Profit & Loss a/c for the year ended 31st December, 2007 & a Balance Sheet as on that date.

(श्री एस. पी. जाजू के निम्नलिखित तलपट से 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष का व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता तथा उक्त तिथि का चिट्ठा बनाइए।)

	Rs.		Rs.		Rs.
Opening Stock	16,000	Building	24,000	Debtors	17,000
Machinery	10,000	Drawing	4,000	Purchases	90,000
Insurance	1,500	Trade Expenses	3,600	Salaries	8,200
Sales Return	600	Carriage	1,250	Bad Debts	300
Bills Receivables	4,500	Cash	1,400	Bank Loan	4,400
Capital	32,000	Creditors	11,600	Discount (Cr.)	400
Sales	1,30,000	Purchases Returns	800	Commission (Dr.)	750
Reserve for Bad and Doubtful Debts	400	Bills Payable	2,000		

निम्नलिखित समायोजन (Adjustment) भी कीजिए।

(a) Closing Stock Rs. 12,000 (अन्तिम स्कन्ध 12,000 रु.)

(b) Interest on Capital is to be allowed @ p.a. (पूँजी पर 5% वार्षिक ब्याज लगाना है।)

(c) Prepaid Insurance Rs. 150. Unpaid Salary Rs. 800 (पूर्वदत्त बीमा 150, अदत्त वेतन 800 रु.)

(d) Depreciate on Building @ 2% and Machinery @ 10% (भवन पर 2% तथा मशीनरी पर 10% ह्रास लगाइये।)

(e) Reserve 5% on Debtors for Bad & Doubtful Debts. (अशोध्य ऋण के लिए देनदारों पर 5% संचिति बनाइए।)

(f) Commission amounting to Rs. 200 is yet to be received. (200 रु. कमीशन अभी प्राप्त होना है।)

[**Ans.** - Gross Profit Rs. 34,950, Net Profit Rs. 18,520, Balance Sheet Rs. 66,920]

(**Hints** - Reserve for Bad & Doubtful Debts debited to P. & L. a/c Rs. 750 on 31-12-07 Rs. 850.)

NOTES

1.13 सारांश

लेखांकन कार्य करने के उपरान्त भी अन्तिम खाते बनाते समय जो व्यवहार लिखने से रह गये है और अपूर्ण है उन व्यवहारों को ध्यान में रखते हुये उनका समायोजन किया जाता है।

अदत्त व्यय, पूर्वदत्त व्यय, ह्रास, अन्तिम स्कन्ध, उपार्जित और अनुपार्जित आय सकरण व पूँजी पर ब्याज इत्यादि प्रमुख समायोजन है।

- जिन देनदारों से भुगतान देने की सम्भावना नहीं रहती या कम होती है उसे अशोध्य ऋण कहते हैं। अशोध्यकरण और अशोध्य ऋण पर प्रावधान व्यवसाय के लिये हानि होता है।
- जो देनदार निश्चित समय से पूर्व भुगतान कर देते है उन्हे कटौती दी जाती है जो व्यवसाय की हानि होती है। और जब लेनदारों से पहले भुगतान करते समय बट्टा प्राप्त होता है वह व्यवसाय का लाभ होता है।
- व्यवसाय के प्रबन्धक को वेतन के अतिरिक्त लाभ पर आधारित कमीशन दिया जाता है जो लाभ हानि खाते मे डेबिट और दायित्व पक्ष में सम्पत्ति में दिखाते है।

1.14 शब्दावली

समायोजन, अदत्त व्यय, पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित आय, अनुपार्जित आय, ह्रास

●●●

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

ACCOUNTS/2028-1.PM5 FIRST PROOF DATE : 29.10.2014 (RAJ\AKS)

NOTES

अध्याय–2 बैंक समाधान विवरण
[BANK RECONCILIATION STATEMENT]

इकाई की रूपरेखा

2.0 उद्देश्य

2.1 प्रस्तावना

2.2 बैंक समाधान विवरण से आशय

2.3 रोकड़ बही के बैंक शेष और पास बुक के बैंक शेष में अन्तर के कारण

2.4 बैंक समाधान विवरण तैयार करने की विधियाँ

2.5 सारांश

2.6 शब्दावली

2.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के उपरान्त आप इस योग्य हो जायेंगे -

1. बैंक समाधान विवरण से आशय बता सकेंगे
2. रोकड़ बही के बैंक खाते और पास बुक के शेषों में अन्तर के कारणों को समझा सकेंगे।
3. बैंक समाधान विवरण तैयार कर सकेंगे।

2.1 प्रस्तावना

बैंक की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रायः प्रत्येक व्यापारी बैंक मे अपना हिसाब रखता है। जब वह बैंक के चालू खाते में रुपये जमा करता है तो वह अपनी रोकड़ बही मे इस रकम को बैंक के डेबिट लिख देता है तथा इसी प्रकार जब वह बैंक से रुपया निकालता है तो इस रकम को बैंक खाते में क्रेडिट कर देता है। बैंक भी अपने यहाँ प्रत्येक ग्राहक के लिए अलग-अलग खाता रखता है जिसे रकम जमा करने पर ग्राहक के खाते मे इस रकम को क्रेडिट करता है तथा ग्राहक द्वारा रुपया निकालने की दशा में इस रकम को डेबिट लिखता है। ग्राहक के खाते की एक नकल पास बुक के रूप मे बैंक अपने ग्राहक को देता है। ग्राहक तथा बैंक मे देनदार व लेनदार का सम्बन्ध होता है। अतः ग्राहक के बैंक खाते या रोकड़ बही के बैंक स्तम्भ का डेबिट शेष पास बुक का क्रेडिट शेष होता है। तथा बैंक खाते या रोकड़ बही के बैंक स्तम्भ का क्रेडिट शेष पास बुक का डेबिट शेष होता है। यदि रोकड़ बही के समस्त लेन-देन ठीक उसी दिन पास बुक में लिख दिये जाये तो रोकड़ बही व पास बुक के शेष मेल खायेंगे। परन्तु व्यवहार में यह देखा गया है कि कई बार रोकड़ बही का शेष पास बुक के शेष से नही मिलता। इसका कारण यह है कि कुछ लेन-देन रोकड़ बही मे लिख दिये जाते हैं परन्तु पास बुक में किसी एक तिथि तक उनकी प्रविष्टि नही की जाती है और इसी प्रकार कुछ लेन-देन पास बुक मे तो लिख लिये जाते है परन्तु किसी कारण से रोकड़ बही में उनका लेखा नहीं हो पाता। अतः ग्राहक को चाहिये कि समय-समय पर अपनी पास बुक से रोकड़ बही के बैंक खाते का मिलान कर ले तथा जो प्रविष्टियाँ नही की गई है उन्हें पूरा करके दोनों के शेष को मिला ले। जब पास बुक तथा रोकड़ बही के शेषों का मिलान नहीं होता है तो इसकी जाँच करने के लिए एक विवरण तैयार किया जाता है जिसे बैंक समाधान विवरण कहते है।

2.2 बैंक समाधान विवरण से आशय

''बैंक समाधान विवरण' वह विवरण है जो कि ग्राहक द्वारा किसी निश्चित तिथि पर अपनी रोकड़ बही के बैंक शेष तथा पास बुक के शेष का मिलान करने के उद्देश्य से बनाया जाता है।''

2.3 रोकड़ बही के बैंक शेष तथा पास बुक के शेष में अन्तर के कारण

NOTES

1. व्यापारी द्वारा लिखे गये चैकों को भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किया जाना—व्यापारी दूसरे व्यक्ति को चैक द्वारा भुगतान करते समय अपनी रोकड़ बही में उसकी प्रविष्टि कर लेता है जिससे बैंक की जमा राशि उसके यहाँ कम हो जाती है परन्तु बैंक जब तक उस चैक का भुगतान नहीं कर देता तब तक पास बुक में उसकी प्रविष्टि नहीं करता है। अतः दोनों के शेष भिन्न होते हैं।

2. प्राप्त चैकों का संग्रह हेतु बैंक में जमा कराना परन्तु बैंक द्वारा जमा नहीं दिया जाना—जब व्यापारी कोई चैक, बिल तथा हुण्डियाँ बैंक में संग्रह करने के लिए भेजता है तो वह तुरन्त रोकड़ बही में बैंक के खाते में नाम लिख देता है। परन्तु बैंक उस समय तक ग्राहक के खाते को जमा नहीं करता जब तक वह इन चैक व बिल आदि का रुपया वसूल नहीं कर लेता। अतः पास बुक का शेष रोकड़ से भिन्न होगा।

3. बैंक द्वारा किये गये खर्चे तथा लिया गया ब्याज—बैंक का ब्याज, बैंक कमीशन तथा खर्च, आदि पास बुक में लिख दिये हों परन्तु हमें सूचना नहीं होने के कारण इनका लेखा रोकड़ मे नही हुआ हो।

4. स्थायी-आदेश के अनुसार बैंक द्वारा किये गये भुगतान—बैंक ने हमारे स्थायी आदेश के अनुसार बीमे की किस्त, क्लब का चन्दा तथा रेडियो लाइसेंस शुल्क, इत्यादि का भुगतान किया हो परन्तु सूचना के अभाव में हमने रोकड़ बही में इनका लेखा नहीं किया हो।

5. ग्राहकों द्वारा सीधा बैंक को भुगतान किया जाना—कभी-कभी ग्राहक हमें भुगतान न करके सीधे हमारे बैंक खाते में रकम जमा करा देते हैं। ऐसी रकमें पास बुक मे जमा हो जाती है परन्तु रोकड़ बही में उनका लेखा नही मिलता।

6. बैंक द्वारा दिया गया ब्याज—बैंक द्वारा ग्राहक की जमा राशि पर दिया गया ब्याज रोकड़ बही मे नही लिखा गया हो।

7. संग्रह के लिये लिखे गये चैक आदि को संग्रह के लिए नहीं भेजना—चैक, बिल ड्राफ्ट तथा हुण्डी आदि रोकड़ बही में संग्रह के लिए भेजते समय लिख लिये गए हों परन्तु उनको गलती से बैंक भेजना भूल गये हों।

8. ब्याज तथा लाभाँश आदि सीधे बैंक द्वारा वसूल किया जाना—बैंक ने हमारे स्थायी आदेश के अनुसार प्रतिभूतियों पर ब्याज तथा लाभांश वसूल किया हो तथा पास बुक में लिख लिया हो परन्तु हमे सूचना न मिलने के कारण इन रकमों को हमने रोकड़ मे नही लिखा हो।

9. बैंक के भुगतान पर तथा अनादृत हो जाने पर—बैंक से भुनाए गए बिल की पूरी रकम रोकड़ में लिख दी गई हो तथा पास बुक में कुल रकम में से बट्टा काट कर लेखा किया गया हो या बाद मे बिल अनादृत हो गया हो।

10. गलत प्रविष्टि होने पर—पास बुक अथवा रोकड़ बही में किसी सौदे की गलत प्रविष्टि हो गई हो।

उपर्युक्त कारणों को ध्यान मे रखकर बैंक समाधान विवरण द्वारा पास बुक व रोकड़ के बैंक शेषों का एक निश्चित तिथि को मिलान किया जाता है।

2.4 बैंक समाधान विवरण तैयार करने की विधियाँ
(Methods of preparing a Bank Reconciliation Statement)

बैंक समाधान विवरण बनाने की कई विधियाँ प्रचलित है। कई बार बैंक समाधान विवरण बनाने के पूर्व रोकड़ बही के बैंक शेष को सही किया जाता है। परन्तु परीक्षा की दृष्टि से निम्न दो विधियाँ अधिक सरल प्रतीत होती है—

A. रोकड़ बही के शेषों से बैंक समाधान विवरण बनाना—रोकड़ बही के शेष की सहायता से बैंक समाधान विवरण बनाते समय निम्न बातें स्मरणीय है—

(i) **रोकड़ बही में बैंक खाते का डेबिट शेष** (Dr Balance) **होने पर**

सर्वप्रथम रोकड़ बही के बैंक खाते के डेबिट शेष को लिखिये। अब इस शेष में जोड़िये।

NOTES

1. उन समस्त चैकों की राशि को जो हमने ऋणदाताओं को दिये है परन्तु उन्होंने अभी तक चैक भुगतान के लिये बैंक में प्रस्तुत नहीं किये है।

   (Add Cheques issued but not presented for payment)

2. बैंक द्वारा हमारी जमा रकम पर दिये गये ब्याज की रकम को क्योंकि यह ब्याज पास बुक में जमा कर दिया है।

   (Add interest allowed by Bank)

3. बैंक द्वारा हमारे विनियोगों पर प्राप्त की गई लाभांश व ब्याज की राशि को।

   (Add Interest and dividend received by the Bank)

4. ग्राहकों द्वारा सीधी हमारे बैंक खाते में जमा कराई गई राशि को।

   (Add amount deposited directly into the Bank by our Customers)

उपरोक्त के योग में से निम्न को घटाइये—

1. उन सब चैक तथा हुण्डियों की धनराशि को जो हमने बैंक मे संग्रह के लिये जमा किये है परन्तु बैंक ने अभी तक उनका संग्रह करके खाते में जमा नहीं किया है।

   (Less Cheques deposited into the bank but not collected)

2. बैंक द्वारा अपनी सेवाओं के लिये ली गई शुल्क (Bank Charges) तथा अधिविकर्ष पर बैंक द्वारा लिये गये ब्याज की राशि को।

   (Less Bank Charges and Interest on Bank overdraft)

3. बैंक द्वारा हमारी ओर से किये गये भुगतानो (बीमा प्रीमियम, लाइसेंस शुल्क, चन्दा आदि) को जो रोकड़ बही में नहीं लिखे गये है।

   (Less amounts paid direct by the bank and not entered in the Cash Book)

4. उन बिल, चैक तथा हुण्डियो की रकम को जो बैंक में संग्रह करने के लिये भेजे गये थे परन्तु अनादृत (Dishonour) हो गये।

   (Less amount of Cheques. Bills and Hundies deposited into bank but dishonoured)

संक्षेप में विद्यार्थियो को रोकड़ बही के शेष से बैंक समाधान विवरण बनाते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि जो रकम पास बुक में जमा है, उसे रोकड़ बही में भी जोड़ दे तथा जो पास बुक में नहीं है उस रकम को रोकड़ बही में से भी कम कर दें। ऐसा करने से रोकड़ व पास बुक का शेष मिल जावेगा।

(ii) **रोकड़ बही मे बैंक का क्रेडिट शेष (Overdraft) होने पर—**

सर्वप्रथम रोकड़ बही मे बैंक के क्रेडिट शेष को लिखो तथा इसमें निम्न प्रकार से विभिन्न रकमों को जोड़ो—

1. ऐसे जमा किए हुए चैक, ड्राफ्ट, बिल तथा हुण्डियों की रकम को जो संग्रह हेतु बैंक को भेजे गये है परन्तु एकत्रित करके हमारे खाते मे अभी तक जमा नहीं की है।

2. बैंक शुल्क तथा स्थायी आदेश के अन्तर्गत चुकाये गये खर्चों की राशि को।

3. बैंक द्वारा अधिविकर्ष पर लिये जाने वाले ब्याज की राशि को। इससे अधिविकर्ष की राशि बढ़ती है।

4. बैंक में संग्रह के लिये जमा कराये गये ऐसे बिल, चैक तथा हुण्डियो की राशि को जो अनादृत हो गये है।

अब उपरोक्त के जोड़ में से निम्न को घटाइये—

1. उन समस्त चैकों की राशि को जो हमने ऋणदाताओं को दिए है परन्तु उन्होंने अभी तक इन्हे भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत नहीं किया है।

2. बैंक द्वारा दिये गए ब्याज तथा बैंक द्वारा हमारी ओर से प्राप्त की गई लाभांश तथा ब्याज की राशि को।

3. हमारे ग्राहकों द्वारा बैंको मे सीधे जमा कराई गई रकम को। ऐसी जमा से अधिविकर्ष कम होता है।

इस सम्बन्ध मे विद्यार्थियों को चाहिये कि डेबिट शेष से सम्बन्धित नियमों को याद कर ले। जब रोकड़ बही के बैंक खाते मे क्रेडिट शेष (Overdraft) हो तो डेबिट शेष की दशा में जो धनराशि जोड़ी जाती है उसे घटा दे तथा जो धनराशि घटाई जाती है उसे क्रेडिट शेष की दशा मे जोड दे। चार-पाँच क्रियात्मक प्रश्न करने पर ये नियम स्वतः ही याद हो जाते है।

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए रोकड़ बही तथा पास बुक के शेष से बैंक समाधान विवरण बनाते समय जोड़े तथा घटाये जाने वाली विभिन्न मदों को निम्न चार्ट में एक दृष्टि में प्रदर्शित किया गया है।

S. No.	Items for which adjustments are to be made	In case of 1. Cash Book Dr. Balance 2. Pass Book Dr. Balance (overdarft)	In case of 1. Cash Book Cr. Balance (overdraft) 2. Pass Book Cr. Balance
1.	Cheques issued but not presented for payment	Add	Less
2.	Amount directly deposited by a customer in trader's account but not yet entered in cash Book	Add	Less
3.	Interest allowed by Bank not entered in Cash Book	Add	Less
4.	Interest and dividend on securities collected by Bank but not entered is Cash Book	Add	Less
5.	Amount received by Bank from customer, wrongly deposited in this Account instead of Account No. 2	Add	Less
6.	Any wrong entry on credit side of the Pass Book	Add	Less
7	Cheques, Bills, Hundies deposited into Bank for collection but not yet collected	Less	Add
8.	Interest charged by Bank on overdraft	Less	Add
9.	Bank charges	Less	Add
10.	Payment made by Bank under standing order i.e. Insurance premium Radio licence fee, Gun licence fee and Club's Subscription etc.	Less	Add
11.	Cheques and Bills deposited into Bank but dishonoured	Less	Add
12.	Cheques entered in Cash Book but forgot to send into Bank	Less	Add
13.	Amount wrongly deposited by Bank in this account instead Account No 2.	Less	Add
14.	Dishonour of a bill discounted with the Bank (Amount of the Bill plus Noting and other charges)	Less	Add
15.	Any wrong entry on debit side of the Pass Book	Less	Add

उदाहरण : 1 निम्नलिखित विवरण से 31 जनवरी 2007 को एक बैंक समाधान विवरण बनाइये—

1 रोकड़ बही का डेबिट शेष 5,000 रु

2 प्रेम बिहारी को 1,780 रु का चैक दिया परन्तु वह अभी तक भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत नहीं किया गया।

3 बैंक में 2,460 रु. के चैक संग्रह के लिए जमा कराये परन्तु अभी तक उनका रुपया संग्रहित नहीं हुआ।

4 बैंक द्वारा दिया गया ब्याज 50 रु ।

5 बैंक ने हमारे स्थायी आदेश के अन्तर्गत 700 रु का बीमा प्रीमियम चुकाया जिसकी हमें कोई सूचना नहीं मिली।

6 बैंक शुल्क 30 रु ।

Example : 1 Prepare a Bank Reconciliation Statement from the following particulars as on 31st January, 2007

		Rs.
1	Debit Balance as per Cash Book	5,000
2.	Cheques issued to Prem Behari Gupta but not	1,780

NOTES

	presented for payment to the Bank	
3.	Cheques deposited into Bank for collection but not yet collected by the Bank	2,460
4.	Interest allowed by Bank	50
5.	Bank paid Insurance Premium as per out standing order but no information was given to us	700
6.	Bank charges	30

Solution :

I Method **Bank Reconciliation Statement**
As on 31 st Jan., 2007

Particulars	Details Rs.	Total Amount Rs.
Balance as per Cash Book (Dr.)		5,000
Add—		
(i) Cheques issued to Prem Behari but not yet presented for payment	1,780	
(ii) Interest allowed by the Bank	50	1,830
		6,830
Less—		
(i) Cheques deposited into Bank but not yet collected	2,460	
(ii) Insurance Premium paid by the bank under out standing orders	700	
(iii) Bank Charges	30	3,190
Balance as per Pass Book		**3,640**

II Method **Bank Reconciliation Statement**
As on 31 st Jan., 2007

Particulars	Plus (+) Items Rs.	Minus (–) Items Rs.
Balance as per Cash Book	5,000	
Add cheques issued but not presented	1,780	
Less Cheques deposited but not collected		2,460
Add Interest Allowed by the Bank	50	
Less Insurance Premium paid by Bank		700
Less Bank Charges		30
	6,830	**3,190**
Balance as per Pass Book	3,640	

वैकल्पिक विधि—सुविधा की दृष्टि से समाधान विवरण में राशि के लिए दो स्तम्भ बना लेने चाहिये एक में धनात्मक (+) चिन्ह तथा दूसरे में ऋणात्मक (–) चिन्ह लगाना चाहिये। रोकड़ बही का डेबिट शेष या पास बुक का क्रेडिट शेष होने पर यह राशि धनात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ में लिख देनी चाहिये तथा रोकड़ बही का क्रेडिट शेष या पास बुक का डेबिट शेष (अधिविकर्ष) होने की अवस्था में शेष की राशि ऋणात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ में लिख देनी चाहिए। इसके बाद निम्न तथ्यों को जोड़ना तथा घटाना चाहिये—

1. रोकड़ बही का शेष दिये जाने की अवस्था में—

जैसा कि ऊपर लिखा गया है, सर्वप्रथम रोकड़ बही के शेष को उसकी प्रकृति के अनुसार धनात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ में (यदि यह नाम शेष है) या ऋणात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ मे (यदि यह जमा शेष है) दिखाना चाहिए। तत्पश्चात् आगे की क्रिया इस प्रकार होगी—

(अ) निम्न तथ्यों की राशि को जोड़ो अर्थात् धनात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ में लिखिए—

(क) उन सभी चैकों की राशि को जो ऋणदाताओं को दिये हैं परन्तु जो उन्होंने अभी तक भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत नहीं किये।

(ख) बैंक द्वारा दिया गया ब्याज जिसका लेखा रोकड़ बही में नहीं किया गया है यद्यपि पास बुक में किया जा चुका है।

(ग) ग्राहकों द्वारा हमारे खाते में जमा कराई गई राशि जिसका लेखा रोकड़ बही में नहीं किया गया है।

(घ) विनियोगों व ऋणों पर बैको द्वारा वसूल लाभांश व ब्याज की राशि जिसका लेखा रोकड़ बही में नही किया गया है।

(ब) निम्न तथ्यों से सम्बन्धित राशि को कम करो अर्थात् ऋणात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ में लिखिये—

(च) उन समस्त चैकों, बिलों तथा हुण्डियों की राशि को जो बैंक में संग्रह के लिए भेजे हों परन्तु जिनका संग्रह नही किया जा सका हो।

(छ) बैंक द्वारा अधिविकर्ष पर लिया गया ब्याज तथा अपनी सेवाओ के फलस्वरूप लिये गये शुल्क (Bank charges) की राशि जिसका लेखा पास बुक में कर दिया गया हो परन्तु रोकड बही में नही किया गया हो।

(ज) हमारे स्थायी निर्देश पर बैंक द्वारा किये गये भुगतानों (बीमा प्रीमियम, चन्दा, लाइसेंस शुल्क, आदि) की राशि जिसका लेखा रोकड़ बही में नहीं किया गया हो।

(झ) उन बिल, चैक तथा हुण्डियों की राशि को जो बैंक मे संग्रह हेतु भेजे गये थे, परन्तु अनादृत होने पर रोकड़ बही में लेखा नही किया गया।

उपरोक्त मदों को जोड़ने तथा घटाने के पश्चात् जो निष्कर्ष रहेगा, वही पास बुक का शेष होगा। ऐसी धनात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ का योग ऋणात्मक चिन्ह वाले स्तम्भ के योग से अधिक आता है, तो पास बुक का जमा शेष रहेगा। विपरीत दशा में यह शेष अधिविकर्ष अर्थात् नाम शेष रहेगा।

2. कभी रोकड़ बही के बैंक स्तम्भ का शेष नही दिया जाकर पास बुक का शेष दिया जाता है। ऐसी स्थिति मे भी प्रश्न को हल करने की प्रक्रिया मे विशेष अन्तर नहो आयेगा। यहाँ भी दो स्तम्भ बनाना श्रेयस्कर तथा सुविधाजनक होगा, एक धनात्मक चिन्ह (+) का तथा दूसरा ऋणात्मक (-) चिन्ह का। विशेष स्मरण योग्य बात यह है कि रोकड़ बही का शेष दिये जाने पर जिन तथ्यों से सम्बन्धित राशि को हम उपरोक्त लिखे अनुसार जोड़ते है, उन्हें अब पास बुक का शेष देने पर घटायेंगे तथा जिन्हे घटाते है, उन्हे अब जोड़ेंगे। अर्थात् प्रक्रिया विपरीत हो जायेगी।

वैकल्पिक विधि में प्रश्न हल करते समय निम्न सारणी द्वारा प्रविष्टियाँ करना सरल हो जाता है—

	दिया हुआ शेष (Given Balance)	Cash Book Dr. Balance	Pass Book Cr. Balance	Cash Book Cr. Balance	Pass Book Dr. Balance
	मालूम करना है (To find out)	Pass Book Balance	Cash Book Balance	Pass Book Balance	Cash Book Balance
1	Cheques issued but not presented for payment	+	–	–	–
2	Cheques, Bills, Hundies etc. deposited into Bank but not yet collected	–			
3	Interest allowed by Bank	+			+

4.	Collection of Dividend by Bank	+	–	–	+
5.	Bank Charges	–	+	+	–
6.	Direct payments by Bank	–	+	+	–
7.	Dishonoured Cheques or Bills	–	+	+	–
8.	Interest charged by Bank on overdraft	–	+	+	–

NOTES

उदाहरण : 2 निम्नलिखित विवरण से बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिये—

1. 31 दिसम्बर, 2007 को रोकड़ वही के अनुसार वैंक का शेष 3,200 रु.
2. 31 दिसम्बर, 2007 को पास बुक का शेष 4,144 रु.
3. चैक जो लिखे गये परन्तु भुगतान के लिए प्रस्तुत नही किये गए, 1,780 रु.
4. चैक जो बैंक में जमा किये गये परन्तु जिनकी वसूली न हो सकी 860 रु.
5. बैंक ने ब्याज दिया 34 रु
6. बैंक शुल्क 10 रु.

Prepare a Bank Reconciliation Statement from the following particulars

1. Bank Balance on 31st December, 2007 as per Cash Book Rs. 3,200
2. Balance on 31st December, 2007 as per Pass Book Rs. 4,144
3. Cheques issued but not presented for payments Rs.; 1,780
4. Cheques deposited but not collected Rs. 860
5. Interest alowed by Bank Rs. 34
6. Bank Charges Rs. 10

Solution :

Bank Reconciliation Statement

As on 31st December, 2007

	Rs.	Rs.
Balance as per Cash Book		3,200
Add-Cheques issued but not presented for payments	1,780	
Add-Interest allowed by Bank	34	1,814
		5,014
Less Cheques deposited but not yet collected by Bank	860	
Less Bank Charges	10	870
Balance as per Pass Book		**4,144**

उदाहरण : 3 31 जनवरी, 2006 को मेरी रोकड़ में 4,935 रु. का बैंक अधिविकर्ष है। जाँच करने पर निम्न बातें ज्ञात हुई—

1 340 रु. के चैक बैंक में 27 जनवरी को भेजे गये जिसमें से 130 रु. के चैक खाते में 3 फरवरी को जमा किये और 25 रु. का एक चैक 4 फरवरी को अनादृत होकर वापस आया।

2 जनवरी के माह में मैंने 670 रु. के चैक लिखे जिसमें से 370 रु. के चैक खाते में 5 फरवरी को भुगतान के लिए प्रस्तुत किये गये और एक आदेश चैक 75 रु. का शर्मा एण्ड कम्पनी ने 1 फरवरी को लौटा दिया जिसके बदले में उन्हें एक वाहक चैक दे दिया गया।

3 बैंक ने मेरे स्थायी आदेशानुसार बीमा प्रीमियम 108 रु. जनवरी में चुकाई।

4 बैंक ने 15 रु. मेरे खाते में रिगल कॉटन मिल्स लि. से लाभांश वसूल किया और 80 रु. 4% सरकारी ऋण पर ब्याज के वसूल किये थे

5 बैंक ने गलती से 50 रु. मेरे खाते में जमा कर दिये जो मैंने खाता नं. 2 में जमा किये थे।

6. एक 30 रु. का बिल जो मैंने बैंक से 1 दिसम्बर, 2005 में भुना लिया था, 31 जनवरी, 2006 को अनादृत हो गया।

31 जनवरी, 2006 को बैंक समाधान विवरण बनाइये।

On 31st January, 2006 my Cash Book showed a bank overdraft of Rs. 4,935. On comparing it with the Pass Book the following differences were noted—

NOTES

1. Cheques amounting to Rs. 340 were sent to Bank on 27th January, but cheques worth Rs. 130 were credited on 3rd Feb. and one cheque for Rs. 25 was returned by them as dishonoured on 4th February.
2. During the month of January, I issued cheques worth Rs. 670 to my creditors. Out of these, cheques with Rs. 370 were presented for payment on 5th February and an order cheque for Rs. 75 given to Sharma & Co. was returned by them on 1st February and a bearer one was issued to them in exchange,
3. According to my standing orders the Bankers have paid Life Insurance Premium during the month of Junuary.
4. My Bankers have collected Rs. 15 as dividend on the shares of Birla Cotton Mills Ltd. and Rs. 80 as Interest on 4% Govt Loan.
5. My Bankers have given me a wrong credit for Rs. 50 paid in by me in my Account No. 2.
6. A Bill Receivable for Rs. 30 discounted with Bank on 1st Dec., 2005 has been dishonoured on 31st January, 2006.

Prepare a Bank Reconciliation Statement as on 31st January, 2006

Solution :

Bank Recociliation Statement as on 31st Jan. 2006

Particulars	Amount Rs.	Amount Rs.
Overdraft as per Cash Book		4,935
Add— Cheques deposited but not cleared	130	
Cheques deposited but returned as dishonoured	25	
Life Insurance Premium paid	108	
	30	293
Less Cheques deposited but not collected		**5,228**
Less— Cheques issued but not presented	370	
Cheques issued in Jan. but exchanged in February	75	
Dividend collected	15	
Interest collected	80	
Amount deposited in Account No 2 wrongly credited in this a/c	50	
	590	
Debit Balance (Overdraft) as per Pass Book		**4,638**

B. **पास बुक के शेष से बैंक समाधान विवरण बनाना—**

बैंक समाधान विवरण पास बुक के शेष से बनाया जा सकता है। इसके लिए निम्न क्रिया की जाती है—

जब पास बुक का जमा शेष हो तो निम्न में सम्बन्धित धनराशि को घटाओ—

1. उन चैकों की धन राशि जो ग्राहकों को लिखकर दिये है, परन्तु अभी तक भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत नहीं किये है।
2. बैंक द्वारा जमा राशि पर दिये गये ब्याज की रकम।
3. स्थायी आदेश के अन्तर्गत बैंक द्वारा एकत्रित की गई लाभ तथा ब्याज की राशि।
4. ग्राहक द्वारा सीधी बैंक में हमारे खाते में जमा कराई गई धनराशि।

NOTES

निम्न रकम को जोड़िये—

5. उन चैक, ड्राफ्ट, बिल आदि की राशि जो बैंक में संग्रह के लिए जमा कराये गये हों परन्तु अभी तक संग्रह नहीं किये गये हों।
6. ऐसे चैक तथा बिल की राशि जो बैंक में जमा कराये गये परन्तु अनादृत हो गये और रोकड़ बही में उनकी कोई प्रविष्टि नहीं हुई हो।
7. बैंक द्वारा लिए गए बैंक शुल्क व अधिविकर्ष पर ब्याज की धनराशि।

जब पास बुक का नाम शेष या अधिविकर्ष हो—

पास बुक का शेष जब नाम का अथवा अधिविकर्ष हो तो उपर्युक्त वर्णित क्रम संख्या 1 से 4 तक की राशि घटाने के स्थान पर इसमें जोड़ दो तथा क्रम संख्या 5, 6 व 7 की राशि जोड़ने के स्थान पर घटा दो। जब पास बुक से बैंक समाधान विवरण बनाया जाता है तो ऐसी राशि जो रोकड़ बही में है, इसमें भी जोड़ दो तथा जो रोकड़ बही में नहीं है, उन्हें पास बुक में से घटा देना चाहिये।

उदाहरण : 4 निम्नलिखित विवरण से एक बैंक समाधान विवरण 30 अप्रैल, 2006 को बनाइये—

1. पास बुक की जमा बाकी 950 रु.।
2. राजेश खन्ना को 25 अप्रैल, 2006 को 2,960 रु. का एक चैक दिया गया परन्तु उसने चैक मई के प्रथम सप्ताह में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया।
3. 1,790 रु. के चैक बैंक में संग्रह के लिए जमा कराये परन्तु 30 अप्रैल तक बैंक ने संग्रह करके हमारे खाते में जमा नहीं किये।
4. बैंक ने हमारे खाते को 30 रु. बैंक शुल्क से डेबिट किया जिसकी हमें कोई सूचना प्राप्त नही हुई।
5. बैंक ने हमारे खाते में 36 रु. ब्याज के जमा किए जो रोकड़ में नहीं लिखे गये।
6. बैंक ने हमारी ओर से 240 रु. अंशों का लाभांश प्राप्त करके हमारे खाते में जमा कर लिए परन्तु हमें कोई सूचना नहीं दी।

Prepare a Bank Reconciliation Statement as on 30th April, 2006 from the following particularars—

		Rs.
1.	Cr. Balance as per Pass Book	950
2.	Cheques issued to Rajesh Khanna on 25th April, 2006 but was presented for payment in the first week of May	2,960
3.	Cheques sent of Bank for collection but not credited by the bank till 30th april	1,790
4.	The Bank debited our account of Bank charges but no information received by us in this connection	30
5.	Interest credited by the Bank in our Current A/c but not entered in the Cash Book	36
6.	Dividend on shares collected by the Bank and credited in our account but no information given to us	240

Bank Reconciliation Statement
As on 30th April, 2006

Particulars	Detailed Amount Rs.	Total Amount Rs.
Credit Balance as per Cash Book		950
Add— (i) Cheques sent to Bank for collection but not yet collected.	1,790	
(ii) Bank charges debited by the Bank	30	1,820
	2,770	

Less—(i)	Cheque issued to Rajesh Khanna but not presented for payment till the end of April, 2006	2,960	
(ii)	Interest credited by the Bank	36	
(iii)	Dividend on shares collected by the Bank	240	3,236
	Credit Balance (Overdraft) as per Cash Book		466

NOTES

इसको दूसरी विधि से निम्न प्रकार से बनाया जा सकता है—

Bank Reconciliation Statement
As on 30th April, 2006

Particulars	Plus Items (+) Rs.	Minus Items (–) Rs.
Credit Balance as per Cash Book	950	
Add— Cheques deposited into Bank but not collected	1,790	
Add— Bank charges debited by the Bank	30	
Less— Cheques issued to Rajesh Khanna but not yet presented for payment		2,960
Less— Interest credited by the Bank on deposits		36
Less— Dividends collected by the Bank		240
	2,770	**3,236**
Credit Balance (Overdraft) as per Cash Book		**– 466**

उदाहरण : 5 निम्नलिखित विवरण में 30 जून, 2006 को एक बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए—

1. रोकड बही के बैंक खाते का क्रेडिट शेष 3,600 रु
2. 720 रु के चैक लिखे परन्तु अभी तक भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए।
3. 1,540 रु चैक संग्रह हेतु बैंक में जमा कराये गये परन्तु बैंक द्वारा अभी संग्रह नहीं किए गए।
4. बैंक ने शुल्क लिया 20 रु।
5. बैंक ने अधिविकर्ष पर ब्याज लिया 25 रु.।
6. एक ग्राहक ने सीधे हमारे बैंक खाते में 240 रु जमा करा दिए।
7. बैंक ने 35 रु मकान कर के हमारी ओर से चुकाये, परन्तु हमें सूचना अभी तक नहीं मिली।

Prepare a Bank Reconciliation Statement from the following particulars as on 30th June, 2006

		Rs.
1.	Credit Balance as per Bank column of Cash Book	3,600
2.	Cheques issued to creditors but not yet presented for payment	720
3.	Cheques deposited into Bank for collection but not collected by the Bank up to this time.	1,540
4.	Bank Charges	20
5.	Interest on overdraft charged by the Bank	25
6.	A customer deposited direct into our Bank Account without informing us	240
7.	Bank paid house tax on our behalf but no information received from Bank in this connection	35

NOTES

Solution :

Bank Reconciliation Statement
As on 30th June, 2006

Particulars	Detailed Amount Rs.	Total Amount Rs.
Credit Balance as per Cash Book		3,600
Add— (i) Cheques deposited into Bank not collected	1,540	
(ii) Interest on Bank overdraft charged	25	
(iii) Bank charges	20	
(iv) House Tax paid by the Bank on our behalf	35	1,620
		5,220
Less— (i) Cheques issued but not yet presented for payments	720	
(ii) Direct deposit by a customer into our Bank Account	240	960
Debit Balance (Overdraft) as per Pass Book		**4,260**

उदाहरण : 6 नीचे कुछ कारण दिए गये है जिनके कारण बैंक पास बुक का शेष रोकड़ बही के शेष से नहीं मिलता है। जिन मदों को जोड़ा जायेगा उनके आगे "A" अक्षर रखिये और यदि जिनको घटाना है तो "D" अक्षर (Deduct) रखिए।

मद	यदि हम रोकड़ बही के + शेष से प्रारम्भ करें	यदि हम पास बुक बुक के अधिविकर्ष शेष से प्रारम्भ करें
1. चैक निर्गमित किए गए परन्तु अभी तक भुगतान के लिए प्रस्तुत नही हुये।		
2. बैंक व्यय		
3. चैक बैंक मे जमा किए परन्तु अनादृत हो गए।		
4. ग्राहक की तरफ से बैंक द्वारा सीधा भुगतान किया गया।		
5. किरायेदार द्वारा दो माह का किराया सीधा बैंक मे हमारे खाते में जमा कराया गया।		
6. एक ग्राहक द्वारा सीधी राशि जमा कराई गई।		

Below are given the various reasons why the bank pass book balance does not agree with the cash book balance. Put the letter "A" against the items if it is to be add "D" (Deduct) if it is to dedacted.

Items	If we begin with Cash Book Balance with + Balance	If we begin with Pass Book Balance with overdraft
1. Cheques issued but not presented for payment		
2. Bank Charges		
3. Cheques deposited into Bank but dis-honoured		
4. Direct payment by Bank on client's behalf		
5. Rent for two months directly deposited in our Bank A/c by our tenant		
6. Amount deposited directly by a customer		

Solution :

Items	If we begin with Cash Book Balance with + Balance	If we begin with Pass Book Balance with overdraft
1. Cheques issued but not presented for payment	"A"	"A"
2. Bank Charges	"D"	"D"
3. Cheques deposited into Bank but dis-honoured	"D"	"D"
4. Direct payment by Bank on client's behalf	"D"	"D"
5. Rent for two months directly deposited in our Bank A/c by our tenant	"A"	"A"
6. Amount deposited directly by a customer.	"A"	"A"

NOTES

उदाहरण : 7 नीचे श्रीमती मधुलिका की दिसम्बर, 2005 की रोकड़ बही तथा पास बुक की नकल दी जा रही है। इनमें बैंक समाधान विवरण बनाइये।

Below are given the Cash Book and Pass Book of Mrs. Madhulika for December, 2005. Prepare a Bank Reconciliation Statement.

Cash Book (Bank Column only)

Date	Particulars	Amount Rs.	Date	Particulars	Amount Rs.
Dec.2005			Dec.2005		
Dec. 1	To Balance b/d	2,800	Dec. 4	By Best Decorators	1,300
6	" Cash	1,600	" 8	" Wages	1,800
9	" Hari Haran	1,200	" 18	" Rasik Bihari	600
16	" A. Kumar	2,300	" 20	" Sharma & Sons	1,500
19	" Sharma Bros.	800	" 25	" Cash	1,000
22	" Cash	3,200	"26	Hari Haran (cheque dishonoured)	1,200
			" 30	" Gupta's & Jain's	800
			" 31	" Balance c/d	3,700
2006		**11,900**			**11,900**
Jan. 1	To Balance b/d	3,700			

PASS BOOK

Date	Particulars	Amount withdrawan	Amount deposited	Dr. or Cr.	Balance
Dec. 2005		Rs.	Rs.		Rs.
Dec. 1	By Balance	—	—	Cr	2,800
" 6	By Cash	—	1,600	Cr	4,400
" 8	To Selves	1,800	—	Cr	2,600
" 10	To Best Decorators	1,300	—	Cr	1,300
" 18	By A. Kumar		2,300	Cr	3,600
" 22	By Cash	—	3,200	Cr	6,800
" 24	To Sharma & Sons	1,500	—	Cr	5,300
" 25	To Cash	1,000		Cr.	4,300
" 30	To Bank Charges	10		Cr	4,290
" "	To Life Insurance	600		Cr	3,690
" 31	By Rent Collected	—	700	Cr	4,390

NOTES

Solution :

Bank Reconciliation Statement

As on 31st December, 2005

			Rs.
	Balance as per Cash Book		3,700
Add—	1. Cheques issued not presented for payment		
	a. Rasik Bihari	600	
	b. Gupta's & Jain's	800	1,400
	2. Rent collected by Bank not entered in Cash Book		700
			5,800
Less—	1. Cheque of Sharma Bros. sent for collection, not yet collected	800	
	2. Bank Charges	10	
	3. Insurance premium paid by Bank not entered in Cash Book	600	1,410
	Balance as per Pass Book		**4,390**

उदाहरण : 8

लक्ष्मीकान्त प्यारेलाल का 31 अक्टूबर, 2006 को पास बुक में 28,000 रु. का क्रेडिट शेष था। रोकड़ वही से मिलान करने पर निम्न तथ्य सामने आये—

1. 35,000 रु. के चैक गायक-कलाकारों को लिखे गये जिनकी प्रविष्टि रोकड़ वही में की गई परन्तु भुगतान हेतु बैंक को प्रस्तुत नहीं किये गये।
2. 24,000 रु. के चैक प्राप्त हुये जिन्हें रोकड बही में लिखा गया परन्तु बैंक ने अभी जमा नहीं दी।
3. लक्ष्मीकान्त प्यारे लाल के आदेशानुसार बैंक ने ब्याज के 1,600 रु. उनके स्थायी जमा खाते से चालू खाते में 6 नवम्बर, 2006 को स्थानान्तरित किया। यह राशि रोकड़ बही में 31 अक्टूबर, 2006 को क्रेडिट की जा चुकी थी।
4. रोकड़ बही के भुगतान पक्ष का योग 350 रु. से अधिक लग गया।
5. स्थायी जमा खाते से लिखा गया 500 रु. का चैक रोकड़ बही में चालू खाते से लिखा गया बताया गया।
6. अवधि समाप्त हो जाने पर अख्तर हैदराबादी को 4,000 रु. का लिखा गया चैक पुन: लिख दिया गया। इसकी प्रविष्टि रोकड़ बही में दुबारा कर दी गई। परन्तु अन्य कोई प्रविष्टि नही की गई। दोनो चैक ऊपर भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये चैकों की राशि में सम्मिलित थे।
7. 5,100 रु. का चैक बैंक में जमा कराया गया परन्तु बैंक ने भूल से 5,010 रु. ही जमा किये।
8. 250 रु. का चैक रोकड़ बही मे लिखा गया परन्तु बैंक में जमा होने से रह गया।
9. 20 अक्टूबर, 2006 को 9,500 रु. का चैक प्राप्त हुआ जो रोकड़ बही में भूल से 950 रु. से लिखा गया।

आपको 31 अक्टूबर, 2006 का बैंक समाधान विवरण बनाना है।

On 31st October, 2006 Laxmi Kant Pyare Lal's Pass Book had a credit balance of Rs. 28,000 On checking the cash book with the bank statement the following facts were revealed:—

1. Cheques drawn, amounting to Rs. 35,000 had been entered in the cash book but had not been presented
2. Cheques received, amounting to Rs. 24,000 had been entered in the Cash Book but had not beeen credited by the Bank.
3. On instructions from Laxmi Kant Pyare Lal the bank had transferred interest. Rs. 1,600 from his deposit account to his current account, recording the transfer on 6th November 2006. This amount had, however, been credited in the cash book as on 31st October 2006
4. The payments side of the cash book had been overcast by Rs. 350

5. A cheque, Rs. 500, drawn on deposit account had been shown in the cash book as drawn on current account.
6. A cheque issued to Akhtar Hyderabadi for Rs, 4,000 was replaced when out of date. It was entered again in the cash book, no other entry being made. Both cheques were included in the total of unpresented cheques shown above.
7. A cheque for Rs. 5,100 was paid into Bank but the Bank credited the account with Rs, 5,010 by mistake.
8. A cheque for Rs. 250 entered into the Cash Book was omitted to be banked.
9. On 20th October, 2006 a cheque for Rs. 9,500 was received from a customer but only Rs. 950 had been entered in the Bank column of the Cash Book by mistake.

You are required to prepare Bank Reconciliation Statement as at 31st October, 2006.

Solution : **Bank Reconciliation Statement**

As un 31st October, 2006

			Dr. Rs.	Cr. Rs.
		Balance as per Cash Book		28,000
Add—	1.	Cheques received and entered in the Cash Book		24,000
	2.	Difference in Amount wrongly credited		90
	3.	Cheque ommitted to be banked		250
Less—	1.	Unpresented cheques (including two cheques of Rs. 400 each issued to Akhtar Hyderabadi)	35,000	
	2.	Bank interest reversal of entry incorrectly credited	1,600	
	3.	Amount shown less in the Cash Book due to overcasting of payments side	350	
	4.	Cheques drawn on deposit account	500	
	5.	Amount of Cheque deposited wrongly entered in Cash Book	8,550	
			46,000	52,340
		Balance as per Cash Book	6,340	

वोध प्रश्न

1 बैंक समाधान विवरण क्या है?

2 बैंक समाधान विवरण क्या बनाया जाता है?

3 बैंक समाधान विवरण बनाने की विधियाँ बताइये

2.5 अभ्यास के लिए प्रश्न (Assignment Material)

NOTES

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoritical Questions)

1. बैंक समाधान विवरण क्या है? यह क्यों बनाया जाता है?
   What is Bank Reconciliation Statement? Why it is prepared?
2. रोकड़ बही के बैंक खाते तथा पास बुक के शेषों के अन्तर रहने के कारणों को स्पष्टतया समझाइये।
   Explain clearly the reasons for difference between the balances as shown by the bank column of Cash Book and Pass Book.
3. बैंक समाधान विवरण क्या है? यह क्यों और कैसे बनाया जाता है?
   What is a Bank Reconciliation Statement? Explain fully stating why and how it is prepared.

संख्यात्मक प्रश्न (Numerical Questions)

4. निम्न विवरणों से बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिये—

(1) 31 दिसम्बर, 2005 को पास बुक का नाम शेष 10,266 रु.

(2) 31 दिसम्बर, 2005 को 10,212 रु., 981 रु. और 1,128 रु. के चैक लिखे गये, परन्तु 3 जनवरी 2006 तक उनका भुगतान नहीं प्राप्त किया गया।

(3) अधिविकर्ष पर ब्याज जो रोकड़ बही में नहीं लिखा गया 1,510 रु.।

(4) दूसरे शहरों के 21,000 रु. के चैक 13 दिसम्बर, 2005 को संग्रह हेतु बैंक में जमा कराये परन्तु ये जनवरी, 06 में ही संग्रहित किये जा सके।

(5) 31 दिसम्बर, 2005 को प्राप्य 2,500 रु. की हुण्डी बैंक को भेजी गई जो दो दिन पूर्व संग्रहित कर ली गई और रोकड़ बही में लेखा कर दिया गया परन्तु यह राशि पास बुक में 1 जनवरी, 2006 तक जमा नहीं की गई।

(6) स्थायी आदेशानुसार बैंक द्वारा 3 दिसम्बर, 2005 को 100 रु. बीमा प्रीमियम का भुगतान किया गया जिसे रोकड़ बही में नहीं लिखा जा सका।

बैंक समाधान विवरण बनाते समय 31 दिसम्बर, 2005 को रोकड़ बही का शेष नहीं बदलना है। समस्त शुद्ध प्रविष्टियाँ जनवरी, 2006 में की गई है।

Prepare a Bank Reconciliation statement from the following particulars—

(i) Balance as per Pass Book on 31st Dec, 2005 overdrawn Rs. 10,266.

(ii) Cheques drawn on 31st Dec., 2005 but not cleared till 3rd January, 2006 Rs. 10,212, Rs. 981 and Rs. 1,128.

(iii) Interest on Bank overdraft not entered in the Cash Book Rs. 1,510.

(iv) Out station cheques Rs. 21,000 lodged in the Bank on 13th Dec., 2005 but collected and credited in Jan., 2006

(v) A Hundi for Rs. 2,500 due on 31st Dec., 2005 was sent to Bank, collected two days before and entered in the Cash Book forthwith but the proceeds were not credited in the Pass Book till 1st Jan., 2006.

(vi) Rs. 100 insurance premium paid by the Bank under a standing order on 31st December, 2005 had not been entered in the Cash Book.

While perparing the Bank Reconciliation Statement assume that you do not alter the Cash Book balance as on 31st Dec., 2005 all correcting entries were made in January, 2006.

[Answer—Debit Balance as per Cash Book Rs. 2,532]

5. 31 दिसम्बर, 2005 को प्राण एण्ड कम्पनी की रोकड़ बही के बैंक खाते का शेष 7,500 रु. था। रोकड़ बही की प्रविष्टियों को पास बुक से मिलाने पर पाया गया कि क्रमश: 500 रु. व 700 रु. के चैक जो 30 दिसम्बर को जमा कराये गये थे, अगले वर्ष की जनवरी तक जमा नहीं हो सके। इसके अतिरिक्त 28 दिसम्बर को निर्गमित 600 रु., 800 रु. तथा 1,200 रु. के चैक 3 जनवरी तक भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किये गये। 31 दिसम्बर को ब्याज के सम्बन्ध में 125 रु. की जमा राशि पास बुक में दिखाई गई थी जिसे रोकड़ बही में नहीं लिखा गया। इसी प्रकार पास बुक में बैंक व्यय के सम्बन्ध में 10 रु. नाम लिखे गये थे जिसे रोकड़ बही में नहीं लिखा गया।

उपरोक्त से बैंक समाधान विवरण बनाइये।

The balance of Bank Column as shown by the Cash Book of Pran & Co. on 31st December,)05 was Rs. 7,500. On checking the entries in the Cash Book with the Pass Book, it was .certained that cheques of Rs. 500 and 700 respectively paid in on the 30th December, were not 'edited until the 2nd January following, and cheques of Rs. 600, Rs. 800 and Rs. 1,200 issued n the 28th December were not presented until the 3rd of January. There was a credit of Rs. 125 n the Pass Book in respect of interest under date 31st December which was not entered in the Cash Book. There was also Bank charges debited in the Pass Book amounting in all to Rs. 10 which were not entered in the Cash Book.

NOTES

Prepare a Bank Reconciliation Statement from the above.

[**Answer**—Balance as per Pass Book Rs. 9,015]

6. 31 दिसम्बर, 2005 को रामलाल की पास बुक मे 12,500 रु. का जमा शेष है। अपनी रोकड़ बही से मिलान करने पर उसने पाया कि—

अ) 3,500 रु. के चैक बैंक में जमा कराये, परन्तु केवल 1,557 रु. के चैक ही संग्रहित किये जा सके।

ब) उसने 5,250 रु. के चैक लिखे परन्तु भुगतान के लिए केवल 1,250 रु. के चैक ही प्रस्तुत किये गये।

(स) बैंक व्यय के सम्बन्ध में पास बुक मे 59 रु. का लेखा किया गया जिसे रोकड़ बही में नही लिखा गया।

(द) बैंक द्वारा दिया गया ब्याज 159 रु. पास बुक के जमा पक्ष की ओर लिखा गया परन्तु इसका लेखा रोकड़ बही में नही किया गया।

(य) बैंक ने उसका जीवन बीमा प्रीमियम 115 रु. चुकाया जिसका लेखा रोकड़ बही में नही किया गया।

र) 90 रु. भूल से उसके खाते में नाम लिख दिये गये जो रामनाथ से सम्बन्धित थे।

Ram Lal found that on 31st December, 2005 his Pass Book showed a credit balance of Rs. 12,500 On comparing it with the Cash Book, he found that—

a) Cheques worth Rs. 3,500 were deposited but so far only those for Rs. 1,557 were cleared.

b) He had issued Cheques for Rs. 5,250, but cheques for Rs. 1,250 only were presented for payment.

c) Bank charges amounting to Rs. 59 were entered in the Pass Book but the same were not entered in the Cash Book.

d) Rs. 159 allowed as interest by Bank were entered in the Pass Book on the credit side of his account, but the same entry was not made in the Cash Book.

(e) The Bank paid Rs. 115 as permium on his policy, but even this was not entered in his Cash Book.

f) An amount of Rs. 90 has been debited to his account wrongly. It ought to have gone to the account of Ram Nath.

Prepare a Bank Reconciliation Statement from the above as on 31st December, 2005.

2.6 सारांश

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

जब रोकड़ बही के बैंक खाते और पास बुक के शेषों का मिलान नही होता है तो इसकी जाँच के लिए एक विवरण तैयार किया जाता है जिसे बैंक समाधान विवरण कहते है।

- व्यापारी द्वारा निर्गमित चैकों को भुगतान के लिये प्रस्तुत न करने पर, प्राप्त चैकों का संग्रह बैंक द्वारा न होने पर बैंक व्यय बैंक से प्राप्त ब्याज, ग्राहकों द्वारा सीधे बैंक को भुगतान इत्यादि कारणों से रोकड़ बही के बैंक खाते और पास बुक के शेष में अन्तर पाता है।
- बैंक समाधान विवरण चार विधियों से बनाया जाता है पहला रोकड़ बही मे बैंक खाते का डेबिट शेष रोकड बही में बैंक खाते का क्रेडिट शेष, तीसरी पास बुक का डेबिट शेष चौथी पास बुक का क्रेडिट शेष।

2.7 शब्दावली

बैंक समाधान विवरण, रोकड़ बही, पास बुक

●●●

अध्याय–3 अशुद्धियों का सुधार
(RECTIFICATION OF ERRORS)

NOTES

इकाई की रूपरेखा

3.0 उद्देश्य
3.1 प्रस्तावना
3.2 अशुद्धियों के प्रकार
 3.2.1 बही खाते की अशुद्धि
 3.2.2 तलपट की अशुद्धि
3.3 अशुद्धियों का अन्तिम खाते पर प्रभाव
3.4 अशुद्धियों की खोज और उनका सुधार
 3.4.1 खाते बन्द करने से पूर्व अशुद्धि सुधार
 3.4.2 खाते बन्द करने के बाद अशुद्धि सुधार
 3.4.3 अन्तिम खाते बनाने के बाद अशुद्धि सुधार
3.5 अभ्यास के प्रश्न
3.6 सारांश
3.7 शब्दावली

3.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढने के उपरान्त आप इस योग्य हो जायेंगे -

1. अशुद्धियों के प्रकारों को समझा सकेंगे।
2. अशुद्धियों का अन्तिम खाते पर प्रभाव बता सकेंगे
3. अशुद्धियों की खोज कर उनमें सुधार कर सकेंगे।

3.1 प्रस्तावना

किसी भी व्यापार अथवा व्यवसाय के अन्तर्गत खाते इसलिए रखे जाते हैं कि उसे एक निश्चित अवधि में व्यवसाय के लेन-देनों के परिणामों की सूचना मिल सके तथा एक निश्चित तिथि को वह अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत हो सके। सही सूचना के लिए खातों की शुद्धता आवश्यक है और ऐसा तलपट बनाकर जाना जाता है। परन्तु जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, तलपट का मेल खाना इस तथ्य का अन्तिम और अचूक प्रमाण नहीं है कि खाते पूर्णरूपेण शुद्ध हैं। तलपट के मेल खाने का अभिप्राय है कि गणितीय दृष्टि से खाते शुद्ध हैं। परन्तु भूल करना मानवीय स्वभाव है और लेखापाल इसका अपवाद नहीं है। तलपट के मेल न खाने पर तो अशुद्धियों का होना यथार्थ है परंतु इसके मेल खाने पर भी बहियों में अनेक प्रकार की अशुद्धियों की सम्भावना बनी रहती है और इन अशुद्धियों का निवारण सही स्थिति प्राप्त करने के लिए अति आवश्यक है। अतः लेखा-बहियों में पाई जाने वाली विविध प्रकार की अशुद्धियाँ, उनका निरूपण और सुधार तथा शुद्धि का प्रभाव, आदि का विवेचन निम्न किया जा रहा है।

3.2 अशुद्धियों के प्रकार

कुछ अशुद्धियों के होने पर तलपट मेल नहीं खाता तथा कुछ अशुद्धियों के होने पर भी तलपट मेल खा जाता है। इस दृष्टि से अशुद्धियों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

1. बही-खाते की अशुद्धियाँ (Errors of Book keeping);
2. तलपट की अशुद्धियाँ (Errors of Trial Balance)।

3.2.1 बही-खाते की अशुद्धियाँ

इसमें वह अशुद्धियाँ सम्मिलित की जाती हैं जो तलपट को प्रभावित भी कर सकती हैं तथा नहीं भी, इस प्रकार की अशुद्धियाँ प्रारम्भिक लेखा-वहियों में अशुद्ध अंकन करने, मूल पत्रों में अशुद्धि रहना (बीजक, जमा-पत्र आदि) के परिणामस्वरूप हो सकती हैं तथा प्रारम्भिक पुस्तकों में लेखा करते समय, खतौनी करते समय, शेष निकालते समय, अग्रेनयन करते समय हो सकती है। इस प्रकार अशुद्धियों को चार वर्गों में बाँटा जाता है:—

(अ) भूल की अशुद्धियाँ (Errors of Omission) — जब लेन-देनों की प्रविष्टि प्रारम्भिक पुस्तकों में करने से रह जाती है, तो इन्हे भूल की अशुद्धियाँ भी कहते हैं। जैसे रामेश्वर से 600 रु. का माल खरीदा परतु क्रय बही में लिखने से रह गया। इसका तलपट पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। कभी भूल आंशिक भी हो जाती है। जैसे मनोहर से 200 रु. का माल वापस आया परंतु विक्रय वापसी बही में 100 रु. ही लिखा गया। इसका प्रभाव भी तलपट पर नहीं पड़ता। क्योंकि विक्रय वापसी खाता 100 रु. से डेबिट होगा व मनोहर का खाता भी 100 रु. से क्रेडिट होगा अतः तलपट मिल जावेगा।

(ब) हिसाब की अशुद्धियाँ (Errors of Commission) — प्रारम्भिक वहियों से खाता बही में अशुद्ध खतौनी करना, योग लगाने, आकलन करने तथा शेष निकालने में अशुद्धि करना, आदि के कारण इस प्रकार की अशुद्धियाँ होती हैं, जिनसे तलपट प्रभावित होता भी है तथा नहीं भी। इनके कुछ उदाहरण निम्न हैं:—

(i) विक्रय बही का योग मास के अन्त में 100 रु. से अधिक लग गया। (तलपट प्रभावित होगा)

(ii) राम एजेंसी को माल बेचा तथा उनके खाते में क्रेडिट कर दिया गया। (तलपट प्रभावित होगा)

(iii) गनेश से प्राप्त रोकड़ गनेशन के खाते में जमा कर दी गई। (तलपट प्रभावित नहीं होगा)

(स) सिद्धांत की अशुद्धियाँ (Errors of Principle) — ऐसी अशुद्धि तब होती है जबकि जर्नल की प्रविष्टि करने के मौलिक सिद्धान्तों की उपेक्षा कर दी जाती है। जैसे मशीन क्रय करने पर क्रय खाते को डेबिट कर दिया जाना, पुरानी मशीन की मरम्मत का व्यय मशीन खाते में लिखा जाना, आदि तथा फर्नीचर बेचने पर विक्रय खाते को क्रेडिट कर दिया जाना, अशुद्धि है। ऐसी अशुद्धियाँ तभी तक होती हैं जब आयगत व पूँजीगत मदों में अन्तर स्पष्ट नहीं किया जाता है। ह्रास या डूबत ऋणों के लिए अपर्याप्त प्रावधान करना या न करना अदत्त दायित्व, पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित आय, पेशगी प्राप्त आय, आदि के सम्बन्ध में समायोजन न करना भी इसी में सम्मिलित होता है। इनका तलपट पर प्रभाव नहीं पड़ता। परतु लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा, दोनों ही प्रभावित होते है।

(द) क्षतिपूरक अशुद्धियाँ (Compensating Errors) — ऐसी अशुद्धियाँ जो एक-दूसरे के प्रभाव को समाप्त कर देती है, क्षतिपूरक अशुद्धियाँ कहलाती हैं। इन अशुद्धियों के होने पर भी तलपट मिल जाता है और इन अशुद्धियों का पता कठिनाई से लग पाता है। उदाहरणार्थ राम के डेबिट में 200 रु.अधिक लिख दिये जावें और मोहन के क्रेडिट में 200 रु. अधिक लिख दिये जावें अथवा शर्मा के डेबिट में 200 रु. कम लिख दिये जावें तो तलपट मिल जावेगा परंतु अशुद्धियाँ बनी रहेगी।

3.2.2 तलपट की अशुद्धियाँ

तलपट बनाते समय जो त्रुटियाँ हो जाती है, उन्हे तलपट की अशुद्धियाँ कहते है और जिनके हो जाने पर तलपट मेल नहीं खाता। जैसे:—

(अ) किसी खाते के शेष का तलपट में लिखे जाने से रह जाना,

(ब) तलपट में खाते के शेष की राशि को गलत लिख देना,

(स) तलपट में कोई शेष गलत पक्ष में लिख देना,

(द) तलपट के दोनों पक्षों का योग गलत लगा देना,

अशुद्धियाँ एवं तलपट : उपरोक्त अध्ययन से यह स्पष्ट है कि कुछ अशुद्धियाँ तलपट को प्रभावित करती है और कुछ नहीं करती।

NOTES

ऐसी अशुद्धियो के उदाहरण जो तलपट पर प्रभाव नहीं डालती–

(अ) भूल की अशुद्धियाँ– 400 रु. की बिक्री विक्रय बही में बिल्कुल नहीं लिखी जाये।

(ब) सिद्धान्त की अशुद्धियाँ– मशीन खरीदने पर क्रय खाते में लिखा जाना, न कि मशीन खाते में।

(स) गलत खाते में परंतु सही पक्ष की ओर लिखना- राम को किया गया भुगतान रमन के खाते में डेबिट करदेना, बैंक से अप्रतिष्ठित बिल लौट कर आने पर व्यक्तिगत खाते के स्थान पर प्राप्य बिल खाते को डेबिट करना।

ऐसी अशुद्धियों के उदाहरण जो तलपट के योग को प्रभावित करते हैं–

(अ) खाते का शेष गलत निकालना।

(ब) खाते के गलत पक्ष की ओर खतौनी करना।

(स) खाते में गलत रकम की खतौनी।

(द) सहायक बहियों से कोई मद खतौनी से रह जाना।

(य) सहायक बहियों का योग गलत लग जाना।

(इ) सहायक बही का योग सम्बन्धित खाते में खतौनी से रह जाना।

(ई) तलपट में किसी खाते का शेष या योग शामिल न करना।

(उ) तलपट में योग रोकड़ बही का शेष शामिल करने मे भूल।

(ऊ) तलपट के गलत पक्ष मे शेष का लिखना।

(ए) तलपट का योग गलत लगाना।

Example 1

31 दिसम्बर 2006 को एक व्यापारी को मालूम हुआ कि उसका तलपट नहीं मिलता है। बाद में उसे निम्न अशुद्धियां मिलीं–

(1) सी को दिये हुए 100 रु. उसके खाते मे 10 रु. ही डेबिट हुए।

(2) 200 रु. का क्रय किया गया फर्नीचर क्रय खाते में दिखाया गया।

(3) राम को बेचे गये 500 रु. के माल की बहियों में कोई प्रविष्टि नही की गई।

(4) क्रय बही का योग 50 रु. से अधिक लगाया गया।

(5) मशीन की मरम्मत के 50 रु. दिये जो मरम्मत खाते में नहीं खताये गये।

(6) बिक्री बही का योग 300 रु. कम लगाया गया।

किन त्रुटियों के कारण तलपट नहीं मिला और उसके योग मे कितना अन्तर है?

A Merchant on taking out a trial balance as on 31st December, 2006 found that it did not agree Subsequently he discovered the following errors-

(1) Cash paid to C Rs. 100 was debited to his account as Rs. 10

(2) Purchases of Furniture Rs. 200 debited to Purchases Account

(3) Goods sold to Ram Rs. 500 was not entered in the books

(4) The total of Purchases Book was overcast by Rs. 50

(5) Repairs to machinery Rs. 50 was not posted to Repairs Accounts.

(6) The total of Sales Book was undercast by Rs. 300

Which of the errors caused the totals of the balance to disagree and by how much did the total differ?

Solution:

उपरोक्त अशुद्धियों का तलपट पर निम्न प्रभाव पड़ेगा--

(1) सी का खाता 100 रु. के स्थान पर 10 रु. से ही डेबिट हुआ। अतः उसके खाते के डेबिट पक्ष में 90 रु. कम है। इसलिए तलपट का डेबिट योग 90 से कम है।

(2) इस अशुद्धि का तलपट के योग पर प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यह सिद्धान्त की अशुद्धि है और रकम सही पक्ष में लिखी गई है, यद्यपि खाता गलत है।

(3) इस अशुद्धि का भी तलपट के योग पर प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि इसका लेखा बहियों में किया ही नहीं गया है। न तो 500 रु. डेबिट हुए और न ही क्रेडिट।

(4) क्रय वही का योग 50 रु. से अधिक लगाने से क्रय खाते में 50 रु. से अधिक डेबिट हुए। अतः तलपट के डेबिट पक्ष का योग 50 रु. अधिक है।

(5) मरम्मत के 50 रु. मरम्मत खाते में नहीं लिखने से मरम्मत खाते की डेबिट पक्ष 50 रु. होगी और तलपट में भी डेबिट पक्ष 50 रु. कम हुआ।

(6) बिक्री बही का योग 300 रु. कम लगने से बिक्री खाते के क्रेडिट पक्ष में 300 रु. कम हुए व तलपट का क्रेडिट पक्ष भी 300 रु. कम हुआ।

इन सबका सम्मिलित परिणाम यह होगा कि तलपट का क्रेडिट पक्ष 300 रु. से कम हुआ तथा डेबिट पक्ष 90 रु. से कम हुआ। अर्थात् तलपट का डेबिट योग क्रेडिट योग से 210 रु. अधिक होगा।

NOTES

3.3 अशुद्धियों का अन्तिम खातों पर प्रभाव (Effect of Errors on the Final Accounts)

अशुद्धियों के सुधार का प्रभाव अन्तिम खातों पर, अर्थात् लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठे पर भी पड़ता है। यदि अशुद्धि ऐसे खातों से सम्बन्धित है जो व्यापारिक व लाभ-हानि खाते में ले जाते हैं जैसे प्रारम्भिक रहतिया क्रय, मजदूरी, विक्रय, अन्तिम रहतिया, वेतन, कमीशन, किराया, ह्रास, आदि, तो इनका प्रभाव सकल तथा शुद्ध लाभ पर पड़ता है। यदि इन खातों को भूल से अधिक राशि से डेबिट कर दिया जाता है तो सकल लाभ कम लाभ अधिक दिखाया जाता है। अशुद्धि-सुधार के परिणामस्वरूप शुद्ध लाभ क्रमशः अधिक व कम हो जायेगा। इसके अतिरिक्त यदि अशुद्धि ऐसे खाते से सम्बन्धित है जो चिट्ठे में दिखाये जाते है, जैसे देनदार, मशीन, पूँजी आदि तो फिर लाभ-हानि खाता प्रभावित न होकर चिट्ठा ही प्रभावित होता है। कभी-कभी अशुद्धियाँ दो खातों को प्रभावित करती हैं जिनमें से एक लाभ-हानि खाते में तथा दूसरा चिट्ठे में बताया जाता है, तो इसका प्रभाव लाभ-हानि खाते के साथ-साथ चिट्ठे पर भी होता है। दूसरे शब्दों में कुछ अशुद्धियाँ केवल लाभ-हानि खाते को ही प्रभावित करती है, कुछ केवल चिट्ठे को जबकि कुछ अशुद्धियाँ लाभ-हानि खाते व चिट्ठे, दोनों को प्रभावित करती है।

Example-2

एक व्यापारी ने तलपट का जोड़ मिलाकर अन्तिम खाते बना लिये। बाद में निम्न अशुद्धियां ज्ञात हुईं। इनका अन्तिम खातों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

1. विक्रय वापसी बही का जोड़ 300 रु. अधिक लगा दिया गया।
2. कटौती के 100 रु. दिए जो कटौती खाते के क्रेडिट में लिख दिए गए।
3. मरम्मत के 100 रु. चुकाए जो मरम्मत खाते में 10 रु. खताये गए।
4. राम से 200 रु. प्राप्त हुये जो बिक्री खाते के क्रेडिट में लिखे गये।
5. फर्नीचर के 500 रु. को क्रय बही में लिखा गया।
6. विक्रय बही का योग 2,565 रु. के स्थान पर 1,565 रु. आगे ले जाया गया।

Solutions:

NOTES

अन्तिम खातों पर अशुद्धियों का प्रभाव

अशुद्धि संख्या	व्यापारिक तथा लाभ-हानि खाते पर प्रभाव	चिट्ठे पर प्रभाव
1	सकल तथा शुद्ध लाभ 300 रु. से कम दिखाया गया है।	पूँजी 300 रु. से कम दिखाई गई है।
2	शुद्ध लाभ 200 रु. से अधिक बताया गया है।	पूँजी 200 रु. से अधिक दिखाई गई है।
3	शुद्ध लाभ 90 रु. से अधिक बताया गया है।	पूँजी 90 रु. से अधिक दिखाई गई है।
4	सकल तथा शुद्ध लाभ 200 रु. से अधिक दिखाया गया है।	पूँजी तथा देनदार 200 रु. से अधिक दिखाई गये है।
5	सकल तथा शुद्ध लाभ 500 रु. से कम दिखाया गया है।	पूँजी तथा फर्नीचर 500 रु. से कम दिखाये गये हैं।
6	सकल तथा शुद्ध लाभ 1,000 रु. से कम दिखाया गया है।	पूँजी 1,000 रु. से कम दिखाई गई है।

इन सब अशुद्धियों के परिणामस्वरूप लाभ-हानि खाते में शुद्ध लाभ 1,310 रु. से कम दिखाया गया है, चिट्ठे में पूँजी 1,310 रु. से कम तथा सम्पत्ति पक्ष की ओर देनदार 200 रु. से अधिक तथा फर्नीचर 500 रु. कम दिखाई गए हैं।

3.4 अशुद्धियों की खोज और उनका सुधार (Location of Errores and their Rectification)

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, सही लाभ का ज्ञान प्राप्त करने तथा सही आर्थिक स्थिति जानने के लिये समस्त अशुद्धियों का पता लगाया जाना चाहिये तथा अन्तिम खाते बनाने के पूर्व उनका सुधार भी किया जाना आवश्यक है; क्योंकि ये हमारे अन्तिम खातों को प्रभावित करती है।

तलपट के सही मिलने पर समस्त लेखा-कार्य की प्रारम्भ में जाँच की जाती है। पहले तलपट के दोनों पक्षों के योग की जाँच की जाती है, फिर खातों को ठीक प्रकार से तलपट में शामिल किया गया है अथवा नहीं, देखा जाता है। खातों के योग तथा उनके शेषों की सत्यता की जाँच, प्रारम्भिक लेखा-पुस्तकों से खाता-बही में खतौनी की जाँच, गत वर्ष के शेषों की जाँच, आदि करके अशुद्धियों का पता लगाया जाता है।

अशुद्धियों को सुधारने के लिए काट-छाँट नहीं किया जाना चाहिए अन्यथा बहियों की प्रामाणिकता पर अविश्वास किया जाने लगता है। यदि अंकणों में काट-छाँट करना आवश्यक हो हो जाये तो उन्हें काटकर शुद्ध संख्या ऊपर लिख देनी चाहिए तथा किसी उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर करवा लेने चाहिये

बोध प्रश्न

1. अशुद्धियों से आप समझते हो?

....

....

2. अशुद्धियों के प्रकार बताइये।

....

....

3. भूल चूक खाते से आप क्या समझते हो?

....

....

....

NOTES

अशुद्धि-सुधार की प्रक्रिया निम्न प्रकार से होती है :

3.4.1 खाते बन्द करने से पूर्व अशुद्धि-सुधार

यदि खाते बन्द करने से पूर्व ही अशुद्धि का पता लग जाता है तो प्रभावित खाते में सही प्रविष्टि कर अशुद्धि-सुधार कर दिया जाता है। जैसे माधव कृष्ण को 500 रु. का माल बेचा परंतु उसके खाते में 50 रु. से ही खतौनी की गई तो माधव कृष्ण के खाते में 450 रु. और डेबिट कर दिया जाएगा–

Madhav Krishna

			Rs.				Rs.
	To Sales Posted at Rs. 50 in place of Rs. 500		450				

या 50 रु. को काटकर 500 रु. कर दिया जायेगा तथा उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर करा दिये जायेंगे। ऐसा तब किया जाना चाहिए। जब काट-छाँट अधिक स्थानों पर नहीं करना पड़े। वैसे काट-छाँट करना उचित नहीं है।

3.4.2 खाते बंद करने के बाद अशुद्धि-सुधार

खाते बन्द करने के बाद यदि तलपट मेल नहीं खाता है तो अशुद्धियों का पता लगाने का पूरा प्रयास किया जाता है। यदि अशुद्धियों का पता अन्तिम खाते बनाने से पूर्व लग जाता है तो उनका सुधार इस प्रकार किया जाता है–

(अ) एक-पक्षीय अशुद्धि होने पर– सम्बन्धित खातों को डेबिट या क्रेडिट करके सुधार किया जाता है जैसे (i) राम, रामेश्वर व रमेश को क्रमशः 700, 900 व 600 रु. का माल बेचा तथा रमेश को की गई बिक्री उसके खाते में 500 रु. से लिखी गई यहाँ Sales Account में 2,200 रु. (700+900+600) क्रेडिट किया गया है तथा राम, रामेश्वर व रमेश के खातों में क्रमशः 700,900 व 500 रु. डेबिट किया गया है। अतः रमेश को 100 रु. से और डेबिट कर दिया जायेगा।

Ramesh

			Rs.				Rs
	To Sales under-posted		100				

(ii) क्रय बही का योग 12,627 रु. के स्थान पर 12,657 रु. लग जाने पर क्रय खाता प्रभावित होगा क्योंकि इसे 30 रु. से अधिक डेबिट कर दिया गया है अतः सुधार हेतु क्रय खाते को 30 रु. से क्रेडिट कर दिया जाएगा।

Purchases A/c

			Rs.				Rs
					By Total of Purchases Book overcast on page...		30

(ब) द्वि-पक्षीय अशुद्धि होने पर– जैसा ऊपर स्पष्ट किया गया है, इस प्रकार की अशुद्धियाँ प्रारम्भिक

NOTES

बहियों में लेखा न करना अर्थात् भूल करने, अशुद्ध लेखा करने, अशुद्ध खाते में खतौनी करने तथा सिद्धान्त की अवहेलना करने से हुआ करती है। इनकी सुधार प्रक्रिया नीचे समझाई गई है—

(i) **भूल सम्बन्धी अशुद्धियाँ** (Errors of Omission) – जिस तथ्य के सम्बन्ध में लेखा करने में भूल हो जाती है, द्वि-प्रविष्टि पद्धति के अनुसार उसका नये सिरे से लेखा कर दिया जाता है। जैसे प्रियदर्शी से 150 रु. का माल वापस प्राप्त हुआ और लेखा-पुस्तकों में नहीं लिखा गया। अब इसकी प्रविष्टि निम्न होगी—

			Rs.	Rs.
	Sales Returns a/c Dr.		150	
	To Priyadarshi			150
	(Goods returned by Priyadarshi not recorded in the books)			

(ii) **अशुद्ध लेखा करने की अशुद्धियाँ** (Errors of Recording) – लेन-देन का लेखा तो करना परंतु कम या अधिक राशि से। जैसे श्याम प्रकाश से 1,350 रु. का माल खरीदा जो क्रय बही में 1,300 रु. लिखा गया। परिणामस्वरूप क्रय खाता 50 रु. से कम डेबिट तथा श्याम प्रकाश का खाता 50 रु. से कम क्रेडिट किया गया है। अतः इन दोनों खातों को क्रमशः 50 रु. से डेबिट व क्रेडिट कर दिया जायेगा।

			Rs.	Rs.
	Purchases a/c Dr.		50	
	To Shyam Prakash			50
	(Purchases form Shyam Prakash for Rs. 1,350 recorded as Rs. 1,300 now rectified)			

(iii) **गलत खाते में खतौनी करने की अशुद्धियाँ** (Errors of Posting to Wrong Account) — इस प्रकार की अशुद्धियाँ खाते में (क) गलत राशि से सही पक्ष की ओर, (ख) सही राशि से परंतु गलत पक्ष की ओर, (ग) सही पक्षों की ओर परंतु गलत राशि से, तथा (घ) गलत राशि से गलत पक्ष की ओर खतौनी करने के परिणामस्वरूप हुआ करती है। जैसे— गोटावाला एण्ड कम्पनी को 550 रु. का माल बेचा जिसे कोटावाला एण्ड कम्पनी के खाते में लिख दिया गया। यहाँ विक्रय बही में शुद्ध लेखा किये जाने से विक्रय खाता शुद्ध है परंतु गोटावाला एण्ड कम्पनी को डेबिट नहीं किया गया तथा कोटावाला एण्ड कम्पनी को डेबिट कर दिया गया। फलतः गोटावाला एण्ड कम्पनी को डेबिट तथा कोटावाला एण्ड कम्पनी को क्रेडिट किये जाने से दोनों खाते ठीक हो जायेंगे। सुधार प्रविष्टि इस प्रकार होगी—

			Rs.	Rs.
	Gotawala & Co. Dr.		550	
	To Kotawala & Co			550
	(Sales of Rs. 550 to Gotawala & Co. wrongly posted to Kotawala & Co. now rectifiled.)			

यदि गोटावाला एण्ड कम्पनी को की गई 550 रु. की बिक्री की खतौनी कोटावाला एण्ड कम्पनी के क्रेडिट में 500 रु. से कर दी जाय तो फिर कोटावाला एण्ड कम्पनी को 500 रु. से क्रेडिट किया जायेगा (क्योंकि गलत क्रेडिट किया गया) तथा गोटावाला एण्ड कम्पनी को 550 रु. से डेबिट किया जायेगा (क्योंकि इसे डेबिट नहीं किया गया) सुधार-लेखा इस प्रकार होगा—

Kotawala & Co.

						Rs.
				By Sales to Gotawala & Co. wrongly credited to this Account		500

Gotawala & Co.

	To Sales wrongly posted to Kotawala & Co.		Rs. 550				

इसके अन्तर्गत हमें अशुद्ध लेखे के प्रभाव को समाप्त करने तथा शुद्ध लेखा करने के सम्बन्ध में आवश्यक प्रविष्टियाँ करनी होती हैं।

NOTES

(iv) **सिद्धान्त सम्बन्धी अशुद्धियाँ** (Errors of Principle) — लेखा-कार्य के सिद्धान्तों की अवहेलना करने के परिणामस्वरूप इस प्रकार की अशुद्धियाँ होती है जो दो खातों को प्रभावित करती हैं तथा लाभ-हानि खाता व चिट्ठा, दोनों ही अशुद्ध होते है। सम्पत्ति को खरीदने के व्यय तथा लागत से सम्पत्ति खाता डेबिट किया जाना चाहिए, न कि व्यय खाता तथा क्रय खाता। इसी प्रकार बेचने पर भी सम्पत्ति खाता क्रेडिट किया जाना चाहिए, न कि विक्रय खाता। जैसे—

(क) कार्यालय भवन के निर्माण पर 2,000 रु. मजदूरी के चुकाये जो मजदूरी खाते में डेबिट कर दिये गये। यह व्यय सम्पत्ति पर किया गया है अतः भवन खाते में डेबिट होना चाहिए। सुधार प्रविष्टि अग्र होगी

			Rs.	Rs.
	Buildings Account Dr.		2,000	
	To Wages Accounts			2,000
	(Wages paid on the construction of Office Building wrongly debited to Wages a/c, now rectified.			

(ख) टाइपराइटर को बेचने से 500 रु. आये जो विक्रय बही में लिख दिये गये। यह माल की बिक्री न होकर एक सम्पत्ति की बिक्री है। अतः सम्पत्ति खाते में क्रेडिट किया जाना चाहिए, न कि बिक्री खाते में। सुधार प्रविष्टि निम्न होगी—

			Rs.	Rs
	Sales Account Dr.		500	
	To Office Equipments a/c			500
	(Typewriter sold was wrongly entered in the sales book, now corrected.)			

3.3 अन्तिम खाते बनाने के बाद अशुद्धि सुधार

तलपट के नहीं मिलने पर अशुद्धियों की खोज की जाती है। परंतु पर्याप्त प्रयत्न करने के बाद भी यदि अशुद्धियों का पता नहीं लग पाता तो अधिक समय तक अन्तिम खाते बनाने के कार्य को स्थगित नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में तलपट के योग को बराबर करके अन्तिम खाते बना लिए जाते है। तलपट के योग को बराबर करने के लिए एक खाता खोला जाता है। जिसे 'भूल-चूक खाता' 'उदरत खाता' या 'उचन्ती खाता' (Suspense Account) कहते है। यदि तलपट के डेबिट पक्ष का योग क्रेडिट पक्ष के योग से कम होता है तो Suspense Account को डेबिट किया जाता है तथा इसे तलपट के डेबिट पक्ष में दिखाया जाता है। इसके विपरीत तलपट का क्रेडिट पक्ष का योग कम होने पर Suspense Account को क्रेडिट किया जाता है। अन्तिम खाते बनाते समय इस (Suspense Account) को चिट्ठे में डेबिट शेष होने पर सम्पत्ति पक्ष की ओर तथा क्रेडिट शेष होने पर दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जाता है। अगले वर्ष अशुद्धियों की खोज चालू रहेगी तथा उनके पता लगने से Suspense Account डेबिट तथा क्रेडिट होता जाता है। अन्त में सभी अशुद्धियों के मिल जाने पर Suspense Account स्वतः ही बंद हो जाता है।

अगले वर्ष समस्त अशुद्धियों के सुधार के लिए जर्नल प्रविष्टि की जायेगी। प्रविष्टि करने से पूर्व हमें दो बातें देखनी चाहिए— एक तो यह कि सही प्रविष्टि क्या होनी चाहिए, दूसरे कि वास्तव में प्रविष्टि क्या की गई

है। सुधार करने के लिए दो प्रविष्टियाँ करनी होंगी- एक तो अशुद्ध प्रविष्टि जो वास्तव में की जा चुकी है उसके प्रभाव को समाप्त करने के लिए विपरीत प्रविष्टि तथा दूसरी सही प्रविष्टि जो करनी थी परंतु की नहीं गई। व्यावहारिक रूप में दोनों प्रविष्टियों को मिलाकर एक ही प्रविष्टि की जाती है। जैसे दिवाकर को 500 रु. का माल बेचा जिसे विक्रय वापसी बही में लिख दिया गया, इसमें दो बातें सम्मिलित हैं— एक तो विक्रय को विक्रय वापसी पुस्तक में लिखा जाना तथा दूसरा विक्रय वापसी पुस्तक से दिवाकर के खाते में क्रेडिट किया जाना (क्योंकि क्रय वापसी पुस्तक की खतौनी व्यक्ति के खाते से क्रेडिट पक्ष में होती है। अतः जो दो प्रविष्टियाँ इस सम्बन्ध में सुधार के लिए की जायेगी, अग्रलिखित प्रकार से होंगी—

(अ) सही प्रविष्टि जो होनी चाहिये—

			Rs.	Rs.
	Diwakar a/c Dr.		500	
	To Sales a/c			500

(ब) अशुद्ध प्रविष्टि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए विपरीत प्रविष्टि—

			Rs.	Rs.
	Diwakar Dr.		500	
	To Sales Returns a/c			500

अब वास्तव में इन दोनों प्रविष्टियाँ के स्थान पर अशुद्धि-सुधार के लिए एक ही प्रविष्टि की जावेगी, जो इस प्रकार होगी :—

			Rs.	Rs.
	Diwakar Dr.		1,000	
	To Sales a/c			500
	To Sales Returns a/c			500
	(Sales of Rs. 550 wrongly entered in Sales Returns Book, now corrected.)			

Example-3

एक लेखापाल के तलपट में 165 रु. का अन्तर है वह इस राशि से भूल-चूक खाते को डेबिट कर देता है। जाँच करने पर निम्न त्रुटियाँ मालूम हुई—

(अ) 55 रु. विक्रय वापसी बही का जोड़ क्रय वापसी खाता में क्रेडिट कर दिया गया।

(ब) जयराम के खाते का क्रेडिट की ओर जोड़ 10 रु. से अधिक लगा दिया गया।

(स) जदुनाथ के 150 रु. डूबत ऋण के डूबत ऋण खाते के डेबिट की ओर नहीं लिखे।

(द) 140 रु. घनश्याम से प्राप्त रोकड़ पुस्तक में ठीक लिख लिए गये, परंतु उनके व्यक्तिगत खाते में केवल 40 रु. ही खताए गए।

(इ) विक्रय पुस्तक का जोड़ 5 रु. कम था।

त्रुटियों को सुधारने के लिए आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिये व भूल-चूक खाता बंद कीजिये।

A book-keeper finds that the totals of his trial balance disagree by Rs. 165. He temporarily debits a Suspense Account with this amount and closes the books. On an examination of the books, the following errors are discovered-

(a) Rs. 55, the total of Sales Returns Book, has been posted to the credit of the Purchases Returns Account.

(b) The total of the credit of Jai Ram's Account has been added up Rs. 10 too much.

(c) An item of Rs. 150 written off as a bad debt from Jadunath's Account has not been debited to Bad debts a/c.

(d) A receipt of Rs. 140 from Ghanshaym has been entered in the Cash Book correctly but has posted to the personal account as Rs. 40 only.

(e) Sales Book is undercast by Rs. 5.

Give Journal entries to rectify the errors. Close the Suspense Account also.

NOTES

Solution:

Journal

				Dr.	Cr.
				Rs.	Rs.
(a)	Sales Returns a/c	Dr.		55	
	Purchases Returns a/c	Dr.		55	
	To Suspense a/c				110
	(Total of the Sales return book posted to Purchases Returns a/c wrongly, now rectified.)				
(b)	Jai Ram	Dr.		10	
	To Suspense a/c				10
	(Overcasting of the credit side, now rectified)				
(c)	Bad Debts a/c	Dr.		150	
	To Suspense a/c				150
	(Bad Debts of Jadunath not posted to Bad Debts a/c, now posted.)				
(d)	Suspense a/c	Dr.		100	
	To Ghanshyam				100
	(Received Rs. 14 posted as Rs. 4, now rectified.)				
(e)	Suspense a/c	Dr.		5	
	To Sales a/c				5
	(Sales book undercast, now corrected.)				
	Total Rs.			375	375

Suspense Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	165	By Purchases Returns a/c	55
To Ghanshyam	100	By Sales Returns a/c	55
To Sales a/c	5	By Jai Ram	10
		By Bad Debts a/c	150
	270		270

Example 4.

तलपट तैयार करते समय लेखापाल को ज्ञात हुआ कि उसके मिलान में 1,731 रु. का अन्तर है। अन्तिम खाते शीघ्र तैयार करने के विचार से उसने अन्तर को एक नये उचन्ती खाते में लिख दिया, जिसका शेष आगामी वर्ष ले जाया जायेगा। अगले वर्ष निम्न भूलें मालूम हुईं :—

(i) एक व्यापारी से 531 रु. का माल खरीदा था परन्तु उसके खाते में क्रेडिट 555 रु. लिये गये।

(ii) एक 200 रु. का अप्रतिष्ठित प्राप्य बिल, जो कि बैंक से वापस आया, बैंक खाते में क्रेडिट करके प्राप्य बिल खाते में डेबिट कर दिया।

(iii) एक ग्राहक से 1,062 रु. का माल वापस आया जिसे उसके खाते में डेबिट कर दिया।

(iv) एक मशीन 260 रु. की बची थी जिसे विक्रय खाते में लिखा गया।

(v) एक व्यापारी हमारा 600 रु. का देनदार था, परंतु तलपट में उसका नाम लिखना भूल गये।

(vi) एक लेनदार से 231 रु. कटौती प्राप्त हुई जिसे उसके खाते में तो लिख दिया परंतु कटौती खाते में लिखना भूल गये।

उपरोक्त के सुधार की प्रविष्टियाँ लिखकर उचन्ती खाता खोलिए।

NOTES

On preparation of Trial Balance an accountant finds that there is a difference of Rs. 1,731 in the Trial Balance. Being in hurry to prepare final accounts he posts the difference to a newly opened Suspense Accounts. In the subsequent year the following errors were located:-

(i) Purchases of Rs. 531 from a trader were posted to the credit of his account at Rs. 555.

(ii) A dishonoured bill for Rs. 200 returned by the Bank was credited to Bank Account and devited to B/R Account

(iii) Goods returned by a customer Rs. 1,062 were debited in his Personal account.

(iv) Sale proceeds of a machinery Rs. 260 were entered in the Sales Account.

(v) Account of a Debtor for Rs. 600 was omitted from the Trial Balance.

(vi) Rs. 231 discount received from a creditor, was entered in his account but omitted to be posted in the discount account.

Pass Journal entries to rectify the above errors and open the Suspense Account.

Solution :

Journal

	Particulars	L. F.	Dr. Amount Rs. P.	Cr. Amount Rs. P.
(i)	Merchant a/c Dr. To Suspense a/c (Purchases of Rs. 531 posted to his credit as Rs. 555, now corrected.)		24	24
(ii)	Acceptors a/c Dr. To B/R a/c (Dishonoured Bill wrongly debited to B/R a/c, now rectified.)		200.00	200.00
(iii)	Suspense a/c Dr. To Customer's a/c (Sales Returns of Rs. 1,062, wrongly posted to debit of customer, now rectified.)		2,124	2,124
(iv)	Sales a/cDr. To Machinery a/c (Machinery sold wrongly credited to Sales a/c, now corrected.)	260.00		260.00
(v)	Debtor's a/c Dr. To Suspense a/c (Debtor's amounted omitted from the Trial Balance now corrected.)		600.00	600.00
(vi)	Suspense a/c Dr. To Discount a/c (Discount allowed by a creditor, not posted now rectified.)		231	231
	Total	3.439	3.439	

(v) अशुद्धि तलपट की अशुद्धि है। इसकी खतौनी सिर्फ Suspenses Account में ही होगी।

Suspense Account

Particulars	Amount	Particulars	Amount
	Rs.		Rs.
To Customer's a/c	2,124.00	By Balance b/d	1731.00
To Discount	231.00	By Merchanr's a/c	24.00
		By Debtors	600.00
	2,355.00		2,355.00

नोट– प्रश्न में यह नहीं बताया गया है कि व्यापारी ने 1,731 रु. के अन्तर को उचन्ती खाते (Suspense Account) में डेबिट की ओर लिखा या क्रेडिट की ओर। अतः पहले Suspense Account कच्चा तैयार किया जायेगा तथा अशुद्धि सुधार की सभी प्रविष्टियों की खतौनी करने के बाद इसके डेबिट या क्रेडिट शेष का पता चलेगा।

Example-5

आपको एक तलपट दिया गया है जिसमें अन्तर है। इसे उचन्ती खाते में डेबिट कर दिया गया है निम्नलिखित अशुद्धियाँ ज्ञात हुई–

(i) टाइपराइटर की खरीद के लिए 135 रु. चुकाये गये और इस राशि को कार्यालय व्यय खाते में लिखा गया।

(ii) राजेन्द्र को 166 रु. का लाभ बेचा, जिसे विक्रय पुस्तक में ठीक लिखा गया परंतु राजेन्द्र के खाते में 176 रु. खताये गये। माह की कुल बिक्री 100 रु. से अधिक दिखाई गई

(iii) ज्ञान ने 130 रु. का माल वापिस किया, जिसे बिक्री पुस्तक में लिख दिया गया, जहाँ से इसे ज्ञान के व्यक्तिगत खाते के क्रेडिट पक्ष में खता दिया गया।

(iv) विक्रय वापसी बही का योग 100 रु. से अधिक दिखाया गया और उसी पुस्तक के एक पृष्ठ का योग, 1,730 रु. के स्थान पर 1,703 रु. आगे ले जाया गया।

(v) 124 रु. का माल बेचा, जिसे 20 दिसम्बर को बृजेन्द्र के खाते में डेबिट कर दिया गया। उससे यह माल 24 तारीख को वापिस कर दिया, जिसे 31 दिसम्बर को अन्तिम स्टॉक में शामिल कर लिया गया। इसकी पुस्तक में कोई प्रविष्टि नही हुई।

(vi) हरि से 160 रु. का बिल प्राप्त हुआ, जिसे देय बिल खाता और हरि के खाते के क्रेडिट पक्ष में खाता दिया गया।

आवश्यक सुधारों की जर्नल प्रविष्टि कीजिए तथा उचन्ती खाता तैयार कीजिए।

Journal

			Dr.	Cr.
			Rs	Rs
(i)	Typewriter a/c Dr To Office Expenses a/c (Cost of Typewriter wrongly debited to Office Expenses a/c, now corrected.)		135	135
(ii) (a)	Suspense a/c Dr To Rajendra (Sales of Rs. 166 to Rajendra, wrongly posted to his a/c Rs. 176, now rectifid.)		10	10
(b)	Sales a/c Dr To Suspense a/c (Sales book was overcasted, now corrected.)		100	100

NOTES

(iii)	Sales a/c Dr. Sales Returns a/c Dr. To Suspense a/c (Correction of sales return which was entered in sales book.)		130 130	 260
(iv)	Suspense a/c Dr. To Sales Return a/c (Correction of errors in Sales Return Book.) Rs. viz. (a) Excess addition 100 (b) Less Short carry forward 27 73		73	 73
(v)	Sales Returns a/c Dr. To Brijendra (Goods returned by Brijendra not entered in the book, now entered.)		124	 124
(iv)	B/P a/c Dr. B/R a/c Dr. To Suspense a/c (Correction of bill entered in B/P account instead or B/R account.)		160 160	 320

यहाँ प्रश्न में यह तो दिया गया है कि तलपट के अन्तर को उचन्ती खाते में डेबिट कर दिया गया है परतु यह नही दिया गया है कि अन्तर कितना है। अतः पहले यह मानकर कि समस्त अशुद्धियों का पता लग चुका है, कच्चा (Suspense Account) बनाकर यह पता लगाया जायेगा कि अन्तर किस ओर रखा जायेगा।

Suspense Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	597	By Sales a/c	100
To Rajendra	10	By Sales a/c	130
To Sales Returns a/c	73	By Sales Returns a/c	130
		By B/P a/c	160
		By B/R a/c	160
	680		680

Suspense a/c का शेष पता लगाने से पूर्व समस्त खतौनी करने से क्रेडिट में 680 रु. तथा डेबिट म 83 रु. आये। अत. खाते का शेष भी 597 रु. (680 − 83) डेबिट हुआ।

Exapmple 6

आनन्द एण्ड सन्स की बहियों से जाँच करने पर निम्न अशुद्धियों का पता लगा। इन्हे शुद्ध करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये-

(i) व्यापार के स्वामी ने अपने व्यक्तिगत खर्च के लिए 200 रु. निकाले जो यात्रा व्यय खाते में डेबिट कर दिये गये।

(ii) रमेश से 300 रु. का माल खरीदा परन्तु इसका लेखा विक्रय पुस्तक मे कर दिया गया।

(iii) दिनेश से 50 रु. प्राप्त हुये लेकिन गलती से गणेश के खाते मे क्रेडिट कर दिये।

(iv) मोहन को दिये वेतन के 200 रु. इसके व्यक्तिगत खाते मे डेबिट कर दिये।

(v) दुकान की इमारत के विस्तार का एक बिल 2,700 रु. का ठेकेदार को चुकाया जो मरम्मत खाते मे डेबिट कर दिया गया।

(vi) रहीम बक्स का 300 रु. चैक अप्रतिष्ठित होकर वापिस आ गया लेकिन गलती से अलाउन्स खाते में डेबिट हो गया।

(vii) मैसर्स सी. ब्रादर्स ने 150 रु. का माल लौटाया लेकिन इसकी बहियों में कोई प्रविष्टि नहीं की गई।

(viii) मशीनरी की मरम्मत पर 500 रु. खर्च हुए जिसे मशीनरी खाता में डेबिट कर दिया।

(ix) प्लान्ट लगाने के 550 रु. मजदूरी दी। इसे मजदूरी खाते में दिखाया।

(x) लालाराम से प्राप्त 75 रु. का चैक टीकाराम के खाते में जमा कर दिया और बैंक खाते के स्थान पर रोकड़ खाता डेबिट कर दिया।

The following errors were detected in the accounts of Anand & Sons. Give journal entries to rectify them.

(i) The proprietor withdrew Rs. 200 for his personal use were debited to Travelling expenses account.

(ii) Goods for Rs. 300 were purchased from Ramesh, but the same was entered in the Sales Book.

(iii) Received Rs. 50 from Dinesh, but the same was wrongly credited to Ganesh.

(iv) Paid Rs. 200 as salaries to Mohan but that amount was debited to his personal account.

(v) Rs. 2,700 was paid to a contractor for the extension of the buildings of the shop, but the same was debited to repairs account.

(vi) A cheque for Rs. 300 received from Rahim Bux returned dishonoured but wrongly debited to allowances a/c.

(vii) Goods worth Rs. 150 returned by M/s. C. Bros. were received in the stores but no entry was made in the Books.

(viii) Rs. 500 spent on Repairs of Machinery was debited to the Machinery Account.

(ix) Rs. 550 paid for wages for errection of a plant were entered into the Wages Account.

(x) TikaRam's account was credited in respect of a cheque of Rs. 75 received from Lala Ram and debited to cash account instead of Bank Account.

Solution :

Journal

				Rs.	Rs.
(i)	Drawings a/c	Dr.		200	
	To Travelling Expenses a/c				200
	(Drawings were wrongly posted to travelling expenses account.)				
(ii)	Sales a/c	Dr		300	
	Purchases a/c	Dr		300	
	To Ramesh				600
	(Purchases from Ramesh was wrongly recorded as sales, now rectified.)				
(iii)	Ganesh	Dr.		50	
	To Dinesh				50
	(Cash Received from Dinesh was wrongly posted to Ganesh's a/c, now corrected.)				
(iv)	Salaries a/c	Dr		200	
	To Mohan				200
	(Salaries paid to Mohan was wrongly debited to his personal a/c, now corrected.)				
(v)	Building a/c	Dr		2,700	
	To Repairs a/c				2,700

NOTES

	(A bill for extention in Building was wrongly charged to Repairs a/c, now rectified.)			
(vi)	Rahim Bux Dr. To Allowances a/c (A Dishonoured cheque was wrongly debited to Allowance a/c instead of personal a/c, now corrected.)		300	300
(vii)	Sales Returns a/c Dr. To C Bros. (Sales Return was not entered, now entered.)		150	150
(viii)	Repairs a/c Dr. To Machinery a/c (Repairs wrongly debited to Machinery a/c, now rectified.)		500	500
(ix)	Plant a/c Dr. To Wages a/c (Capital expenditure on Plant was wrongly debited to Wages a/c, now rectified.)		550	550
(x) (a)	Tika Ram Dr. To Lala Ram (Cheque received from Lala Ram was wrongly credited on Tika Ram, now corrected.)		75	75
(b)	Bank a/c Dr. To Cash a/c (Rectification of wrong debit to Cash a/c instead of Bank a/c for cheque received,)		75	75

Example 7

निम्न अशुद्धियों को सुधारने के लिये प्रविष्टियाँ दीजिए।

(i) पी. से क्रय किया गया 258 रु. का माल क्रय बही में 2 रु. 58 पै. लिखा गया।

(ii) आर. को 248 रु. का बेचा गया माल क्रय बही में 428 रु. लिखा गया।

(iii) एस. से 75 रु. उसे उधार दी हुई रकम पर व्याज के रूप में प्राप्त हुए जो एस. के खाते में क्रेडिट किये गये।

(iv) टी. को 200 रु. वेतन के दिये जो उसके व्यक्तिगत खाते में डेबिट कर दिये गये।

(v) एच. से 123 रु. का माल खरीदा परन्तु विक्रय पुस्तक में लिखा गया।

(vi) डी. को 500 रु. का माल बेचा परन्तु क्रय पुस्तक में लिखा गया।

Give entries to rectify the following errors

(i) Goods bought from P for Rs. 258 was entered in the Purchases as Book Rs. 2.58.

(ii) Goods sold to R for Rs. 248 is passed through the Sales Book as Rs. 428.

(iii) Cash Received Rs. 75 from S for Interest on Loan given to him is credited to S's account

(iv) Salary paid to T. Rs. 200 is debited to T's a/c

(v) Goods purchased worth Rs. 123 from H is entered in the Sales Book.

(vi) Goods sold to D Rs. 500 is passed through the Purchase Book.

NOTES

Solution :

Journal

			Dr.	Cr.
			Rs.	Rs.
(i)	Purchases a/c Dr. To P (Purchases form P for Rs. 258 was wrongly recorded as Rs. 2.58 in Purchases Books now corrected.)		255.42	255.42
(ii)	Sales a/c Dr. To R (Sales of Rs. 248 entered as 428 in Sales Books, now corrected.)		180	180
(iii)	S Dr. To Interest a/c (Interest received on loan wrongly credited to S, now corrected.)		75	75
(iv)	Salaries a/c Dr. To T (Salary paid wrongly debited to personal a/c, now rectified.)		200	200
(v)	Purchases a/c Dr. Sales a/c Dr. To H (Purchases of Rs. 123, wrongly entered in Sales Book, now corrected.)		123 123	246
(vi)	D Dr. To Purchases a/c To Sales a/c (Sales of Goods, wrongly passed through Purchase Book, now corrected.)		1,000	500 500

Example 8.

एक लेखापाल हर महीने तलपट बनाता है और तलपट नहीं मिलने पर भूल-चूक खाता में अन्तर लिख देता है। 31.12.06 को तलपट मिल गया परंतु 31.1.07 को डेबिट की ओर का योग 344 रु. अधिक था और भूल-चूक खाता इससे क्रेडिट कर दिया गया। फरवरी 2007 में अंतर के निम्न कारण ज्ञात हुए–

(i) 36 रु. का बट्टा जो राम को दिया, उसके खाते में क्रेडिट कर दिया गया, परंतु सम्बन्धित दूसरी प्रविष्टि नहीं की गई।

(ii) 2,346 रु. मजदूरी के चुकाये और मजदूरी खाते में 2,746 रु. लिखे गये।

(iii) एक लेनदार का 140 रु. का शेष 31.1.2007 को तलपट में लिखने से रह गया।

(iv) शेष अन्तर विक्रय पुस्तक की गलत जोड़ के कारण था।

आवश्यक सुधार प्रविष्टि कीजिये व उचन्ती खाता बनाइये।

A book-keeper balances his books monthly and if at any time his books fail to balance he enters the difference in a suspense account. On 31st December, 06 the books were properly balanced but on 31st January, 07 there was an excess debit of Rs. 344 and therefore the suspense account was credited with this amount. During February, 07, the difference was found and accounted for as follows:-

(i) Discount of Rs. 36 had been allowed to customer., Ram, and credited to his account, but no other entry was made.

(ii) Wages paid amounting to Rs. 2,346 had been posted to wages account as Rs. 2,746.

(iii) A creditor's balance of Rs. 140 had been entirely overlooked when taking out the list of trial balance on 31.1.07.

(iv) The remainder of the difference was due to miscast in the Sales Book.

NOTES

Set out the necessary rectifying entries and prepare suspense account.

Solution :

	Journal		Dr.	Cr.
			Rs.	Rs.
(i)	Discount a/c	Dr.	36	
	To Suspense a/c			36
	(Discount allowed not posted to Discount a/c now posted.)			
(ii)	Suspense a/c	Dr.	400	
	To Wages a/c			400
	(Wages paid Rs. 2,346 wrongly entered as Rs. 2,746, now corrected.)			
(iii)	Suspense a/c	Dr.	140	
	To Creditors a/c			140
	(A creditor's balance was omitted to be entered in trial balance, now rectified.)			
(iv)*	Sales a/c	Dr.	160	
	To Suspense a/c			160
	(Sales Book was overstated by Rs. 160, now corrected.)			

Suspense Account

		Rs.		Rs.
To Wages a/c		400	By Balance b/d	344
To Creditors		140	By Discount a/c	36
			By Sales	160
		540		540

*Note - इस प्रविष्टि की न तो रकम दी हुई है और न ही यह दिया गया है कि विक्रय बही की जोड़ अधिक थी या कम थी। इस प्रविष्टि को ज्ञात करने के लिए पहले Suspense a/c तैयार करना होगा। Suspense a/c में (i), (ii), (iii) प्रविष्टियों को लिखने के बाद 160 रु. का अन्तर क्रेडिट में कम आता है। इसी रकम की अशुद्धि विक्रय बही के जोड़ में है, अत: Suspense a/c को बराबर करने के लिए 160 रु. से क्रेडिट किया गया है और Sales a/c को डेबिट किया गया है। इस प्रकार (iv) प्रविष्टि की जावेगी।

Example 9. जर्नल प्रविष्टियों द्वारा दिखाइये कि निम्न बातों का फर्म के 31.12.06 को वार्षिक खाते बनाते समय किस प्रकार समायोजन किया जावेगा।

(अ) एक रोकड़िये के खाते जाँचने में ज्ञात हुआ कि उसने 4,250 रु. देनदारों से प्राप्त किये और 730 रु. नकद बिक्री से। उसने 65 रु. माल खरीद कर चुकाये और 820 रु. लेनदारों को चुकाये जिस पर 30 रु. बट्टा मिला। इनकी कोई भी प्रविष्टि पुस्तक में नहीं की गई है।

(ब) राम को बेचा गया माल जो पुस्तकों में बिक्री बना दिया गया, 3,500 रु. का है, पैक कर दिया गया और बीजक भेज दिया गया। जब स्टॉक लिया गया तब राम को न भेजा गया माल स्टॉक में सम्मिलित कर लिया गया।

(स) 1,000 रु. का माल जो कर्मचारियों के लिए खरीदा, खरीद में शामिल कर लिया गया। इतनी ही राशि कर्मचारियों के वेतन में से कम कर दी गई और शेष भुगतान वेतन खाते में खता दिया गया।

NOTES

Show by means of Journal entries how the following matters should be adjusted when preparing the annual accounts of a firm for the year ended 31st December, 06.

(a) An examination of the accounts of a defaulting cashier reveals that Rs. 4,250 was received by him from the firms debtors and Rs. 730 from cash sales and that he paid Rs. 65 for goods purchased and Rs. 820 to creditors, the discount deducted being Rs. 30. No entries for these items had been passed in the Books.

(b) Goods sold and recorded as sales for Rs. 3,500, were packed and the invoice for them sent to the customer, Ram. Stock taking took place and goods not sent to Ram was included in stock.

(c) Goods costing Rs. 1,000 were purchased for various members of the staff and the cost was included in purchases. A similar amount was deducted from the salaries of the employee's concerned and the net payments to them posted to salaries account.

Solution :

	Journal			Dr.	Cr.
				Rs.	Rs.
(a)	Cash a/c	Dr.		4,980	
	To Sundry Debtors				4,250
	To Sales a/c				730
	(Cash received from Debtors and Sales, now recorded.)				
	Purchases a/c	Dr.		65	
	To Cash a/c				65
	(Cash Purchases now recorded.)				
	Sundry Creditors a/c	Dr.		850	
	To Cash a/c				820
	To Discount a/c				30
	(Cash paid to Creditors and discount received, now entered.)				
	Cashier's a/c	Dr.		4,095	
	To Cash a/c				4,095
	Cash retained by the Cashier.				
(b)	Sales a/c	Dr.		3,500	
	To Ram				3,500
	(Goods sold but not sent.)				
(c)	Salaries a/c	Dr.		1,000	
	To Purchases a/c				1,000
	(Goods Purchased for staff was debited to purchased a/c instead of salaries a/c, now corrected.)				

Note – रोकड़िए ने 4,980 रु. प्राप्त किए और 885 रु. (65 + 820) रु. का भुगतान किया। शेष राशि 4,095 रु. रोकड़िये ने गबन कर ली। अतः जो रकम (4,095 रु.) रोकड़िये के पास रह गई। उसके लिए रोकड़िये को डेबिट कर उसके नाम लिखने की प्रविष्टि की गयी है।

Example 10

निम्न अशुद्धियों को सुधार करने हेतु आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।

Give journal entries to rectify the following errors.

(a) राम से मशीन मरम्मत हेतु 150 रु. का व मशीन क्रय करने हेतु 950 रु. का बिल प्राप्त हुआ जिसे क्रय बही में 1,000 रु. से लिखा गया।

NOTES

Bill Received from Ram for Rs. 150 for repairs done to machine and for Rs. 950 for purchase of machine was entered in the purchases Book.

(b) एक लेनदार द्वारा दी गई बट्टे की राशि के 1,000 रु. उसके खाते में जमा पक्ष में 2,000 रु. खताये गये।

Discount allowed by a creditor Rs. 1,000 was posted to the credit of his account as Rs. 2,000.

(c) क्रय की एक 151 रु. की मद क्रय बही में 15 रु. लिखी गई और विक्रेता के खाते में 51 रु. खताई गई।

An item of purchase of Rs. 151 was entered in the purchases Book as Rs. 15 and posted to the sellers account as Rs. 51.

(d) मोहन को की गई 400 रु. की बिक्री सोहन के खाते को 40 रु. क्रेडिट की गयी।

Sales to Mohan Rs. 400 credited to Sohan's account as Rs. 40.

(e) मेहता ब्रदर्स को देय बिल के भुगतान में 500 रु. दिये जो मेहरोत्रा ब्रदर्स को नाम कर दिए गए।

Rs. 500 paid to Mehta Bros. against our acceptance were debited to Malhotra Bros.

Solution :

				Rs.	Rs.
(a)	Repairs a/c	Dr.		150	
	Machine a/c	Dr.		950	
	To Purchases a/c				1,000
	To Ram				100
	(A bill for repairs and Machine purchased wrongly entered in purchases Book, now corrected.)				
(b)	Creditor a/c	Dr.		3,000	
	To Suspense a/c				3,000
	(Discount recd. from a Creditro, wrongly credited his account, now corrected)				
(c)	Purchases a/c	Dr.		136	
	To Sellers a/c				100
	To Suspense a/c				36
	(Purchase of goods for Rs. 151, wrongly entered as Rs. 15 in Purchases Book and wrongly posted as Rs. 51 to Sellers a/c, now rectified)				
(d)	Mohan a/c	Dr.		400	
	Sohan	Dr.		40	
	To Suspense a/c				440
	(Sale to Mohan, wrongly entered to Sohan a/c now rectified				
(e)	B/P a/c	Dr.		500	
	To Mehta Bros.				500
	(Payment of B/P, wrongly posted to Personal a/c now rectified)				

3.5 अभ्यास के लिए प्रश्न (Assignment Material)

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoretical Questions)

1. अशुद्धियों से आप क्या समझते हैं? इन्हें कैसे सुधारा जाता है?

   What is meant by Errors? How are they rectified?

2. क्या तलपट बहियों की शुद्धता का शत-प्रतिशत प्रमाण है? अगर नहीं, तो ऐसी कौन-सी अशुद्धियाँ हैं जो तलपट के मेल खाने पर भी रह जाती हैं?

Is Trial Balance a conclusive proof of accuracy of the Books of accounts ? If not, what are the errors which remain undetected inspite of its agreeement?

3. भूल चूक खाते से आप क्या समझते हैं? इसका क्या उपयोग है?

What do you understand by Suspense Account ? What purpose does it serve ?

NOTES

4. अशुद्धियों का अन्तिम खातों पर क्या प्रभाव पड़ता है? पाँच उदाहरण देकर अन्तिम खातों पर उनका प्रभाव बताइये

What is the effect of errors on the Final Accounts ? Give five examples to show effect on the Final Account.

संख्यात्मक प्रश्न (Numerical Questions)

1. निम्न अशुद्धियों को आप कैसे सुधारेंगे–

(अ) 500 रु. की रकम स्वामी ने अपने निजी कार्य हेतु निकाली वह व्यापारिक खर्चे खाते में डेबिट कर दी गई।

(ब) मोहन से प्राप्त 100 रु. सोहन के खाते में क्रेडिट कर दिये।

(स) सीता को 150 रु. की उधार की गई बिक्री क्रय बही में लिखी गई।

(द) 50 रु. मजदूरी के चुकाये जो मजदूरी खाते में दो बार खता दिए गए।

(य) बिक्री बही का जोड़ 100 रु. से कम लगा दिया गया।

(फ) 750 रु. का फर्नीचर क्रय किया उसे क्रय खाते में डेबिट कर दिया।

How would you rectify the following errors –

(a) An amount of Rs. 500 with drawn by the proprietor for his personal use has been debited to Trade Expenses account.

(b) Rs. 100 received from Mohan has been credited to Sohan.

(c) A credit sale of Rs. 150 to Sita has been wrongly passed through the Purchases Book.

(d) Rs. 50 paid for wages, were posted twice to wages a/c.

(e) Periodical totals of Sales Book was cast short by Rs. 100.

(f) An item of Rs. 750 paid for the purchase of Office Furniture has been debited to Purchases Account

2. एक व्यापारी की पुस्तकों में निम्न अशुद्धियाँ पाई गई–

(i) ब को बेचा हुआ 200 रु. का माल र खाते में डेबिट कर दिया गया।

(ii) स को दिये गये 25 रु. नकद बट्टे की छूट उसके खाते में जमा कर दी गयी, परन्तु रोकड़ पुस्तकें में कोई लेखा नहीं हुआ।

(iii) विक्रय बही में मई मास का जोड़ 100 रु. से कम लगाया गया।

(iv) एक कमरे की छत की मरम्मत का व्यय 85 रु. भवन के खाते में लिख दिया गया।

(v) किराया का चुकाया 130 रु. भवन के स्वामी के व्यक्तिगत खाते में डेबिट कर दिया गया।

(vi) फर्नीचर खरीद के लिये दिये गये 1,000 रु. क्रय खाते में डेबिट कर दिये गये।

उपरोक्त को सुधारने के लिए आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

The following errors were found in the books of a merchant.

(i) Goods worth Rs. 200 sold to B were posted to the debit of R's account

(ii) Cash discount Rs. 25 was allowed to C and was credited to his account but no entry was made in the Cash Book.

(iii) The total of the Sales Book for the month of May were undercast by Rs. 100

(iv) Rs. 85, Cost of repairing the roof of a room was charged to Building Account.

(v) Rs. 130 paid for Rent was debited to Land's account.

(vi) Rs. 1,000 paid for furniture had been charged to the Purchases account.

Give the entries necessary to correct the above.

3. एक एकाकी व्यापारी जी.डी. बोस का लेखापाल निम्न अशुद्धियों को नहीं खोज पाया—

NOTES

(i) विक्रय पुस्तक का योग 500 रु. कम लगाया गया।

(ii) कार्यालय के लिए खरीदी गई 450 रु. की अलमारी का लेखा क्रय पुस्तक में कर दिया गया।

(iii) बी. बोस को 250 रु. के बेचे गए माल को लेखा उसके खाते में क्रेडिट कर दिया गया।

(iv) जी.डी. बोस 350 रु. का माल ले गया, जिसके लिए कोई भी खाता डेबिट नहीं किया गया।

(v) 50 रु. की खरीदी गई स्टेशनरी को आफिस टाइप-राइटर खाते में डेबिट कर दिया गया।

अन्तर को भूल-चूक खाते में डालकर तलपट का योग मिला दिया गया है। आपको प्रदर्शित करना है कि (i) तलपट के मिलान को कौन-कौन से मद प्रभावित करेंगे, और (ii) भूल-चूक खाते में कितनी राशि थी। इन अशुद्धियों के सुधार के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

The under-mentioned errors could not be detected by the book-keeper of Mr. G.D. Bose, a sole trader:

(i) Sales day Book was cast Rs. 500 short.

(ii) The purchases of an Office Almirah for Rs. 450 was passed through the Purchases day Book.

(iii) The sale of goods worth Rs. 250 to B Bose was credited to his account.

(iv) Goods worth Rs. 350 taken by G.D. Bose were not debited to any account.

(v) Purchases of stationery for Rs. 50 was debited to office Typewriter account.

The Trial Balance was agreed by keeping the difference in Suspense Account.

You are required to state (i) What items would affect the agreement of Trial Balance, and (ii) what was the amount in the suspense account. Give correct Journal entries for rectification of these errose.

(**Answer :** इसमें i, iii, iv प्रविष्टियाँ तलपट के मेल को प्रभावित करेंगी। Suspense Account शेष 350 रु. था।) **संकेत–** 'iv' प्रविष्टि के सुधार हेतु Drawings A/c डेबिट होगा।

4. एक मुनीम को तलपट बनाने पर मालूम होता है कि 424 रु. 25 पैसे क्रेडिट में अधिक है। वह इस रकम को भूल-चूक खाते में ले जाता है। आपको बहियों की जाँच करने को कहा जाता है तथा आपको पता लगता है कि —

(i) अ को 53 रु. दिए गए किंतु उसके खाते में 35 रु. ही डेबिट किये गए।

(ii) 400 रु. मशीन खाते में घिसाई के खाते में डेबिट नहीं किये गये।

(iii) एक ग्राहक को छूट के 12 रु. 53 पैसे दिये गये किंतु ग्राहक के खाते में रु. 8.78 लिखे गये।

(iv) क्रय बही का कुल जोड़ 10 रु. कम लगाया गया।

अशुद्धियों को सुधारने हेतु जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये और किंतु ग्राहक के खाते तैयार कीजिये। यह भी बताइये कि लाभ-हानि खाते पर इन अशुद्धियों को शुद्ध करने का क्या प्रभाव पड़ेगा।

A book-keeper finds in his Trial Balance an excess credit of Rs. 424.25. He balances the books by carrying this amount to a Suspense Account. You are asked to check the book and you discover that –

(i) Rs. 53 paid to A has been debited to his account as Rs. 35

(ii) A sum of Rs. 400 written off as depreciation on machinery was not debited to the Depreciation a/c

(iii) A discount of Rs. 12.53 allowed to a customer has been credited in his accounut as Rs. 8.78

(iv) The total of the Purchases Book was added Rs. 10 short

Give the correcting entries and prepare a Suspense a/c. State also the ultimate effect of these correcting entries on the profit and Loss Account. **(Answer :** 1. Total of Suspenses Account Rs. 428)

2. Net Profit 410 रु. कम होगा)

5. 31 दिसम्बर, 2007 को बनाये गये एक तलपट में नाम पक्ष का जोड़ 143 रु. अधिक था। पुस्तपालक ने इस अन्तर को एक नये खोले गये उचन्ती खाते में डालकर हिसाब बन्द कर दिया। अगले वर्ष निम्न लिखित अशुद्धियों का पता चला–

(a) अ से वसूल की गई 649 रु. की रकम उसके खाते में 45 रु. नाम लिखी गई थी।

(b) 356 रु. मरम्मत पर व्यय मशीन खाते के नाम 156 रु. लिख दिये गये।

(c) 25.50 रु. की स द्वारा मिली हुई छूट उसके खाते में जमा कर दी गई थी।

(d) राम को दिये हुए 457 रु. रमन के खाते में 257 रु. नाम लिखे गये थे।

(e) क्रय बही का जोड़ 100 रु. से कम लगा था।

(f) फर्नीचर खरीदने के 367 रु. मरम्मत खाते में डाल दिये गये।

सुधार की प्रविष्टियाँ करो व उचन्ती खाता बनाओ। इन प्रविष्टियों का लाभ-हानि खाते पर प्रभाव बताओ। वर्ष के अन्त में 7,859.05 रु. का लाभ था।

On 31 December, 2007 a book-keeper found that the Trial Balance showed an exceses of Rs. 143 in the total of debit items. He closed the books by placing the difference to the credit of a newly opened Suspense Account. In the following year, he discovered the following mistakes–

(a) A sum of Rs. 649 received from A was posted to his debit as Rs. 45.

(b) Rs. 356 spent on Repairs was posted to the debit of Machinery Account as Rs. 156.

(c) A discount of Rs. 25.50 allowed by C was posted to his credit.

(d) Rs. 457 paid to Ram was debited to Raman's Account as Rs. 257.

(e) The total of the Purchases Book was added Rs. 100 short.

(f) Furniture purchases for Rs. 367 was debited to Repairs Account.

Pass the rectifying entries and prepare the Suspense Account. State the effect of the entries on the Profit and Loss Account which at the end of the year showed a net profit of Rs. 7,859.05.

(Answer : Total of Suspense a/c - Rs. 694 Net profit Rs. 7,770.05)

3.6 सारांश

लेखा बही खाते में पाई जाने वाली विभिन्न अशुद्धियों की खोज कर उनमे सुधार करने को अशुद्धियों का सुधार करते है।

- बही खाते की अशुद्धि और तलपट की अशुद्धि अशुद्धियों के दो प्रकार है।
- अशुद्धियो के सुधार का प्रभाव अन्तिम खातो पर भी पड़ता है यदि अशुद्धि व्यापार और लाभ हानि खाते से सम्बन्धित होती है तो इसका प्रभाव सकल लाभ शुद्ध लाभ पर पड़ता है।
- अशुद्धि सुधार की प्रक्रिया को खाते के बन्द करने से पूर्व व खाते को बन्द करने के बाद और अन्तिम खाते बन्द करने के बाद भी किया जा सकता है।
- पर्याप्त प्रयत्न करने के बाद भी यदि तलपट मे अशुद्धियों का ज्ञान नहीं होता है तो तलपट के योग को बराबर लाने के लिये एक खाता खोला जाता है जिसे उचन्त खाता कहते है।

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

3.7 शब्दावली

अशुद्धियो मे सुधार, क्षतिपूरक, एक पक्षीय लेखा, उचन्त खाता

●●●

ACCOUNTS/2028-4.PM5 FIRST PROOF DATE : 13.11.2014 (RAJ\AKS)

अध्याय–4 अलाभकारी संस्थाओं के लेखे
[ACCOUNTING FOR NONPROFIT ORGANISATION]

NOTES

इकाई की रूपरेखा

4.0 उद्देश्य

4.1 अलाभकारी संस्थाओं से आशय

4.2 गैर व्यवसायिक संगठनों का वर्गीकरण

4.3 अलाभकारी संगठनों के लिये लेखांकन

  4.3.1 प्राप्ति एवं भुगतान खाता

  4.3.2 आय एवं व्यय खाता

  4.3.3 आर्थिक चिट्ठा

4.4 प्राप्ति एवं भुगतान लेखा एवं रोकड़ पुस्तक में अन्तर

4.5 प्राप्ति एवं भुगतान तथा आय-व्यय में अन्तर

4.6 क्रियात्मक प्रश्न

4.7 सारांश

4.8 शब्दावली

4.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के उपरान्त आप इस योग्य हो सकेंगे

- अलाभकारी संस्था से आशय एवं उनका वर्गीकरण समझा सकेंगे।
- अलाभकारी संगठनों के लेखों को तैयार कर सकेंगे।
- प्राप्ति एवं भुगतान खाते और आय-व्यय खाते मे अन्तर कर सकेंगे।

4.1 अलाभकारी संस्थाओं से आशय

ऐसी संस्थाओं से है। जिनकी स्थापना का उद्देश्य लाभ कमाना न होकर समाज की सेवा करना या कला, संस्कृति व शिक्षा का सम्वर्द्धन करना होता है। ऐसी संस्थाओं को गैर-व्यापारिक संगठन कहते हैं। यह संस्थाएं व्यापार का दृष्टिकोण नहीं अपनाती है। व्यापार का दृष्टिकोण लाभ कमाना होता है। अलाभकारी संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य अपने सदस्यों या समाज को परमार्थिक, बौद्धिक, धार्मिक, शारीरिक, शैक्षणिक, साहित्यिक दृष्टि से समय-समय पर लाभप्रद सेवायें प्रदान करना है।

4.2 गैर व्यावसायिक संगठनों का वर्गीकरण
(Classification of Non-Trading concerns)

गैर-व्यापारिक संगठनों में निम्न संस्थाओं को शामिल किया जाता है

(i) संघ (Association)—इसमें व्यापारियों या निर्माताओं के संघ, विभिन्न पेशों में कार्यरत व्यक्तियों के संघ, जैसे—चैम्बर ऑफ कामर्स, शिक्षक संघ, श्रमसंघ, बैंकर्स संघ आदि।

(ii) **पेशेवर व्यक्ति** (Professional Person)—ऐसे व्यक्ति जो कि पेशा करते हैं। पेशे से तात्पर्य ऐसे कार्य से है जो कि किसी विशेष योग्यता के आधार पर जीविकोपार्जन के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए- डॉक्टर, इंजीनियर, अंकेक्षक, फैशन डिजाइनर आदि।

(iii) **गैर-व्यापारिक संस्थाएँ** (Non-Trading Concerns)—जिनका उद्देश्य लाभ-कमाना नहीं होता। जैसे—स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, क्लब, अस्पताल, पुस्तकालय, धार्मिक तथा राजनैतिक संस्थाएँ आदि।

यद्यपि उपरोक्त गैर-व्यापारिक तथा गैर-लाभोपार्जन संस्थाओं में लाभ को ज्ञात करना उद्देश्य नहीं होता फिर भी ऐसी संस्थाओं को वर्ष के अन्त में, संस्था के वित्तीय कार्यकलापों सम्बन्धी जानकारी के लिए वित्तीय विवरण बनाने होते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें एक उचित लेखांकन रीति की आवश्यकता होती है।

NOTES

4.3 अलाभकारी संगठनों के लिए लेखांकन (Accounting for Non-Profit Organisations)

ऐसी संस्थाएँ भी अपने हिसाब-किताब के लिए दोहरा लेखा प्रणाली या अन्य लेखांकन के सिद्धान्तों का पालन करती है। एक व्यापारिक संस्था अपने लेखे (i) रोकड़ पद्धति, (ii) व्यापारिक पद्धति (Mercantile System) या (iii) मिश्रित पद्धति (Hybrid System) के आधार पर रख सकती हैं। परन्तु गैर-व्यापारिक संस्थाएँ अधिकांशतः रोकड़ पद्धति (Cash System) के आधार पर अपने खाते रखती हैं। अतः इनमें रोकड़-पुस्तक एक महत्वपूर्ण पुस्तक होती है। इसी पुस्तक तथा अन्य विवरण व सूचनाओं के आधार पर वित्तीय विवरण (Financial Statements) तैयार किये जाते हैं। सामान्यतय ऐसी संस्थाओं में निम्नलिखित खाते तैयार किये जाते हैं :

1. प्राप्ति एवं भुगतान खाता (Receipt and Payment Account),
2. आय एवं व्यय खाता (Income & Expenditure Account),
3. आर्थिक-चिट्ठा (Balance Sheet)

इन खातों का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :

4.3.1 प्राप्ति एवं भुगतान खाता (Receipt and Payment Account)

गैर-व्यावसायिक संस्थाओं मे यह खाता वर्ष के अन्त मे तैयार किया जाता है। इसमें वर्ष के दौरान जितनी भी रोकड़ प्राप्ति होती है चाहे पूँजीगत प्रकृति की हो या आयगत प्रकृति तथा इसी प्रकार रोकड़ी भुगतान किसी भी प्रकृति के हो, लिखे जाते है। जिस प्रकार व्यापारिक संस्थाओं में रोकड़-पुस्तक रखी जाती है मूलतः उसी प्रकार गैर-व्यावसायिक संस्थाओं मे यह खाता खोला जाता है।

मुख्य विशेषताएँ (Main Features)

प्राप्ति एवं भुगतान खाते के सम्बन्ध मे निम्न विशेषताएं महत्वपूर्ण हैं

(i) इस खाते की प्रकृति वास्तविक (Real) खाते की भाँति होती है। यह रोकड़ पुस्तक का सारांश है।

(ii) सभी आयगत (Revenue) तथा पूँजीगत (Capital) प्राप्तियाँ इस खाते के डेबिट पक्ष मे लिखी जाती है।

(iii) सभी आयगत तथा पूंजीगत भुगतानो को इस खाते के क्रेडिट पक्ष मे लिखा जाता है।

(iv) जो व्यय अभी हुए नही हैं या ऐसी आय जो प्राप्त नही हुई है, को इस खाते में नही दिखाया जाता।

(v) यदि संस्था पुरानी है तो इस खाते के पिछले शेष को सर्वप्रथम लिखा जाता है। यदि डेबिट शेष है तो डेबिट की ओर तथा क्रेडिट शेष होने पर क्रेडिट की ओर लिखते है।

(vi) इस खाते मे उस वर्ष मे हुए सभी भुगतानो तथा प्राप्तियो को लिखा जाता है जिस वर्ष के लिए यह खाता बनाया जा रहा है, चाहे ये प्राप्तियाँ तथा भुगतान किसी पिछले वर्ष (Past year) या चालू वर्ष (Current year) या आने वाले वर्ष (Next year) से सम्बन्धित हो।

(vii) वर्ष के अन्त मे इस खाते का शेष निकाला जाता है जो डेबिट या क्रेडिट हो सकता है। डेबिट शेष होने पर हस्तगत रोकड़ (Cash in hand) का ज्ञान हो जाता है जबकि क्रेडिट शेष होने पर बैंक ओवरड्राफ्ट (Bank Overdraft) होता है।

NOTES

प्राप्ति एवं भुगतान खाते का प्रारूप
(अवधि की समाप्ति पर)

(Specimen of Receipts and Payments Account)
(for the year ending on..........)

Receipts Capital and Revenue (Past, present and Future)	*Amount*	*Payments Capital and Revenue (Past, present and Future)*	*Amount*
	Rs.		Rs.
To Balance b/d (opening): Cash in hand Cash at Bank To Capital Receipts (for past, present and future periods) e.g. Legacies Sales of office furniture Sale of sports equipments Donations for special purposes e.g. buildings, prizes etc. Membership fees Sale of Investments Endowment fund receipts Receipts on account of special funds, e.g. Prize Fund, Tournament Fund. Interest on specific Fund Investments Entrance Fees To Revenue Receipts (for post, present and future Periods e.g. Subscriptions General donations Proceeds from entertainments Interest or dividends on General Investments Sale of old newspapers, waste papers etc. Miscellaneous receipts To Balance c/d (Bank overdfraft)		By Capital Payments (for post, present and future period) e.g. Buildings construction Books Sports equipments or materials Cost of leasehold land Investments Advance for purchase of buildings Governments loan Furniture. By Revenue Payments (for past, present and future periods) e.g. Prizes paid Entertainment expenses Printing and Stationery Newspapers and periodicals Repairs Postages Doctors. Secretary's Honorarium Expenses on special food to patients Insurance, Rent, Salaries Advertisement Audit Fees Tennis balls Telephone, electric charges Gardening Bar Purchases Bar Expenses Up-keep of lawns Municipal taxes Charity Printing of year book By Bank Overdrafts (Adjustment) By Drawings By Balance c/d (closing balance) Cash in hand Cash in Bank	

4.4 प्राप्ति-भुगतान लेखा एवं रोकड़ पुस्तक में अन्तर
(Difference Between Receipts and Payments Account and Cash Book)

क्र. सं.	अन्तर का आधार	प्राप्ति-भुगतान लेखा *(Receipts and Payments A/c)*	रोकड़ पुस्तक *(Cash Book)*
1.	तिथि	इसमें व्यवहारों का उल्लेख तिथिवार नहीं होता।	रोकड़ पुस्तक में व्यवहारों का उल्लेख तिथिवार होता है।
2.	संस्थाएँ	यह लेखा गैर-व्यापारिक संस्थाओं द्वारा तैयार किया जाता है।	रोकड़ पुस्तक व्यापारिक एवं गैर-व्यापारिक दोनों संस्थाओं द्वारा तैयार की जाती है।
3.	आधार	यह लेखा रोकड़ पुस्तक के आधार पर तैयार किया जाता है।	यह तिथिवार एवं क्रमानुसार नकद राशि की प्राप्ति एवं भुगतान के आधार पर तैयार की जाती है।
बैंक में जमा की गई रोकड़	15,500	लेनदारों को रोकड़ी भुगतान	6,300
रोकड़ी आहरण (Cash drawings)	1,500		

	1.1.2006 रु.	31.12.2006 रु.
देनदार	—	15,000
रोकड़ तथा बैंक	13,900	5,300
स्टॉक	8,700	10,500
प्लाण्ट	5,600	4,600
फर्नीचर	2,200	2,200
लेनदार	6,000	9,400
व्ययों के लिए दायित्व	500	800

Solution : टिप्पणियाँ : 1. बैंक तथा रोकड़ के अलग-अलग आरम्भिक एवं अन्तिम शेष ज्ञात करने के लिए बैंक खाता तथा रोकड़ खाता बनाइये। 31.12.2006 की रोकड़ तथा बैंक का संयुक्त शेष 5,300 रु., हस्तस्थ तथा रोकड़ 2,200 रु. बताई गई है। अतः 31.12.2006 को बैंक खाते का शेष (5,300 — 2,200) = 3,100 रु. है। अब बैंक खाते का अन्तर आरम्भिक शेष (10,000 रु.) है। रोकड़ तथा बैंक खाते का आरम्भिक शेष 13,900 रु. है। इसमें से बैंक शेष 10,000 रु. घटाकर शेष 3,900 रु. आरम्भिक रोकड़ शेष है।

2. प्रश्न में कुल बिक्री 69,100 रु. की बताई गई है। रोकड़ खाते में आरम्भिक एवं अन्तिम शेष रखने के बाद आने वाला अन्तर 2,300 रु., नकद बिक्री तथा शेष (69,100 — 2,300) = 66,800 रु. उधार बिक्री होगी।

3. उधार बिक्री की प्रविष्टि करने के बाद देनदार खाते का अन्तर आरम्भिक देनदार होंगे।

4. कुल लेनदार खाते में अन्तर की राशि उधार क्रय होगा।

5. अब आर्थिक-स्थिति-विवरण बनाकर आरम्भिक पूँजी की गणना करें।

6. प्रश्न में एक मद देनदारों की क्रेडिट की गई रोकड़ तथा बट्टा 64,200 रु. दी गई है, यह निम्नलिखित मदों का योग है जो प्रश्न में अलग-अलग भी दी गई है। अतः 64,200 रु. की अलग से प्रविष्टि नहीं होगी

	रु.
देनदारों से प्राप्त रोकड़	20,300
देनदारों से प्राप्त चैक	43,200
देनदारों से प्राप्त बट्टा	700
	64,200

Bank Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	10,000	By Cash	4,500
(Balancing figure)		By Expenses	3,500
To Cash	15,500	By Drawings	4,200
to Debtors	43,200	By Creditors	53,400
		By Balance c/d	3,100
	68,700		**68,700**

Cash Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	3,900	By Expenses	3,400
To Bank	4,500	By Bank	15,500
To Debtors	20,300	By Drawings	1,500
To Cash Sales		By Purchases	2,100
(Balancing figure)	2,300	By Creditors	6,500
		By Balance c/d	2,200
	31,000		**31,000**

Total Debtors A/c

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	12,900	By Cash	20,300
(Balancing figure)		By Bad Debts	500
To Credit Sales	66,800	By Bank	43,200
		By Discount A/c	700
		By Balance c/d	15,000
	79,700		**79,700**

Total Creditors A/c

	Rs.		Rs.
To Bank	53,400	By Balance b/d	6,000
To Cash	6,300	By Credit Purchases	63,300
To Discount	200	(Balancing figure)	
To Balance c/d	9,400		
	69,300		**69,300**

Statement of Affairs (As on 31st December, 2006)

	Rs.		Rs.
Creditors	6,000	Bank	10,000
Liability for Expenses	500	Cash	3,900
(Balancing figure)		Debtors	12,900
Capital	36,800	Stock	8,700
		Plant	5,600
		Furniture	2,200
	43,300		**43,300**

Trading and Profit & Loss A/c (For the Year Ended 31st December, 2006)

	Rs.		Rs.
To Opening Stock	8,700	By Sales :	
To Purchases :		Cash	2,300
Cash	2,100	Credit	66,800
Credit	63,300	By Closing Stock	10,500
To Gross Profit	5,500		
	79,600		**79,600**

To Bad Debts		500	By Gross Profit	5,500
To Expenses :			By Discount Received	200
By Cheque	3,500		By Net Loss	3,700
By Cash	3,400			
Outstanding	6,900			
(+) For 2006	800			
	7,700			
(–) Outstanding for 2005	500	7,200		
To Discount allowed		700		
To Depreciation on Plant				
(5,600 — 4,600)		1,000		
		9,400		**9,400**

Balance Sheet (As on 31st December, 2006)

		Rs.		Rs.
Creditors		9,400	Cash at Bank	3,100
Liability for Expenses		800	Cash-in-Hand	2,200
Capital	36,800		Debtors	15,000
(–) Drawings			Stock	10,500
(1,500 + 4,200)	5,700		Plant	4,600
	31,100		Furniture	2,200
(–) Net Loss	3,700	27,400		
		37,600		**37,600**

अभ्यास के लिए प्रश्न
(Assignment Material)

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoritical Questions) :

1. अपूर्ण लेखा पद्धति (Incomplete System of Accounts) से आपका क्या आशय है? इसके क्या दोष है। आप अपूर्ण लेखा पद्धति को दोहरा लेखा पद्धति में किस प्रकार बदलेंगे?
2. अपूर्ण लेखा पद्धति या एकल प्रविष्टि प्रणाली से क्या आशय है? इसके अन्तर्गत खाते कैसे रखे जाते है? द्वि-प्रविष्टि प्रणाली से यह किस प्रकार भिन्न है?
3. एकल प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार खाते रखे जाने पर लाभ-हानि की गणना किस प्रकार की जाती है?
4. व्यापार के शुद्ध मूल्य (Net worth) से क्या आशय है? शुद्ध-मूल्य में हुए परिवर्तन के द्वारा लाभ-हानि की गणना कैसे की जा सकती है?
5. एकल-प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार खाते रखे जाने पर निम्नलिखित की गणना आप कैसे करेंगे, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

   (क) उधार विक्रय, (ख) उधार क्रय, (ग) वर्ष में प्राप्त प्राप्य-बिल, (घ) आरम्भिक स्कन्ध।
6. 'एकल प्रविष्टि प्रणाली एक अपूर्ण, अवैज्ञानिक तथा दोषपूर्ण लेखा पद्धति है।' इस कथन की व्याख्या कीजिए। इन दोषों के होते हुए भी व्यवहार में इसका प्रयोग क्यों होता है?

संख्यात्मक प्रश्न (Numerical Questions) :

1. किसी संस्था का कुल लाभ क्या होगा, यदि वर्ष के प्रारम्भ में उसकी पूंजी 20,000 रु. वर्ष के अन्त में 22,500 रु. हो तथा वर्ष में उसने 4,500 रु. निजी व्यय के लिए निकाले हों? [Ans. 7,000 रु.]
2. अज्ञात राशि (missing figure) की गणना कीजिए।

   अन्तिम पूंजी 80,000 रु. आहरण 12,000 रु. वर्ष में अर्जित लाभ 24,000 रु. आरम्भिक पूंजी अज्ञात।

   [**Ans.** आरम्भिक पूंजी 68,000 रु.]

3. मिस्टर X अपनी पुस्तकें इकहरा लेखा प्रणाली के आधार पर रखता है। उसकी स्थिति 30 जून, 2006 को निम्न प्रकार थी:

	रु.		रु.
व्यापार में रहतिया	12,700	मशीन	5,060
रोकड़ हाथ में	190	विविध देनदार	2,800
रोकड़ बैंक में	2,100	विविध लेनदार	5,020

31 दिसम्बर को समाप्त होने वाले 6 माह में मिस्टर X ने घरेलू व्ययों के लिए व्यापार से 2,030 रु. निकाले।

उसकी स्थिति 31 दिसम्बर, 2006 को निम्न प्रकार थी :

	रु.		रु.
व्यापार में रहतिया	13,100	मशीन	5,260
रोकड़ हाथ मे	250	विविध देनदार	3,910
रोकड़ बैंक मे	1,090	विविध लेनदार	4,010

31 दिसम्बर, 2006 को समाप्त होने वाले 6 माह के लिए उसके लाभ-हानि का विवरण बनाइये तथा उसी दिन का चिट्ठा तैयार कीजिये। [**Ans.** शुद्ध लाभ 3,800 रु., चिट्ठे का योग 25,610 रु.]

(**संकेत**—आरम्भिक पूँजी 17,830 रु., अन्तिम पूँजी 19,600 रु.)

Mr. X keeps his books by Single Entry. His position on 30th June, 2006 was as follows :

	Rs.		Rs.
Stock in trade	12,700	Machinery	5,060
Cash in Hand	190	Sundry Debtors	2,800
Cash to Bank	2,100	Sundry Creditors	5,020

During the 6 month ended 31st Dec., 2005 Mr. X withdrawn from the business for his household expenses Rs. 2,030.

His position on 31st Decmber, 2006 was as follows :

	Rs.		Rs.
Stock in trade	13,100	Machinery	5,260
Cash in Hand	250	Sundry Debtors	3,910
Cash at Bank	1,090	Sundry Creditors	4,010

Perepare Statement to show his profit or loss for six month ended 31 December, 2006 and his Balance Sheet on that date.

4. मिन्कू अपनी पुस्तकें एकल-प्रविष्टि प्रणाली में रखता है। 31 दिसम्बर, 206 को उसकी पूँजी 1,87,000 रु. थी जबकि वर्ष के प्रारम्भ में यह पूँजी 1,92,000 रु. थी। वर्ष में उसने 84,200 रु. अपने निजी उपयोग हेतु व्यापार में निकाले तथा 20,000 रु. के अपने विनियोग 2% प्रव्याजि (premium) पर बेचकर उससे प्राप्त राशि भी व्यापार में लगा दी। विवरण बनाकर उसके लाभ की गणना कीजिए।

[**Ans.** लाभ 58,800 रु.]

[**संकेत**—विनियोगों के विक्रय से प्राप्त राशि $\left(\frac{20,000 \times 102}{100}\right)$ = 20,400 रु. अतिरिक्त पूँजी के रूप में व्यापार में लगाई गई।]

5. श्री सुमित्र अपनी पुस्तकें अपूर्ण पद्धति में रखता है। उसने निम्न सूचनायें दीं।

	1.1.2006	31.12.2006
	रु.	रु.
फर्नीचर	200	200
स्टॉक	2,800	3,050
देनदार	2,100	3,400

रोकड़	150	200
लेनदार	1,750	2,000
देय विपत्र	....	300
ऋण (Cr.)	....	500
विनियोग	....	1,000

NOTES

उसके आहरण 500 रु. थे।

उसका लाभालाभ निम्न समायोजनों को विचार में लेते हुए ज्ञात कीजिए तथा 31.12.2006 का चिट्ठा भी बनाइए :

(क) फर्नीचर पर 10% ह्रास अपलिखित कीजिए।

(ख) देनदारों पर 10% डूबत ऋण आयोजन कीजिए।

(ग) देनदारों तथा लेनदारों पर $2\frac{1}{2}$% बट्टे के लिए आयोजन कीजिए।

[**Ans.** शुद्ध लाभ 1,663.50 रु., चिट्ठे का योग 7,413.50 रु.]

[**संकेत**—आरम्भिक पूँजी 3,500 रु., अन्तिम पूँजी (समायोजन से पूर्व) 5,050 रु., देनदारों पर बट्टे के लिए आयोजन देनदारों में से डूबत ऋण घटाकर शेष राशि पर बनाइये।]

5.14 सारांश

- ऐसे व्यक्ति या संस्थाओं जो रोकड़ पद्धति और प्रविष्टि प्रणाली का मिला जुला रूप प्रयोग करते है। इसे एकल प्रविष्टि प्रणाली कहते है।
- छोटे व्यापारियों के लिये यह प्रणाली सरल और मितव्ययी है, लेखांकन का साधारण ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी इस प्रणाली का उपयोग कर सकता है।
- अवस्था वितरण विधि और परिवर्तन विधि के माध्यम से लाभ-हानि खाते की गणना की जाती है।

5.15 शब्दावली

एकल प्रविष्टि प्रणाली, द्वि प्रविष्टि प्रणाली, आर्थिक चिट्ठा, साझेदारी फर्म

●●●

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

अध्याय–6 बीमा दावे के लेखे
[ACCOUNTING FOR INSURANCE CLAIM]

NOTES

इकाई की रूपरेखा

6.0 उद्देश्य

6.1 प्रस्तावना

6.2 बीमा से आशय

6.3 बीमा की परिभाषा

6.4 बीमा का वर्गीकरण

6.5 साधारण बीम से आशय

6.6 साधारण बीमा का राष्ट्रीय करण

6.7 साधारण बीमा कम्पनियों के खाते

6.8 आगम खाता

6.8.1 आगम खाता की कुछ मदों का स्पष्टीकरण

6.9 लाभ-हानि खाता

6.10 लाभ-हानि विनियोजन खाता

6.11 आर्थिक चिट्ठा

6.12 क्रियात्मक प्रश्न

6.13 सारांश

6.14 शब्दावली

6.0 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप इस योग्य हो सकेंगे।

- बीमा से आशय एवं वर्गीकरण को समझा सकेंगे।
- साधारण बीमा कम्पनियो के खाते तैयार कर सकेंगे।
- लाभ-हानि खाता एवं आर्थिक चिट्ठा बना सकेंगे।

6.1 प्रस्तावना

बीमा आधुनिक युग की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जीवन के सभी क्षेत्रों में व्याप्त अनिश्चितताओं एवं उनसे उत्पन्न जोखिमों ने बीमा को अत्यधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। **बीमा जोखिमों से सुरक्षा का** सर्वाधिक प्रभावकारी उपाय है।

6.2 बीमा से आशय (Meaning of Insurance)

बीमा वह प्रावधान है जो एक विवेकशील व्यक्ति आकस्मिक या अवश्यम्भावी घटनाओं, हानियों या दुर्भाग्य के विरुद्ध करता है। यह जोखिम को बाँटने या फैलाने का तरीका है।

NOTES

6.3 परिभाषा

फैडरेशन ऑफ इन्श्योरेन्स इन्स्टीट्यूटस् के अनुसार, "बीमा एक पद्धति है जिसमें एक समान प्रकार की जोखिम से घिरे व्यक्ति एक सामान्य कोष में अंशदान करते हैं जिसमें से कुछ दुर्भाग्यशाली व्यक्तियों को दुर्घटनाओं से उत्पन्न हानियों को पूरा किया जाता है।"

बून तथा कूर्ज (Boon and Kurtz) के शब्दों में —"बीमा वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक फर्म (बीमा कम्पनी), शुल्क (बीमा प्रीमियम) के बदले लिखित अनुबन्ध (बीमा पत्र) में उल्लिखित धनराशि दूसरी फर्म या व्यक्ति (बीमित) को हानि होने पर देने को सहमत होती है।'

6.4 बीमा का वर्गीकरण (Classification of Insurance)

भारत में बीमा अधिनियम, 1983 के अनुसार व्यावसायिक दृष्टि से विभिन्न प्रकार के बीमा को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है—

(क) जीवन बीमा (Life Insurance), तथा

(ख) साधारण बीमा (General Insurance)

6.5 साधारण बीमा से आशय (Meaning of General Insurance)

साधारण बीमा व्यवसाय से आशय अग्नि, समुद्री अथवा विविध बीमा व्यवसाय से है जो किसी एक बीमा कम्पनी या अनेक बीमा कम्पनियों द्वारा मिलकर किया जाता है। इस प्रकार साधारण बीमा को तीन भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है—

(1) अग्नि बीमा (2) समुद्री बीमा, तथा (3) विविध बीमा।

(1) **अग्नि बीमा** (Fire Insurance)- -इस प्रकार के बीमे में अग्नि से उत्पन्न होने वाली जोखिमों के विरुद्ध बीमा कराया जाता है। बीमाकर्त्ता बीमित को बीमा की विषय-वस्तु की अग्नि से उत्पन्न होने वाली क्षति को पूर्ति करने का वचन देता है।

समुद्री बीमा (Marine Insurance)—समुद्री बीमा सामुद्रिक जोखिमों के विरुद्ध बीमा है। समुद्री बीमा अधिनियम, 1963 की धारा 3 के अनुसार— "समुद्री बीमा एक ऐसा अनुबन्ध है जिसके द्वारा बीमाकर्त्ता बीमा अनुबन्ध में वर्णित विधि एवं सीमा तक बीमित व्यक्ति को सामुद्रिक हानियों की पूर्ति का दायित्व लेता है।" सामुद्रिक बीमा जहाज, जहाज में ढोये जाने वाले माल, जहाजी भाड़े आदि का कराया जा सकता है।

विविध बीमा (Miscellaneous Insurance)—अग्नि और सामुद्रिक बीमा के अतिरिक्त अन्य सामान्य बीमे विविध बीमा में आते हैं। वाहन बीमा, चोरी-डकैती बीमा, फसल बीमा, पशु बीमा आदि विविध बीमा के उदाहरण है।

6.6 साधारण बीमा का राष्ट्रीयकरण (Nationalisation of General Insurance)

भारत में जीवन बीमा की भाँति साधारण बीमा का भी राष्ट्रीयकरण कर लिया गया है। साधारण बीमा व्यवसाय (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 के अन्तर्गत **भारतीय साधारण बीमा निगम** (General Insurance Corporation) का गठन किया गया है जो साधारण बीमा व्यवसाय का निरीक्षण, नियन्त्रण एवं संचालन करता है। निगम एवं इसकी सहायक कम्पनियों पर भी कतिपय अपवादों को छोड़कर बीमा अधिनियम (Insurance Acts.) लागू होता है।

बोध प्रश्न

1. बीमा को परिभाषित कीजिये।

2. बीमा को कितने भागों में बाँटा गया है। नाम बताओ।

....

....

....

NOTES

3. साधारण बीमा कम्पनी मे कौन से खाते बनाये जाते है।

....

....

....

6.7 साधारण बीमा कम्पनियों के खाते (Accounts of General Insurance Companies)

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 10 के अनुसार प्रत्येक बीमा कम्पनी को प्रत्येक प्रकार के बीमा (तथा विविध बीमा) की प्राप्तियों एवं भुगतानों के पृथक्-पृथक् लेखे रखने होते है।

अधिनियम की धारा 11 के अनुसार प्रत्येक बीमा कम्पनी को वर्ष के अन्त में 31 दिसम्बर को निम्नलिखित विवरण तैयार करने होते है :—

(1) **चिट्ठा या स्थिति-विवरण** (Balance Sheet)—प्रथम अनुसूची के खण्ड I में निर्दिष्ट विनियमनों के अनुसार उस अनुसूची के खण्ड II में निर्दिष्ट प्रारूप 'A' में।

(2) **लाभ-हानि खाता** (Profit and Loss A/c) तथा लाभ-हानि विनियोजन खाता (Profit and Loss Appropriation A/c) द्वितीय अनुसूची के खण्ड I के विनियमनों के अनुसार उस अनुसूची के खण्ड II में निर्दिष्ट प्रारूप 'B' तथा 'C' मे।

(3) अग्नि, सामुद्रिक तथा विविध प्रत्येक वर्ग के बीमा-व्यवसाय के लिए पृथक्-पृथक् **आगम खाता** (Revenue A/c) तृतीय अनुसूची के खण्ड I के विनियमनों के अनुसार उस अनुसूची के भाग II में निर्दिष्ट प्रारूप 'F' में।

6.8 आगम खाता (Revenue Account)

बीमा कम्पनी का अग्नि, समुद्री तथा विविध प्रत्येक प्रकार के बीमे से होने वाले लाभ/हानि की अलग-अलग गणना करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकार के व्यवसाय का आगम खाता पृथक्-पृथक् बनाया जाता है। आगम खाता वाणिज्यक लेखाकन (Mercantile Accounting) के सामान्य सिद्धान्तो के अनुसार ही बनाया जाता है, जिसमे उस व्यवसाय से सम्बन्धित समस्त व्ययों एवं आयों का लेखा किया जाता है तथा अदत्त व्ययों (outstanding expenses) उपार्जित आयो (accrued incomes) आदि के लिए आवश्यक समायोजन भी किए जाते है। आगम खाता प्रारूप 'F' में बनाया जाता है, जो निम्नानुसार है—

Form 'F'

.... Company

.... Revenue Account

For the year ended 31st December, 19

	Rs.		Rs.
Claims under policies less reinsurance paid during the year **Add** : Total estimated liability in		Balance of Account at the beginning of the year Reserve for Unexpired Risks Additional Reserve	

NOTES

respect of outstanding claims at the end of the year, whether due or intimated		Premium less reinsurance	
Less : Outstanding at the end of the previous year		Interest, Dividends and Rents............ (—) Income tax	
Commission :		Commission on Reinsurance Ceded	
On Direct Business		Other Incomes	
On Reinsurance Accepted			
Expenses of Management			
Bad Debts			
Taxes			
Other Expenditure			
Profit transferred to Profit and Loss A/c			
Balance of A/c at the end of the year			
Reserve for unexpired Risks			
Additional Reserve			
Claims paid to claimants in India		Premiums derived from business effected in India	
Claims paid to claimants outside India		Premiums derived from business effected outside India	

प्रारूप 'F'

अग्नि बीमा व्यवसाय, समुद्री बीमा व्यवसाय तथा विविध बीमा व्यवसाय पर लागू होने वाला आगम खाता का प्रारूप।

.... कम्पनी का आगम खाता

.... को समाप्त वर्ष के लिए

.... बीमा व्यवसाय के लिए

	रु.		रु.
पॉलिसियों के अधीन दावे, पुनर्बीमा घटाकर वर्ष में भुगतान किए गए		वर्ष के प्रारम्भ में खाते का शेष असमाप्त जोखिम के लिए संचय	
जोड़िये वर्ष के अन्त में अदत्त दावों के		अतिरिक्त संचय	
सम्बन्ध में कुल अनुमानित दायित्व जो		प्रीमियम, पुनर्बीमा घटाकर	
देय हो गए हैं अथवा सूचित हो गए हैं		ब्याज, लाभांश एवं किराए	
घटाइए : गत वर्ष के अन्त में अदत्त		(—) आयकर	
कमीशन		अर्पित पुनर्बीमा पर कमीशन	
प्रत्यक्ष व्यवसाय पर		अन्य आय (निर्दिष्ट की जाए)	
स्वीकृत पुनर्बीमा पर		हानि, लाभ-हानि खाता को हस्तान्तरित	
प्रबन्ध-व्यय		विनियोजन खाता से हस्तान्तरण	
अशोध्य ऋण			
कर			
अन्य व्यय (निर्दिष्ट किया जाए)			
लाभ-हानि खाते को हस्तान्तरित लाभ			

वर्ष के अन्त में खाते का शेष असमाप्त जोखिम के लिए संचय अतिरिक्त संचय			
भारत मे दावेदारों को भुगतान किए गए दावे	–	भारत में किए गए व्यवसाय से प्राप्त प्रीमियम	
भारत के बाहर दावेदारों को भुगतान किए गए दावे	–	भारत के बाहर किए गए व्यवसाय से प्राप्त प्रीमियम	

NOTES

6.8.1 आगम खाता की कुछ मदों का स्पष्टीकरण (Explanation of certain items of Revenue A/c)

पुनर्बीमा (Reinsurance)

जब कोई बीमा कम्पनी किसी बीमा अनुबन्ध की सम्पूर्ण जोखिम स्वय अकेले उठाने में समर्थ नही होती तो वह उसके कुछ भाग का बीमा किसी अन्य बीमा कम्पनी से करा लेती है। इस प्रकार एक बीमा कम्पनी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त व्यवसाय की कुछ जोखिम का हस्तांतरण पुनर्बीमा स्वीकार करने वाली कम्पनी को कर दिया जाता है। इस प्रकार कराए गए पुनर्बीमा को अर्पित पुनर्बीमा (reinsurance ceded) तथा इस प्रकार स्वीकार किए गए पुनर्बीमा को स्वीकृत पुनर्बीमा (reinsurance accepted) कहते है।

पुनर्बीमा के सम्बन्ध में निम्नलिखित तथ्य ध्यान रखने चाहिए–

(1) जो कम्पनी पुनर्बीमा कराती है उसे प्रीमियम का भुगतान करना होता है, चूँकि वह व्यवसाय दे रही है अतः उसे कमीशन प्राप्त होता है तथा दावा उत्पन्न होने पर वह पुनर्बीमा स्वीकार करने वाली कम्पनी से राशि वसूल करती है जिसे पुनर्बीमा वसूली कहते है।

(2) जो कम्पनी पुनर्बीमा करती है उसे प्रीमियम प्राप्त होता है, कमीशन का भुगतान करना होता है तथा दावा होने पर भुगतान करना होता है।

पॉलिसियों के अन्तर्गत दावे (Claims under policies)

बीमा कम्पनी जिस जोखिम का बीमा करती है उसके उत्पन्न हो जाने पर उसे बीमा कराने वाले दावे (claim) का भुगतान या क्षति-पूर्ति करनी होती है। आगम खाते में व्यय की यह प्रथम मद है। इस मद में सर्वप्रथम वर्ष मे भुगतान किए गए दावों (claims paid during the year) की राशि दिखाते है। उल्लेखनीय है कि भुगतान किए दावों की राशि में दावो के सम्बन्ध मे प्रत्यक्ष व्ययों–जैसे दावो के सम्बन्ध में चिकित्सा व्यय, कानूनी व्यय, सर्वेक्षण व्यय आदि जोड़े जाते है। इसके अतिरिक्त यदि इन दावों के सम्बन्ध मे कोई पुनर्बीमा हो तो पुनर्बीमा करने वाली कम्पनी से वसूल की गई राशि (re-insurance recoveries) भुगतान किए गए दावों की राशि मे से घटा देते है। इस प्रकार आगम खाते मे दर्शाई जाने वाली वर्ष मे भुगतान किए गए दोवो की राशि निम्नानुसार ज्ञात की जाती है–

	रु.
Claims paid (भुगतान किए गए दावे)	
(–) Reinsurance Recoveries (पुनर्बीमा वसूली)	
(+) Direct Expenses regarding claims (दावों के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष व्यय) जैसे	
Legal Expenses (कानूनी व्यय)	
Medical Expenses (चिकित्सा व्यय)	
Survey Expenses (सर्वेक्षण व्यय)	
Claims paid during the year (वर्ष मे भुगतान किए गए दावे)	

अदत्त दावो के सम्बन्ध में अनुमानित दायित्व (Estimated liability in respect of outstanding claims)–वर्ष के अन्त मे कुछ ऐसे दावे होते है जो देय तो हो गए होते है, अथवा जिनकी सूचना प्राप्त हो गई होती है किन्तु जिनका अभी भुगतान नही किया गया होता है। चूंकि ये दावे इसी वर्ष मे सम्बन्धित होते है,

अतः वर्ष के अन्त में अदत्त दावों के सम्बन्ध में कुल दायित्व का अनुमान लगाकर इनकी राशि वर्ष में भुगतान किए गए दावों की राशि में जोड़ देते हैं।

इसी प्रकार इस वर्ष भुगतान किए गए दावों की राशि में गत वर्ष अदत्त रहे दावों की राशि भी सम्मिलित होती है। चूँकि ये दावे गत वर्ष के हैं तथा इनको गत् वर्ष भुगतान किये गये दावों की राशि में जोड़ा जा चुका होगा, अतः इन्हें अब इस वर्ष भुगतान किए गए दावों की राशि में से घटा दिया जाएगा।

कमीशन (Commission)

बीमा कम्पनी को प्राप्त होने वाले बीमा व्यवसाय पर कमीशन का भुगतान करना होता है जो उसके लिए व्यय होता है। बीमा कम्पनी व्यवसाय या तो प्रत्यक्ष प्राप्त करती है अथवा स्वीकृत पुनर्बीमा के रूप में। अतः प्रत्यक्ष व्यवसाय पर कमीशन (Commission on Direct Business) तथा स्वीकृत पुनर्बीमा पर कमीशन (Commission on Reinsurance Accepted) को आगम खाते में डेबिट करते हैं। जब बीमा कम्पनी किसी अन्य कम्पनी से पुनर्बीमा कराती है तो उसे कमीशन मिलता है जो उसकी आय होती है, अतः अर्पित पुनर्बीमा पर कमीशन (Commission on Reinsurance Ceded) आगम खाते में क्रेडिट करते हैं।

प्रबन्ध व्यय (Expenses of Management)

ये व्यय आगम खाते में डेबिट किए जाते हैं तथा इनमें बीमा कम्पनी के प्रबन्धक एवं प्रशासन से सम्बन्धित व्ययों को सम्मिलित किया जाता है। इनके कुछ उदाहरण हैं— कर्मचारियों-अधिकारियों को वेतन-भत्ते आदि, किराया, डाक, तार, टेलीफोन, यात्रा-व्यय, छपाई, स्टेशनरी, कानूनी व्यय, अंकेक्षण शुल्क, संचालकों का शुल्क आदि।

खातों का शेष, कोष या संचय (Balance of Account, Fund or Reserve)

बीमा कम्पनी को प्रीमियम एक निश्चित अवधि की जोखिम का दायित्व लेने के लिए प्राप्त होती है। वर्ष के अन्त में अनेक ऐसी पॉलिसियाँ होती हैं जिनके जोखिम की अवधि अभी समाप्त नहीं हुई होती है तथा अगले वर्ष तक जाती है। उदाहरण के लिए कम्पनी ने मान लीजिए 1 अक्टूबर, 1987 को बीमे किए। वर्ष के अन्त तक इन बीमों की पूर्ण जोखिम समाप्त नहीं होगी क्योंकि इसकी अवधि 1 अक्टूबर, 1987 से 30 सितम्बर, 1988 तक की होगी। इस प्रकार समाप्त नहीं हुई जोखिम असमाप्त जोखिम (unexpired risk) कहलाती है। किसी वर्ष का आगम खाता बनाते समय प्रत्येक कम्पनी को इस प्रकार की असमाप्त जोखिम के लिए प्रावधान करना अनिवार्य होता है। सामुद्रिक बीमा के सम्बन्ध में असमाप्त जोखिम के संचय शुद्ध प्रीमियम (अर्थात् प्राप्त प्रीमियम में से पुनर्बीमा प्रीमियम घटाकर) का 100% तथा अग्नि एवं विविध बीमा के सम्बन्ध में शुद्ध प्रीमियम का 50% बनाना होता है।

अतिरिक्त संचय (Additional Reserve)—असमाप्त जोखिम के लिए उपर्युक्त प्रकार से बनाये जाने वाले अनिवार्य संचय के अलावा यदि कम्पनी चाहे तो अतिरिक्त संचय भी बना सकती है यह संचय भी शुद्ध प्रीमियम पर कम्पनी द्वारा निर्धारित प्रतिशत से बनाया जाता है।

इन संचयों के आरम्भिक शेष आगम खाते के क्रेडिट-पक्ष में वर्ष के प्रारम्भ में खातों के शेष (Balance of Account at the beginning of the year) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाते हैं तथा वर्ष के अन्त में इन संचयों में क्रेडिट की जाने वाली राशि आगम खाता को डेबिट की जाती है। वर्ष के अन्त में इन संचयों के शेष चिट्ठे के दायित्व पक्ष में Balances of Funds and Accounts शीर्षक के अन्तर्गत दिखाए जाते हैं।

प्रीमियम पुनर्बीमा घटाकर (Premiums less reinsurance)

बीमा कम्पनी बीमा कराने वालों से प्रीमियम लेती है जो उसकी आय का प्रमुख स्रोत होती है। प्रत्यक्ष व्यवसाय तथा स्वीकृत पुनर्बीमा पर प्राप्त कुल सकल प्रीमियम में से अर्पित पुनर्बीमा पर दी जाने वाली प्रीमियम घटाकर शेष बचने वाली राशि आगम खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाई जाती है।

प्रीमियम में कमी करके बोनस (Bonus in reduction of Premium)

इसे 'No claim bonus' कहते हैं। ऐसी पॉलिसियों का जिन पर बीमा कराने वाले ने गत वर्ष कोई दावा (claim) न लिया हो, जब अगले वर्ष नवीनीकरण (renewal) कराया जाता है तो उस पर बीमा कम्पनी प्रीमियम में कुछ छूट 'no claim bonus' के रूप में दे देती है। इस प्रकार बोनस दिए जाने पर कम्पनी को प्राप्त होने वाली प्रीमियम की राशि कम हो जाती है। आगम खाता बनाते समय इस बोनस को प्रीमियम में जोड़ देते हैं तथा आगम खाता के डेबिट पक्ष में इसे अन्य व्यय (Other expenditure) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाते हैं।

भारत में तथा भारत के बाहर व्यवसाय (Business in India and outside India)

आगम खाते में यह भी पृथक्-पृथक् बताना होता है कि कुल दोनों में से कितने दावे भारत के अन्दर भुगतान किये गये (Claims paid to claimants in India) तथा कितने दावे भारत के बाहर किये गये (Claims paid to claimants outside India)। इसी प्रकार प्रीमियम के सम्बन्ध में भी भारत में किये गये व्यवसाय से प्राप्त प्रीमियम (Premiums derived from business transacted in India) तथा भारत के बाहर किये गये व्यवसाय से प्राप्त प्रीमियम (Premiums derived from business transacted outside India) का ब्यौरा अलग-अलग देना होता है।

NOTES

Illustration : 31 दिसम्बर, 2007 को एक साधारण बीमा कम्पनी की पुस्तकों में समुद्री बीमा से सम्बन्धित निम्नलिखित विवरण था (On 31st December, 2007, the books of a General Insurance Company in respect of marine insurance contained the following particulars :

	रु. (Rs.)
असमाप्त जोखिम के लिए संचय 31-12-2006 को (Reserve for Unexpired Risks on 31.12.2006)	12,00,000
अतिरिक्त संचय 31-12-2006 को (Additional Reserve on 31.12.2006)	1,00,000
दत्त दावे (Claims Paid)	6,40,000
अदत्त दावों के सम्बन्ध में अनुमानित दायित्व (Estimated liability in respect of Outstanding Claims) :	
31 दिसम्बर, 2006 को (on 31st December, 2006)	65,000
31 दिसम्बर, 2007 को (on 31st December, 2007)	90,000
प्रबन्ध व्यय (दावों के सम्बन्ध में चुकाये गये 30,000 रु. कानूनी व्यय के शामिल हैं) (Expenses of Management including Rs. 30,000 Legal Expenses paid in connection with Claims)	2,80,000
पुनर्बीमा प्रव्याज (Reinsurance Premiums)	75,000
पुनर्बीमा प्राप्तियाँ (Reinsurance Recoveries)	20,000
प्राप्त प्रव्याजि (Premiums Received)	10,00,000
अर्जित प्रव्याजि (Accrued Premiums)	
31 दिसम्बर, 2006 को (on 31st December, 2006)	80,000
31 दिसम्बर, 2007 को (on 31st December, 2007)	2,00,000
ब्याज एवं लाभांश (Interest and Dividends)	64,520
ब्याज एवं लाभांश पर आयकर (Income Tax on Interest and Dividends)	6,520
विनियोगों के विक्रय पर लाभ (Profit on sale of Investments)	11,000
प्रत्यक्ष व्यवसाय पर दत्त कमीशन (Commission paid on Direct Business)	1,42,000
स्वीकृत पुनर्बीमा पर दत्त कमीशन (Commission paid on Reinsurance Accepted)	10,000
अर्पित पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन (Commission received on Reinsurance Ceded)	12,000

2007 के लिए निर्धारित प्रारूप में समुद्री आगम खाता बनाइए। शुद्ध प्रव्याजि का 100% असमाप्त जोखिम के लिए संचय कीजिए। अतिरिक्त संचय अपरिवर्तित रखिए। यह मान लीजिए कि दावों और प्रव्याजि का 1/4 भाग भारत के बाहर के व्यवसाय से सम्बन्धित है। (Prepare in the prescribed form the Marine Insurance Revenue Account for 2007, reserving 100% of Net Premiums for Unexpired Risks. Keep the Additional Reserve unchanged. Assume that one-fourth of the Claims and Premiums are applicable to business outside India.)

NOTES

Solution. हल—

(1) **Claims paid during the year :**

	Rs.
Paid	6,40,000
(–) Reinsurance Recoveries	20,000
(+) Legal Expenses	6,20,000
	30,000
	6,50,000

(2) **Premiums less reinsurance :**

Premiums received	10,00,000
(–) Reinsurance Premiums	75,000
	9,25,000
(+) Accrued Premiums on 31.12.2007	2,00,000
	11,25,000
(–) Accrued Premiums on 31.12.2006	80,000
	10,45,000

Marine Revenue Account (For the year ended 31st December, 2007)

	Rs.			Rs.
Claims under policies less reinsurance		Balance of A/c at the begining of the year		
Paid during the year	6,50,000	Reserve for unexpired Risks		12,00,000
Add : Total estimated liability in respect of Claims outstanding at the end of the year whether due or intimated	90,000	Additional Reserve		1,00,000
		Premiums less reinsurance		10,45,000
		Interest, divident and rents	64,520	
		(–) Income Tax	6,520	
	7,40,000			58,000
Less : Outstanding at the end of the previous year	65,000	Commission on reinsurance added		12,000
	6,75,000	Other Income		
		Profit on sale of Investment		11,000
Commission on				
Direct Business	1,42,000			
On Reinsurance Accepted	10,000			
Expenses of Management	2,50,000			
Bad Debts	—			
Taxes				
Other expenditure	—			
Profit transferred to Profit and Loss A/c	2,04,000			
Balance of A/c at the end of the year				
Reserve for Unexpired Risks	10,45,000			
Additional Reserve	1,00,000			
	24,26,000			24,26,000
Claims paid to Claimants in India 3/4	5,06,250	Premiums derived from Business transacted in India 3/4		7,83,750
Claims paid to Claimants outside India 1/4	1,68,750	Perimmum derived from Business transacted outside India 1/4		2,61,250
	6,75,000			10,45,000

Illustration 2. 31 दिसम्बर, 2007 को बजाज जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. की पुस्तकों से उसके अग्नि बीमा व्यापार के सम्बन्ध में निम्न विवरण प्राप्त हुआ। (On 31st December, 2007 the books of the Bajaj General Insurance Company Ltd. discolsed the following particulars in respect of its Fire Insurance Business)—

	Rs.
असमाप्त जोखिम के लिए संचय (31 दिसम्बर, 2006) (Reserve for Unexpired Risk on 31st Dec. 2006)	5,20,000
अतिरिक्त संचय (31 दिसम्बर, 2006) (Additional Reserve on 31st Dec. 2006)	1,00,000
दावों का भुगतान (Claims Paid)	6,40,000
अदत्त दावों के सम्बन्ध में अनुमानित दायित्व (Estimated liability in respect of outstanding claims)—	
31 दिसम्बर, 2006 को (On 31st Dec. 2006)	70,000
31 दिसम्बर, 2007 को (On 31st Dec. 2007)	80,000
व्यवस्थापन व्यय (दावों के सम्बन्ध में प्रदत्त विधि व्यय के 25,000 रु. सम्मिलित) (Expenses of Management including Rs. 25,000 legal charges paid in connection with claims)	2,60,000
कमीशन (Commission)	1,50,000
विनियोगों के विक्रय से लाभ (Profit on sale of Investments)	12,000
प्रीमियम (Premiums)	11,20,000
डूबत ऋण (Bad Debts)	12,000
पुनर्बीमा का प्रीमियम (Reinsurance Premiums)	80,000
पुनर्बीमा से वसूली (Reinsurance Recoveries)	50,000
ब्याज, लाभांश तथा किराया (Interest Dividends and Rents)	72,000
उपरोक्त पर आयकर (Income Tax thereon)	9,000

31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष का कम्पनी का अग्निबीमा रेवेन्यू खाता बनाइए। असमाप्त जोखिम के लिए शुद्ध प्रीमियम का 50% तथा अतिरिक्त संचय को अपरिवर्तित रखिए। (Prepare the Fire Insurance Revenue Account of the Company for the year ended 31st Dec. 2007. Reserve for unexpired risks 50% of the net premiums and keep the Additional Reserve unchanged.)

Solution. हल—

	Rs.
(1) दावे भुगतान किए :	6,40,000
(–) पुनर्बीमा वसूली	50,000
	5,90,000
(+) कानूनी व्यय	25,000
दावे वर्ष में भुगतान किए गए	6,15,000

(2) प्रीमियम (11,20,000 – 80,000) = 10,40,000 रु

अग्नि बीमा आगम खाता

31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए

	रु.			रु.
पॉलिसियों के अधीन दावे, पुनर्बीमा घटाकर वर्ष में भुगतान किए गए	6,15,000	वर्ष के प्रारम्भ में खाते का शेष असमाप्त जोखिम के लिए संचय		5,20,000
(+) वर्ष के अन्त में अदत्त दावों के सम्बन्ध में कुल अनुमानित दायित्व जो देय हो गए है अथवा सूचित हो गए हैं	80,000	अतिरिक्त संचय		1,00,000
		प्रीमियम पुनर्बीमा घटाकर		10,40,000
		ब्याज, लाभांश एवं किराये	72,000	
		(–) आयकर	9,000	
	6,25,000	अन्य आय -		63,000

NOTES

(–) गत वर्ष के अन्त में अदत्त दावे	70,000	विनियोगों के विक्रय पर लाभ	12,000
	6,25,000		
कमीशन :			
प्रत्यक्ष व्यवसाय पर	1,50,000		
	—		
स्वीकृत पुनर्बीमा पर	—		
प्रबन्ध व्यय	2,35,000		
अशोध्य ऋण	12,000		
लाभ-हानि खाते को हस्तांतरित लाभ	93,000		
वर्ष के अन्त में खाते का शेष			
असमाप्त जोखिम के लिए संचय	5,20,000		
अतिरिक्त संचय	1,00,000		
	17,35,000		**17,35,000**

6.9 लाभ-हानि खाता (Profit and Loss Account)

आगम खाता किसी विशिष्ट प्रकार के बीमा व्यवसाय के लाभ-हानि प्रकट करता है। बीमा कम्पनी की किसी व्यापारिक वर्ष मे सभी प्रकार के व्यवसायों से होने वाले कुछ शद्ध लाभ/हानि की गणना करने हेतु प्रारूप 'B' में लाभ हानि खाता बनाया जाता है। अग्नि बीमा, समुद्री बीमा तथा विविध बीमा से हुए लाभ-हानि को संबंधित आगम खाता से लाभ-हानि खाता में हस्तांतरित करके ले आया जाता है तथा व्यय एवं आय की ऐसी मदे जो किसी विशिष्ट प्रकार के व्यवसाय से सम्बन्धित न हों, इस खाते में डेबिट/क्रेडिट की जाती है। इस खाते का शेष व्यवसाय का शुद्ध लाभ/हानि होती है जिसे लाभ-हानि विनियोजन खाता (Profit and Loss Appropriation A/c) में ले जाते हैं। लाभ-हानि खाते का निर्दिष्ट प्रारूप अग्रानुसार है:

Form 'B'

Form of Profit and Loss Account

Profit and Loss Account of .... for the year ended 19............

	Rs.		Rs.
Indian Central Tax on the Insurer's Profit not applicable to any particular Fund or Account		Interest, Dividend and Rent not applicable to any particular Fund or Account	
Expenses of Management not applicable to any particular Fund or Account		Less Income tax thereon	
Loss on Realisation of Investments not charged to Reserve or any particular Fund or Account		Profit on realisation of Investments not credited to reserves or any particular Fund or Account	
Depreciation of Investment not charged to Reserves or any particular Fund or Account		Appreciation of Investments not credited to reserve or any particular Fund or Account	
Loss transferred from Revenue Account (details to be given)		Profit transferred from Revenue Accounts (details to be given)	
Other Expenditure to be specified		Transfer Fees	
Balance for the year carried to Appropriation Account		Other Inocme to be specified	
		Balance being loss for the year carried to Appropriation Account	

प्रारूप 'B'
.... कम्पनी का लाभ-हानि खाता
.... को समाप्त वर्ष के लिए

	रु.		रु.
बीमाकर्त्ता के लाभों पर भारतीय केन्द्रीय कर जो किसी विशिष्ट कोष या खाता से सम्बन्धित नहीं हो		ब्याज, लाभांश तथा किराया जो किसी विशिष्ट फण्ड या खाते से सम्बन्धित न हो घटाइए– उस पर आयकर	
प्रबन्ध-व्यय जो किसी विशिष्ट कोष या खाता से सम्बन्धित न हो		विनियोगों की वसूली पर लाभ जिसे किसी संचय, विशिष्ट कोष या खाते को क्रेडिट नहीं किया गया हो	
विनियोगों की वसूली पर हानि जो किसी संचय, विशिष्ट कोष या खाते को चार्ज नहीं की गई हो		विनियोगों में वृद्धि जिसे किसी संचय विशिष्ट कोष या खाते को क्रेडिट नहीं किया गया हो	
आगम खाते से हस्तांतरित हानि		आगम खाते से हस्तांतरित लाभ	
.... आगम खाता		.... आगम खाता	
.... आगम खाता		.... आगम खाता	
.... आगम खाता		.... आगम खाता	
अन्य व्यय (विवरण दिया जाए)			
वर्ष का शेष विनियोजन खाते को ले जाया गया		हस्तांतरण शुल्क	
		अन्य आय (विवरण दिया जाए)	
		शेष जो वर्ष की हानि है जिसे विनियोजन खाते में ले जाया गया	

6.10 लाभ-हानि विनियोजन खाता (Profit and Loss Appropriation Account)

NOTES

लाभ-हानि खाते का शेष विनियोजन खाते में लाया जाता है। इस खाते के क्रेडिट पक्ष में गत वर्ष से लाया गया शेष दिखाया जाता है। यदि गत वर्ष के सम्बन्ध में कोई लाभांश दिया गया हो तो वह इसमें से घटा दिया जाता है। लाभ में से किये जाने वाले अन्य विनियोजन जैसे चालू वर्ष का लाभांश, संचय में हस्तान्तरण आदि इस खाते में डेबिट किये जाते हैं। वर्ष के अन्त में इस खाते का शेष चिट्ठे में ले जाया जाकर 'Reserve or Contingency A/c' शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है। इस खाते का निर्दिष्ट प्रारूप निम्नानुसार है

Form 'C'
Profit and Loss Appropriation Account

	Rs.		Rs.
Balance being loss b/f from last year		Balance b/f from last year Less : Dividends paid in respect of last year	
Balance being loss for the year brought from P. & L. A/c		Balance for the year b/f from P. & L. a/c	
Dividends paid during the year on account of the current year		Balance being loss at the end of the year as shown in the Balance Sheet	
Transfers to any particular Fund or Accounts			
Balance at the end of the year as shown in the Balance Sheet			

NOTES

प्रारूप 'C'
लाभ-हानि विनियोजन खाता

	रु.		रु.
शेष जो गत वर्ष से लाई गई हानि है		शेष गत वर्ष से आगे लाया गया	
शेष जो इस वर्ष की हानि है जिसे		(−) गत वर्ष के लिए दिया गया	
लाभ-हानि खाता से लाया गया		लाभांश	
चालू वर्ष के लिए दिया गया लाभांश			
किसी विशिष्ट कोष या खाते को		लाभ-हानि खाते से लाया गया शेष	
हस्तान्तरण		शेष जो वर्ष के अन्त में हानि है	
वर्ष के अन्त में शेष चिट्ठे में दिखाया गया		जिसे चिट्ठे में दिखाया गया	

Illustration 3. 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए माडर्न जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड का निम्नलिखित शेषों से (क) अग्नि आगम खाता, (ख) सामुद्रिक आगम खाता और (ग) लाभ-हानि खाता बनाइए।

From the following balances of the Modern General Insurance Co. Ltd. as on 31st December, 2007 prepare (a) Fire Revenue Account; (b) Marine Revenue Account, and (c) Profit and Loss Account.

	Rs.		Rs.
Bonus in reduction of premium (Fire)	2,000	Aditional reserve on Jan. 2007 (Fire)	50,000
Bad debts (Fire)	5,000	Depreciation	35,000
Bad debts (Marine)	12,000	Interest, dividends received	14,000
Director's fees	5,000	Miscellaneous receipts	5,300
Auditor's fees	1,200	Profit on sale of land	60,000
Share transfer fees	800	Fire premiums less reinsurance	6,00,000
Bad debts recovered	12,000	Marine premiums less reinsurance	10,80,000
Fire fund (1st Jan. 2007)	2,50,000	Management expenses (Fire)	1,45,000
Marine fund (1st Jan. 2007)	8,20,000	Management expenses (Marine)	4,00,000
Claims Paid (Fire)	1,80,000	Commission on reinsurance ceded	
Claims outstanding (Fire)	10,000		
Claims paid and outstanding (Marine)	3,80,000	(Fire)	30,000
		Commission on reinsurance ceded (Marine)	60,000
Commission Paid (Fire)	90,000		
Commission Paid (Marine)	1,08,000	Commission on re-insurance	
Add. Reserve on Jan., 2007 (Fire)	50,000	accepted (Fuire)	10,000

Solution. **Revenue Account (For the year ended 31st Dec., 2007)**

	Fire	Marine		Fire	Marine
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Claims under policies less reinsurance :			Balance of A/c at the beginning of the year :		
Paid & outstanding	1,90,000	3,80,000	Reserve for Unexpired Risks	2,50,000	8,20,000
Commission					
On Direct Business	90,000	1,08,000	Additional Reserve	50,000	
On Reinsurance Accepted	10,000	–	Premiums less reinsurance	6,02,000	10,80,000

Expenses of Management	1,45,000	4,00,000	Commission on		
Bad Debts	5,000	12,000	Reinsurance Ceded	30,000	60,000
Bouns in reduction of			Loss transferred to		
Premium	2,000	—	Profit and Loss A/c	—	20,000
Profit transferred to					
P. & L. A/c	1,89,000	—			
Balance of A/c at the					
end of the year					
Reserve for unexpired					
Risks	3,01,000	10,80,000			
	9,32,000	19,80,000		9,32,000	19,80,000

Profit and Loss Account (For the year ended 31st Dec., 2007)

	Rs.		Rs.
Management Expenses :		Interest, Dividends and Rent	14,000
Director's Fee	5,000	Profit transferred from Fire	
Auditor's Fee	1,200	Revenue A/c	1,89,000
Depreciation	35,000	Transfer Fees	800
Loss transferred from Marine		Other Income	
Revenue A/c	20,000	Bad Debts Recovered	1,200
Balance transferred to Profit		Misc. Receipts	5,300
and Loss Appropriation A/c	2,09,100	Profit on sale of Land	60,000
	2,70,300		**2,70,300**

बोध प्रश्न

4. आगम खाते का प्रारूप दीजिये।

....

....

....

5. लाभ-हानि खाता कैसे बनाया जाता है।

....

....

....

6.11 चिट्ठा (Balance Sheet)

साधारण बीमा कम्पनी का चिट्ठा प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर को बीमा अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग I में वर्णित नियमों के अनुसार अनुसूची के भाग II में निर्दिष्ट प्रारूप 'A' में बनाया जाता है। यह प्रारूप निम्नानुसार है—

Part II (Form A)
Form of Balance Sheet
Balance Sheet of ———— of ———— 20 ——

	Rs.		Rs.
Shareholder's Capital		**Loans :**	
(each class to be stated separately)		On Mortgages of property within India	
Authorised		On Mortgages of property outside India	

NOTES

.... shares of Rs. .... each Rs. ....
Subscribed :
.... shares of Rs. .... each Rs. ....
Called up :
.... shares of Rs. .... each Rs. ....
Less Unpaid calls Rs. ....
Reserve or Contingency Accounts (a)
Investment reserve account
Profit and loss appropriation
account balance
....
Balances of Funds and Accounts :
Fire insurance business account
Marine insurance business account
Miscellaneous insurance business
account (m)
Other accounts, if any to be specified (1)
Pension or superannuation accounts (b)
Debenture stock percent
Loans and Advances (c)
Bills Payable (c)
Estimated liability in respect of
outstanding claims, whether due or
intimated (d)
Outstanding dividends
Amounts due to other person or bodies
carrying on insurance business (c)
Sundry creditors (including outstanding
and accruing expenses and taxes (c)
Other sums owing by the insurer
(particulars to be given) (c)
Contingent liabilities (to be specified)

On security of municipal and other public
retes.
On Stock and shares
On Insurer's policies within their surrender
value :
On Personal security
To Subsidiary companies
(other than reversionary).
Reversions and life interests purchased
Loans on reversions and life interests.
Debentures and debenture stocks
of subsidiary reversionary
companies
Ordinary stock and shares of subsidiary
Reversionary companies
Loans to subsidiary
Reversionary companies
Investments :
Deposit with the Reserve Bank of India
(securities to be specified)
India Government Securities
British, British Colonial and British
Dominion Government Securities
Foreign Government Securities
Indian Municipal Securities
British and Colonial Securities
Foreign Securities
Bonds, debentures, stock and other
securities whereon interest is guaranteed
by the Indian Government or a State
Government
Bonds, debentures, stocks and other
securities whereon interest is guaranteed
by the British or any colonial government
Bonds, debentures, stocks and other
securities where on interest
is guaranteed by any Foreign Government
Debentures of any railway in India
Debentures of any railway out of India
Preference or guaranteed
shares of any railway in India
Perference or guaranteed
shares of any railway out of India
Railway ordinary stocks (i) in India
(ii) out of India
Other debentures and debenture stock of
companies incorporated (i) in India,
(ii) out of India
Other guaranteed and Preference stocks

	and shares of companies incorporated (i) in India; (ii) out of India
	Other ordinary stacks and shares of companies incorporated (i) in India, (ii) out of India
	Holdings in subsidiary companies (f)
	House property (i) in India, (ii) out of India.
	Freehold and leasehold ground rents and rent charges
	Agent's Balances
	Outstanding Premiums (g) (d)
	Interest, Dividends and Rents Outstanding (d)
	Interest, Dividends and Rents Accruing but not due (d)
	Amount due from other preson or Bodies carrying on Insurance Business (h)
	Sundry Debtors (i)
	Bills Receivable
	Cash :
	At bankers on deposit account
	At bankers on current account and in hand
	At call and short notice (j)
	Other Accounts (to be specified) (k)
Rs.	Rs. ....

Note :

(a) The resrve or contingency account must be separately stated .

(b) If the insurer has not full and unrestricted control of the assets constituting the Pension or superannuation accounts, either those accounts and the assets and liabilities relating thereto must be emitted from the balance sheet or the assets on which the insurer has no such control must be cleary indicated on the face of balance sheet

(c) If the insurer has deposited security as cover in respect of any of these items, the amount and nature of the securities so deposited must be clearly indicated on the face of the baloance sheet.

(d) These items are or have been included in the corresponding items in the Revenue or Profit and Loss Account. Outstanding and accruing interest, dividends and rents must be shown after deduction of income-tax or the income-tax must be provided for amongst the liabilities on the other side of the balance sheet.

(e) Such items as amount of liability in respect of bills discounted, uncalled capital of subsidiary companies, uncalled capital of other investments etc., must either be shown in their several categories under the heading "Contingent Liabilities" or the appropriate items on the assets side must be set out in such details as will clearly indicate the amount of the uncalled capital.

(f) Either this item must be shown net or the commission must be provided for amongst the liabilities on the other side of the balance sheet.

NOTES

(g) The aggregate amount owing by a subsidiary company or subsidiary companies is to be shown separately from all other asets and the aggregate amount owing to a subsidiary company or subsidiary companies is to be shown spearately from all other liabilities.

(h) Amounts due from directors and officers must be shown separately.

(i) No amounts must be entered under this heading unless fully secured. If not fully secured, the amounts must be included in the heading "Sundry Debtors".

(j) Under this heading must be included such items as the following, which must be shown under separate headings suitable described : Office furniture, goodwill, preliminary, formation and organization expenses, development expenditure carried forward to be written off in future years, balance being loss on profit and loss appropriation accounts, etc. The amounts included in the balance sheet must not be in excess of cost.

(k) Under the head "Other accounts, if any (to be specified)" on the left hand side, fines realised from the staff and their contributing towards the provident fund, if any, should be shown under separare sub-heads.

(l) Where the insurer is required to maintain a separate account in respect of any sub-class of miscellaneous insurance business this heading is to be split up accordingly.

जैसा कि उपर्युक्त प्रारूप से स्पष्ट है बीमा कम्पनी का चिट्ठा काफी विस्तृत सूचनाओं के साथ बनाया जाता है। विद्यार्थियों को सम्पूर्ण प्रारूप तैयार करने में कठिनाई होती है तथा प्राय: परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों में सम्पूर्ण विवरण देकर चिट्ठा नहीं बनवाया जाता। अत: चिट्ठे के संक्षिप्त प्रारूप (abridged form) अंग्रेजी तथा हिन्दी में यहाँ दिए जा रहे है।

Balance Sheet

	Rs.		Rs.
1. Shareholder's Capital		1. Loans	
2. Reserve of Contingency Accounts		2. Investments	
3. Balance of Funds and Accounts		3. House Property	
4. Debenture Stock		4. Agents Balances	
5. Loans and Advances		5. Premiums outstanding	
Bills Payable		6. Interest, Dividend and Rent	
Estimated liability in respect		Outstanding	
of outstanding claims		7. Amount due from other insurers	
Unclaimed Dividends		8. Bills Receivables	
Amounts due to other insurers		9. Cash Balances	
Sundry Creditors		10 Other Accounts	
Other items			
6 Contingent Liabilities			

प्रारूप 'A'

.... कम्पनी का चिट्ठा .... को

	रु.		रु.
अंशधारियों की पूंजी		ऋण	
(प्रत्येक वर्ग को अलग से बतलाई जाए)		विनियोग	
संचय या आकस्मिकता खाते		एजेण्टों के शेष	
विनियोग संचय खाता		अदत्त प्रीमियम	
लाभ-हानि विनियोजन खाता		अदत्त ब्याज, लाभांश एवं किराया	

कोष एवं खातों के शेष	ब्याज, लाभाँश एवं किराये जो
अग्नि बीमा खाता	उपार्जित है किन्तु देय नहीं
समुद्री बीमा खाता	बीमा व्यवसाय करने वाले अन्य
विविध बीमा खाता	व्यक्तियों, संस्थाओं द्वारा देय राशियाँ
अन्य खाते	विविध देनदार
ऋण-पत्र स्टॉक	प्राप्य बिल
ऋण एवं अग्रिम	रोकड़
देय बिल	(क) बैंक में सावधि खातों में
अदत्त दावों के सम्बन्ध में अनुमानित	(ख) बैंक में चालू खातों में
दायित्व	(ग) माँग एवं अल्प सूचना पर
अग्नि बीमा	अन्य खाते (निर्दिष्ट किए जाएँ)
समुद्री बीमा	
विविध बीमा	
अदत्त लाभाँश	
बीमा व्यवसाय करने वाले अन्य व्यक्तियों	
या संस्थाओं को देय राशि	
विविध लेनदार	
(अदत्त व्ययों, करों सहित)	
बीमाकर्त्ता द्वारा देय अन्य राशियाँ	
आकस्मिक दायित्व (निर्दिष्ट किए जाएँ)	

Illustration 4. हिन्दुस्तान साधारण बीमा कम्पनी का 31-12-2007 को तलपट निम्नानुसार था (The Trial Balance of Hindustan General Insurance Co. on 31.12.2007 was as follows)—

	Rs.	Rs.
Fire fund 1.1.2007		1,22,000
Fire Premium		34,000
Marine fund 1.1.2007		1,84,000
Marine Premium		71,200
Management expenses		
Fire	7,500	
Marine	9,500	
Interest, Dividend and Rent		24,700
Investment Reserve fund		7,200
Claims paid and outstanding		
Fire	12,200	
Marine	10,700	
Provident fund		9,200
Transfer fee		300
Audit fee	400	
Director's fee	700	
Motor Car	2,400	

NOTES

Preference Shares		
Capital (10,000 shares of Rs. 10		
each, Rs. 8 paid up)		80,000
Equity Share Capital		2,00,000
(50,000 shares of Rs. 5 each Rs. 4 paid)		
Forfeited share A/c		700
Claims outstanding		
Fire		2,100
Marine		1,700
Sundry Creditors		2,200
Debtors for Premium due	700	
Fire claims recoverable	900	
Furniture (cost Rs. 9,000)	8,000	
Taxes	2,700	
Reserve fund		22,700
Commission : Fire	2,200	
Marine	2,700	
Land and Building	1,00,000	
Investments	6,00,000	
Cash	3,100	
Bank	15,200	
Profit & Loss A/c (1.1.2007)		12,200
Debts due from other offices	1,000	
Amount due to other offices		5,700
	7,79,900	7,79,900

फर्नीचर की मूल लागत पर 10% तथा मोटर कार पर 15% ह्रास काटिए। असमाप्त जोखिम के लिए प्रावधान अग्नि बीमा के लिए 50% तथा समुद्री बीमा के लिए 100% शुद्ध प्रीमियम पर कीजिए। वर्तमान शेष के अतिरिक्त विनियोग संचय कोष में 700 रुपये और प्रावधान कीजिए। अग्नि तथा समुद्री बीमा व्यवसायों के आगम खाते, लाभ-हानि खाता, लाभ-हानि विनियोग खाता तथा चिट्ठा बनाइए। (Depreciate furniture by 10% on the original cost and Motor car by 15%. Provide for Reserve for unexpired Risks at 50% of premium income for fire and at 100% of premium income for Marine business and Rs. 700 for Investment Reserve fund in addition to the existing balance. Prepare Revenue Accounts for Fire and Marine business and company's Profit and Loss A/c. Profit and Loss Appropriation A/c and Balance Sheet.)

Solution. हल (1) अदत्त दावे तथा वसूली योग्य दावे तलपट में दिए गए है, अत: इनका समायोजन किया जा चुका है।

Revenue Accounts
For the year ended 31.12.2007

	Fire	Marine		Fire	Marine
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Claims under policies			Balance of A/c at the		
reinsurance			beginning of the year		
Paid during the year			Reserve for Unexpired		
and outstanding at			Risks	1,22,000	1,84,000

NOTES

the end of the year	12,000	10,700	Premiums less		
Commission	2,200	2,700	Reinsurance	34,000	71,200
Expenses of Management	7,500	9,500			
Profit transferred to					
Profit & Loss A/c	1,17,100	1,61,100			
Balance of A/c at the					
end of the year					
Resevre for Unexpired					
Risks	17,000	71,200			
	1,56,000	**2,55,200**		**1,56,000**	**2,55,200**

Profit and Loss Account For the year ended 31.12.2007

	Rs.		Rs.
Taxes	2,700	Interest, Dividend & Rent	24,700
Expenses of Management	1,100	Profit transferred from	
Depreciation		Fire Revenue A/c	1,17,100
Furniture	900	Marine Revenue A/c	1,61,100
Motor Car	360	Transfer fee	300
Balance transferred to P. & L.			
App. A/c	2,98,140		
	3,03,200		**3,03,200**

Profit and Loss Appropriation A/c

	Rs.		Rs.
Transfer to Investment Reserve	700	Balance brought forward from	
Balance Carried to Balance Sheet	3,09,640	last year	12,200
		Balance for the year brought	
		forward from P. & L. A/c	2,98,140
	3,10,340		**3,10,340**

Balance Sheet (As on 31st Dec., 2007)

	Rs.			Rs.
Shareholders Capital		Investments		6,00,000
Issued, Subscribed and Paid up		House Property		1,00,000
1,000 Pref. shares of Rs. 10/- each,		Agents Balances		1,200
Rs 8/- Paid-up	80,000	Outstanding Premiums		700
50,000 equity shares of Rs 5/-		Amount due from other		
each,	2,00,000	Reinsurance		900
Rs 4/– paid-up	700	Bills Receivables		
Share forfeited A/c		Cash In hand		3,100
Reserve or Contingency Accounts		At Bank		15,000
Investment Reserve Fund	7,900	Motor Car		2,040
Profit & Loss App. A/c	3,09,640	Furniture	9,000	

NOTES

Reserve Fund	22,700	(–) Depreciation	1,900	
Balance of Funds and Accounts				7,100
Fire Insurance Business	17,000			
Marine Insurance Business	71,200			
Provident Fund	9,200			
Debenture Stock				
Loans and Advances				
Outstanding Claims at the end of the year—				
Fire Insurance	2,100			
Marine Insurance	1,700			
Amount due to other offices	5,700			
Sundry Creditors	2,200			
Contingent Liability	—			
	7,30,040			**7,30,040**

हल किए हुए प्रश्न
(Solved Problems)

Problem 1. रिलायन्स इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. की 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष की पुस्तकों से लिए गए निम्नलिखित शेषों से अग्नि बीमा आगम खाता तैयार कीजिए। (From the following balances as at December 31, 2007, in the books of Reliance Insurance Co. Ltd., prepare a Revenue A/c in respect of Fire Insurance business carried out by them).

	Rs.
Claims paid	4,80,000
Claims outstanding on January 1, 2007	40,000
Claims intimated and accepted but not paid on December, 31, 2007	70,000
Premiums received	12,00,000
Reinsurance Premium paid	1,20,000
Commission	2,00,000
Commission on reinsurance ceded	8,000
Commission on reinsurance accepted	4,000
Expenses of Management	3,02,000
Provision for Unexpired Risks on January 1, 2007	4,00,000
Additional Provision for Unexpired Risks on January 1, 2007	20,000
Bonus utilised in reduction of premium	12,000
Reinsurance recoveries of claims	8,000
Medical expenses regarding claims	5,000
Loss on sale of motor car	3,500
Bad Debts	2,500
Refund of Double Taxation	4,500
Interest and Dividend	8,000
Income tax deducted thereon	1,500

Legal Expenses regarding claims	4,000
Profit on sale of Investments	3,500
Rent of Staff Quarters deducted from Salaries	2,400
Depreciation of Furniture	4,600

NOTES

You are required to provide for Reserve for unexpired risks at 40% of net premium and additional reserve at 1 percent of the net premium in addition to the opening balance of Additional Reserve. (अतिरिक्त संचय के आरम्भिक शेष के अतिरिक्त, शुद्ध प्रीमियम के 1 प्रतिशत का अतिरिक्त संचय बनाइए। असमाप्त जोखिम के लिए प्रीमियम का 40% संचय कीजिए।

Solution : हल—

		रु.
(1)	**वर्ष में दिए गए दावे**	
	भुगतान किए दावे	4,80,000
	(–) पुनर्बीमा वसूली	8,000
		4,72,000
	(+) चिकित्सा व्यय	5,000
	कानूनी व्यय	4,000
		4,81,000
(2)	**प्रीमियम–**प्राप्त प्रीमियम	12,00,000
	(–) पुनर्बीमा प्रीमियम	1,20,000
		10,80,000
	(+) बोनस	12,000
		10,92,000

अग्नि बीमा आगम खाता (31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए)

	रु.			रु.
पॉलिसियों के अधीन दावे, पुनर्बीमा घटाकर वर्ष म दिए गए दावे	4,81,000	वर्ष के प्रारम्भ में खाते का शेष असमाप्त जोखिम क लिए संचय		4,00,000
(+) वर्ष के अन्त मे अदत्त दावों के सम्बन्ध में कुल अनुमानित दायित्व जो देय हो गए हैं अथवा सूचित हो गए है	70,000	अतिरिक्त संचय		20,000
	5,51,000	प्रीमियम पुनर्बीमा घटाकर		10,92,000
(–) गत वर्ष के अन्त मे अदत्त दावे	40,000	ब्याज, लाभांश एवं किराये	8,000	
	5,11,000	(—) आयकर	1,500	6,500
कमीशन		आर्पित पुनर्बीमा पर कमीशन		8,000
प्रत्यक्ष व्यवसाय पर	2,00,000	अन्य आय		
स्वीकृत पुनर्बीमा पर	4,000	दोहरे करारोपण की वापसी		4,500
प्रबन्ध व्यय	3,02,000	विनियोगों के विक्रय पर लाभ		3,500
अशोध्य ऋण	2,500	स्टॉफ क्वार्टर्स का किराया		2,400
अन्य व्यय				
ह्रास	4,600			
बोनस	12,000			
मोटर-कार पर, हानि	3,500			
लाभ-हानि खाते को हस्तांतरित लाभ	29,580			

NOTES

वर्ष के अन्त में खाते का शेष असमाप्त जोखिम के लिए संचय (50%)	4,36,800		
अतिरिक्त संचय	30,920		
	15,36,900		15,36,900
भारत में दावेदारों को दिए गए दावे	—	भारत में किए गए व्यवसाय से प्राप्त प्रीमियम	—
भारत के बाहर दावेदारो को दिए गए दावे	—	भारत के बाहर किए गए व्यवसाय से प्राप्त प्रीमियम	—

Problem 2. 31 दिसम्बर, 2007 को निम्नलिखित सूचनाओं से टाटा सामुद्रिक बीमा कम्पनी लि. का आगम खाता बनाइए। (From the following information as on 31 December, 2007 prepare the Revenue A/c of the Tata Marine Insurance Co. Ltd.).

			प्रत्यक्ष व्यवसाय (Direct Business)	पुनर्बीमा (Reinsurance)
			रु.	रु.
(I)	Premium			
	Received		46,00,000	7,20,000
	Receivable—	1st Jan.	2,48,000	27,000
		31st Dec.	3,36,000	34,000
	Paid		-	4,60,000
	Payable—	1st Jan	—	37,500
		31st Dec	—	62,000
(II)	Claims			
	Paid		23,50,000	3,00,000
	Payable—	1st Jan	1,66,000	39,000
		31st Jan.	2,08,000	44,000
	Received		—	1,70,000
	Receivable—	1st Jan.	—	16,000
		31st Jan		23,000
(III)	Commission			
	On Insurance accepted		2,20,000	19,000
	On Reinsurance ceded		—	26,000

(IV) Other Expenses and Income

Salaries Rs. 3,20,000, Rent, Rates and Taxes Rs. 29,000, Postage, Telegrams and Stationery Rs. 43,000; Interest, Dividend and Rent received (net) Rs. 1,37,500, Income tax deducted at source Rs. 40,250; Legal Expenses (inclusive of Rs. 40,000 in connection with settlement of claims) Rs. 72,000; Other Expenditure Rs. 4,40,000.

(V) Balance of Fund on 1st January Rs. 38,45,000 including Additional Reserve of Rs. 4,45,000 Additional Reserve has to be maintained at 5% of the net premium of the year. (अतिरिक्त संचय 4,45,000 रु. सहित 1 जनवरी को कोष का शेष 38,45,000 रु। अतिरिक्त संचय वर्ष की शुद्ध प्रीमियम पर 5% रखना है।)

NOTES

Solution. हल—

(1) **प्रीमियम, पुनर्बीमा घटाकर**

प्राप्त प्रीमियम	46,00,000 + 7,20,000 =		53,20,000
(+) 31-12-07 को प्राप्य	3,36,000 + 34,000 =		3,70,000
			56,90,000
(–) 1-1-2007 को प्राप्य	2,48,000 + 27,000 =		2,75,000
			54,15,000
घटाइए : पुनर्बीमा प्रीमियम		4,60,000	
भुगतान की गई		62,000	
(+) 31-12-07 को देय		5,22,000	
(–) 1-1-07 को देय		37,500	4,84,500
			49,30,500

(2) दावे : वर्ष में भुगतान किए गए	23,50,000 + 3,00,000 =		26,50,000
(–) पुनर्बीमा वसूली : प्राप्त		1,70,000	
31-12-07 को प्राप्य		23,000	
		1,93,000	
1-1-07 को प्राप्य		16,000	1,77,000
			24,73,000
(+) कानूनी व्यय			40,000
			25,13,000

31-12-07 को अदत्त = 2,08,000 + 44,000 = 2,52,000

1-1-07 को अदत्त = 1,66,000 + 39,000 = 2,05,000

(3) प्रबन्ध व्यय– 3,20,000 + 29,000 + 43,000 + 32,000 = 4,24,000

Marine Revenue Account (For the year ended 31st December, 2007)

	Rs.			Rs.
Claims under policies less reinsurance		Balance of A/c at the beginning of the year		
Paid during the year	25,13,000	Reserve for Unexpired Risks		34,00,000
Add : Total estimated liability in respect of claims outstanding at the end of the year whether due or intimated	2,52,000	Additional Reserve		4,45,000
	27,65,000	Premiums less reinsurance		49,30,500
Less Outstanding at the end of the previous year	2,05,000	Interest, Dividend and Rents	1,77,750	
	25,60,000	(–) Income tax	40,250	1,37,500
Commission :		Commision on Reinsurance ceded		26,000
On Direct Business	2,20,000	Other Income		
On Reinsurance Accepted	19,000			
Expenses of Management	4,24,000			
Bad debts	—			
Taxes	—			

NOTES

Other Expenditure	4,40,000		
Profit transferred to Profit and Loss A/c	98,975		
Balance of A/c at the end of the year			
Reserve for Unexpired Risks	49,30,500		
Additional Reserve	2,46,525		
	89,39,000		89,39,000

Problem 3. यह मानते हुए कि असमाप्त जोखिम के लिए कोई संचय नहीं किया गया है, नेशनल फायर बीमा कम्पनी लि. का 31 दिसम्बर, 2007 को निम्नलिखित सूचना के आधार पर रेवेन्यू खाता तथा चिट्ठा बनाइए:—

डेबिट बाकियाँ	रु.	क्रेडिट बाकियाँ	रु.
पुनर्बीमा प्रीमियम	69,000	प्रीमियम	7,70,000
अग्नि से हानि	4,80,000	पुनर्बीमा पर प्राप्य हानियाँ	60,000
प्रबन्ध के व्यय	1,20,000	लाभ-हानि खाता	3,500
कमीशन	1,19,000	सामान्य निधि संचय	2,80,000
अप्राप्य ऋण	11,000	ब्याज व लाभांश (जिसमें से 5,000 रु. प्राप्त नहीं हुए)	13,500
लाभांश का भुगतान	12,500		
भारत में बन्धक	1,00,000	पूँजी	2,50,000
भारत के बाहर बन्धक	10,000	अदत्त अग्नि हानियाँ	63,000
विदेशी प्रतिभूतियाँ	1,55,000	अदत्त लाभांश	6,500
रेलवे ऋणपत्र	1,50,000		
रेलवे पूर्वाधिकार अंश	33,000		
नगरपालिका ऋण	17,000		
बैंक निक्षेप	20,000		
विदेशी कम्पनियों में निक्षेप	17,000		
प्रन्यासियों के पास निक्षेप	11,000		
एजेन्ट व शाखा कार्यालय शेष	1,05,000		
मुख्य कार्यालय पर बकाया प्रीमियम	1,500		
बैंक में रोकड़	10,500		

Solution. हल—(1) अदत्त दावे तलपट में दिए हैं, अतः इनका समायोजन हो चुका है।

(2) अदत्त दावे 63,000 रु. को सम्मिलित करते हुए अग्नि की हानि 4,80,000 है अतः भुगतान किए गए दावे 4,17,000 रु. के हुए इनमें से 60,000 रु. की पुनर्बीमा वसूली घटाकर 3,57,000 रु. आगम खाते में डेबिट किए जाएँगे।

Fire Revenue Account (For the year ended 31st Dec., 2007)

	Rs.		Rs.
Claims under policies less reinsurance		Balance of A/c at the beginning of the year	
Paid during the year	3,57,000	Reserve for Unexpired Reserve	-
Add : Total estimated Liability in respect of claims outstanding		Additional Risks	—
		Premiums less reinsurance	7,01,000

NOTES

at the end of the year		Interest, Dividend and Rents	13,500
whether due or intimated	63,000	Commission on Reinsurance Ceded	—
		Other Incomes	—
	4,20,000		
Less : Outstanding at the end of previous year	—		
	4,20,000		
Commission :			
On Direct Business	1,19,000		
On Reinsurance Accepted			
Expenses of Management	1,20,000		
Bed Debts	11,000		
Taxes	—		
Other expenditure	—		
Profit transferred to			
Profit and Loss A/c	44,500		
Balance of A/c at the end of the year			
Reserve for Unexpired Risks	—		
Additional Reserve	—		
	7,14,500		7,14,500

Profit and Loss Appropriation Account (For the year ended 31st Dec. 2007)

Rs.		Rs.	
To Dividends	12,500	By Balance b/d	3,500
To Balance c/d	35,500	By Profit & Loss Account	44,500
	48,000		48,000

Balance Sheet (As at 31st Dec., 2007)

	Rs.		Rs.
Shareholders Capital	2,50,000	Loans :	
Reserve for Contingency A/c		Mortgages within India	1,00,000
General Reserve Fund	2,80,000	Mortgages out of India	10,000
Profit and Loss A/c	35,500	Investments :	
Loans and advances		Foreign Securities	1,55,000
Outstanding Fire Losses	63,000	Railway debentures and stock	1,50,000
Outstanding Dividends	6,500	Railway Pref. Shares	33,000
		Municipal Loans	17,000
		Bank Deposits	20,000
		Deposits with Foreign Companies	17,000
		Deposits with Trustees	11,000
		Agents and Branch office balances	1,05,000
		Outstanding Premium	1,500
		Outstanding Interest and Dividends	5,000
		Cash at Bank	10,500
	6,35,000		6,35,000

NOTES

Problem 4. जनरल मेरीन इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड के निम्नांकित शेषों से 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष का रेवेन्यू खाता और उसी तारीख का चिट्ठा तैयार कीजिए:—

रु.		रु.	
प्रीमियम पुनःबीमा कम करने के बाद	1,60,000	वर्ष में चुकाये गए दावे	1,10,000
कमीशन	8,400	प्रबन्ध के व्यय	7,500
अंश पूँजी	1,90,000	31-12-2007 को अदत्त दावे	14,000
रिजर्व बैंक में जमा	2,00,000	सरकारी प्रतिभूतियाँ	20,000
भवन 30,000	उपस्कर	2,000	
लाभ-हानि खाता (नाम शेष)	8,000	स्टॉक एवं अंश	18,000
समुद्री बीमा कोष 1 जनवरी, 2007	46,000	हस्तस्थ रोकड़	1,500
अतिरिक्त संचय	2,000	बैंक में रोकड़	8,000
ब्याज, लाभांश एवं किराया	1,400		

31 दिसम्बर, 2007 को, वर्ष में प्राप्त प्रीमियम आय का 100% भाग असमाप्त जोखिम के लिए संचय (Reserve) तथा 10,000 रु. अतिरिक्त संचय कीजिए।

Solution. हल—(1) चूँकि वर्ष के अन्त में अदत्त दावे तलपट में दिए गए है अतः उनका समायोजन वर्ष में चुकाए गए दावों की राशि में किया जा चुका होगा।

समुद्री आगम खाता
31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए

	रु.		रु.
पॉलिसियों के अधीन दावे, पुनर्बीमा घटाकर		वर्ष के प्रारम्भ में खाते का शेष	
वर्ष में चुकाए गए	96,000	असमाप्त जोखिम के लिये संचय	2,000
(+) वर्ष के अन्त में अदत्त दावों के		अतिरिक्त संचय	2,000
सम्बन्ध में कुल अनुमानित दायित्व		प्रीमियम पुनर्बीमा घटाकर	1,60,000
जो देय हो गए है अथवा सूचित हो		ब्याज, लाभांश एवं किराये	1,400
गए है	14,000	लाभ-हानि खाते को हस्तांतरित हानि	86,500
	1,10,000		
(–) गत वर्ष के अन्त में अदत्त दावे	—		
	1,10,000		
कमीशन :			
प्रत्यक्ष व्यवसाय पर	8,400		
प्रबन्ध व्यय	7,500		
अशोध्य ऋण	—		
कर	—		
अन्य व्यय	—		
वर्ष के अन्त में खाते का शेष			
असमाप्त जोखिम के लिए संचय	1,60,000		
अतिरिक्त संचय	10,000		
	2,95,900		**2,95,900**

लाभ-हानि विनियोजन खाता

	रु.		रु.
गत वर्ष का शेष	8,000	शेष चिट्ठे में ले जाया गया	94,500
लाभ-हानि खाता से हानि	86,500		
	94,500		**94,500**

चिट्ठा 31-12-2007 को

	रु.		रु.
अंशधारियों की पूँजी	1,90,000	ऋण	
संचिति एवं आकस्मिकता खाते	—	विनियोग	
कोष एवं खातों के शेष		रिजर्व बैंक में जमा	2,00,000
समुद्री बीमा कोष	1,70,000	सरकारी प्रतिभूतियाँ	20,000
ऋण-पत्र स्टॉक	—	अंश एवं स्टॉक	18,000
ऋण एवं अग्रिम		मकान सम्पत्ति	30,000
वर्ष के अन्त में अदत्त दावे— समुद्री	14,000	फर्नीचर	2,000
		रोकड़	
		हस्तस्थ	1,500
		बैंकस्थ	8,000
		लाभ-हानि विनियोजन खाता	94,500
	3,74,000		**3,74,000**

Problem 5. Prepare Revenue Account and Balance Sheet of Religare Fire Insurance Co. Ltd. as on 31.12.2007 from the following :

Trial Balance as on 31.12.2007

	Rs.		Rs.
Claims paid	3,75,600	Premium Received	6,78,000
Reinsurance Premiums paid	60,000	Loss recovered from Reinsurance	35,000
Management Expenses	98,400	Share Capital	2,50,000
Commission paid	74,580	Interest and Dividends	16,800
Taxes	8,250	Investment Fluctuation Fund	50,000
Interim Dividends	12,500	Loans from Bank	1,00,000
Security Deposits in Bank	1,99,000	Profit & Loss A/c	69,230
Investments in Govt. Securities	2,05,000		
Investments in Railway Debentures	1,00,000		
Agents & Branch Balance	40,500		
Cash in hand	25,200		
	11,99,030		**11,99,030**

Adjustments : (a) There are claims admitted and payable to the extent of Rs. 20,000.

(b) Amount of losses to be recovered from reinsurance is Rs. 8,400

(c) Interest accrued but not received Rs. 5,000.

(d) Provision for unexpired risk is to be made at 50% of the net premium received

NOTES

रेलीगेयर फायर बीमा कम्पनी लिमिटेड की निम्नलिखित परीक्षा सूची से 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष का आगम लेखा तथा उक्त तिथि का स्थिति-विवरण बनाइए:—

परीक्षा सूची–31-12-2007

दावों का भुगतान	3,75,600	प्रीमियम की प्राप्ति	6,78,000
पुनर्बीमा प्रीमियम का भुगतान	60,000	पुनर्बीमा से हानि की क्षतिपूर्ति	35,000
प्रबन्ध व्यय	98,400	अंश पूँजी	2,50,000
कमीशन का भुगतान	74,580	विनियोजन उच्चावचन निधि	50,000
कर	8,250	ब्याज एवं लाभांश	16,800
अन्तरिम लाभांश	12,500	बैंक से ऋण	1,00,000
बैंक में जमा प्रतिभूति	1,99,000	लाभ-हानि लेखा	69,230
सरकारी प्रतिभूतियों में विनियोजन	2,05,000		
रेलवे के ऋण-पत्रों मे विनियोजन	1,00,000		
एजेण्टों एवं शाखाओं पर शेष	40,500		
रोकड़	25,200		
	11,99,030		11,99,030

समायोजन—(क) 20,000 रु. के दावे स्वीकार कर लिए गए है और देय है।

(ख) पुनर्बीमा से 8,400 रु. की हानि की क्षतिपूर्ति की जाएगी।

(ग) 5,000 रु. का ब्याज उपार्जित हो गया है परन्तु अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) असमाप्त जोखिमों के लिए बीमा प्रीमियम की प्राप्त शुद्ध राशि के 50% के बराबर आयोजन करना है।

Solution हल—(1) वर्ष मे भुगतान किए गए दावे पुनर्बीमा घटाकर (3,75,600 – 35,000) = 3,40,600 –8,400 = 3,32,200 रु.

(2) प्रीमियम (6,78,000 - 60,000) = 6,18,000 रु.

Fire Insurance Revenue Accounts (For the year ended 31st Dec., 2007)

	Rs.			Rs.
Claims under policies less reinsurance		Balance of A/c at the beginning of the year		
Paid during the year	3,32,200	Reserve for Unexpired Risks		–
Add : Total estimated liability in respect of claims outstanding at the end of the year whether due or intimated		Additional Reserve		
		Premiums less Reinsurance		6,18,000
		Interest, Dividend and Rents	16,800	
	20,000	(+) Accrued	5,000	21,800
	3,52,200	Other Income		–
Less Outstanding at the end of the previous year	-	Loss transferred to Profit & Loss A/c	2,02,630	3,52,200
Commission :				
On Direct Business	74,580			
On Reinsurance Accepted	–			
Expenses of Management	98,400			
Bad Debts				

	Rs.		Rs.
Taxes	8,250		
Other expenditure	–		
Balance of A/c at the end of the year			
Reserve for Unexpired Risks	3,09,000		
Additional Reserve	–		
	8,42,430		8,42,430

Profit and Loss Appropriation A/c

	Rs.		Rs.
Loss transferred from P. & L.		By Balance b/d	69,230
A/c (Fire Revenue loss)	2,02,630	By balance transferred to	
Interim Dividend	12,500	Balance Sheet	1,45,900
	2,15,130		2,15,130

Balance Sheet (As on 31st Dec. 2007)

	Rs.		Rs.
Shareholder's Capital	2,50,000	Loans	–
Reserve and Contingency A/c		Investments	
Investment Fluctuation Fund	50,000	Security Deposit in Bank	1,99,000
		Govt. Securities	2,05,000
		Railway Debentures	1,00,000
Balance of Fund and Accounts		Agents Balances	40,500
Fire Reserve A/c	3,09,000	Interest Accrued	5,000
Loans and Advances		Amount due from Reinsurers	8,400
Loans from Bank	1,00,000	Cash in Hand	25,200
Outstanding claims	20,000	Profit and Loss App. A/c	1,45,900
	7,29,000		7,29,000

अभ्यास के लिए प्रश्न
(Assignment Material)

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoretical Questions)

1 साधारण बीमा व्यवसाय का आगम खाता कैसे बनाया जाता है? आगम खाते का प्रारूप देते हुए उसकी प्रमुख मदों को समझाइए।

2 संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए

(क) पुनर्बीमा (ख) असमाप्त जोखिम के लिए संचय

(ग) पुनर्बीमा वसूली (घ) प्रबन्ध व्यय।

3 साधारण बीमा कम्पनी के चिट्ठे का निर्दिष्ट प्रारूप काल्पनिक प्रविष्टियों सहित दीजिए।

4 साधारण बीमा कम्पनी के आगम खाते में निम्नलिखित मदों के अन्तर्गत क्या विवरण दिया जाता है

(क) पॉलिसियों के अन्तर्गत दावे, पुनर्बीमा घटाकर (ख) प्रीमियम, पुनर्बीमा घटाकर

(ग) कमीशन।

5 संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (साधारण बीमा व्यवसाय के सन्दर्भ में)

(क) आगम खाता (ख) लाभ-हानि खाता (ग) लाभ-हानि विनियोजन खाता।

NOTES

संख्यात्मक प्रश्न (Numerical Questions)

निम्नलिखित विवरण से 2007 वर्ष के लिए अग्नि बीमा रेवेन्यू खाता बनाइए:—

		रु.
Q. 1.	दावों का भुगतान	2,40,000
	प्रीमियम प्राप्त	6,00,000
	पुनर्बीमा प्रीमियम	60,000
	कमीशन	1,00,000
	प्रबन्ध व्यय	1,50,000
	असमाप्त जोखिमों के लिए संचय (1-1-07)	2,60,000
	अदत्त दावे (1-1-07)	20,000
	अदत्त दावे (31-12-07)	35,000

वर्ष के अन्त में असमाप्त जोखिमों के लिए शुद्ध प्रीमियम के 50% से संचय बनाइये।

[**Ans.** Rs. 25,000]

Q. 2. 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए रिलायन्स इन्श्योरेन्स कं. लि. की अग्नि बीमा से सम्बन्धित सूचनाएँ निम्नानुसार है: (The following information relates to Fire Insurance business of Reliance Insurance Co. Ltd. for the year ended 31st Dec. 2007.)

	Rs.		**Rs.**
Commission on Reinsurance ceded	5,000	Premiums	2,70,000
Provision for Unexpired Risk 31-12-2007	1,20,000	Commissions	37,500
Estimated Liability in respect of outstanding Claims- 2006	1,05,000	Management Expenses (including Rs. 1,500 Legal Exp. paid in connection with claims)	84,000
2007	1,12,500	Interest, Dividends and Rents	16,000
Claims Paid	1,05,000	Income Tax thereon	4,000
Commission on Reinsurance Accepted	5,000	Medical Expenses reclaims	2,625
Reinsurance Premiums	6,750	Profit on Sale of Investments	2,250
Reinsurance Recoveries	2,250	Additional Reserve 31-12-06	90,000

वर्ष 2007 के लिए निर्धारित प्रारूप में अग्नि बीमा से सम्बन्धित रेवेन्यू खाता बनाइए। शुद्ध प्रीमियम का 50% असमाप्त जोखिम के लिए संचय तथा 1,00,000 रु. अतिरिक्त संचय कीजिए।

Prepare in the prescribed form, the Fire Revenue Account for the year 2007, reserving 50% of the Net Premiums for Unexpired Risks and keeping an Additional Reserve of Rs. 1,00,000

[**Ans.** Profit Rs. 22,250.]

Q. 3. 31 दिसम्बर 2007 को माडर्न अग्नि एवं सामान्य बीमा कम्पनी लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नांकित बाकियाँ थी:—

The following balance appeared in the books of the Modern Fire and General Insurance Company Ltd. on 31st December 2007.

	रु.
पुनर्बीमा प्रीमियम (Reinsurance Premium paid)	50,000
असमाप्त जोखिम के लिए संचय (1 जनवरी 2007) (Reserve for Unexpired Risk as on 1st January 2007)	8,24,800
प्रबन्ध व्यय (Expenses of Management)	1,25,600
प्रीमियम प्राप्तियाँ (Premiums Received)	7,89,000
कमीशन (Commissions)	1,52,000

दत्त भुगतान (Claim Paid)	2,21,000
विनिमय पर हानियाँ (Losses of Exchange)	9,000
अदत्त दावे (1 जनवरी 2007) (Claims Outstanding as on 1st January 2007)	2,81,000

निम्नांकित सूचनाओं को ध्यान में रखकर 31 दिसम्बर 1987 वाले वर्ष के लिए रेवेन्यू खाता बनाइये:—

(अ) प्रीमियम पर 100% असमाप्त जोखिम के लिए संचय कीजिए।

(ब) अतिरिक्त संचय 75,000 रु. का कीजिए।

(स) अदत्त प्रीमियम वर्ष के अन्त में 1,50,000 रु. के थे।

(द) 31 दिसम्बर, 2007 को अदत्त दावे 3,37,000 रु. के थे।

NOTES

You are required to prepare Revenue Account for the year ended 31st December, 2007 after taking the following information into consideration :

(a) Provide for Unexpired Risk at 100% of the premium.

(b) Create Additional Reserve of Rs. 75,000.

(c) Premiums outstanding at the end of the year Rs. 1,50,000.

(d) On 31st December 2007 the claims outstanding were Rs. 3,37,000.

[**Ans.** Profit Rs. 1,86,200]

Q.4. बजाज अलायंस अग्नि बीमा कम्पनी की पुस्तकों में 31 दिसम्बर को निम्नांकित शेष थे—

	रु
प्रबन्ध के व्यय	2,31,900
कमीशन	2,27,000
चुकाये गये दावे	4,30,000
विनिमय पर हानि	5,000
अप्राप्य ऋण	100
1 जनवरी को अदत्त दावे	5,20,000
1 जनवरी को असमाप्त जोखिम के लिए संचय	3,08,700
1 जनवरी को अतिरिक्त संचय	25,000
प्रीमियम	8,76,000

निम्नांकित सूचना को ध्यान में रखकर वर्ष के लिए रेवेन्यू खाता बनाइए—

(1) असमाप्त जोखिम के लिए प्रीमियम का 50 प्रतिशत संचय कीजिए।

(2) वर्ष के अन्त में 20,000 रु. प्रीमियम प्राप्त होने का था।

(3) 31 दिसम्बर को अदत्त दावे 3,04,600 रु. के थे। दावे और प्रीमियम के लिये अनुमान भारत में 3/4 तथा बाहर 1/4 मानिये।

[**Ans.** Profit Rs 1,03,100]

Q.5. 31 दिसम्बर, 2007 को न्यू इंडिया अग्नि एवं साधारण बीमा कम्पनी लि. की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष थे—

	रु
पुनर्बीमा प्रीमियम	5,000
असमाप्त जोखिम के लिए 1 जनवरी को संचित	82,480
प्रबन्ध व्यय	12,560
प्रीमियम प्राप्तियाँ	78,900
कमीशन	15,200
दावों का भुगतान	22,100
विनिमय पर हानि	900
अदत्त दावे 1 जनवरी को	28,100

निम्नलिखित सूचनाओं को ध्यान में रखकर 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आगम खाता निर्धारित प्रारूप में बनाइये–

(1) प्रीमियम पर 50 प्रतिशत असमाप्त जोखिम के लिए संचय कीजिए।

(2) अतिरिक्त संचय 7,500 रु. का कीजिए।

(3) अदत्त प्रीमियम वर्ष के अन्त में 15,000 रु.।

(4) 31 दिसम्बर, 2007 को अदत्त दावे 33,700 रु. के थे। [**Ans.** Profit Rs. 63,970]

Q. 6. यूनाइटेड इंडिया इश्योरेंस कम्पनी की पुस्तकों में 31 दिसम्बर, 2007 को अग्नि बीमा के सम्बन्ध में निम्न विवरण प्राप्त हुए–

	रु
असमाप्त जोखिम के लिए संचय, 31 दिसम्बर, 2006	5,00,000
अतिरिक्त संचय, 31 दिसम्बर, 2006	1,00,000
दावे चुकाये गये	6,40,000
अदत्त दावों के सम्बन्ध में अनुमानित दायित्व–	
31-12-06 को	65,000
31-12-07 को	90,000
प्रबन्ध के व्यय (30,000 रु. के कानूनी व्यय सहित जो दावों के भुगतान के सम्बन्ध में किए गये)	2,80,000
पुनर्बीमा प्रीमियम	75,000
पुनर्बीमा वसूली	20,000
प्रीमियम	11,20,000
ब्याज तथा लाभांश	64,520
उपर्युक्त पर आयकर	6,520
विनियोगों की बिक्री पर लाभ	11,000
कमीशन	1,52,000

2007 के लिए अग्नि बीमा रेवेन्यू खाता खोलिये। असमाप्त जोखिम के लिए प्रीमियम का 50% संचय कीजिये और 1,00,000 रु. अतिरिक्त संचय के लिए रखिए। यह मान लीजिए कि प्रीमियम और दावों का 1/4 भारत के बाहर के व्यापार से सम्बन्धित है और भारत में प्रत्यक्षतः लिखी गयी कुल प्रीमियम की राशि 11,25,000 रुपये थी।

On 31st December, 2007 the books of the United India Insurance Co. Ltd. contained the following particulars in respect of fire insurance–

	Rs.
Reserve for Unexpired Risks on 31st December, 2006	5,00,000
Additional Reserve on 31st December, 2006	1,00,000
Claims paid	6,40,000
Estimated Liability in respect of outstanding claims :	
On 31st December 2006	65,000
On 31st December, 2007	90,000
Expenses of Management (including Rs. 30,000 legal expenses paid in connection with claim)	2,80,000
Reinsurance premiums	75,000
Reinsurance recoveries	20,000

NOTES

Premiums	11,20,000
Interest and Dividends	64,520
Income tax thereon	6,520
Profit on sale of investments	11,000
Commission	1,52,000

Prepare in the prescribed form, the Fire Insurance Revenue Account or the year 2007 reserving 50 per cent of the premiums for unexpired risks and keeping an additional reserve of Rs. 1,00,000. Assume that one fourth of the premium and claims are applicable to business outside Iodia and that the gross premium written direct in India amounted to Rs. 11,25,000.

[**Ans.** Profit Rs. 14,500]

6.13 सारांश

- बीमा वह प्रावधान है जो एक विकासशील व्यक्ति को आकस्मिक घटनाओं व हानियों के विरूद्ध जोखिम को बाँटता है।
- बीमा दो प्रकार का होता है - जीवन बीमा और साधारण बीमा।
- साधारण बीमा व्यवसाय से आशय अग्नि, समुद्री या विविध बीमा व्यवसाय से है जो किसी बीमा कम्पनी द्वारा किया जाता है जिसमे तीन तरह के बीमा को सम्मिलित किया जाता है। पहला समुद्री बीमा, अग्नि बीमा, और विविध बीमा।
- साधारण बीमा व्यवसाय अधिनियम का राष्ट्रीय 1972 की धारा 9 के अन्तर्गत कसाधारण बीमा के नाम से हुआ था। साधारण बीमा कम्पनी को चिट्ठा और लाभ-हानि खाते के विवरण का निरीक्षण, नियन्त्रण तथा संचालन करना होता है।
- आगम खाते मे व्यवसाय से सम्बन्धित सभी आय एवं व्ययों तथा अदत्त व्यय और उपर्जित आयो का भी लेखा किया जाता है।

6.14 शब्दावली

बीमा, अग्नि बीमा, समुद्री बीमा, आगम खाता, आर्थिक चिट्ठा।

●●●

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

अध्याय–7 विनियोग लेखे [INVESTMENT ACCOUNTS]

इकाई की रूपरेखा

7.0 उद्देश्य
7.1 प्रस्तावना
7.2 विनियोगो से आशय
7.3 विनियोग सम्बन्धी व्यवहारों का लेखांकन
  7.3.1 लाभांश अर्जित करने वाली प्रतिभूतियाँ
  7.3.2 ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिाूतियाँ
7.4 अंश सम्बन्धी व्यवहारों का लेखांकन
  7.4.1 क्रेता की पुस्तकों में प्रविष्टि
  7.4.2 विक्रेता की पुस्तकों मे प्रविष्टि
7.5 बोनस अंश या अधिकार अंश
7.6 ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिभूतियों का लेखांकन
7.7 ब्याज रहित मूल्य
  7.7.1 ब्याज रहित व्यवहारों का लेखांकन
7.8 वर्ष के अन्त में विनियोगों का मूल्यांकन
7.9 उपार्जित ब्याज
7.10 सतम्भीय विनियोग खाता
7.11 क्रियात्मक प्रश्न
7.12 सारांश
7.13 शब्दावली

7.0 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप इस योग्य हो सकेगें -

- विनियोग सम्बन्धी व्यवहारों का लेखांकन कर सकेंगे।
- बोनस तथा अधिकार अंश सम्बन्धी व्यवहारो का लेखांकन कर सकेंगे।
- वर्ष के अन्त में स्तम्भीय विनियोग खाता तैयार कर सकेंगे।

7.1 प्रस्तावना

प्रत्येक व्यक्ति अपने अतिरिक्त धन या कोषों को ऐसे साधनो मे लगाना चाहता है जहाँ वह सुरक्षित रहे, जिस पर उसे नियमित आय मिलती रहे तथा उसके मूल्य मे वृद्धि भी हो सके। एक व्यक्ति अथवा व्यावसायिक संस्था अपने कोषो का विनियोजन (Investment) कम्पनियो के अंशो (Shares), ऋण-पत्रों (Debentures) अथवा सरकारी प्रतिभूतियों (Government Securities)– जैसे बॉण्ड्स (Bonds), ऋणों (Loans) आदि मे कर सकती है। इन विनियोगो पर ब्याज अथवा लाभांश के रूप मे आय प्राप्त होती है, विनियोजित राशि सुरक्षित रहती है, आवश्यकता पड़ने पर विनियोगों को बेचकर धन वापस प्राप्त किया जा सकता है तथा विनियोगो का बाजार मूल्य बढ़ जाने पर पूंजीगत वृद्धि (Capital Appreciation) का लाभ भी मिलता है। इसके अतिरिक्त एक व्यवसाय के रूप में, प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय द्वारा लाभ भी कमाया जा सकता है।

7.2 विनियोगों से आशय (Meaning of Investments)

विनियोगों से हमारा आशय अंशों, ऋण-पत्रों, बॉण्ड्स तथा अन्य प्रतिभूतियों से होता है जिनमें धन या कोषों का विनियोजन किया जाता है। विनियोग भौतिक सम्पत्तियाँ (Physical assets) न होकर विधिक स्वतत्वों (Legal claims) का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतिभूतियों के रूप में विशिष्ट प्रकार की सम्पत्तियाँ होती हैं।

बैंक, बीमा कम्पनियाँ, विनियोग-प्रन्यास (Investment Trusts) आदि व्यवसायी अपने कोषों को बड़ी मात्रा में इन विनियोगों में लगाते है। अन्य व्यवसायी भी अपने अतिरिक्त कोषों, सिंकिंग फण्ड आदि का विनियोजन अपने व्यवसाय के बाहर करते है। इस अध्याय में हम यह अध्ययन करेंगे कि विनियोगों के क्रय-विक्रय इन पर प्राप्त होने वाली आय, क्रय-विक्रय पर होने वाले लाभ/हानि से सम्बन्धित व्यवहारों का लेखा कैसे किया जाता है।

7.3 विनियोग सम्बन्धी व्यवहारों का लेखांकन (Accounting of transactions relating to Investments)

विनियोगों के क्रय-विक्रय, उन पर प्राप्त होने वाली (लाभांश या ब्याज) क्रय-विक्रय पर होने वाले लाभ या हानि आदि से सम्बन्धित व्यवहारों का लेखा क्रेता एवं विक्रेता दोनों को ही पुस्तकों में किया जाता है। जहाँ ऐसे व्यवहारों की संख्या बहुत अधिक हो, वहाँ विनियोग खाता बही (Investments ledger) अलग से रख ली जाती है किन्तु जहाँ व्यवहार कम हो, वहाँ इनका लेखा सामान्य खाता बही में ही कर लिया जाता है। विनियोग खाता एक वास्तविक खाता (Real A/c) होता है तथा प्रायः प्रत्येक विनियोग के लिए एक अलग खाता खोला जाता है।

7.3.1 विनियोग सम्बन्धी व्यवहारों का लेखांकन (Accounting of Investment Transactions)

विनियोग सम्बन्धी व्यवहारो के लेखाकन प्रक्रिया का अध्ययन हम विभिन्न प्रकार के विनियोगों को दो शीर्षकों के अतर्गत विभाजित करते हुए करेंगे (क) लाभाँश अर्जित करने वाली प्रतिभूतियाँ तथा (ख) ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिभूतियाँ।

लाभाँश अर्जित करने वाली प्रतिभूतियाँ (Dividend Earning Securities)— कम्पनियों के अंशों (shares) का क्रय-विक्रय स्टॉक एक्सचेंजों मे किया जाता है। विनियोक्ता अपने धन का विनियोग कम्पनियों के अशो मे कर सकते है जिन पर उन्हे कम्पनी द्वारा घोषित किया जाने वाला लाभांश (dividend) प्राप्त होता है। अंशों का बाजार मूल्य घटता-बढ़ता रहता है। अतः अंशों के क्रय-विक्रय पर विनियोक्ताओं को लाभ-हानि भी होती है।

लाभाँश सहित एवं लाभाँश रहित मूल्य (Cum-dividend and Ex-dividend Quotation)— अशों का क्रय-विक्रय या तो लाभांश-सहित मूल्य पर किया जाता है अथवा लाभाँश रहित मूल्य पर। अतः अशो के क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवहारो की लेखाकन प्रक्रिया का अध्ययन करने से पूर्व इन शब्दों का अर्थ भली-भांति समझ लेना आवश्यक है।

लाभाँश सहित (Cum-dividend or c d.)— इस शब्द का प्रयोग कम्पनियो के अशो के सम्बन्ध में किया जाता है। लाभांश सहित मूल्य का अर्थ यह है कि अंशो का जो मूल्य विक्रेता क्रेता से वसूल कर रहा है उसमें कम्पनी द्वारा अभी हाल मे ही घोषित किया गया लाभाँश भी सम्मिलित है जिसका अभी भुगतान नहीं किया गया है। यह लाभांश क्रेता ही लाभांश भुगतान की तिथि पर प्राप्त करेगा। चूँकि यह लाभांश गत वर्ष के लाभ में घोषित किया गया है और चूँकि उस समय विक्रेता इन अशो का स्वामी था, अतः इस लाभांश को प्राप्त करने का वास्तविक अधिकारी विक्रेता ही होता है। अतः जब लाभांश सहित अंश बेचे जाते हैं तो विक्रेता अश तो बेचता ही है साथ ही वह इन अंशो पर लाभांश पाने का अपना अधिकार भी क्रेता को बेच देता है। इस प्रकार जो मूल्य विक्रेता क्रेता से वसूल करता है उसमें निम्नलिखित दो तत्व सम्मिलित होते है —

(i) अशों का मूल्य, (ii) घोषित लाभांश।

उपर्युक्त तथ्य को सूत्र रूप में निम्नलिखित प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है —

लाभांश सहित मूल्य = अशों का मूल्य + घोषित लाभांश

NOTES

Cum-dividend Price = Cost of the Shares + Declared dividend.

लाभाँश सहित व्यवहारों में पूँजीगत मूल्य की गणना– जब अंशों का क्रय-विक्रय लाभाँश सहित किया जाता है तो क्रेता एवं विक्रेता दोनों ही की पुस्तकों में विनियोगों के क्रय-विक्रय का लेखा करने से पूर्व यह मालूम कर लेना आवश्यक होता है कि जो मूल्य दिया-लिया जा रहा है उसमें अंशों का पूँजीगत मूल्य क्या है तथा घोषित लाभाँश क्या है? इसके लिए क्रय-विक्रय मूल्य में से घोषित लाभाँश की राशि घटा दी जाती है।

पूँजीगत मूल्य की गणना निम्नानुसार की जाती है:–

क्रेता की पुस्तकों में (In the books of the Purchaser) :–

Purchase Price of..................Shares of Rs..................		Rs.
each @ Rs..................c.d.		....
(+) Expenses:		
(1) Brokerage	....	
(2) Commission etc.	.....	
Less : Accured Dividend @ Rs..................Per share		.....
Capital Cost of Shares Purchased		....

विक्रेता की पुस्तकों में (In the Books of the Seller) :–

Sale Price of .... Shares of Rs.		Rs.
each @ Rs. .... per Share c.d.		.....
(-) Expenses :		
(1) Brokerage,	.....	
(2) Commission etc.	....	
Less : Accrued Dividend		.....
Capital Cost of Shares Sold		.....

लाभाँश रहित मूल्य (Ex-dividend Price)– अंशों के लाभाँश रहित मूल्य का अर्थ यह है कि मूल्य में कोई लाभाँश सम्मिलित नही है, अर्थात् सम्पूर्ण भुगतान अंशों का मूल्य ही है। अतः लाभाँश रहित क्रय-विक्रय की दशा में पूँजीगत मूल्य की गणना हेतु किसी समायोजन की आवश्यकता नही होती।

7.4 अंश सम्बन्धी व्यवहारों का लेखांकन (Accounting of transactions relating to shares)

अंशों में विनियोग से सम्बन्धित व्यवहारों का लेखा क्रेता एवं विक्रेता की पुस्तकों में अग्रानुसार किया जाता है।

7.4.1 क्रेता की पुस्तकों में प्रविष्टियाँ (In the Books of the Purchaser)

(1) क्रेता ने जो क्रय मूल्य दिया है उसमें में जितनी राशि अंशों के पूंजीगत मूल्य के सम्बन्ध में थी उतनी राशि से विनियोग खाता डेबिट तथा जितनी राशि लाभाँश के लिए थी उतनी राशि से लाभाँश खाता डेबिट करके दोनों के योग से रोकड़ खाता क्रेडिट कर दिया जाएगा।

अंश खाता	डे	Shares A/c	Dr	अंशों का पूँजीगत मूल्य उपार्जित
लाभांश खाता	डे	Dividend A/c	Dr.	लाभांश कुल मुल्य
रोकड़ खाता से		To Cash/Bank A/c		
(.....रु. वाले अंश ..		(Purchase of........shares of Rs.		
रु ला.स. की दर से क्रय किए)		..........each c.d.)		

(2) इसके पश्चात् चूँकि अंश लाभाँश-सहित मूल्य पर क्रय किए गए थे अतः लाभाँश भुगतान तिथि पर लाभाँश का भुगतान क्रेता को प्राप्त होगा जिसके लिए निम्नलिखित प्रविष्टि की जाएगीः—

रोकड़ खाता	डे.	Cash A/c	Dr.	
लाभांश खाता से		To Dividend A/c		प्राप्त राशि से
(...अंशों पर...रु. प्रति अंश की दर से लाभाँश प्राप्त किया)		(Received Dividend on............. shares @ Rs. .... per share)		

7.4.2 विक्रेता की पुस्तकों में (In the Books of the Seller)

(1) अंशों को बेचने से जो राशि विक्रेता को प्राप्त होती है उससे रोकड़ खाता डेबिट किया जाएगा तथा उसमें से जितनी राशि अंशों के पूँजीगत मूल्य की थी उससे अंश खाता तथा जितनी लाभाँश के सम्बन्ध में थी उससे अंश खाता क्रेडिट किया जाएगाः—

रोकड़ खाता	डे.	Cash A/c	Dr.	कुल प्राप्त राशि से पूँजीगत
अंश खाता से		To Shares A/c		मूल्य से लाभाँश की राशि से
लाभांश खाता से		To Dividend A/c		
(...रु. वाले...अंश......रु. ला स. दर से बेचे)		(Sold......Shares @ Rs.............. each share c.d.)		

(2) लाभाँश खाते का शेष लाभ-हानि मे निम्नलिखित प्रविष्टि करके अन्तरित कर दिया जाएगाः

लाभाँश खाता	डे.	Dividend A/c	Dr.
लाभ-हानि खाता से		To Profit & Loss A/c	
(लाभाश खाता का शेष अन्तरित)		(Balance of Dividend A/c transferred to Profit & Loss A/c)	

Illustration 1. On 1st March 2006, Anil Kumar purchased from Rakesh Kumar 100 shares of Rs 10/- each of the Straw Products Ltd., Bhopal at Rs. 25 c.d. Both paid Brokerage @ Rs. 1/- per cent. The Company has declared a dividend of Rs. 2/- per share free of Income-tax on account of which is payable on or after 15th April, 2006.

Record the above transaction in the books of Anil and Rakesh

1 मार्च 2006 को अनिल कुमार ने राकेश कुमार से 10 रु. वाले स्ट्रॉ प्रोडक्ट्स लि. भोपाल के 100 अंश 25 रु. ला. स. की दर से क्रय किए। दोनों ने 1 रु. प्रतिशत दलाली दी। कम्पनी ने आय-कर मुक्त 2 रु. प्रति अंश लाभांश घोषित किया है जो 15 अप्रैल, 2006 को या उसके बाद देय है। उपर्युक्त व्यवहार का लेखा अनिल तथा राकेश की पुस्तकों में कीजिए।

Solution. **In the Books of Anil Kumar :**

		Rs.
	Purchase price of 100 Shares @ Rs. 25 c.d.	2,500
(+)	Brokerage $\left(\frac{1,500 \times 1}{100}\right)$	15
		2,515
	Less : Dividend (Rs. 2/- per share)	200
	Capital Cost of Shares	2,315

NOTES

Journal Entries

			Rs.	Rs.
1-3-06	Shares in Straw Products A/c	....Dr.	2,315	
	Dividend A/c	....Dr.	200	
	To Cash A/c			2,515
	(Purchased 100 Share (a) Rs. 25/- c.d. per share			
15-4-06	Cash A/c	....Dr.	200	
	To Dividend A/c			200
	(Received dividend (a) Rs. 2/- per share)			

Shares in Straw Products Ltd. Bhopal A/c

		Rs.			Rs.
1-3-06	To Cash A/c	2,315	31-12-06	By Balance c/d	2,315
		2,315			2,315

Dividend A/c

		Rs.			Rs.
1-3-06	To Cash A/c	200	15-4-06	By Cash A/c	200
		200			200

In the Books of Rakesh Kumar :

	Rs.
Sale Price of 100 Shares (a) Rs. 25 c.d.	2,500
Less: Brokerage @ Rs. 1 per cent	15
	2,485
Less : Dividend @ Rs. 2 per share	200
Capital Cost of Investment Sold	2,285

Journal Entries

			Rs.	Rs.
1-3-06	Cash A/c	....Dr.	2,485	
	To Shares Straw Products A/c			2,285
	To Dividend A/c			200
	(Sold 100 Shares @ Rs. 25/- each c.d.)			
31-12-06	Dividend A/c	....Dr.	200	
	To Profit & Loss A/c			200
	(Balance of Dividend A/c transferred)			

Shares in Straw Products Ltd. A/c

		Rs.			Rs.
1-1-06	To Balance b/d	2,285	1-3-06	By Cash A/c	2,285
		2,285			2,285

Dividend A/c

		Rs.			Rs.
31-12-06	To Profit & Loss A/c	200	1-3-06	By Cash A/c	200
		200			200

प्रतिभूतियों के विक्रय होने वाले लाभ/हानि की गणना (Calculation of Profit or Loss on Sale of Investment)— जब कोई विनियोक्ता अपने विनियोगों को बेचता है तो उसे यह गणना करनी होती है कि इस व्यवहार में उसे क्या लाभ या हानि हुई। इस हेतु उसे बेचे जाने वाले विनियोगों के क्रय-विक्रय (पूँजीगत) तथा उनके विक्रय मूल्य (पूँजीगत) की गणना करनी होती है। विक्रय मूल्य का क्रय मूल्य पर आधिक्य लाभ होता है जिसे लाभ-हानि खाता को क्रेडिट करते हैं। यदि विक्रय मूल्य क्रय मूल्य से कम हो तो हानि होती है, जिसे लाभ-हानि खाता को डेबिट किया जाता है।

Illustration 2. On 15th April, 2006 Hajela Bros. purchased from Sharma Bros. 100 Rs. 100 shares of Desai Mills Ltd. @ Rs. 105 ex-dividend. The Company had declared a dividend of Rs. 4 per share which was to be paid on 30th April, 2006.

Record this transaction in the books of both the purchaser and the seller assuming that they close their books on 31st December.

15 अप्रैल 2006 को हजेला ब्रदर्स ने शर्मा ब्रदर्स से 100 रु. वाले देसाई मिल्स लि. के 100 अंश 105 रु. लाभाँश रहित की दर से क्रय किए। कम्पनी इन अंशों पर 4 रु. प्रति अंश लाभाँश घोषित कर चुकी थी। जिसका भुगतान 30 अप्रैल को होना है। इस व्यवहार की प्रविष्टि क्रेता एवं विक्रेता दोनों की ही पुस्तकों में यह मानकर कीजिए कि वे अपनी पुस्तकें 31 दिसम्बर को बन्द करते हैं।

Solution टिप्पणी— चूँकि ये अंश लाभाँश रहित दर से क्रय किए गए हैं इसका अर्थ यह है कि 30 अप्रैल, 2006 को मिलने वाला लाभाँश विक्रेता, शर्मा ब्रदर्स ही प्राप्त करेंगे।

In the Books of Hajela Bros :

	Rs.
Purchase Price of 100 Shares @ Rs. 105/- each	10,500

Journal Entries

			Rs.	Rs.
15-4-06	Shares in Desai Co. Ltd. A/c	....Dr.	10,500	
	To Cash A/c			10,500
	(Purchased 100 Shares (a) Rs. 105 ex-dividend)			

Shares in Desai Co. Ltd. A/c

		Rs.			Rs.
15-4-06	To Cash A/c	10,500	31-12-06	By Balance c/d	10,500
		10,500			10,500

In the Books of Sharma Bors :

Journal Entries

			Rs.	Rs.
15-4-06	Cash A/c	.Dr	10,500	
	To Shares in Desai Co. Ltd. A/c			10,500
	(Sold 100 Shares @ Rs. 105 ex-dividend)			
30-4-06	Cash A/c	.Dr.	400	
	To Dividend A/c			400
	(Dvidend Received)			
31-12-06	Dividend A/c	..Dr.	400	
	To Profit & Loss A/c			400
	(Balance of Dividend A/c transferred to P. & L. A/c)			

Shares in Desai Co. Ltd.

		Rs.			Rs.
	To Balance b/d	10,500	15-4-06	By Cash A/c	10,500

Dividend A/c

		Rs.			Rs.
31-12-06	To Profit & Loss A/c	400	30-4-06	By Cash A/c	400
		400			400

Illustration 3. On 1st October, 2006 Ram Kumar and Sons purchased from Mahendra Nath 200 Rs. 100 Equity shares of Goodluck Co. Ltd. @ Rs. 180 c.d. The Company had declared a dividend of Rs. 6 per share which was to be paid on 15th November, 06. On 15th December they sold half of these shares @ Rs. 178 per share.

Record these transaction in the books of Ram Kumar & Sons assuming that they close their accounts on 31st December.

1 अक्टूबर, 2006 को रामकुमार एण्ड सन्स ने महेन्द्रनाथ से गुडलक कम्पनी लि. के 100 रु. वाले 200 ईक्विटी अंश 180 रु. ला. स. की दर से क्रय किए। कम्पनी ने 6 रु. प्रति अंश लाभाँश घोषित किया है जो 15 नवम्बर, 2006 के पश्चात देय है। 15 दिसम्बर, 2006 को उन्होंने आधे अंश 178 रु. प्रति अंश की दर से बेच दिए। यह मानकर की पुस्तकें 31 दिसम्बर को बन्द की जाती हैं, इन व्यवहारों का लेखा राम कुमार एण्ड सन्स की पुस्तकों में कीजिए।

Solution टिप्पणियाँ–

In the Books of Ram Kumar & Sons :

			Rs.
(1)	Purchase Price of 200 shares @ 180 c.d.		36,000
	Less :	Dividend (Rs. 6 per share)	1,200
		Capital Cost of the Shares :	34,800
(2)	Sale price of 100 shares (100 × 178) = 17,800 रु		
(3)	**अंशों के विक्रय पर लाभ**		रु.
	100 अंशों का विक्रय मूल्य (178 × 100)		17,800
	100 अंशो का क्रय मूल्य $\left(\frac{34,800 \times 100}{200}\right)$		17,400
	विक्रय पर लाभ		400

Shares in Good Luck Co. Ltd. A/c

		Rs.			Rs.
01-10-06	To Cash	34,800	15-12-06	By Cash A/c	17,800
31-12-06	To Profit & Loss A/c	400	31-12-06	By Balance c/d	17,400
		35,200			35,200

Dividend A/c

		Rs.			Rs.
1-10-06	To Cash A/c	400	15-11-06	By Cash A/c	400
		400			400

बोनस अंश तथा अधिकार अंश (Bonus Shares and Right Shares)– **(क) बोनस अंश** (Bonus share)– इक्विटी अंशधारी यदि कम्पनी से कुछ बोनस अंश प्राप्त करते है, तो इन अंशों का अंकित मूल्य Nominal खाने में लिखा जाएगा। चूँकि इन अंशों के लिए कोई मूल्य नहीं चुकाना पड़ता, अतः इनकी प्रविष्टि Capital खाने में नहीं की जाएगी।

(ख) **अधिकार अंश** (Right shares)– इक्विटी अंशधारियों का यह अधिकार होता है कि कम्पनी द्वारा भविष्य में निर्गमित किए जाने वाले अंश उन्हें प्रस्तावित किए जायें। ऐसे अंश अधिकार अंश कहलाते हैं। अंशधारी या तो प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए अंश खरीद लेता है अथवा समस्त अथवा उनमें से कुछ अंश किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में त्याग देता (Renunicate) है।

अधिकार अंश क्रय किए जाने की दशा में अंशों का अंकित मूल्य Nominal खाने में तथा उनके लिए दिया गया मूल्य Capital खाने में लिखा जाता है। अधिकार त्यागने पर यदि कोई राशि प्राप्त न हो तो उसे क्रेडिट पक्ष में Capital खाते में लिखा जाएगा।

Illustration 4. On 1st April, 2006 Mr. Singhal had 20,000 Equity shares of Rs. 10 each of Toyota Ltd., purchased for Rs. 3,20,000. On 1st June, 2006 he purchased further 5,000 shares at a premium of Rs. 4 per share. On 30th June, 2006 the Directors of the Company announced a bonus and right issue. Bonus shares were allotted @ 1 Equity share for every 5 Equity shares held and these were received on 2nd August, 2006. The terms of the right issues were :

(a) Right shares to be issued to existing share holders on 10th August, 2006.

(b) Right issue would entitle the holders to subscribe the additional Equity shares @ 1 share for every 3 shares held @ Rs. 15 per share – the whole sum being payable on 30th Sept, 2006.

(c) Existing share holders may, to the extent of their entitlement, either wholly or in part, transfer their rights to outsiders.

(d) Mr. Singhal exercised his option under the issue for 50% of his entitlement and the balance of rights he sold to Mr. Varadani for a consideration of Rs. 1.50 per share.

(e) Dividends for the year ended 31st March, 2006 @ 15% were declared by the company and received by Mr. Singhal on 30th October, 2006.

(f) On 1st November, 2006 Mr. Singhal sold 20,000 Equity shares at a premium of Rs. 3 per share.

Prepare the Investment Account in the books of Mr. Singhal as on 31-12-2006 and show the value of shares held by him on that date.

Solution. **(टिप्पणियां)**–(1) 1st June, 2006 — रु.

5,000 अंशों का क्रय मूल्य 14 रु. प्रति अंश की दर से — 70,000

(2) 2nd August, 2006.

बोनस अंश $\left(\frac{25,000 \times 1}{5}\right) = 5,000 \times 10 =$ — 50,000

(3) 30th September, 2006 **अधिकार अंश** (Right Issues) $\left(\frac{30,000 \times 1}{3}\right)$=10,000 अंश — **रु.**

50% अर्थात् 5,000 अंश क्रय किए 15 रु. की दर से = — 75,000

50% अर्थात् 5,000 अंशों का अधिकार 1.50 रु. प्रति अंश की मे हस्तांतरित किया : प्राप्त राशि = — 7,500

(4) 30th October, 2006 को प्राप्त लाभांश $\left(\frac{3,50,000 \times 15}{100}\right)$= — 52,500

(5) 1st November, 2006 : 20,000 अंशों का विक्रय मूल्य 13 रु. प्रति अंश की दर से = — 2,60,000

(6) विक्रय पर लाभ की गणना विनियोगों के औसत मूल्य के आधार पर की गई है। 35,000 अंशों का मूल्य = (3,20,000 + 70,000 + 75,000) = 4,65,000 रु. में से अधिकार अंशों से प्राप्त लाभाँश 7,500 रु. तथा प्राप्त लाभाँश 7,500 रु. घटाकर 4,50,000 रु. आता है। 20,000 अंशों का मूल्य $\left(\frac{4,50,000}{3,530} \times 20,000\right)$ 2,57,143 रु. हुआ है जिन्हें 2,60,000 रु. में बेचा गया, अतः लाभ 2,857 रु.। चूँकि खाते 31 मार्च के बन्द होना माने गए हैं, अतः लाभांश की आय लाभ-हानि खाते में क्रेडिट न करके आगे ले गये हैं।

Equity Shares of Toyota Ltd. Account

Date	Particulars	Nominal	Capital	Dividend	Date	Particulars	Nominal	Capital	Dividend
2006		Rs.	Rs.	Rs.	2006		Rs.	Rs.	Rs.
Apr, 1st	To Balance b/d	2,00,000	3,20,000	—	Sep. 30th	By Bank A/c	—	7,500	—
June 1st	To Bank A/c	50,000	70,000	—	Oct. 30th	By Bank A/c	—	7,500	30,000
Aug. 2nd	To Bonus Shares	50,000	—	—	Nov. 1st	By Bank A/c	2,00,000	2,60,000	—
Sep. 30th	To Bank A/c (Rights)	50,000	75,000	—	Dec. 31st	By Balance c/d	1,50,000	1,92,857	—
Dec. 31st	To Profit & Loss A/c	—	2,857	—					
Dec. 31st	To Balance c/d	—	—	30,000					
		3,50,000	4,67,857	30,000			3,50,000	4,67,857	30,000

7.6 ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिभूतियां (Interest earning Securities)

कम्पनियों एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों के ऋण-पत्र, बॉण्डस, सार्वजनिक ऋण-पत्र आदि प्रतिभूतियों पर पूर्व-निर्दिष्ट दर से ब्याज का भुगतान निर्धारित समयावधियों (जैसे-छःमाही या वार्षिक आधार पर) पर किया जाता है। लाभांश की गणना वार्षिक आधार पर की जाती है किन्तु ब्याज दैनिक आधार पर (on day to day basis) अर्जित किया जाता है भले ही उसका भुगतान छमाही या वार्षिक किया जाए। ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय भी ब्याज सहित अथवा ब्याज रहित आधार पर किया जाता है।

7.7 ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिभूतियों का लेखांकन (Accounting of Interest earning Securities)

ऋण-पत्रों, बॉण्डस, शासकीय ऋण आदि ब्याज अर्जित करने वाली प्रतिभूतियों का लेखांकन भी क्रेता एवं विक्रेता दोनों की पुस्तकों में किया जाता है। ऐसा करने से पूर्व ब्याज-सहित अथवा ब्याज-रहित जैसा भी मूल्य हो उसके अनुसार प्रतिभूतियों के मूल्य का पूँजी एवं आगम में विनिधान करके यह ज्ञात कर लेना चाहिए कि जो मूल्य दिया-लिया जा रहा है उसमें कितनी राशि प्रतिभूतियों के पूँजीगत मूल्य के लिए है तथा कितनी ब्याज की। तत्पश्चात् क्रेता एवं विक्रेता की पुस्तकों में निम्नानुसार रोजनामचा प्रविष्टियां की जाती हैं।

ब्याज-सहित क्रय-विक्रय की दशा में (In case of cum-interest transactions)— प्रतिभूतियों के ब्याज-सहित क्रय-विक्रय का आशय यह है कि प्रतिभूतियों के साथ उपार्जित ब्याज भी बेचा जा रहा है। ब्याज-सहित आधार पर प्रतिभूतियाँ तब बेची जाती हैं जब व्यवहार ब्याज की तिथियों के बीच हो तथा जब प्रतिभूतियों पर कुछ ब्याज उपार्जित किया जा चुका होता है किन्तु ब्याज के भुगतान की तिथि आने से पूर्व ही विक्रेता प्रतिभूतियों को बेच देता है तथा आगामी भुगतान की तिथि को सम्पूर्ण अवधि के ब्याज का भुगतान क्रेता को प्राप्त होता है। अतः विक्रेता उपार्जित ब्याज (ब्याज के भुगतान की अन्तिम तिथि से व्यवहार की तिथि तक की अवधि का ब्याज) की राशि विक्रय-मूल्य में जोड़कर प्रतिभूतियों का मूल्य क्रेता से वसूल करता है।

अतः ब्याज-सहित प्रतिभूतियों के विक्रय मूल्य में उपार्जित ब्याज की राशि सम्मिलित रहती है। अतः क्रेता एवं विक्रेता की पुस्तकों में क्रय/विक्रय मूल्य में से उपार्जित ब्याज घटाकर प्रतिभूतियों का पूँजीगत मूल्य निकाल लेना चाहिए। इसके पश्चात् निम्नलिखित प्रकार से प्रविष्टियां की जानी चाहिए।

क्रेता की पुस्तकों में (In the Books of the Purchaser)

(1) विनियोग क्रय करते समय:

विनियोग खाता	...डे.	Investment A/c	...Dr.	(Capital Cost)
ब्याज खाता	...डे.	Investment A/c	...Dr.	(Accrued Interest)
रोकड़ या बैंक खाता से		To Cash or Bank A/c		Total amount paid
(...विनियोग ...रु...		(Purchased.............(Investment)		
ब्याज-सहित दर से क्रय किए)		(a)..................c.d.)		

(2) ब्याज प्राप्त करने पर :

रोकड़ या बैंक खाता	डे	Cash or Bank A/c	..Dr.
ब्याज खाता से		To Interest A/c	
(...अवधि का ब्याज प्राप्त किया)		(Received interest for the period...........)	

(3) ब्याज खाते का शेष लाभ-हानि खाते में अन्तरित करने के लिए :

ब्याज खाता	डे	Interest A/c	Dr
लाभ-हानि खाता से		To Profit & Loss A/c	
(ब्याज खाता का शेष लाभ हानि खाता को अन्तरित)		(Balance of Interest A/c Transferred to Profit & Loss A/c)	

विक्रेता की पुस्तकों में (In the Books of Seller)

(1) विनियोग बेचने पर :

रोकड़ या बैंक खाता	डे	Cash or Bank A/c	.Dr	Total amount received
विनियोग खाता से		To Investment A/c		Capital Cost
ब्याज खाता से		To Interest A/c		Accrued Interest
(विनियोग रु. की दर से बेचे)		(Sold ....(a)....... each cost interest)		

(2) विक्रय पर होने वाली लाभ-हानि के लिए :

(अ) लाभ की दशा में :

विनियोग खाता	डे	Investment A/c	Dr
लाभ-हानि खाता से		To Profit & Loss A/c	
(विनियोगों के विक्रय पर लाभ, लाभ-हानि खाता को हस्तान्तरित)		(Profit on the sale of................ (Investment) transferred to Profit & Loss A/c)	

(ब) हानि की दशा में :	
लाभ-हानि खाता ...डे	Profit & Loss A/c ....Dr.
विनियोग खाता से	To Investment A/c
(विनियोगों के विक्रय पर हानि हस्तान्तरित)	(Loss on the sale of Investment transferred)

(3) ब्याज खाते का शेष अन्तरित करने के लिए :	
ब्याज खाता ...डे.	Interest A/c ....Dr.
लाभ-हानि खाता से	To Profit & Loss A/c
(लाभ-हानि खाता का शेष हस्तान्तरित)	(Balance or Interest A/c transferred)

Illustration 5. On 1st March, 2006 the Bharat Store Ltd. Purchased Rs. 18,000 4% debentures at Rs. 95, interest being payable on 30th June and 31st December, Expenses amounted to Rs. 158.50 and brokerage 10 paise per cent On 1st August Rs. 6,000 Debentures were sold at the rate of Rs. 98. Record these transactions in the books of Bharat Stores.

1 मार्च, 2006 को भारत स्टोर्स लि. ने 18,000 रु. के 4% ऋण-पत्र 95 रु. की दर से क्रय किए, ब्याज का भुगतान 30 जून तथा 31 दिसम्बर को देय होता है। व्यय 158.50 रु. हुए तथा दलाली 10 पैसे प्रतिशत है। 1 अगस्त को 6,000 रु. के ऋण-पत्र 98 रु. की दर से बेच दिए गए। इन व्यवहारों का लेखा भारत स्टोर्स की पुस्तकों मे कीजिए।

Solution टिप्पणियां–

		Rs.
(1) 1-3-2006 :		
(1) Purchase price of 180 Debentures @ Rs. 95 c.d.		17,100.00
	Rs.	
(+) Expenses	158.50	
Brokerage @ 10 paise per cent on Rs. 18,000	18.00	
		176.50
Total amount paid		17,276.50
(−) Accrued Interest (1st January to 29th Feb.) $\left(\frac{18,000 \times 4 \times 2}{100 \times 12}\right)$		120.00
Capital Cost of Debentures Purchased		17,156.50
(2) 1-8-2006		Rs.
Sales Price of 60 Debentures @ Rs. 98 c.d		5,880.00
(−) Accrued Interest (1st July to 31st July) $\left(\frac{6,000 \times 4}{100} \times \frac{1}{12}\right)$ =		20.00
Capital cost of debentures sold		**5,860.00**
(3) Profit & Loss on Debentures sold		Rs.
Sale price of 60 debentures		5,860.00
Cost price of 60 debentures $\left(\frac{17,156.50}{180} \times 60\right)$ =		5,718.83
Profit on Sale of 60 debentures		141.17

4% Debentures A/c (Interest payable on 30th June and 31st December)

		Rs.			Rs.
1-3-06	To Cash A/c	17,156.50	01-08-06	By Cash A/c	5,860.00
1-8-06	To P. & L. A/c	141.17	31-12-06	By Balance c/d	11,437.67
		17,297.67			17,297.67

Interest A/c

		Rs.			Rs.
01-03-06	To Cash A/c	120.00	30-06-06	By Cash A/c	360.00
31-12-06	To Profit & Loss A/c	500.00	01-08-06	By Cash A/c	20.00
			31-12-06	By Cash A/c	240.00
		620.00			620.00

NOTES

7.7 ब्याज-रहित मूल्य (Ex-Interest Quotation)

प्रतिभूतियों के ब्याज-रहित मूल्य का अर्थ इंग्लैण्ड तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है।

भारतीय सन्दर्भ– भारत में प्रतिभूतियों के ब्याज-रहित मूल्य से आशय यह है कि इस मूल्य में ब्याज के अन्तिम भुगतान की तिथि से व्यवहार की तिथि तक का ब्याज सम्मिलित नहीं है। दूसरे शब्दों में, क्रेता को विनियोगों के मूल्य के अतिरिक्त उपार्जित ब्याज का भुगतान अलग से विक्रेता को करना होगा।

ब्याज-रहित व्यवहारों में मूल्य की गणना निम्नानुसार की जाती है–

	रु.	
प्रतिभूतियों के लिए दिया गया मूल्य	....	पूँजीगत (Capital)
(+) ब्याज के अन्तिम भुगतान की तिथि से व्यवहार की तिथि तक का ब्याज	....	आगम (Revenue)
प्रतिभूतियों के लिए दी गई कुल राशि	....	कुल भुगतान (Total Price Paid)

ब्याज-रहित मूल्य की दशा में ब्याज का अगला भुगतान क्रेता को प्राप्त होता है।

इंग्लैण्ड के सन्दर्भ में– इंग्लैण्ड में ब्याज-रहित मूल्य का आशय सर्वथा भिन्न होता है। वहाँ जब प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय 'ब्याज-रहित मूल्य' पर होता है तो इसका अर्थ यह होता है कि ब्याज-भुगतान की आगामी तिथि को सम्पूर्ण अवधि के ब्याज का भुगतान विक्रेता को होगा यद्यपि वह इससे पूर्व ही प्रतिभूतियाँ क्रेता को बेच चुका होता है। ब्याज-भुगतान की अन्तिम तिथि से व्यवहार की तिथि तक का ब्याज पाने का वास्तविक अधिकारी तो विक्रेता होता है किन्तु व्यवहार की तिथि से ब्याज के आगामी भुगतान की तिथि तक का ब्याज पाने का अधिकार वास्तव में क्रेता का हो जाता है किन्तु इस अवधि का ब्याज भी विक्रेता ही प्राप्त करता है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि जब क्रेता ब्याज-रहित मूल्य पर प्रतिभूति खरीदता है तो वह व्यवहार की तिथि से ब्याज के भुगतान की आगामी तिथि तक की अवधि का ब्याज पाने के अपने अधिकार को विक्रेता के पक्ष में त्याग देता है। विक्रेता इस हानि की पूर्ति इस प्रकार करता है कि वह क्रेता से विनियोग का वास्तविक मूल्य वसूल न करके उसमें से उपर्युक्त अवधि का ब्याज घटाकर वसूल करता है। अतः यह कहा जा सकता है कि ब्याज-रहित मूल्य विनियोगों का घटा हुआ मूल्य होता है और विनियोग का पूँजीगत मूल्य ज्ञात करने के लिए क्रेता जो मूल्य देता है उसमें व्यवहार की तिथि से ब्याज भुगतान की आगामी तिथि तक का ब्याज और जोड़ दिया जाना चाहिए।

अतः पूँजीगत मूल्य की गणना निम्नानुसार की जाती है

	रु.
दिया गया कुल मूल्य	
(+) व्यवहार की तिथि से ब्याज के भुगतान की आगामी तिथि तक की अवधि का ब्याज	
प्रतिभूतियों का पूँजीगत मूल्य	

महत्वपूर्ण टिप्पणी– हमने ब्याज-रहित मूल्य की व्याख्या भारतीय एवं इंग्लैण्ड के सन्दर्भों में अलग-अलग स्पष्ट की है। अनेक भारतीय पाठ्य पुस्तकों में आज भी विनियोग सम्बन्धी प्रश्न इंग्लैण्ड की परम्परा के आधार पर हल किए गए हैं जो उचित प्रतीत नहीं होता। दोनों सन्दर्भों में प्रश्नों के हल सर्वथा भिन्न होंगे। परीक्षा सम्बन्धी प्रश्नों में छात्रों को टिप्पणी देकर स्पष्ट कर देना चाहिए कि उन्होंने किस पद्धति का अनुसरण किया है। प्राध्यापक बन्धुओं/छात्रों से अनुरोध है कि वे ब्याज-रहित व्यवहारों को भारतीय सन्दर्भ में ही मान्यता दें।

NOTES

ब्याज-रहित व्यवहारों का लेखांकन (Accounting of Ex-Interest transactions)– जैसा कि पूर्व-पृष्ठों में उल्लेख किया जा चुका है, ब्याज-रहित मूल्य के सम्बन्ध में भारतीय सन्दर्भ तथा इंग्लैण्ड के सन्दर्भ में अवधारणा अलग-अलग है। दोनों सन्दर्भों में पूँजीगत मूल्य की गणना अलग-अलग प्रकार से की जाती है, अतः रोजनामचा प्रविष्ठियाँ भी अलग-अलग प्रकार से होगी। हम यहाँ दोनों पद्धतियों का विवेचन कर रहे हैं।

भारतीय सन्दर्भ में (In Indian Context)

क्रेता की पुस्तकों में (In the Books of the Purchaser)

(1) विनियोग क्रय करने पर–

विनियोग खाता	डे.	Investments A/c	....Dr.	विनियोग का मूल्य
ब्याज खाता	डे.	Interest A/c	....Dr.	ब्याज की राशि
रोकड़ या बैंक खाता से		To Cash or Bank A/c		कुल भुगतान

(2) ब्याज प्राप्त होने पर–

रोकड़ या बैंक खाता	डे	Cash or Bank A/c	...Dr.	पूर्ण अवधि के ब्याज से
ब्याज खाता से		To Interest A/c		

(3) ब्याज खाता बन्द करने हेतु–

ब्याज खाता	डे.	Interest A/c	..Dr.	ब्याज खाता के शेष से
लाभ-हानि खाता से		To P. & L. A/c		

विक्रेता की पुस्तकों में (In the Books of the Seller)

(1) विनियोगों को बेचने पर–

रोकड़ या बैंक खाता	डे.	Cash/Bank A/c	....Dr.	कुल प्राप्त राशि से
विनियोग खाता से		To Investments A/c		विनियोगों के मूल्य से
ब्याज खाता से		To Interest A/c		ब्याज की राशि से

(2) ब्याज– अगला ब्याज क्रेता को प्राप्त होगा, अतः विक्रेता की पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं होगी।

(3) विक्रय पर लाभ/हानि

लाभ–

विनियोग खाता	डे.	Investments A/c	...Dr.
लाभ-हानि खाता से		To Profit & Loss A/c	

हानि– विलोम (reverse) प्रविष्टि।

Illustration 6. 1 मार्च, 2006 को रामास्वामी एण्ड कम्पनी ने 10,000 रु. के 9% ऋण-पत्र 108 रु. ब्याज रहित दर पर क्रय किए जिन पर ब्याज का भुगतान 30 जून तथा 31 दिसम्बर को होना है। नवम्बर को आधे ऋण-पत्र 105 रु. ब्याज सहित की दर से बेच दिए गए क्रय-विक्रय के प्रत्येक व्यवहार पर 1% दलाली एवं अन्य व्यय हुए। इन व्यवहारों का लेखा करने हेतु रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए तथा आवश्यक खाते खोलिए।

Solution. टिप्पणियां– (1) 1-3-2006 | रु.

		रु.
10,000 रु. के ऋणपत्रों को 108 रु. ब्याज रहित दर से क्रय		10,800
9.4 दिवाला कानून तथा कार्य-विधि (Insolvency law and Procedure)

भारत में दिवाला कानून की तीन प्रमुख अवस्थाएँ हैं (i) ऋणी को दिवालिया घोषित करना तथा उसको संरक्षण देना; (ii) उसकी सम्पत्तियों की वसूली तथा प्राप्त राशि की उसके लेनदारों में न्यायोचित आधार पर वितरित करना तथा (iii) ऋणी को दायित्वों से मुक्त करना।[1]

भारत में दिवाला सम्बन्धी दो अधिनियम हैं—

(क) **प्रेसीडेन्सी टाउन्स दिवाला अधिनियम,** 1909 (Presidency Towns Insolvency Act, 1909) जो बम्बई, कलकत्ता तथ मद्रास शहरों में लागू होता है, तथा

(ख) **प्रान्तीय दिवाला अधिनियम,** 1920 (Provincial Insolvency Act, 1920) जो उपर्युक्त वर्णित तीन प्रेसीडेन्सी नगरों के अतिरिक्त शेष समस्त भारत पर लागू होता है।

इन अधिनियमों के अन्तर्गत दिवाला सम्बन्धी कार्य-विधि संक्षेप में निम्नानुसार है—

(1) **न्यायालय को आवेदन करना**—ऋणी द्वारा पूर्व-वर्णित दिवालियापन के कार्यों में से कोई कार्य करने पर ऋणी स्वयं अथवा 500 रु. से अधिक राशि का उसका कोई लेनदार न्यायालय के समक्ष दिवालिया घोषित किए जाने हेतु आवेदन कर सकता है। न्यायालय आवेदन पत्र की सुनवाई करेगा तथा यदि न्यायालय सन्तुष्ट हो जाता है कि आवेदक को दिवालिया घोषित करना उचित है, तो वह दिवालिया होने का आदेश दे देगा।

(2) **सरकारी आदाता की नियुक्ति**—न्यायालय एक अधिकारी की नियुक्ति कर देगा जिसे सरकारी आदाता या प्रापक (Official Receiver) कहते है। ऋणी की समस्त सम्पत्तियाँ इस अधिकारी के अधिकार मे आ जाती हैं।

(3) **सम्पत्तियों की वसूली**—सरकारी आदाता के अधिकार में ऋणी की सम्पत्तियाँ आ जाने पर वह उन्हें बेचता है तथा उनकी राशि वसूल करता है। आदाता को ऋणी की सम्पत्तियों को बेचने, गिरवी रखने, वाद प्रस्तुत करने या वाद से बचाव करने, व्यापार को चलाने, सम्पत्ति को लेनदारों में विभाजित करने का पूर्ण अधिकार होता है।

(4) **लेनदारों को भुगतान**—दिवालिया के लेनदारों को सरकारी आदाता के समक्ष अपने ऋण प्रमाणित करने होते है। आदाता विभिन्न लेनदारों के अधिकारों के अनुसार (अरक्षित पूर्ण-रक्षित, आंशिक-रक्षित तथा पूर्वाधिकार लेनदार) उनकी सूचियाँ बनाकर सम्पत्तियों की वसूली से प्राप्त राशि लेनदारों में न्यायोचित आधार पर वितरित कर देता है।

(5) **दिवालिया की मुक्ति**—सम्पत्तियों की वसूली से प्राप्त राशि को लेनदारों में वितरण हो जाने के पश्चात् दिवालिया न्यायालय से मुक्ति के लिए आवेदन करता है। न्यायालय मुक्ति का आदेश (order of discharge) प्रसारित कर देता है। इस आदेश का प्रभाव यह होता है कि दिवालिया अपने पूर्व के समस्त लेनदारों को भुगतान करने के दायित्व से मुक्त हो जाता है। अब वह अपना नया जीवन प्रारम्भ कर सकता है, अर्थात् वह नए सिरे से कोई कार्य या व्यापार कर सता है तथा वह पूर्व ऋणों के भार से पूर्णत मुक्त हो जाता है।

9.5 स्थिति विवरण तथा कमी खाता (Statement of Affairs and Deficiency Account)

जब कोई व्यक्ति दिवालिया घोषित किए जाने हेतु आवेदन करता है तो उसे सरकारी आदाता (Official Receiver) के समक्ष (i) स्थिति विवरण तथा (ii) कमी का खाता बनाकर प्रस्तुत करना होता है।

स्थिति विवरण (Statement of Affairs)—स्थिति विवरण (अथवा अवस्था विवरण) ऋणी के विभिन्न दायित्वों तथा सम्पत्तियों की स्थिति प्रकट करता है तथा यह बतलाता है कि विभिन्न सम्पत्तियों को बेचकर प्राप्त होने वाली राशि लेनदारों की अपेक्षा कितनी कम पड़ने की सम्भावना है। स्थिति-विवरण का प्रारूप उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किया जाता है यह प्राय निम्नलिखित प्रारूप में बनाया जाता है—

Statement of Affairs
(As required by them Indian Insolvency Act)
In the Hight Court of Justice

In Insolvency

To the Insolvent—You are required to fill up carefully and accurately, this Sheet and the several sheets A, B, C, D, E, F, G and H, showing the state of your affairs on the day on which the order of adjudication was made against you, viz , the day of 19

NOTES

Such sheets, when filled up, will constitute your Schedule and must be verified by Oath or Declaration.

Gross Liabilities	Liabilities (as stated and estimated by the Debtor)	Expected to Rank	Assets (as stated and estimated by the Debtor)	Estimated to Produce
Rs.		Rs.		Rs.
....	Unsecured creditors as per list A	....	Propety as per list E viz :	....
	Fully secured creditors as per list B Rs. ...		(a) Cash at Bank	....
	Estimated value of securities....		(b) Cash in Hand	
	Surplus		(c) Cash deposited with solicirot for cost of pettition	..
	Less : Amount carried to list C...........		(d) Stock-in-trade	
	Balance thereof to contra		(e) Machinery	.
....	Partly secured creditors as per list C Rs.		(f) Trade fixtures, fittings, utensils, etc	...
	Less : Estimated value of securities		(g) Furniture	
			(h) Life Policies	..
			(i) Other Property	
		..	Book Debts as per list F Good	.
...	Preferential Creditors as per list D		Doubtful ...	
			Bad	...
	Deducted as per contra		Bills of Exchange or other similar securities on hand as per List G	
			Add. Surplus from securities in the hands of creditors full secured (per contra)	.
			Deduct : Preferential Creditors (per contra)	.
			Deficiency as explained in list H	
...	Rs		Rs.	..

I/we..........make oath, solemnly affirm, and say, that the above statement and the several lists here-into annexed A, B, C, C, E, F, G and H are, to the best of my/our knowledge and belief, full true, and complete statement of my/our affairs on the date of the above-mentioned order of adjudication made against me/us

$\frac{\text{Affirmed}}{\text{Sworn}}$ at ..... this ... day of

before

Commissioner (Signature)..........

(हिन्दी अनुवाद)

स्थिति-विवरण

सकल दायित्व	दायित्व	संभावित शोध्य राशि	सम्पत्तियाँ	पुस्तक मूल्य	अनुमानित प्राप्य राशि
रु.				रु.	रु.
	अरक्षित लेनदार— सूची A के अनुसार		सम्पत्तियाँ सूची E के अनुसार		

	पूर्ण रक्षित लेनदार—		....	.....	.....
	सूची B के अनुसार		....	.....	.....
	रु.		....	.....	.....
....					
	लेनदार		पुस्तकीय ऋण—		
	प्रतिभूतियों का मूल्य.....		सूची F के अनुसार		
	आधिक्य		शोध्य		
	विपरीत ओर को		संदिग्ध	.....	.....
			अशोध्य	.....	.....
	अंशतः रक्षित लेनदार —		प्राप्य बिल—		
	सूची C के अनुसार रु.		सूची G के अनुसार	.....	.....
.....					
	लेनदार		जोड़िए—पूर्ण रक्षित लेनदारों के		.....
	प्रतिभूतियों का मूल्य.....		पास प्रतिभूतियों का		
		.....	आधिक्य—विपरीत ओर से		.....
	पूर्वाधिकार लेनदार— रु		घटाइए—पूर्वाधिकार लेनदार		
			विपरीत ओर से		
	विपरीत ओर से				
	घटाए गए		कमी (Deficiency)—		
			सूची H के अनुसार		.....

जैसा कि उपर्युक्त प्रारुप से स्पष्ट है स्थिति-विवरण के दो पक्ष होते है—(i) दायित्व पक्ष तथा (ii) सम्पत्ति पक्ष।

स्थिति-विवरण का दायित्व पक्ष (Liabilities side of Statement of Affairs)

स्थिति-विवरण के दायित्व पक्ष में ऋणी के विभिन्न लेनदार तथा उनको देय राशियाँ दिखाई जाती है। विभिन्न लेनदारों को 4 वर्गों में बाँटा जाता है तथा प्रत्येक के लिए अलग-अलग सूचियाँ निम्नानुसार बनाई जाती है:

(1) अरक्षित लेनदार — सूची A

(2) पूर्णतः रक्षित लेनदार — सूची B

(3) अंशतः रक्षित लेनदार — सूची C

(4) पूर्वाधिकार लेनदार — सूची D

(1) **अरक्षित लेनदार** (Unsecured Creditors)—सूची A में उन लेनदारों को सम्मिलित किया जाता है जिनके पास ऋणी की कोई सम्पत्ति प्रतिभूति या जमानत के रूप में नहीं होती। व्यापारिक लेनदार (Trade Creditors or Creditors on Open Account), देय पत्र (B / P), बैंक अधिविकर्ष (Bank overdraft), अदत्त व्यय (Out standing Expenses) प्रायः अरक्षित लेनदार होते है। वेतन, मजदूरी एवं किराए की वह राशि जो पूर्वाधिकारी लेनदारों की सीमा से अधिक होती है, भी सूची A में सम्मिलित की जाती है।

महत्वपूर्ण बिन्दु—(i) स्थिति-विवरण के सकल दायित्व (Gross liabilities) वाले खाने में अरक्षित लेनदारों के पुस्तक-मूल्य पर उनके सकल दायित्व की राशियाँ दिखाई जाती है जबकि भुगतान योग्य राशि या अनुमानित शोध्य-राशि (Expected to rank) वाले खाने में लेनदारों को भुगतान की जाने वाली राशि लिखी जाती है।

(ii) **भुनाए गए बिलों** (Bills discounted) के सम्बन्ध में सकल दायित्व वाले खाने में भुनाए गए बिलों की कुल राशि लिखी जाती है जबकि अनुमानित शोध्य-राशि के खाने में केवल वह राशि लिखी जाती है जिसका भुगतान ऋणी को इसलिए करना पड़ेगा कि कुछ बिलों के देय-तिथि पर अनादरित या अप्रतिष्ठित कर दिए जाने की सम्भावना (likely to be dishonoured) है। संक्षेप में सकल दायित्व के अन्तर्गत भुनाए गए बिलों की कुल

राशि तथा अनुमानित शोध्य-राशि में भुनाए गए बिलों पर दायित्व (liability on bills discounted) की राशि दिखायी जाती है।

(iii) **संयोगिक दायित्व** (contingent liabilities)—यदि कोई दायित्व ऐसे हों जो स्थिति-विवरण बनाने की तिथि पर विद्यमान न हों किन्तु भविष्य में किसी घटना के घटित होने पर उत्पन्न हो सकते हों, तो सकल दायित्व वाले खाने में ऐसे संयोगिक दायित्व की कुल राशि तथा अनुमानित शोध्य-राशि मे वह राशि दिखाई जाएगी जिसके भुगतान करना पड़ने की आशंका है। उदाहरण-मान लीजिए ऋणी ने कोई ठेका ले रखा है जिसके अनुबन्ध की एक शर्त यह है कि यदि ठेका पूरा नही किया जा सका तो ऋणी को 5,000 रु. क्षतिपूर्ति ठेकादाता को देनी होगी। दिवाला निकल जाने के कारण ऋणी ठेका पूरा नहीं कर सकता, किन्तु उसे यह आशा है कि उसकी प्रतिकूल परिस्थितियां को दृष्टिगत रखते हुए ठेकादाता केवल 2,000 रु. ही क्षतिपूर्ति माँगेगा। इस उदाहरण में सकल दायित्व के अन्तर्गत 5,000 रु. तथा अनुमानित शोध्य-राशि में 2,000 रु. लिखे जाएँगे।

NOTES

(iv) **पत्नी से ऋण** (Loan form wife)—यदि दिवालिया ने अपने व्यापार के लिए अपनी पत्नी से कोई ऋण ले रखा हो, तो इस सम्बन्ध में दो स्थितियाँ हो सकती है—

(क) पत्नी को अपनी आय का कोई स्वतन्त्र स्रोत न हो तथा उसने अपने पति से प्राप्त धन मे से ही व्यापार को ऋण दे रखा हो इस स्थिति मे पत्नी को स्थगित लेनदार (deferred creditor) माना जाएगा अर्थात् उसे अन्य समस्त लेनदारों को पूर्ण भुगतान कर दिए जाने के पश्चात् भुगतान किया जाएगा। चूँकि दिवाले की स्थिति में अन्य लेनदारों को पूर्ण भुगतान नही मिल पाता, अतः पत्नी को कोई भुगतान नही किया जाएगा। इस स्थिति में, पत्नी का ऋण केवल सकल दायित्व वाले खाने मे लिखा जाएगा, अनुमानित शोध्य-राशि कुछ भी नही होगी।

(ख) पत्नी ने यह ऋण अपने स्वयं द्वारा अर्जित राशि में से अथवा स्त्री-धन में से दिया हो इस स्थिति में पत्नी को अन्य सामान्य लेनदारो की भाँति ही अरक्षित लेनदारो मे सम्मिलित किया जाकर भुगतान किया जाएगा।

(2) **पूर्णतः रक्षित लेनदार** (Fully-Secured Creditors)—सूची B के अन्तर्गत उन लेनदारों को सम्मिलित किया जाता है जो पूर्णतः रक्षित है, अर्थात् जिन्होंने जितनी राशि ऋणी को ऋण दे रखी है उतनी राशि अथवा उससे अधिक मूल्य की ऋणी की कोई सम्पत्ति उनके पास प्रतिभूति (रहन, बन्धक या ग्रहणाधिकार) के रूप में है।

उदाहरण—ऋणी ने 10,000 रु. का बैंक ऋण अपने भवन की जमानत पर लिया। भवन का अनुमानित प्राप्य मूल्य 1,20,000 रु. है। इस स्थिति में बैंक पूर्णतः रक्षित लेनदार है।

पूर्णतः लेनदारो के पास जो सम्पत्ति प्रतिभूति के रूप में होती है उसे बेचकर प्राप्त राशि में से लेनदार को देय राशि का भुगतान कर दिया जाता है तथा आधिक्य (Surplus) की राशि सम्पत्ति पक्ष में ले जाई जाती है जहाँ उसका उपयोग अन्य अरक्षित लेनदारों को भुगतान करने हेतु किया जाता है।

यह भी हो सकता है कि रक्षित लेनदार के पास रखी सम्पत्ति पर किसी अन्य लेनदार का द्वितीय प्रभार (second charge) हो। इस स्थिति मे आधिक्य की समस्त राशि अथवा, यदि द्वितीय प्रभार किसी निश्चित सीमा तक हो, तो उसका केवल उतना भाग उस लेनदार को दे दिया जाएगा तथा शेष राशि ही सम्पत्ति पक्ष में ले जाई जाएगी।

सकल दायित्व वाले खाने मे पूर्णतः रक्षित लेनदारो की कुल राशि दिखाई जाती है जबकि अनुमानित शोध्य राशि मे कोई राशि नही दिखाई जाती क्योंकि इन लेनदारों को पूर्ण भुगतान सम्पत्ति में से मिल जाता है

उदाहरण—मान लीजिए ऋणी ने 18,000 रु. के मूल्य की सम्पत्ति पर बैंक से 10,000 रु. का ऋण लिया। स्थिति-विवरण मे इस लेनदार को निम्नानुसार लिखा जाता है—

Gross Liability	Liabilities		Expected to rank
Rs.		Rs.	Rs.
10,000	Fully—Secured Creditors as per list B		
	Creditor	10,000	
	Value of Security	18,000	
	Surplus to contra	8,000	

(3) **अंशतः रक्षित लेनदार** (Partly-Secured Creditors)—सूची C के अन्तर्गत उन लेनदारो को लिखा जाता है जो पूर्णतः रक्षित नही होते अर्थात् जिनके पास ऋणी की जो सम्पत्ति प्रतिभूति, बन्धक या ग्रहणाधिकार

के अन्तर्गत होती है उसका प्राप्य मूल्य लेनदार को देय राशि से कम होता है। इन लेनदारों को सम्पत्ति से प्राप्त राशि का भुगतान कर दिया जाता है तथा शेष राशि अनुमानित शोध्य-राशि के अन्तर्गत लिखी जाती है जो बाद में कुल अरक्षित लेनदारों में जुड़ जाती है।

उदाहरण—मान लीजिए ऋणों ने अपने स्टॉक की प्रतिभूति पर 10,000 रु. का ऋण लिया तथा स्टॉक का अनुमानित प्राप्य मूल्य 7,000 रु. है। स्थिति-विवरण में इस लेनदार को निम्नानुसार दिखाया जाएगा—

Gross Liability	Liabilities		Expected to rank
Rs.		Rs.	Rs.
10,000	Partly— Secured Creditors as per list C		
	Creditor	10,000	
	Value of Security	7,000	
			3,000

(4) **पूर्वाधिकार या अधिमान्य लेनदार** (Preferential Creditors)—सूची D के अन्तर्गत उन लेनदारों को सम्मिलित किया जाता है जिन्हें दिवाला कानून के अन्तर्गत अन्य लेनदारों की अपेक्षा भुगतान का पूर्वाधिकार प्राप्त होता है अर्थात् इन्हें सबसे पहले भुगतान किया जाता है। चूँकि इन लेनदारों को पहले भुगतान किया जाता है, अतः इन्हें पूर्ण राशि भुगतान में प्राप्त हो जाती है। इन लेनदारों को पूर्ण भुगतान वाले लेनदार (Creditors payable in full) भी कहते हैं।

दिवाला कानून के अन्तर्गत पूर्वाधिकार लेनदार—प्रेसीडेन्सी टाउन्स इन्सौलवैन्सी एक्ट तथा प्रॉविन्शियल इन्सौलवैन्सी एक्ट के अन्तर्गत निम्नलिखित लेनदार पूर्वाधिकार लेनदार होते हैं—

पूर्वाधिकार लेनदार (प्रेसीडेन्सी टाउन्स इन्सौलवैन्सी एक्ट) (Presidence Towns Insolvency Act)	**पूर्वाधिकार लेनदार** (प्रॉविन्शिल इन्सौलवैन्सी एक्ट के अनुसार) (Provincial Insolvency Act)
(1) वे समस्त राशियाँ जो केन्द्र, राज्य या स्थानीय सरकार को देय हों।	(1) वे समस्त राशियाँ जो केन्द्र, राज्य या स्थानीय सरकार को देय हों।
(2) **वैधानिक दायित्व**—कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम या अन्य किसी अधिनियम के अन्तर्गत देय कोई राशि।	(2) **वैधानिक दायित्व**—कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम या अन्य किसी अधिनियम के अधीन देय कोई राशि।
(3) आवेदन-पत्र देने की तिथि के ठीक पूर्व के चार के अन्तर्गत दिवालिया के यहाँ की हुई नौकरी के सम्बन्ध में वेतन या मजदूरी, जो एक लिपिक (Clerk) के लिए 300 रुपये और एक मजदूर या नौकर के लिए 100 रु. से अधिक नहीं होना चाहिए।	(3) आवेदन-पत्र देने की तिथि के ठीक पूर्व के चार माह के अन्तर्गत दिवालिया के यहाँ की गई नौकरी के सम्बन्ध में वेतन या मजदूरी, जो एक लिपिक (Cleark), मजदूर या नौकर के लिए 20 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए।
(4) भूस्वामी (Landlord) को देय किराया जो एक माह से अधिक का नहीं होना चाहिए।	

महत्त्वपूर्ण बिन्दु—पूर्वाधिकार लेनदारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दु उल्लेखनीय है—

(i) मजदूरी, वेतन तथा किराया के लेनदार एक निश्चित सीमा तक ही पूर्वाधिकार होते है, ऐसे लेनदारों का जो भाग पूर्वाधिकार नहीं होता उसे सूची A (अरक्षित लेनदार) में सम्मिलित करते है।

(ii) यदि प्रश्न में यह न दिया गया हो कि उपर्युक्त भुगतान कितने व्यक्तियों को अथवा कितनी अवधि के लिए किए जाने है तो इनकी समस्त राशि पूर्वाधिकार मानी जाती है।

(iii) स्थिति-विवरण में पूर्वाधिकार लेनदारों की राशि सकल दायित्व के खाने में दिखाई जाती है। चूंकि इनका भुगतान सम्पत्ति पक्ष में सम्पत्तियों से प्राप्य राशि में से किया जाता है, अतः अनुमानित शोध्य राशि वाले खाने में कोई राशि नहीं लिखी जाएगी।

NOTES

उदाहरण—स्थिति-विवरण मे इन लेनदारो को निम्नानुसार लिखा जाता है—

Gross Liability	Liabilities		Expected to rank
Rs.			Rs.
1,000	Preferenctial Creditors as per list D		
		1,000	
	Deducted per contra		....

Illustration : 1 श्री दुर्गास्वामी ने 1 जनवरी 2006 को दिवाले के लिए आवेदन किया। उनके लेनदारो की स्थिति निम्नानुसार है—

		रु.	रु.
व्यापारिक लेनदार :	रमेश	5,000	
	मोहन	4,000	
	सोहन	3,000	12,000
बैंक अधिविकर्ष			15,000
राज्य विकास निगम से ऋण			10,000
देय बिल			2,000
बकाया आय कर		1,000	
कर्मचारियों को देय राशि			
4 लिपिकों को गत पाँच माह का वेतन 275 रु. प्रति माह प्रति लिपिक की दर से			
10 श्रमिकों की गत दो माह की मजदूरी 150 रु. प्रति माह प्रति श्रमिक की दर से			
भूस्वामी (landlord) को देय किराया (गत दो माह का)			2,000
एक श्रमिक को श्रमजीवी क्षतिपूर्ति अधिनियम के अन्तर्गत देय क्षतिपूर्ति			500

प्राप्य बिल भुनाए गए 10,000 रु. के 1,000 रु. के अतिरिक्त अन्य सभी बिलो के प्रतिष्ठित किए जाने की आशा है।

रमेश का स्कन्ध पर ग्रहणाधिकार था, स्कन्ध का अनुमानित प्राप्य मूल्य 3,000 रु. है।

बैंक अधिविकर्ष के लिए बैंक का मशीनरी पर प्रभार था। मशीनरी का पुस्तक मूल्य 30,000 रु. था किन्तु इसका प्राप्य मूल्य 10% कम होने की सम्भावना है।

राज्य विकास निगम का बैंक के पास रखी मशीनरी पर 11,000 रु. तक द्वितीय प्रभार था।

श्री दुर्गास्वामी के स्थिति-विवरण में इन लेनदारो को विभिन्न सूचियों में कैसे वर्गीकृत किया जाएगा, यदि (क) श्री दुर्गास्वामी बम्बई के निवासी हो, (ख) इन्दौर के निवासी हो?

Solution : List 'A' **Unsecured Creditors**

		Bombay Presidency Towns Act		Indore Previncial Insolvency Act	
		Gross Liability	Expected to rank	Gross Liability	Expected to rank
		Rs	Rs.	Rs.	Rs.
Trade Creditors	Mohans	4,000	4,000	4,000	4,000
	Sohan	3,000	3,000	3,000	3,000
Bills Payable		2,000	2,000	2,000	2,000
Liability on Bills discounted		10,000	1,000	10,000	1,000
Clerks Salaries (non-preferenctial)		4,300	4,300	5,420	5,420
Wages of Workers (non-perferential)		2,000	2,000	2,800	2,800
Rent (non-preferential)		1,000	1,000	2,000	2,000
		26,300	**17,300**	**29,220**	**20,220**

List 'B' **Fully Secured Creditors**

Gross Liability	Liabilities		Expected to rank
Rs.		Rs.	Rs.
15,000	Bank overdraft	15,000	
	Value of Security (Machinery)	27,000	
		12,000	
	Surplus to State Development Corpur.	11,000	
	Surplus to Contra	1,000	—
10,000	Lone from State Development Corpur.	10,000	
	Value of Security (Second Charge on Machinery to the extent of Rs. 11,000)	11,000	
	Surplus to Contra	1,000	—

List 'C' **Partly-Secured Creditors**

Gross Liability	Liabilities		Expected to rank
Rs.		Rs.	Rs.
5,000	Ramesh	5,000	
	Value of Security (stock)	3,000	
			2,000

List 'D' **Preferential Creditors**

	Bombay Presidency Towns Act		Indore Previncial Insolvency Act	
	Gross Liability	Expected to rank	Gross Liability	Expected to rank
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Income Tax	1,000	1,000	1,000	1,000
Compensation	500	500	500	500
Rent for one month 1,000		1,000	—	—
4 Clerk Salaries @ Rs. 300 per clerk	1,200	1,200	-	—
@ Rs. 20 per clerk —		—	80	80
10 Workers wags Rs 100 per worker	1,000	1,000	—	—
@ Rs 20 per worker		—	—	200
	4,700	4,700	1,780	1,780

Illustration : 2 श्री अनसक्सेसफुल 1 जुलाई 2006 को दिवालिया घोषित किए गए। उनके लेनदार निम्नानुसार थे—

(Mr Unsuccessful has been adjudged insolvent on 1st July 2006 His Creditors are as follows)

		Rs.
(i)	Trade Creditors (व्यापारिक लेनदार)	1,00,000
(ii)	Income Tax (आय कर)	1,000
(iii)	Municipal dues (नगरपालिका का बकाया)	800
(iv)	Salary of 4 Clerks for two months (4 लिपिकों का 2 माह का वेतन)	3,000

NOTES

(v)	Wages of 2 labourers for two months	360
(vi)	Private Creditors (व्यक्तिगत लेनदार)	8,000
(vii)	Rent due to landlord for two months (भूस्वामी को देय 2 माह का किराया)	2,400
(viii)	Loan from Bank on tha Security of his Machinery (estimated to realise Rs. 40,000) (बैंक से मशीनरी की प्रतिभूति पर ऋण, अनुमानित प्राप्य मूल्य 40,000)	20,000
(ix)	Creditors holding a Second Charge on Machinery to the extent of Rs. 1,000 (लेनदार जिनका मशीनरी पर 1,000 रु. तक द्वितीय प्रभार है)	4,000

On 1st May he had discounted bills amounting to Rs. 5,000; all of which, with the exception of one bill for Rs. 500, are likely to be honoured.

उसने 1 मई को 5,000 रु. के बिल बट्टे पर भुनाए थे, 500 रु. एक बिल को छोड़कर अन्य सभी बिलों के देय तिथि पर प्रतिष्ठित किए जाने की आशा है।

From the above particulars, prepare liabilities side of his Statement of Affairs.

उपर्युक्त विवरण से उसके स्थिति-विवरण का दायित्व पक्ष बनाइए।

Solution : टिप्पणियाँ **(1) पूर्वाधिकार लेनदार** : प्रान्तीय दिवाला अधिनियम

	रु.
आय कर	1,000
नगरपालिका का बकाया	800
4 लिपिकों का वेतन—अधिकतम राशि 20 रु. प्रतिव्यक्ति	80
2 मजदूरों की मजदूरी—अधिकतम राशि 20 रु. प्रतिव्यक्ति	40
	1,920

(2) अरक्षित लेनदार

व्यापारिक लेनदार	1,00,000
लिपिकों का वेतन जो पूर्वाधिकार नहीं है (3,000—80) =	2,920
मजदूरी जो पूर्वाधिकार नहीं है (360- 40) =	320
किराया	2,400
व्यक्तिगत लेनदार	8,000
भुनाए गए बिलों पर दायित्व	500
	1,14,140

Statement of Affairs As on 1st July 2006

Gross Liabilities	Liabilities		Expected to rank	Assets	Book Value	Estimated to produce
Rs.			Rs.		Rs.	Rs.
1,18,640	Unsecured Creditors as per list A		1,14,140			
20,000	Jully—secured Creditors as per list B	20,000				
	Value of Security	40,000				
		20,000				
	Surplus to List C	1,000				
	Surplus to Contra	19,000				
4,000	Partly-Secured Creditors as per list C	4,000				
	Value of Security	1,000				

			3,000			
1,920	Preferential Creditors as per list D Deducted per contra	1,920				
1,44,560			**1,17,140**			

NOTES

स्थिति-विवरण का सम्पत्ति पक्ष (Statement of Assets side of Affairs)

स्थिति-विवरण का दूसरा पक्ष सम्पत्ति पक्ष होता है जिसमें ऋणी की उन विभिन्न सम्पत्तियों को दिखाया जाता है जो किसी लेनदार के पास बन्धक नहीं हैं। जो सम्पत्तियाँ किसी लेनदार के पास प्रतिभूति के रूप में होती है उन्हें स्थिति-विवरण के दायित्व पक्ष में पहले ही लिया जा चुका है अतः उन्हें पुनः सम्पत्तियों में सम्मिलित करने का प्रश्न ही नही उठता। हाँ, पूर्ण-रक्षित लेनदारों के पास रखी गई सम्पत्तियों का आधिक्य (surplus from fully secured creditors) अवश्य सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है। स्थिति-विवरण में प्रत्येक सम्पत्ति का पुस्तक मूल्य (Book vlaue) तथा उससे अनुमानित प्राप्य राशि (estimated to produce) दोनों ही मूल्य दिखाए जाते है।

ऋणी की विभिन्न सम्पत्तियों को E, F तथा G तीन सूचियों में सम्मिलित किया जाता है। इन सूचियों का विवरण निम्नानुसार है—

(1) **सम्पत्तियाँ** (Property)—सूची E के अन्तर्गत ऋणी के देनदारों तथा प्राप्य बिलों को छोड़कर अन्य सम्पत्तियों को सम्मिलित किया जाता है। सूची E में सम्मिलित की जाने वाली सम्पत्तियों के कुछ उदाहरण है— (i) हस्तस्थ तथा बैकस्थ रोकड (ii) व्यापारिक स्कन्ध, फर्नीचर, भूमि एवं भवन, विनियोग आदि ऐसी अन्य सम्पत्तियाँ जो रक्षित लेनदारों के प्रभार से मुक्त है तथा विभाजन-योग्य हैं अर्थात् जिनका उपयोग ऋणी के लेनदारों को भुगतान हेतु किया जा सकता है।

(2) **पुस्तकीय ऋण** (Book Debts)—सूची F के अन्तर्गत ऋणी के देनदारों को (i) उत्तम या शोध्य (Good) (ii) संदिग्ध (Doubtful) तथा (iii) अशोध्य या डूबत (Bad) तीन श्रेणियों मे वर्गीकृत करके लिखा जाता है। उत्तम देनदारों में पूर्ण राशि प्राप्त होने की सम्भावना होती है, संदिग्ध देनदारो से आंशिक भुगतान ही प्राप्त होने की सम्भावना होती है, जबकि अशोध्य देनदारों से कुछ भी भुगतान मिलने की सम्भावना नही होती।

(3) **प्राप्य बिल तथा प्रतिज्ञा पत्र** (Bills of Exchange and Promissory Note)—सूची G के अन्तर्गत उन विनिमय-विपत्रों को लिखा जाता है जो बट्टे पर भुनाए नहीं गए हैं तथा जिनका भुगतान स्थिति-विवरण बनाए जाने तक देय नही हुआ है। ऐसे विनिमय-विपत्रों की कुल राशि तथा देय-तिथि पर सभावित प्राप्य राशि स्थिति-विवरण में दिखाई जाती है।

स्थिति-विवरण के सम्पत्ति पक्ष में उपर्युक्त प्रकार से सूची E, F तथा G के अन्तर्गत ऋणी की विभिन्न सम्पत्तियों के पुस्तक मूल्य तथा उनसे प्राप्य सम्भावित राशियों को दिखाया जाता है। इसके पश्चात् इनका योग लगा दिया जाता है। इस योग में पूर्ण-रक्षित लेनदारों से उपलब्ध आधिक्य (Surplus from Fully-Secured Creditors) को दायित्व पक्ष से लाकर जोड दिया जाता है। इस प्रकार वह कुल राशि ज्ञात हो जाती है जो ऋणी के पूर्वाधिकार लेनदारों तथा अरक्षित लेनदारों को भुगतान किए जाने हेतु उपलब्ध होती है।

उपर्युक्त राशि में से सर्वप्रथम पूर्वाधिकार लेनदारों को देय राशि दायित्व पक्ष से लाई जाकर (Preferential Creditors as per contra) घटा दी जाती है। शेष राशि अरक्षित लेनदारों (सूची A तथा सूची C का अरक्षित भाग अर्थात् स्थिति-विवरण के दायित्व पक्ष के अनुमानित शोध्य-राशि वाले खाने का योग) को भुगतान हेतु उपलब्ध होती है। दिवालेपन की स्थिति में यह उपलब्ध राशि लेनदारों को देय राशि से कम होती है। अतः इनका अन्तर कमी या न्यूनता (Dificiency) कहलाती है। कमी की राशि लिखकर स्थिति-विवरण के दोनों पक्षों का योग बराबर करके लिख दिया जाता है।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है। कि स्थिति-विवरण बनाने का उद्देश्य यह स्पष्ट करना होता है कि दिवालिया के विभिन्न लेनदारों का किस प्रकार भुगतान प्राप्त हो सकेगा तथा अरक्षित लेनदारों को भुगतान करने के लिए कितनी कमी (deficiency) पड़ेगी। यह कमी किस प्रकार उत्पन्न हुई है, इसकी व्याख्या स्थिति-विवरण में नहीं की जाती। इस हेतु कमी खाता (Deficiency Account) बनाया जाता है, जिसे सूची H कहते है।

Illustration : 3 श्री चंद्रप्रसाद ने 31 दिसम्बर 2006 को दिवाले का आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी सम्पत्तियों एव दायित्वों की स्थिति निम्नानुसार थी

NOTES

	रु.
व्यापारिक लेनदार	10,000
देय बिल	2,000
बैंक ओवरड्राफ्ट	1,000
मशीनरी (प्राप्य मूल्य 2,000 रु.)	4,000
स्टॉक (प्राप्य मूल्य 5,000 रु.)	8,000
रोकड़	500
पुस्तकीय ऋण : अच्छे	400
संदिग्ध (प्राप्य मूल्य 50 रु.)	150
डूबत	50
फर्नीचर (प्राप्य मूल्य 1,000 रु.)	1,500
भुनाए गए बिल (अनुमानित दायित्व 1,000 रु.)	1,500
आय कर	500
प्राप्य बिल	500

बैंक का मशीनरी पर गृहणाधिकार था तथा व्यापारिक लेनदारों में सम्मिलित 2,000 रु. के एक लेनदार का फर्नीचर पर अधिकार था। श्री बद्रीप्रसाद का स्थिति-विवरण बनाइए।

Solution : टिप्पणी—

	Gross Liability	Expected to rank
	Rs.	Rs.
(1) अरक्षित लेनदार (10,000−2,000) =	8,000	8,000
देय बिल	2,000	2,000
भुनाए गए बिल पर दायित्व	1,500	1,000
	11,500	11,000

Statement of Affairs As on 31st December 2006

Gross Liabilities	Liabilities (as stated and estimated by the Debtor)		Expected to Rank	Assets (as stated and estimated by the Debtor)	Book Value	Estimated to Produce
Rs.			Rs		Rs.	Rs.
11,500	Unsecured Creditors as per list A		11,000	Assets as per list E		
				Stock	8,000	5,000
				Cash	500	500
1,000	Fully-Secured Creditors as per list B	1,000		Book Debts as per list F		5,500
	Value of Security	2,000		Good	400	400
	Surplus to Contra	1,000		Doubtful	150	50
			–	Bad	50	—
2,000	Partly-Secured Creditors as per list C	2,000				5,950
	Value of Security	1,000	1,000	Bills of Exchange as per list G	500	500
500	Preferential Creditors as per list D	500				6,450
	Deducted per Contra		—	Add : Surplus per Contra		1,000
						7,450

			Deduct : Preferenttial Creditors as per Contra		500
					6,950
			Deficiency as per list H		5,050
15,000		**12,000**			**12,000**

NOTES

कमी या न्यूनता खाता (Deficiency Account)

ऋणी को अपने स्थिति-विवरण के साथ-साथ एक कमी खाता भी न्यायालय में प्रस्तुत करना होता है। यद्यपि यह एक खाते की तरह बनाया जाता है, तथापि इसमें जो प्रविष्टियाँ होती हैं। उनकी द्वि-प्रविष्टि नहीं होती तथा To एवं By शब्दों को प्रयोग भी नहीं किया जाता। इसे सूची H कहते है तथा इसे बनाने का उद्देश्य यह स्पष्ट करना होता है कि स्थिति-विवरण में अनुमानित में कमी कैसे उत्पन्न हुई।

कमी खाते के दो पक्ष होते है—बाँया पक्ष तथा दाँया पक्ष। बाँयें पक्ष में सर्वप्रथम ऋणी अपनी पूँजी लिखता है। तत्पश्चात् जो भी मदें पूँजी मे वृद्धि करती है। (उदाहरण : पूँजी पर ब्याज, व्यापार के स्वामी को दिया गया वेतन, व्यापारिक लाभ, सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि के कारण उसकी वसूली पर लाभ, व्यक्तिगत सम्पत्तियों के मिलने के कारण व्यापार को लाभ तथा किसी दायित्व के कम हो जाने के कारण होने वाला लाभ) उन्हें कमी खाते के बाये पक्ष में दिखाते हैं। जो मदे व्यापार की पूँजी को कम करती है (उदाहरण : आहरण, व्यापारिक हानियाँ, सम्पत्तियों की वसूली पर होने वाली हानियाँ, अन्य हानियाँ (जैसे सट्टे की हानि, स्टॉक एक्सचेंज की हानियाँ, आदि) तथा व्यक्तिगत दायित्वों का व्यापार द्वारा भुगतान करना पड़ने अथवा किसी नए दायित्व के उत्पन्न हो जाने के कारण होने वाली हानि) कमी खाते के दाएँ पक्ष में दिखाते है।

उपर्युक्त प्रविष्टियों के कर दिए जाने पर कमी खाता के दाएँ पक्ष के योग से बाएं पक्ष का योग कम होगा—यह अन्तर उस कमी (deficiency) के बराबर होगा जो स्थिति-विवरण (Statement of Affairs) में अनुमानित की गई थी। कमी की इस राशि की बाएँ पक्ष में लिखकर कमी खाते के दोनों पक्षों का योग बराबर कर दिया जाता है।

कमी खाते का प्रारुप (From of Deficiency Account)

Deficiency Account

	Rs.		Rs.
Capital (Excess of Assets over liabilities)	...	Drawings	....
Interest on Capital		Trading Losses	
Salary	...	Speculation or other losses	
Trading Profit	..	Loss on Realisation or Assets	
Private Assets	.	....	
Profit on Realisation of Assets	...	....	
Exemption from liabilities	...	....	
Deficiency as per Statement of Affairs		Unsecured libilities	

हिन्दी रुपान्तरण **कमी खाता**

	रु.		रु.
पूँजी (सम्पत्तियों का दायित्वों पर आधिक्य)		आहरण	
पूँजी पर ब्याज		व्यापारिक हानियाँ	
वेतन		सट्टा या अन्य हानियाँ	
व्यापारिक लाभ		व्यक्तिगत दायित्व	
व्यक्तिगत सम्पत्तियाँ		सम्पत्तियों की वसूली पर हानियाँ	
सम्पत्तियों की वसूली पर लाभ			
दायित्व से मुक्ति		.	
कमी—स्थिति विवरण के अनुसार		नए दायित्व	

उल्लेखनीय—(1) कमी खाते का कोई निर्धारित प्रारुप नहीं है, अतः इसकी मदों का क्रम आवश्यकतानुसार बदला जा सकता है।

NOTES

(2) कमी खाते में प्रायः ऋणी वह पूँजी दिखाता है जिससे उसने व्यापार प्रारम्भ किया था। इस स्थिति में व्यापार प्रारम्भ करने के वर्ष से कमी खाता बनाए जाने तक समस्त वर्षों के पूँजी पर ब्याज व्यापारिक लाभ। हानि, स्वामी या साझेदार को वेतन तथा अन्य हानियों की कुल राशियों को कमी खाते में लिखा जाता है।

(3) दिवाला निकलने की दशा में ऋणी की विभिन्न सम्पत्तियों को बेचना होता है। इस स्थिति में प्रत्येक सम्पत्ति की वसूली पर अनुमानित लाभ या हानि को कमी खाते में लिखा जाता है। इस लाभ या हानि की गणना स्थिति-विवरण में दिखाए गए विभिन्न सम्पत्तियों के पुस्तक मूल्य (Book values) तथा उनसे अनुमानित प्राप्य राशि (Estimated to produce) को दृष्टिगत रखते हुए की जाती है। यदि किसी सम्पत्ति का अनुमानित प्राप्य मूल्य उसके पुस्तक मूल्य से कम हो तो हानि होगी तथा अनुमानित प्राप्य मूल्य पुस्तक मूल्य से अधिक होने पर लाभ होगा।

9.6 स्थिति-विवरण तथा चिट्ठे में अन्तर
(Difference between a Statement of Affairs and Balance Sheet)

(1) स्थिति-विवरण दिवाले के समय बनाया जाता है जबकि चिट्ठा प्रत्येक लेखा-अवधि के अन्त में बनाया जाता है।

(2) स्थिति-विवरण बनाने का उद्देश्य यह अनुमान लगाना होता है कि ऋणी के लेनदारों को भुगतान हेतु कितनी कमी (Deficiency) पड़ेगी, जबकि चिट्ठा किसी एक निर्दिष्ट तिथि को व्यापार की आर्थिक स्थिति (सम्पत्तियों, दायित्वों तथा पूँजी की स्थिति) प्रकट करता है।

(3) स्थिति-विवरण दिवाला अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में बनाया जाता है जिसके अन्तर्गत विभिन्न लेनदारों को सूची A, B, C तथा D के अन्तर्गत तथा सम्पत्तियों को सूची E, F तथा G के अन्तर्गत वर्गीकृत करके दिखाया जाता है, जबकि चिट्ठा में सम्पत्तियों तथा दायित्वों को तरलता अथवा स्थायित्व के क्रम में दिखाते है।

(4) स्थिति-विवरण में विभिन्न दायित्वों के सकल दायित्व (Gross Liabilities) तथा सम्भावित शोध्य राशियाँ (Expected to rank) तथा सम्पत्तियों के पुस्तक मूल्य (Book Values) तथा अनुमानित प्राप्य मूल्य (Estimated to produce) दिखाये जाते है जबकि चिट्ठा में विभिन्न सम्पत्तियां एवं दायित्व पुस्तक-मूल्य पर ही दिखाये जाते है।

(5) स्थिति-विवरण में व्यापारिक दायित्वों तथा व्यापारिक सम्पत्तियों के अतिरिक्त दिवालिया के लेनदारों में विभाजनीय अन्य व्यक्तिगत सम्पत्तियाँ, व्यक्तिगत दायित्व, सम्भावित दायित्व आदि भी दिखाये जाते है।

(6) स्थिति-विवरण में यह दिखाया जाता है कि दिवालिया ऋणी के विभिन्न लेनदारों को कितनी राशि किस प्रकार से भुगतान की जा सकेगी, चिट्ठा ये सूचनाएँ प्रकट नहीं करता।

(7) स्थिति-विवरण में केवल उन मूर्त सम्पत्तियों (tangible assets) को ही दिखाया जाता है जिन्हें वसूल किया जा सकेगा, जबकि चिट्ठे में मूर्त तथा अमूर्त ऐसी सभी सम्पत्तियों को दिखाया जाता है जिन पर व्यापार का स्वामित्व है।

9.7 कमी खाता तथा लाभ-हानि खाता में अन्तर
(Difference between Deficiency Account and Profit & Loss Account)

(1) कमी खाता दिवाला खातों का एक भाग है जबकि लाभ-हानि खाता अंतिम खाते का एक भाग है।

(2) कमी खाता बनाने का उद्देश्य दिवालिया ऋणी की कमी (अर्थात् लेनदारों को भुगतान करने हेतु सम्पत्तियों की अपर्याप्तता) के कारण स्पष्ट करना होता है जबकि लाभ-हानि खाता किसी खाता व्यापार के वित्तीय

परिणाम (लाभ या हानि) ज्ञात करने के उद्देश्य से बनाया जाता है।

(3) कमी खाते में आरम्भिक पूँजी तथा व्यापार प्रारम्भ करने से दिवाले तक की अवधि के पूँजी पर ब्याज, आहरण, व्यापारिक लाभों तथा हानियों, अन्य हानियों, सम्पत्तियों की वसूली पर लाभ-हानियों, व्यापार को प्राप्त निजी सम्पत्तियों एवं दायित्वों आदि को दिखाया जाता है, जबकि लाभ-हानि खातों में किसी लेखा-अवधि की व्यापारिक आय तथा व्ययों को दिखाया जाता हे।

(4) कमी खाता के दो पक्ष बाएँ तथा दाएँ होते है तथा इसे एक सूची (H) के रूप में बनाया जाता है जबकि लाभ-हानि खाते के डेबिट तथा क्रेडिट दो पक्ष होते हैं।

(5) कमी खाते में दोनों पक्षों के अन्तर की राशि कमी (Deficiency) होती है जिसका अनुमान स्थिति-विवरण में लगाया गया होता है, जबकि लाभ-हानि खाते के दोनो पक्षों का अन्तर शुद्ध लाभ या शुद्ध हानि होती है जिसे चिट्ठे में ले जाते है।

Illustration : 4 श्री असफल ने दिवालिया घोषित किए जाने हेतु आवेदन किया। 31 दिसम्बर, 2006 को उसकी स्थिति निम्नानुसार थी—

	रु.
व्यापारिक लेनदार	52,500
वेतन एवं कर	2,800
बैक ऋण (35,000 रु. के पुस्तक मूल्य के स्टॉक पर गृहणाधिकार)	17,500
बैक में रोकड़	60
हस्तस्थ रोकड़	40
मशीन (प्राप्य मूल्य 3,500 रु.)	7,000
स्टॉक (प्राप्त मूल्य 31,500 रु.)	10,000
देनदार : अच्छे	52,500
संदिग्ध (प्राप्य मूल्य 4,000 रु.)	14,500
अशोध्य	शून्य
प्राप्य बिल (5,250 रु. के अप्रतिष्ठित होने की सम्भावना)	8,750

भुनाए गए बिल 10,500 रु. के जिसमें से 3,500 रु. के एक बिल के अप्रतिष्ठित किए जाने की संभावना है।

देय बिल	17,500
फर्नीचर	7,000

श्री असफल ने 3 वर्ष पूर्व 43,750 रु. की पूँजी से व्यापार प्रारम्भ किया। उसने 17,500 रु. प्रति वर्ष आहरण किए तथा इस अवधि में उसे 18,300 रु. का लाभ हुआ।

श्री असफल का स्थिति-विवरण तथा कमी खाता बनाइए।

Solution : टिप्पणीयाँ—

		रु.	रु.
(1) सूची A	व्यापारिक लेनदार	52,500	52,500
	भुनाए गए बिल	10,500	3,500
	देय बिल	17,500	17,500
		80,500	73,500

(2) बैक के ग्रहणाधिकार के अन्तर्गत स्टॉक का प्राप्य मूल्य $\left(\frac{31,500}{52,500} \times 35,000\right) = 21,000$ रु.

(3) शेष स्टाक (52,500—35,000) = 17,500 रु., प्राप्त मूल्य $\left(\frac{31,500}{52,500} \times 17,500\right) = 10,500$ रु.— सूची E में दिखाया जाएगा।

NOTES

Statement of Affairs As on 31st December, 2006

Gross Liabilities	Liabilities	Expected to Rank	Assets	Book Value	Estimated to Produce
Rs.		Rs		Rs.	Rs.
80,500	Unsecured Creditor as		Property as per list E		
	per list A	73,000	Bank	60	60
	Fully-Secured Creditiors		Cash	40	40
17,500	as per list B 17,500		Machinery	7,000	3,500
	Value of Security 21,000		Stocks	17,500	10,500
	Surplus Contra 3,500	—	Furniture	7,000	7,000
	Partly-Secured Creditors		Book Debts as per list F		21,000
	as per list C Nil	—	Good	10,000	10,000
			Doubtful	14,000	4,000
	Preferential Creditiors as		Bill of Exchange as		35,100
	per list D 2,800	—	per list G	8,750	3,500
2,800	Deducted per Contra		Add : Surplus per		38,600
			Contra		3,500
			Deduct : Preferential		42,100
			Creditiors as per Contra		2,800
					39,300
			Definciency as per list H		34,200
1,00,800		73,500			**73,500**

Deficiency Account (List H)

	Rs.		Rs.
Capital	43,750	Drawing (17,500 × 3)	52,500
Profit	18,300	Loss on Realisation of assets	
Deficiency	34,200	Machinery	3,500
		Stock	21,000
		Debtors	10,500
		B/R	5,250
		Liability on Bills discounted	3,500
	96,250		96,250

बोध प्रश्न

1. दिवालिया किसे कहते है?

2. भारत में दिवाला कानून के विषय म बताइये?

3. अवस्था विवरण से क्या आशय है?

....

....

....

NOTES

सम्पत्ति पर एक से अधिक प्रभार होना (More than one charges on any Asset)

किसी पूर्ण-रक्षित लेनदार के पास रखी सम्पत्ति पर किन्हीं अन्य लेनदारों को प्रभार भी हो सकता है अर्थात् एक सम्पत्ति एक से अधिक लेनदारों से लिये गये ऋणों की प्रतिभूति हो सकती है। इस स्थिति में—

(1) विभिन्न लेनदारों के प्रभार का क्रय प्रथम प्रभार (First Charge) या द्वितीय प्रभार (Second Charge) निर्धारित कर दिया जाता है।

(2) सम्पत्ति के अनुमानित प्राप्य मूल्य में से सर्वप्रथम प्रभार रखने वाले लेनदार को भुगतान किया जाता है। यदि द्वितीय प्रभार के सम्बन्ध मे प्रभार को अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं लगाई गई हो तो प्रथम प्रभार के पश्चात् शेष बचने वाला समस्त आधिक्य द्वितीय प्रभार के लेनदार को मिल जाता है। इस स्थिति में सम्पत्ति पक्ष मे कोई आधिक्य नही ले जाया जाता, किन्तु यदि द्वितीय प्रभार के सम्बन्ध में कोई अधिकतम सीमा हो, तो केवल उतना आधिक्य ही द्वितीय प्रभार के लेनदार को भुगतान हेतु उपलब्ध होगा, शेष आधिक्य सम्पत्ति पक्ष में ले जाया जाएगा।

Illustration : 5 Raghunath Rai finds himself insolvent on 31st December, 2006. His position was as follows:

Sundry Debtors—Good Rs. 5,000 Doubtful Rs. 30,000 (Estimated to produce Rs. 25,000) Bad Rs. 15,000

	Rs.
1,000 shares in Asian Co. Ltd. (Estimated to produce Rs. 15,000)	25,000
Shares in Alexander Co. Ltd. (Estimated to realise Rs. 75,000)	91,500
Loss through betting	2,000
Creditors on open Account	85,600
Creditors holding a second charge on the Shares in Alexander Co. Ltd. to the extent of Rs. 25,000	30,000
Creditors holding a first charge on the Shares in Alexander Co. Ltd	40,000
Bill Payable	4,000
Creditors for Rent, Rates, Taxes wages etc. (of which Rs. 4,600 are preferential)	5,000
Furniture & Fixtures (Estimated to realise Rs. 3,000)	15,000
Cash in hand and at Bank	550
Stock-in-Trade (Estimated to realise Rs. 30,450)	35,950
Bills Receivable (Estimated to realise Rs. 7,000)	9,000

Raghunath Rai started With a Capital of Rs. 70,000 on 1st Januray. 2004 and the business resulted in a Profit of Rs. 8,800 and Rs. 10,100 for the first two years respectively and in a loss of Rs. 5,000 for the third year, after allowing Rs. 3,500 as interest on Capital each year. Withdrawals for the whole period amounted to Rs. 30,000.

Prepare a Deficiency Account and a statement of affairs

31 दिसम्बर, 2006 को रघुनाथ राय दिवालिया हो गया। इसकी स्थिति निम्न थी

विविध देनदार अच्छे 5,000 रु., संदिग्ध 30,000 रु. (अनुमानित प्राप्य राशि 25,000 रु.)

	रु.
डूबत 15,000 रु.	
एशियन कम्पनी लिमिटेड 1,000 अंश (अनुमानित प्राप्य राशि 15,000 रु.)	25,000
अलैक्जेण्डर कम्पनी लि. में अंश (अनुमानित प्राप्त राशि 75,000 रु.)	91,500

NOTES

जुए में हानि	2,000
लेनदार अरक्षित	85,600
ऐसे लेनदार जिनका अलैक्जेण्डर कम्पनी लि. के अशों पर 25,000 रु. की सीमा तक द्वितीय प्रभार है	30,000
लेनदार जिनका अलैक्जेण्डर कम्पनी लि. के अंशो पर प्रथम प्रभार है	40,000
देय बिल	4,000
लगान, कर एवं मजदूरी के लिए लेनदार (जिनमें से 4,600 रु. के पूर्वाधिकार है)	5,000
फर्नीचर एव फिक्चर्स (अनुमानित प्राप्य राशि 3,000 रु.)	15,000
रोकड़ हस्तस्थ तथा बैंक में	550
व्यापारिक रहतियां (अनुमानित प्राप्य राशि 30,450 रु.)	35,950
प्राप्य बिल (अनुमानित प्राप्य राशि 7,000 रु.)	9,000

1 जनवरी 2004 को रघुनाथ राय की पूंजी 70,000 रु. थी। उसे प्रथम दो वर्षो में 8,800 रु. तथा 10,000 रु. का लाभ हुआ एवं तृतीय वर्ष में 5,000 रु. की हानि हुई। ये लाभ एवं हानि प्रतिवर्ष 3,500 रु. पूंजी पर ब्याज लगाने के बाद हुई। सम्पूर्ण अवधि के आहरण 30,000 रु. थे।

स्थिति-विवरण तथा न्यूनता खाता बनाइए।

Solution : टिप्पणीयाँ—(1) अरक्षित लेनदार—

	रु.	रु.
लेनदार	85,600	85,600
देय बिल	4,000	4,000
कर, दर तथा मजदूरी का वह भाग जो पूर्वाधिकार नही है	400	400
	90,000	90,000

Statement of Affairs (As on 31st December, 2006)

Gross Liabilities	Liabilities		Expected to Rank	Assets	Book Value	Estimated to Produce
Rs.			Rs		Rs.	Rs.
	Unsecured Creditor as			Property as per list E		
90,000	per list A		90,000	Shares (Asian)	25,000	15,000
	Fully-Secured Creditors			Stock	35,950	30,450
40,000	as per list B	40,000		Furniture	15,000	3,000
	Value of Security	75,000		Cash	500	500
	To List C	35,000		Book Debts as per list F		49,000
	(Second charge)	25,000		Good	5,000	5,000
	Surplus to			Doubtful	30,000	25,000
	contra	10,000		Bad	15,000	
30,000	Partly-Secured Creditors			Bills of Exchange as per		79,000
	as per list C	30,000		list G	9,000	7,000
	Value of Security	25,000	5,000			86,000
4,600	Preferential Creditors as			Add : Suplus per Contra		10,000
	per list D	Rs. 4,600		Deduct : Preferantial		96,000
	Deducted per Contra			Deditors per Contra		4,600
						91,400
				Deficiency as per list H		3,600
1,64,600			95,000			95,000

Deficiency Account (List H)

	Rs.		Rs.
Capital	70,000	Loss : III year	5,000
Profit : I Year	8,800	Drawings	30,000
II Year	10,100	Loss through betting	2,000
Interest on Capital (3,500 × 3)	10,500	Loss on Realisation of assets	
Deficiency	3,600	Shares (Assian Co.)	10,000
		Shares (Alexandar Co.)	16,500
		Furniture	12,000
		Stock	5,500
		B/R	2,000
		Book Debts	20,000
	1,03,000		**1,03,000**

9.9 अरक्षित लेनदारों को मिलने वाले लाभांश की गणना करना (Calculation of dividend payable to Unsecured Creditors)

स्थिति-विवरण के सम्पत्ति पक्ष में सूची E, F तथा G के अन्तर्गत सम्मिलित विभिन्न सम्पत्तियों, देनदारों तथा प्राप्य बिलों से प्राप्य अनुमानित राशि में पूर्ण-रक्षित लेनदारों से प्राप्य आधिक्य (दायित्व पक्ष से लाए गए) को जोड़ कर वह कुल राशि ज्ञात हो जाती है जो पूर्वाधिकार लेनदारों तथा अरक्षित लेनदारों को भुगतान हेतु उपलब्ध होती है (रक्षित लेनदारों को भुगतान उनके पास रखी सम्पत्तियों से प्राप्त हो जाता है।) इस राशि में से सर्वप्रथम पूर्वाधिकार लेनदारों को भुगतान कर दिया जाता है। शेष राशि में से यदि समापन के कोई व्यय हों (cost of winding up) तो पहले उनका भुगतान किया जाएगा। इसके पश्चात् जो राशि शेष बचेगी वह अरक्षित लेनदारों (सूची A + सूची C का अरक्षित भाग) को भुगतान हेतु उपलब्ध होगी। चूँकि यह राशि लेनदारों की देय राशि से कम होती है, अत: उन्हें पूर्ण भुगतान नहीं मिल पाता, उन्हें केवल आंशिक भुगतान ही प्राप्त होता है जिसे लाभांश कहते हैं। अरक्षित लेनदारों को मिलने वाले लाभांश की दर प्रति रुपया अथवा प्रतिशत निम्नानुसार निकाली जा सकती है—

(क) प्रति रुपया लाभांश $= \dfrac{\text{उपलब्ध राशि}}{\text{अरक्षित लेनदार}}$

(ख) प्रतिशत लाभांश $= \dfrac{\text{उपलब्ध राशि}}{\text{अरक्षित लेनदार}} \times 100$

Illustration : 6 Prepare a Statment of Affairs and Deficiency Account of harvilas Dwarka Das of Indore on 10th October, 2005

Cash in hand Rs. 85, Book Debts Rs. 3,472 Estimated to produce Rs. 2,869, Unfinished contaract in had (estimated to produce Rs. 3,000 over and abouve the cost of completing it) Plant, tools, etc cost Rs. 1,880 (estimated to realise Rs. 500); Office furniture (estimated to realise Rs. 25), Stock-in-trade valued at Rs. 1,900; Investments valued at Rs. 6,200 of which deposited with bankers as security for loan of Rs. 5,460, Life Policies for Rs. 2,000 of the estimated surrender value of Rs 1,470 subject to the advances made by insurance company amounting to Rs. 1,420, Unsecured Creditors on trade account Rs. 4,140, Unsecured creditors for cash advanced Rs. 5,308, Mohan for two months wages due to him as clerk Rs. 30, Sohan six minth's salary due to him at Rs. 15 per month, Rent outstanding Rs. 45, Bankers for loan partly secured Rs. 10,134 (estimated value of securities held by bankers, Rs. 7,460, (viz., Investments, Rs. 5,460, and Lease Rs. 2,000)

Capital Account on 1st January, as shown by the books Rs. 189; Loss on Trading from 1st Janurary to 10th Octorber, 2005 Rs. 374, Loss on sale of Investments made on 13th June, Rs. 200, Drawings Rs. 750

Estimating the cost of winding up Rs. 3,005.50, state the amount of dividend which could be expected to be paid to the unsecured creditors.

NOTES

10 अक्टूबर, 2005 को इन्दौर के हर विलास द्वारकादास का स्थिति-विवरण और कमी का खाता बनाइए। हस्तस्थ रोकड़ 85 रु. पुस्तकीय देनदारियाँ 3,473 रु. (अनुमानित प्राप्य राशि 2,869 रु.); असमाप्त अनुबन्ध हाथ में (इसे पूर्ण करने की लागत के अतिरिक्त अनुमानित प्राप्त राशि 3,000 रु.); प्लाण्ट लागत 1,880 रु. (अनुमानित प्राप्य राशि 500 रु.); आफिस फर्नीचर (अनुमानित प्राप्य राशि 25 रु.); व्यापारिक रहतिये का मूल्यांकन 1,900 रु. पर किया गया, विनियोगों का मूल्यांकन 6,200 रु. पर किया गया जिनमें से बैंक के पास ऋण के लिए 5,460 रु. के विनियोग प्रतिभूतियों की तरह जमा थे, जीवन बीमा पॉलिसी की राशि 2,000 रु. इसका अनुमानित समर्पण मूल्य 1,470 रु.; यह पॉलिसी बीमा कम्पनी से लिए हुए 1,420 रु. के अग्रिम के लिए प्रतिभूति की तरह जमा थी, असुरक्षित व्यापारिक लेनदार 4,140 रु.; असुरक्षित लेनदार नकद अग्रिम के लिए 5,308 रु.; मोहन लिपिक को दो माह की मजदूरी 30 रु. देय है, सोहन का 6 माह का वेतन 15 रु. प्रतिमाह के हिसाब से देय है। देय किराया 45 रु.; बैंकों को देय ऋण 10,134 रु. है जो प्रतिभूतियाँ इस ऋण के लिए बैंक को दी गई थीं उनका अनुमानित मूल्य 7,460 रु. (विनियोग 5,460 रु. और पट्टा 2,000 रु.) है। 1 जनवरी को उनकी पूँजी 189 रु. थी; 1 जनवरी से 10 अक्टुबर 2005 तक व्यापार में हानि 374 रु. की हुई। विनियोगों की बिक्री में हानि 13 जून को 200 रु. की हुई; आहरण 750 रुपये।

समापन के व्यय 3,005.50 रु. का अनुमान लगाते हुए; लाभांश को निकालिए जिसे असुरक्षित लेनदारों को दिए जाने की आशा है।

Solution : टिप्पणियाँ—

			रु.
(1)	पूर्वाधिकार लेनदार	मोहन की मजदूरी	20
		सोहन का वेतन	20
			40
(2)	अरक्षित लेनदार :	व्यापारिक लेनदार	4,140
		नकदी लेनदार	5,308
		किराया	45
		मोहन की शेष मजदूरी (30—20)	10
		सोहन का शेष वेतन (90 –20)	70
			9,573

(3) 6,200 रु. के विनियोगों में से 5,460 रु. के विनियोग बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में है शेष (6,200—5,460) 740 रु. के विनियोग सूची E में लिए जाएँगे।

(4) जीवन बीमा पॉलिसी व्यापारिक सम्पत्ति है। यदि इसे व्यक्तिगत सम्पत्ति मानकर कमी खाते के डेबिट पक्ष में लिया जाता है तो कमी खाता के क्रेडिट पक्ष में 1,470 रु. का अन्तर आएगा जिसे अप्रकट हानि (Undisclosed loss) मानकर कमी खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाया जाएगा।

Statement of Affairs (As at 10th October, 2005)

Gross Liabilities	Liabilities		Expected to Rank	Assets	Book Value	Estimated to Produce
Rs.			Rs		Rs.	Rs.
9,573	Unsecured Creditors as			Property as per List E		
	per List A		9,573	Cash in Hand		85
1,420	Creditors fully secured			Office Furniture		25
	as per List B Rs	1,420		Investment-in-Trade		740
	Estimated value of			Stock-in-trade		1,900
	securities	1,470		Unfinished Contaract		3,000
				Plant, Tools, etc		500
	Surplus to contra	50		Book Debts as per		6,250
10,134	Partly secured Creditor			List F	3,472	2,869
	as per List C	10,134		Bill of exchange & other		9,119

	Less : Estimated value of securities 7,460	2,674	securities at per List G	—
				9,119
40	Preferential Creditors as per List D deducted as per contra (Mohan Rs. 20 + Sohan Rs. 20) = 40		Surplus as per contra	50
				9,169
			Deduct : Preferenctial Creditors as per contra	40
				9,139
			Deficiency as per List H	3,118
21,167		**12,247**		**12,247**

Deficiency Account (List H)

	Rs.			Rs.
Capital on 1st January	189	Net Losses		374
Deficiency	3,118	Drawing		750
		Bad Debts		603
		Other Realisation Losses :	Rs.	
		Plant and Tools	1,308	
		Investment	200	1,580
	3,307			**3,307**

अरक्षित लेनदारों को लाभाँश की गणना—पूर्णरक्षित एवं पूर्वाधिकार लेनदारों को भुगतान करने के पश्चात् 9,129 रु. उपलब्ध है। इसमें से 3,005.50 रु. समापन के व्यय चुकाने के पश्चात, 6,123.50 रु. बचेंगे जो 12,247 रु. के अरक्षित लेनदारों को भुगतान में दिए जाएँगे। प्रति 1 रु. के लेनदार को 0.50 रु. लाभांश मिलेगा, जैसाकि निम्नलिखित गणना से स्पष्ट है—

∵ 12,247 रु. के लेनदारों को मिलेंगे 6,123.50 रु.

∴ 1 रु. के लेनदार को मिलेंगे $\dfrac{6,123.50}{12,247} = 0.50$ रु.

पत्नी द्वारा दिया गया ऋण—स्थगित लेनदार (Loan from wife—Deferred Creditor)

यह हो सकता है कि ऋणी की पत्नी ने अपने पति के व्यापार को कोई ऋण दे रखा हो। दिवालिया की दशा में दो स्थितियाँ हो सकती है—

(क) **पत्नी की आय का कोई स्वतन्त्र स्रोत हो**—अर्थात् पत्नी ने अपनी स्व-अर्जित आय में से अथवा स्त्री-धन में से ऋण दिया हो—इस स्थिति में पत्नी को अन्य लेनदारों की भाँति ही माना जाएगा तथा उसे लेनदारों की सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

(ख) **पत्नी ने पति से प्राप्त आय में से ही ऋण दिया हो**—यदि पत्नी ने ऋण स्व-अर्जित आय में से न देते हुए उस आय में से दिया हो जो उसने पति से प्राप्त की हो तो पत्नी को स्थगित लेनदार (deferred creditor) माना जाएगा, अर्थात् पहले अन्य व्यापारिक लेनदारों को भुगतान किया जाएगा इसके पश्चात् यदि कोई राशि शेष बचे तो ही पत्नी के ऋण का भुगतान किया जाएगा। व्यवहार में, चूँकि दिवालिया की सम्पत्तियाँ उसके व्यापारिक लेनदारों को पूर्ण भुगतान करने हेतु ही पर्याप्त नहीं होती, अतः पत्नी को कोई भुगतान प्राप्त नहीं होगा।

पत्नी को स्थगित-लेनदार माने जाने की दशा में (क) पत्नी के ऋण को केवल '[illegible] दायित्व' में लिखा जाएगा, सम्भावित शोध्य राशि में सम्मिलित नहीं किया जाएगा, तथा (ख) चूँकि इस ऋण का भुगतान नहीं करना होता अर्थात् एक व्यापारिक दायित्व कम हो जाता है, अतः इसे कमी खाते के [illegible] पक्ष में दिखाया जाएगा।

यदि प्रश्न में पत्नी के ऋण का स्रोत स्पष्ट न हो तो छात्र उपर्युक्त-वर्णित दो स्थितियों में से किसी एक स्थिति को मानकर प्रश्न हल कर सकते है, किन्तु उन्हें 'टिप्पणी' देकर अपनी मान्यता स्पष्ट कर देनी चाहिए।

NOTES

Illustration : 7 From the following figures, prepare a Statement of Affairs and a Deficiency Account as at 31st December, 2005. Assume that the Stock realizes Rs. 666; Fixtures and Fittings, Rs. 282, and Bad and Doubtful Debts, Rs, 600. On 1st January, 2003 the debtor commenced business with a capital of Rs. 6,350. His profits for the year, 2003 and 2004 amounted to Rs. 5,554. He suffered a loss of Rs. 2,500 in 2005. His total drawings upto 31st December, 2005 were Rs. 9,000.

	Rs.
Cash	230
Stock in-Trade	1,000
Debtors—Good	7,000
Debtors—Doubtful	1,800
Debtors—Bad	1,500
Fixtures and Fittings	564
Investemnts in shares	500
Unsecured Creditors (including Rs. 1,000 of his wife)	13,000
Secured Creditors	2,500
Value of securities held by Secured Creditors	3,500
Preferential Claims for Rent, Rates, Taxes etc.	190

निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर एक स्थिति-विवरण तथा कमी खाता 31 दिसम्बर, 2005 को बनाइए। रहतिये पर अनुमानित प्राप्य राशि 666 रु. तथा फिक्चर्स एवं फिटिंग्स का अनुमानित प्राप्य मूल्य 282 रु.। अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों पर प्राप्य राशि 600 रु.। 1 जनवरी, 2003 को ऋणी ने अपना व्यापार 6,350 रु. की पूँजी से प्रारम्भ किया उसके 2003 और 2004 वर्षों के लाभ 5,554 रु. थे। उसने 2005 में 2,500 रु. की हानि उठायी। 31 दिसम्बर, 2005 तक के उसके कुल आहरण 9,000 रु. के थे।

	रु.
रोकड़	230
व्यापारिक रहतिया	1,000
देनदार—अच्छे	7,000
देनदार—संदिग्ध	1,800
देनदार—डूबत	1,500
फिक्चर्स एवं फिटिंग्स	564
अंशों में विनियोग	500
असुरक्षित लेनदार (अपनी पत्नी के 1,000 रु. सहित)	13,000
सुरक्षित लेनदार	2,500
सुरक्षित लेनदारों द्वारा रखी जाने वाली प्रतिभूति	3,500
किराया एवं करों के लिए पूर्वाधिकार लेनदार	190

Solution : टिप्पणियाँ—(1) यह माना गया कि पत्नी की आय का कोई स्वतन्त्र साधन नहीं है तथा उसने अपने पति द्वारा अर्जित आय में से व्यापार को ऋण दिया है, पत्नी को स्थगित लेनदार (deferred creditor) माना गया है। अतः पत्नी के ऋण को लेनदारों में से घटा दिया गया।

Statement of Affairs (As at 31st December, 2005)

Gross Liabilities	Liabilities	Expected to Rank	Assets	Book Value	Estimated to Produce
Rs.		Rs		Rs.	Rs.
	Unsecured Creditors as		Property as per List E		
12,000	per List A	12,000	Cash	230	230
	Fully-secured Creditors		Stork-in-trade	1,000	666

2,500	as per list B	2,500		Fixtures	564	282
	Value of Security	3,500		Investments	500	500
	Surplus to			Book-Debts as per list F		1,678
	Contra	1,000	—	Good	7,000	7,000
	Partly-secured Creditors			Doubtful	1,800	600
—	as per list C			Bad	1,500	—
190	Preferential Creditors as			Bill of Exchange as per		9,278
	per list D	190		list G		—
	Deducted per Contra			Add : Surplus as per		9,278
				Contra		1,000
				Deduct : Preferential		10,278
				Creditors as per Contra		190
						10,088
				Deficiency as per list H		1,912
14,690			**12,000**			**12,000**

Deficiency Account (List H)

	Rs.		Rs.
Capital	6,350	Loss : 2005	2,500
Profit : 2003 } 2004 }	5,554	Drawings	9,000
		Loss on Realisation of Assets	
Wife's Loan (deferred creditors)	1,000		
Deficiency	1,912	Stock	334
		Book Debts	2,700
		Fixtures	282
	14,816		**14,816**

9.10 व्यक्तिगत सम्पतियाँ तथा व्यक्तिगत दायित्व (Private Assets and Private Liabilities)

एक एकाकी व्यापारी (sole trader) के दिवालिया होने की स्थिति में उसकी व्यापारिक सम्पत्तियों तथा व्यक्तिगत सम्पत्तियों और व्यापारिक दायित्वों तथा व्यक्तिगत दायित्वों में कोई अन्तर्भेद नहीं दिया जाता, अर्थात् व्यक्तिगत सम्पत्तियों को व्यापार की सम्पत्तियों में तथा व्यक्तिगत दायित्वों को व्यापारिक दायित्वों में सम्मिलित करके स्थित-विवरण बनाया जाता है।

जब व्यक्तिगत सम्पत्तियाँ व्यापार को उपलब्ध होती है तो यह व्यापार का लाभ होता है तथा जब व्यक्तिगत दायित्वों का भुगतान व्यापार को करना होता है तो यह व्यापार की हानि होती है। अत: कमी खाता (Deficiency A/c) बनाते समय यह गणना कर लेनी चाहिए कि व्यापार को कितने मूल्य की व्यक्तिगत सम्पत्तियाँ तथा व्यक्तिगत दायित्व मिले है। इस सम्बन्ध में निम्नानुसार व्यवहार किया जाता है—

(क) यदि व्यक्ति सम्पत्तियाँ, व्यक्तिगत दायित्वों की अपेक्षा अधिक मूल्य की हो, तो इनका अन्तर 'व्यक्तिगत सम्पत्तियों का व्यक्तिगत दायित्वों पर आधिक्य' (Excess of private Assets over Private Liabilities) व्यापार को लाभ होगा, जिसे कमी खाते के बाएँ पक्ष में दिखाया जाएगा।

(ख) यदि व्यक्तिगत सम्पत्तियों में व्यक्तिगत दायित्व अधिक मूल्य के हों, तो इनका अन्तर 'व्यक्तिगत दायित्वों का व्यक्तिगत सम्पत्तियों पर आधिक्य' (Excess of Private Liabilities over Private Assets) व्यापार की हानि होगी, जिसे कमी खाते के दाएँ पक्ष में दिखाया जाएगा।

